मार्ग
सत्य
जीवन

अनुग्रह की यात्रा के रूप में शिष्यता

कॉपीराइट © 2021
दी फाउंड्री पब्लिशिंग
पी. ओ. बॉक्स 419527
कैनसस सिटी, एम. ओ.64141 (यू.एस. ए.)
thefoundrypublishing.com

मूलरूप से अंग्रेजी में नीचे दिए गए शीर्षक के अंतर्गत लिखी गयी है:
वे ट्रुथ लाइफ
डेविड ए. ब्युसिक द्वारा
दी फाउंड्री पब्लिशिंग द्वारा प्रकाशित

यह संस्करण दी फाउंड्री पब्लिशिंग के साथ
प्रबंधन में प्रकाशित किया गया है|
सभी अधिकार आरक्षित

ISBN 978-X-XXXX-XXXX-V

इस प्रकाशन के किसी भी भाग की प्रतिलिपि तैयार नहीं की जा सकती, ना ही पुन:प्राप्ति प्रणाली में संग्रहित किया जा सकता है और ना ही किसी भी रूप में प्रकाशक की पूर्वलिखित अनुमति के बिना, किसी भी माध्यम से प्रेषित किया जा सकता है | उदाहरण के लिए, स्कैनिंग करना, फोटो कॉपी करना और रिकॉर्डिंग करना | मुद्रित समीक्षाओं में संक्षिप्त उदाहरण ही एकमात्र अपवाद है |

कवर डिजाइन:

इंटीरियर डिजाइन: शेरॉन पेज

अनुवाद: गीतिका भट्ट

पवित्र शास्त्र के सभी उदाहरण जिन्हें निर्दिष्ट नहीं किया गया है उन्हें दी बाइबल सोसायटी ऑफ इंडिया संस्करण से लिया गया है |

इस पुस्तक में इंटरनेट पते प्रकाशन के समय सटीक थे, लेकिन शायद वे सभी भाषाओं में उपलब्ध न हो | इन लिंक्स को संसाधन के रूप में दिया गया है | प्रकाशक इनकी विषयवस्तु या प्रदर्शन के लिए इनका समर्थन या साक्ष्य नहीं देता है |

समर्पित

रॉबर्ट इ. ब्युसिक की याद में, एक पिता जिन्होंने मुझे सिखाया की शिष्यता एक यात्रा है जो अनुग्रह से भरी हुई है और यह की मसीह समान होना हमारी नियति है |

विषय-वस्तु

परिचय 7

1. अद्भुत अनुग्रह 17

मार्ग

2. अनुग्रह जो ढूँढता है 31

सत्य

3. अनुग्रह जो बचाता है 47

जीवन

4. अनुग्रह जो पवित्र करता है 69

5. अनुग्रह जो संभालता है 101

6. पर्याप्त अनुग्रह 137

अंतभाषण: यीशु मसीह प्रभु है 155

परिचय

यीशु हमें एक यात्रा के लिए आमंत्रित करते हैं | "आओ मेरा अनुसरण करो |" यह एक प्रिय मित्र के साथ एक अभियान पर जाने के लिए एक सरल आमंत्रण है | मसीही जीवन सही धारणा से कहीं अधिक है | यह बौद्धिक स्वीकृति से कहीं अधिक है | यह यीशु के साथ एक यात्रा का आमंत्रण है |

यीशु के साथ यात्रा के लिए एक अन्य शब्द है "शिष्यता" | शिष्यता यीशु के साथ यात्रा करते समय, यीशु के मार्ग का अनुसरण करना है | इस मार्ग में कई मोड, परिवर्तन और अप्रत्याशित घुमाव आते है | कभी-कभी मार्ग आसान लगता है और कई बार ऐसा लगता है कि यह कठिन मोड है | हालांकि शिष्यता का अंतिम लक्ष्य (ग्रीक में टेलोस) सदैव एक ही होता है: मसीह जैसा होना |

यदि यह असंभव लगता है तो आप वास्तव में शुरू करने के लिए बहुत अच्छी स्थिति में है | वास्तव में यदि मसीह के साथ यात्रा करने की एक महत्वपूर्ण निश्चितता न हो तो, यह असंभव होगा | इसी लिए यह अनुभव की यात्रा है |

जब यीशु ने कहा, "मार्ग, सत्य और जीवन में ही हूं" (यूहन्ना 14:6), वह एक तर्कसंगत, बौद्धिक समीकरण या परमेश्वर के साथ किए गए लेन-देन के समझौते से अधिक की बात कर रहे थे | वह संबंध-परक तरीके का वर्णन कर रहे थे कि किस प्रकार से शिष्यता होगी | वास्तव में मार्ग, सत्य और जीवन, दार्शनिक सार या जीवन का सिद्धांत नहीं है | मार्ग, सत्य और जीवन एक व्यक्ति है |

यीशु यात्रा के उचित लक्ष्य (टेलोस) की ओर इशारा कर रहे थे; वास्तविक जीवन जैसा परमेश्वर ने दर्शाया और जिस माध्यम से हम लक्ष्य तक पहुँचते हैं, वह मार्ग और सत्य है, जो स्वयं उसमें और उस के माध्यम से पूरा होता है | अनुग्रह की यात्रा अन्तर्भाग से संबंधित है |[1]

जेम्स के. ए. स्मिथ शिष्यता को एक प्रकार के अप्रवासन के रूप में वर्णित करते हैं, "उसी ने हमें अंधकार के वश से छुड़ाकर अपने प्रिय पुत्र के राज्य में प्रवेश कराया" (कुलुस्सियों 1:13)[2] | यह एक यात्रा की भाषा है - एक देश से दूसरे देश जाना |[3] यह नागरिकता और निष्ठानों के बदलने के बारे में है, जो कि यीशु मसीह में परमेश्वर के अनुग्रह के अलावा जो कि मार्ग है, पूरी तरह संभव है | स्मिथ कहते हैं: मसीह में हमें एक स्वर्गीय पासपोर्ट (आज्ञापत्र) मिला है; उसके शरीर में हम उसके राज्य के 'स्थानीय निवासियों' की तरह जीना सीखते है | एक नए राज्य में इस तरह का अप्रवासन सिर्फ एक दूसरे क्षेत्र में प्रवेश करने के बारे में नहीं है, हमें एक नए जीवन के, नई भाषा को सीखने की, नई आदतों को हासिल करने और प्रतिद्वंदी प्रभुत्व की आदतों को बदलने के लिए तैयार होना है |[4]

मैं वास्तव में यह विश्वास करता हूँ कि जब यीशु ने कहा, "मैं तुम्हारे लिए एक जगह तैयार करने जा रहा हूँ" (यूहन्ना 14), तो उस वायदे में यह निश्चितता शामिल थी कि उन्होंने (परमेश्वर ने) यात्रा के लिए व्यक्तिगत रूप से हमारे लिए आरक्षण किया है, जिसमें हमारे वहाँ पहुँचने पर निवास स्थान भी शामिल है, वह हमारा स्वर्गीय पासपोर्ट है, जो हमें उसके राज्य के एक नए देश के स्थानीय निवासी बनने मैं सक्षम बनाता है | सबसे अच्छी बात यह है कि वह हमारे साथ घर जाने का वादा करता है | यीशु हमारे मार्ग के लिए मार्ग होंगे | यह अनुग्रह की यात्रा की आशा है |

मार्ग और सत्य और जीवन में ही हूं

जब यीशु ने कहा, "मार्ग और सत्य और जीवन में ही हूँ ", तो वह दीवार पर एक तख्ती के रूप में लटकाने के लिए जीवन सिद्धांत के सार का सुझाव नहीं दे रहे थे, बल्कि डरे हुए और अनिश्चित शिष्यों द्वारा उठाए गए एक सवाल का जवाब था | यह यूहन्ना के सुसमाचार की पत्नी के एक खंड से आता है जिसे बाइबल के विद्वान् जन "अंतिम वचन" से संदर्भित करते हैं (यूहन्ना अध्याय 14 से 17 तक) | यूहन्ना के ये चार अध्याय, नए नियम के किसी भी अन्य तीन सुसमाचारों से अधिक, क्रूस पर यीशु के सताव और मृत्यु से ठीक पहले घंटों के दौरान, उसके (यीशु के) सोच और उसके शिष्यों को दिए गए उपदेशों के अंदरूनी झलक को दर्शाते हैं | इस प्रकार, वे अच्छी तरह से यीशु मसीह की अंतिम इच्छा और नियम के रूप में वर्णित किए जा सकते हैं |[5]

याद रखें, शिष्यों ने अविश्वसनीय रूप से बुरी खबर सुनी थी | वह एक छोटे से कमरे में इकट्ठे हुए | वे सभी[6] सट कर खड़े हुए थे | यीशु अपने बारह शिष्यों के पैरों को धोते हैं, जिससे हर कोई असहज हो जाते हैं | फिर वे आगे बताते हैं कि बहुत जल्द उनमें से कोई एक उन्हें धोखा देगा (13:21) | स्थिति और अधिक बुरी हो जाती है, जब कई वर्षों तक सब जगह, साथ में यात्रा करने के बाद, यीशु उन्हें यह बताते हैं कि वह उन्हें (शिष्यों को) छोड़ कर जा रहे हैं और वह सब उसके साथ नहीं जा सकते हैं |(13:33)

यह बहुत दुखद है! यीशु अपने वचनों के भार को उनके ऊपर महसूस कर सकते हैं | यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वे यह कहते हैं, "अपना मन व्याकुल मत करो" (14:1) | "व्याकुल" शब्द वही अनुवादित शब्द है, जिसे भयंकर तूफान के दौरान गलील के समुद्र के पानी का वर्णन करने के लिए प्रयोग किया गया है | जब हवा चली तो पानी मंथन करने लगा और लहरें उठने लगी | वैसा ही शिष्य महसूस कर रहे थे | उनका पेट घूमने लगा और उनके सिर चकराने लगे | वे भावनाओं से भर गए | यीशु उनके व्यथित दिलों को सांत्वना देने की कोशिश करते हैं, "तुम्हारा मन व्याकुल न हो, परमेश्वर पर विश्वास रखो और मुझ पर भी विश्वास रखो | मेरे पिता के घर में बहुत से रहने के स्थान है, यदि न होते तो मैं तुमसे कह देता; क्योंकि मैं तुम्हारे लिए जगह तैयार करने जाता हूँ और यदि मैं जाकर तुम्हारे लिए जगह तैयार करूं तो फिर आकर तुम्हें अपने यहाँ ले जाऊंगा कि जहाँ मैं रहूँ, वहाँ तुम भी रहो | जहाँ मैं जाता हूँ, तुम वहाँ का मार्ग जानते हो" (यूहन्ना 14:1-4) |

फिर थोमा बोलता है | इतिहास में उसे शक करने वाले थोमा का नाम दिया है लेकिन मैं खुश हूँ कि वह वहाँ था क्योंकि थोमा के पास वह प्रश्न पूछने का साहस था जिसका उत्तर सभी अन्य शिष्य चाहते थे | वह कक्षा में उस छात्र की तरह है जो प्रोफेसर को व्याख्यान के बीच में रोक देता है और कहता है, "मुझे माफ करना, यह एक मूर्खतापूर्ण प्रश्न हो सकता है, लेकिन हमें अभी पता नहीं कि आप अभी क्या बात कर रहे हैं? "वास्तव में वह एक मूर्खतापूर्ण प्रश्न नहीं था | मैं इस बात की सराहना कर सकता हूँ | थोमा मौजूदा समस्या की पहचान करने और सभी के मन में चल रहे सवाल को पूछने के लिए सचेत था: "प्रभु हम नहीं जानते कि आप कहाँ जा रहे हैं | हम किस प्रकार से मार्ग को जान सकते हैं?" (14:5)

जीवन ऐसा ही है, क्या ऐसा नहीं है? कभी-कभी ऐसा वक्त आता है जब हम यह ढूँढने की कोशिश करते हैं कि हमें किस और मुड़ना है | कभी-कभी हम सोचते हैं, हम जानते हैं कि हम कहाँ जा रहे हैं - या आशा करते हैं कि हम जानते हैं कि हम कहाँ जा रहे हैं लेकिन हमें यह स्वीकार करना होगा कि हम पूरी तरह से अपने मार्ग से भटक गए है | ऐसा लगता है कि कितने सारे चौराहे और मोड है, इतने सारे विकल्प और अंतिम सिरे है | हम जीवन की पहेली में किसी भी चीज से अधिक जिसकी इच्छा रखते हैं वह है मार्ग | हालांकि बहुत से लोग उस मार्ग को नहीं खोजते हैं, वह यह तय करते हैं कि कहीं भी रहने के बजाय कहीं भी जाना बेहतर है, इसलिए वे इस दिशा चुनते है और उस कम रुकावट वाले मार्ग की ओर निकल पड़ते हैं |

शुक्र है कि यीशु ने थोमा के(और हमारे) सवाल का जवाब दिया: "मार्ग और सत्य और जीवन में ही हूँ; बिना मेरे द्वारा कोई पिता के पास नहीं पहुँच सकता"(14:6) | यह दिलचस्प है कि यीशु के दावे का जोर "मार्ग" शब्द पर स्पष्ट रूप से है | क्रमानुसार, मार्ग शब्द पहले है | इसका अर्थ यह नहीं है कि सत्य और जीवन महत्वपूर्ण नहीं है | इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि सत्य और जीवन यह बताता है कि कैसे और क्यों यीशु मसीह मार्ग है?[7]

वह मार्ग है क्योंकि वह सत्य है - परमेश्वर का प्रकाशन | वह मार्ग है क्योंकि परमेश्वर का जीवन प्रत्येक जन के लिए उपलब्ध है जो उसमें और केवल उसमें बने रहते हैं | वह एक ही समय पर परमेश्वर तक पहुँचने का जरिया और उसके साथ जीवन का प्रतीक भी है | यूहन्ना के सुसमाचार का मूल यीशु है - देहधारी वचन और परमेश्वर का अद्वितीय पुत्र - हम परमेश्वर को इस तरह से देख और जान सकते हैं, जैसे पहले कभी संभव न था | वह परमेश्वर का अधिकृत आत्म प्रकटीकरण है |[8] अन्य शब्दों में कहा जाए तो यीशु केवल एक मार्ग नहीं है बल्कि वह ही मार्ग है - क्योंकि वह उस अदृश्य परमेश्वर की असाधारण प्रत्यक्ष प्रकटीकरण है, जिसे हम पिता के रूप में जानते हैं (1:14; 6:46; 18:19; 12:45)[9] |

"बिना मेरे द्वारा कोई पिता के पास नहीं पहुँच सकता" (14:6) | हम में से कई लोग थोमा के प्रश्न, "हम मार्ग को कैसे जान सकते हैं?" से संबंध रख सकते हैं | क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह व्यक्त करें या ना करें, आत्मिक प्रश्नों के उत्तर खोज रहा

है | आज हमारा समाज आत्मिक रूप से कई वर्षों पहले से अधिक खुला हुआ है | समस्या यह है कि लोगों के आगे आत्मिकता के कई अलग-अलग तरीके उजागर है |

आधुनिक पश्चिमी विश्व दृष्टि, उपभोक्ता की सर्वव्यापी मानसिकता से लिया जाता है | यह बहुलवाद को स्वीकारने के लिए हालिया राजनीतिक चिंता से जुड़ा हुआ है | यह कई लोगों को किसी एक आत्मिक मार्ग को, किसी भी और अन्य मार्ग की तरह प्रासंगिक और वैध देखने का कारण बनता है, जब तक कि उनकी व्यक्तिगत जरूरतें पूरी हो रही है, और जब तक वे प्रामाणिक रूप से खुद से सच्चे है | और इसलिए माना जाता है - चाहे कोई बुद्ध, हिंदू, इस्लाम, विज्ञानवाद, यहूदी, ईसाई या किसी अन्य धर्म को चुनता है, जब तक कि वह व्यक्ति ईमानदार है और अपनी पसंद से संतुष्ट है, तो वह विकल्प किसी भी अन्य विकल्प की तरह सही है (जैसा विश्व दृष्टि कहती है) सभी मार्ग एक ही परमेश्वर की ओर जाते है |

इस तरह के दृष्टिकोण के साथ कई समस्याओं में से एक यह है कि यह विभिन्न विश्वास अक्सर एक-दूसरे के विपरीत होते हैं और पारस्परिक रूप से विशिष्ट दावे करते हैं | जब ईसाई धर्म को अन्य विविध धार्मिक प्रणालियों के प्रकाश में देखा जाता है, तो यह एकमात्र है जो यह दावा करता है कि यीशु ही परमेश्वर तक पहुँचने का एकमात्र मार्ग है | कोई जन यीशु मसीह के विशिष्ट दावे, "सिवाय मेरे द्वारा, कोई भी पिता के समीप नहीं आ सकता", पर विश्वास नहीं कर सकता और फिर भी यह मान सकता है कि पिता तक पहुँचने के और भी मार्ग है | वास्तव में ऐसा करना उस मसीह को नकार देना होगा जिसने वह शब्द कहे थे | यीशु ने ऐसा नहीं कहा, "पिता तक पहुँचने के कई मार्गों में से मैं एक हूँ |" उसने ऐसा नहीं कहा कि, "तुम चाहो तो मेरा अनुसरण कर सकते हो, पर और भी कई विकल्प है जो इतने ही योग्य है | ना ही यीशु ने कहा कि, "जब तक कि तुम ईमानदार हो, तुम किसी भी आत्मिक मार्ग पर चलो, मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी |" यीशु ने इनकी और कभी इशारा तक नहीं किया | उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे ही पिता तक पहुँचने की एकमात्र मार्ग है ।[10]

नए शहर में आए हुए अभी ज्यादा समय भी नहीं हुआ था, मुझे और मेरी पत्नी को शहर के बाहर एक बैठक में जाना था | हमें अलग-अलग वाहन (गाड़ी) चलाने थे | उसने मिनीवैन चलाई और मैंने कार | क्योंकि उसकी दिशाओंकी जानकारी हमेशा से मेरी तुलना से अच्छी रही है, इसलिए उसने रास्ते की अगुवाई की | अचानक हम घने ट्रैफिक में फंस गए और मैं पीछे छूट गया | मैंने ट्रैफिक में मिनीवैन देखी और

मैंने उसका अनुसरण किया | जब तक मुझे एहसास हुआ कि मैं गलत वाहन का अनुसरण कर रहा हूँ तब तक मैं बिल्कुल अलग रोड पर आ गया था - बैठक में पहुँचने के लिए बहुत देर हो चुकी थी | मैंने वाहन को मोडा और वापस घर चला गया | इस कहानी की नैतिक शिक्षा बहुत ही सरल है: आप अपने द्वारा चुने गए मार्ग में ईमानदार हो सकते हैं और साथ ही साथ ईमानदारी से गलत भी हो सकते हैं | तथ्य यह है कि सही मार्ग चुनने के लिए सिर्फ ईमानदारी ही काफी नहीं, सच्चाई भी चाहिए |[11] एक व्यक्ति जिस मार्ग पर वह चल रहा है उसमें आसानी से चल सकता है लेकिन अगर वह मार्ग गलत है तो इससे फर्क नहीं पड़ता कि वह कितनी जल्दी वहाँ पहुँचता है |

यीशु का दावा मौलिक रूप से समावेशि है क्योंकि उसके मार्ग का अनुसरण करने के लिए सभी आमंत्रित है; लेकिन यह मौलिक रूप से विशिष्ट है क्योंकि हर मार्ग जिसका अनुसरण एक व्यक्ति सच्चाई ढूँढने के लिए करता है उसका कोई अंतिम सिरा नहीं होता- जब तक कि वह वो एक रास्ता न हो जो सच्चे परमेश्वर तक जाता है |

प्रत्येक व्यक्ति - हमसे हर कोई - आत्मिक रूप से कहा जाए तो गलत मोड़ लेने का दोषी है | परिणामस्वरूप, हम अपने आपको परमेश्वर से दूर पाते हैं | भविष्यवक्ता यशायाह इशारा देते हुए लिखते हैं, "हम तो सब के सब भेड़ों के समान भटक गए थे; हम में से हर एक ने अपना मार्ग लिया" (53:6) | प्रेरित पौलुस ने इसे रोमियों की पत्री में दोहराया है, "इसलिए सबने पाप किया है और परमेश्वर की महिमा से रहित है" (3:23) | क्यों? क्योंकि हम सभी ने जीवन में गलत राह पकड़ ली है | हम सभी ने अपने जीवन के लिए परमेश्वर की इच्छा और मार्ग का अनुसरण करने के बजाय अपने तरीके से पालन करने का चुनाव किया है |

सुसमाचार (शुभ समाचार) यह है कि यीशु हम जैसे लोगों के लिए आया | दूसरे सुसमाचार लेखक लूका हमें यह बताते हैं कि यीशु ने अपने मिशन का उद्देश्य यह बताया,"क्योंकि मनुष्य का पुत्र खोए हुओं को ढूँढने और उनका उद्धार करने आया है" (19:10) | हमें सड़क के कोने पर निर्णायक रूप से खड़े छोड़ने के बजाय, या इस से भी बद्तर, पूरी तरह से उद्देश्यहीन मार्ग पर चलने देने के बजाय, यीशु स्पष्ट रूप से हमें परमेश्वर तक पहुँचने का एकमात्र मार्ग, राज्य के नए देश और अनंत जीवन दिखाने आया |

"मैं[12] मार्ग हूँ" nW तो दिशाओं का एक सेट है, न तो सड़क का नक्शा है, न हीं सुरागों का एक सेट है - मैं मार्ग हूँ |

"मैं सत्य हूँ" जीवन-व्यवस्थित सिद्धांतों या दार्शनिक पूर्वधारणाओं का एक सेट नहीं है - मैं सत्य हूँ |

"मैं जीवन हूँ" अधिक आशावादी दृष्टिकोण के साथ जीने का एक वैकल्पिक मार्ग नहीं है - मैं ही एकमात्र वास्तविक जीवन हूँ, सच्चा मनुष्य बनने का एकमात्र माध्यम हूँ |

एक टिप्पणीकार ने यीशु के शब्दों का इस तरह से व्याख्यान किया है: मैं, मैं वहाँ का रास्ता हूँ, और मैं, मैं वह सत्य हूँ जो वहाँ तक रास्ते की अगवाई करेगा, और मैं, वह जीवन हूँ जो आपको वहाँ तक सत्य का पालन करने की शक्ति देगा" |[13]

यीशु मसीह एकमात्र मार्ग, सत्य और जीवन होने का दावा ही नहीं अपितु परमेश्वर का सच्चा और अद्वितीय पुत्र होना भी ईसाई धर्म का आधार है | यह अन्य विश्वास पद्धतियों को खराब करने के लिए नहीं है: यह केवल यह कहना है कि पिता तक पहुँचने के लिए एक ही मार्ग है, और वह यीशु मसीह के माध्यम से है | वह एकमात्र माध्यम है जिसके द्वारा हम बचाए जा सकते हैं | जैसा कि फ्रेडरिक ब्रूनर ने कहा है, "पूर्व को हमेशा से "मार्ग"(दि टाव), के लिए, पश्चिम को "सत्य" (वेरिटास) के लिए, और पूरी दुनिया (पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण) को "जीवन" (रियल) के लिए इंतजार रहा है | यीशु व्यक्तित्व में ये तीनों है |[14]

कल्पना कीजिए कि आप एक अपरिचित शहर में है और आप किसी से मुश्किल से मिलने वाली जगह की दिशा पूछते हैं | जिस व्यक्ति से आप ने मदद माँगी थी वह कुछ इस तरह से कह सकता है, "आपको अगले बड़े चौराहे पर दाहिनी ओर मुड़ना है फिर चौक पार कर, चर्च के पास से जाए, मध्य लेन में रहे, जो आपको सीधे दाहिनी ओर तीसरी गली में ले जाएंगा, जब तक आप चार लेन स्टॉप पर नहीं पहुँच जाते | स्पष्ट मार्गदर्शन के साथ भी, जब रास्ता बहुत जटिल होता है तो गलत मोड़ लेने या खो जाने की संभावना अधिक होती है | मान लीजिए कि इसके बजाय, जिस व्यक्ति से पूछते है, वह कहता है, "आप जानते हैं वहाँ तक पहुँचने का कोई आसान मार्ग नहीं है |

यदि आप पहले कभी वहाँ नहीं गए हैं तो वहाँ तक पहुँचना जटिल हो जाएगा | आप बस मेरा अनुसरण करें | अभी बेहतर यह होगा कि आप मेरे साथ आए और मैं आपको वहाँ ले जाऊंगा" | वह व्यक्ति न केवल आपका मार्गदर्शक बन जाता है, बल्कि वे अनिवार्य रूप से रास्ता भी बन जाते हैं और आपको जहाँ जाने की आवश्यकता है, वहाँ जाने से चुकते नहीं है | ऐसा ही यीशु हमारे लिए करता है | वह सिर्फ सलाह और निर्देश ही नहीं देते हैं बल्कि अनुग्रह की यात्रा पर हमारे साथ भी चलते हैं | वास्तव में, वह हमें मार्ग के बारे में नहीं बताते - वह मार्ग बन जाते हैं !

ब्रिटिश थियोलोजियन और प्रसिद्ध मिसियोलॉजिस्ट, लेजली न्युबिगिन ने प्रभावशाली रूप से इस परिप्रेक्ष्य को स्पष्ट किया है: "ऐसा नहीं है कि वह (यीशु) हमें मार्ग सिखाते हैं, या रास्ते में हमारा मार्गदर्शन करते हैं: यदि ऐसा होता तो, हम उन्हें उनकी शिक्षाओं के लिए धन्यवाद दे सकते और फिर अपने दम पर उनका अनुसरण करने के लिए आगे बढ़ सकते | वह स्वयं ही मार्ग है |... इस मार्ग का अनुसरण करना ही, वास्तव में पिता तक पहुँचने का एकमात्र तरीका है" |[15]

लुइस कैरल के उपन्यास "जादूनगरी" में एलिस एक चौराहे पे पहुँचती है और चेशेयर कैट से एक प्रश्न पूछती है: "कृपया आप मुझे बता सकते हैं कि मुझे यहाँ से किस ओर जाना है"?

कैट ने उत्तर दिया, "यह इस पर निर्भर करता है कि आप कहाँ जाना चाहते हैं" |

एलिस ने जवाब दिया, "मुझे परवाह नहीं कि मैं कहाँ जाऊँ" |

कैट ने कहा, "फिर यह महत्व नहीं रखता कि तुम किस ओर जाओ" |

शायद किसी ने यीशु के अनोखे दावे का अर्थपूर्ण उल्लेख थॉमस ए. केमपिस से अधिक स्पष्ट रूप में उनकी आध्यात्मिक क्लासिक "दि इमिटेशन ऑफ क्राइस्ट" में नहीं किया है |

> मेरा अनुसरण करो | मैं ही मार्ग, सत्य और जीवन हूँ | बिना मार्ग के कहीं भी नहीं जा सकते | बिना सत्य के, कुछ नहीं जान सकते | बिना जीवन के जी नहीं सकते | मैं वह मार्ग हूँ जिसका तुमको पालन करना चाहिए, वह सत्य हूँ जिस पर तुम्हें विश्वास करना चाहिए, वह जीवन हूँ, जिस पर तुम्हें आशा रखनी चाहिए | मैं पवित्र मार्ग, अमोघ सत्य और अनंत जीवन हूँ | मैं वह मार्ग हूँ, जो सीधा है, परम सत्य है, जीवन खरा, आशीषित और अरचनात्मक है | यदि तुम

> मेरे मार्ग में बने रहो तो तुम सत्य को जानोगे, और सत्य तुम्हें आजाद करेगा और तुम अनंत जीवन पाओगे |[16]

यीशु में हम पिता तक पहुँचने का मार्ग पाते हैं | वह घर तक पहुँचने का मार्ग है |

यीशु में हम सत्य को पाते हैं | वह पिता के चरित्र और स्वभाव के अप्रवर्तनीय, सुनिश्चित और निश्चित सत्य का प्रतीक है |

यीशु में हम जीवन को प्राप्त करते हैं - अनंत जीवन, जो अभी और वायदे के स्वरूप परमेश्वर की नई सृष्टि है |

यह अनुग्रह की यात्रा है |

1. रिचर्ड जॉन न्यू हाउस ने टेलोस को "अंतिम दौर के रूप में परिभाषित किया है जो प्रश्न में बात अर्थ देता है" | न्यू हाउस, डेथ ऑन अ फ्राइडे आफ्टरनून: मेडिटेशन ऑन दि लास्ट वर्ड्स ऑफ़ जीसस फ्रॉम दि क्रॉस (न्यूयॉर्क: बेसिक बुक्स, 2000)127
2. जेम्स के. ए. स्मिथ, यू आर व्हाट यू लव, दी स्पिरिचुअल पावर आफ हैबिट (ग्रैंड रेपिड्स: ब्रेजोस प्रेस, 2016)66
3. जॉन बनियन की दि पिलग्रिम्स प्रोग्रेस (1678) यात्रा की इसी अवधारणा का एक काल्पनिक प्रारंभिक संस्करण था, जो देशों या राज्यों को बदलने के लिए लेता है |
4. स्मिथ, यू आर व्हाट यू लव, 66
5. फ्रेडरिक डेल ब्रूनर यूहन्ना 14-16 को यीशु के शिष्यता उपदेशों के रूप में संदर्भित करते हैं, जिसमें अध्याय 17 एक समापन की प्रार्थना के रूप में है और एक साथ लिया गया है | "मिशनरी चर्च के लिए यीशु की सधन व्यवस्थित थियोलॉजी" ब्रूनर दि गॉस्पेल ऑफ़ जॉन: अ कमेंट्री (ग्रैंड रेपिड्स: ऐडमैनस, 2012), 78
6.
7. कई लोग रेमंड ब्राउन को अपनी पीढ़ी का प्रमुख जोहानिन विद्वान मानते हैं | उनका मानना है, "मार्ग प्राथमिक विधेय है (यीशु के कथन का) और सत्य और जीवन मार्ग के सिर्फ स्पष्टीकरण है" | ब्राउन द गोस्पेल जॉन XII-XXI के अनुसार दि एंकर बाइबल कमेंट्री (न्यूयॉर्क, डबल डे, 1970)621 यदि यह सही है तो सत्य और जीवन मार्ग के स्पष्टीकरण है - या अलग तरीके से कहा जाए तो यीशु ही मार्ग है क्योंकि वह सत्य और जीवन है | यीशु व्यक्तिगत रूप से इन तीनों का समाविष्ट है |
8. ब्रूनर द गोस्पेल आफ जॉन, 811 ब्रूनर हमें याद दिलाते हैं कि यीशु का परमेश्वर पिता का प्रकटीकरण हमें बहुत आशा देता है, पिता भी (यीशु की तरह) होंगे - और वास्तव में हमेशा से है और अच्छे, बहुत अच्छे रहे हैं |

9. मैं दि वेसली स्टडी बाइबल: न्यू रिवाइज़्ड स्टैंडर्ड वर्जन, जोएल एल. बी. ग्रीन एंड विलियम एड्स (नैशविल: एबिंगडन प्रेस, 2009) के एक काव्यात्मक फुटनोट के इस वाक्य से प्रेरणा लेता हूँ |
10. यह परमेश्वर की संप्रभुता को अन्य धर्मों के विश्वास और परंपराओं के अनुयायी तक पहुँचने के लिए सीमित नहीं करता है, जो यीशु के नाम को जाने या सुने बिना ही मर जाए | परमेश्वर जो कुछ संप्रभुता पूर्ण करना चाहे, वह करने के लिए स्वतंत्र है | मैं पूरी तरह से सभी चीजों के लिए सामंजस्य के अनुग्रह से आश्यर्यचकित होने की उम्मीद रखता हूँ |
11. "आत्मघाती हमलावरों (सुसाइड बॉम्बर)की तुलना में कोई भी अपनी सच्चाई के बारे में अधिक ईमानदार नहीं है | हालांकि चाहे कोई अपनी सच्चाई के प्रति कितनी भी भावनात्मक रूप से प्रतिबद्ध हो - यदि अंत में वह वास्तविकता पर आधारित न हो तो ईमानदारी काफी नहीं |
12. सर्वनाम (अहम,"में") जोरदार है जो प्रभाव को एक माध्यम से एक व्यक्ति पर डाल देता है | यह भी उल्लेखनीय है और असंख्य बार उभारा गया है कि यूहन्ना में यीशु का "मैं हूँ" कथन, परमेश्वर का मूसा को जलती हुई झाड़ी के पास कहा गया कथन "मैं हूँ, जो मैं हूँ" कथन को संदर्भित करता है (निर्गमन 3:14) "मैं हूँ" पूरे इब्रानी शास्त्र में यावे नाम से जाना गया |
13. ब्रूनर, द गोस्पेल आफ जॉन, 823
14. ब्रूनर, द गोस्पेल आफ जॉन, 812
15. लेसली न्युबिगिन, द लाइट हॅस कम: अन एक्सपोसिशन ऑफ़ द फोर्थ गॉस्पेल, (ग्रैंड रेपिड्स, एडमैन, 1987)181
16. थॉमस ए. कैम्पिस, द इमिटेशन ऑफ क्राइस्ट, बुक 3, चैप्टर 56, (सी 1418 -1427)

1

अद्भुत अनुग्रह

"अमेजिंग ग्रेस" आज दुनिया में सबसे प्रसिद्ध और प्रिय गीतों में से एक है | हालाँकि यह दो शताब्दियों से अधिक पुराना है, फिर भी यह सैकड़ों भाषाओं और उपभाषाओं (बोलियों) में गाया जाता है |[1] यह गीत जाति और मजहब, भौगोलिक और पीढ़ीगत सीमाओं को पार करता है | आपको इस गीत के शब्दों को जानने और उनके अर्थ जो छू जाते हैं, उनके लिए ईसाई होने की आवश्यकता नहीं है |

एक इंग्लिश पास्टर, जॉन न्यूटन ने यह गीत लिखा था | अपने वयस्क जीवन के आरंभिक दिनों के दौरान वह दासों को ले जाने वाले जहाज के कप्तान थे और व्यक्तिगत रूप से पश्चिमी अफ्रीका से ग्रेट ब्रिटेन में सैकड़ों दासों को लाने की जिम्मेदारी उनकी थी | परंतु, समुद्र में एक भयंकर तूफान में मृत्यु से आमना-सामना होने के बाद, उनके पास मन परिवर्तन का ऐसा अनुभव था जिससे उन्हें मौलिक रूप से बदल दिया था | वह फिर पहले जैसे नहीं रहे |

उन्होंने न केवल परमेश्वर के साथ अनुग्रह की यात्रा शुरू की, बल्कि दासों के व्यापार में अपनी व्यक्तिगत भागीदारी के लिए उन्हें बहुत पछतावा और पश्चाताप भी हुआ | उन्होंने अपनी कप्तानी से इस्तीफा दे दिया, और एक एंग्लिकन पादरी बन गए और बाद में विलियन विलबरफोर्स के मेंटर (उपदेशक) बन गए, जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य में गुलामी को खत्म करने के अभियान का नेतृत्व किया | बयासी वर्ष की आयु में, जब वह मृत्यु-शैया पर थे, तब न्यूटन ने यह घोषणा कि, "मेरी याददाश्त चली गई है लेकिन मुझे दो बातें याद है: कि मैं एक महान पापी हूँ और वह मसीह एक महान उद्धारकर्ता है" | कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह इतने काव्यात्मक रूप से लिख सकते थे - अद्भुत अनुग्रह द्वारा उन्होंने प्राप्त किया, महसूस किया और रूपांतरित हुए |

यह पुस्तक अनुग्रह के विषय में है।यह अनुग्रह की यात्रा है जिसके द्वारा हम अधिकाधिक परमेश्वर के रूप में बनते जाते हैं, "जो मार्ग, और सत्य और जीवन है" | अनुग्रह, हमारे जीवन और पवित्र शास्त्र दोनों में कई रूपों में आता है, लेकिन अनुग्रह की प्रवृत्ति एक जैसी बनी रहती है | हम इसे व्यक्तिगत रूप से परमेश्वर की ओर से उपहार के रूप में प्राप्त करते हैं और एक पारस्परिक और रूपांतरित होने वाले संबंध के अंतर्गत परमेश्वर के साथ रहते हैं |

अनुग्रह क्या है?

परमेश्वर का अनुग्रह क्या है? यह हमारे जीवन में कैसे आता है? कैसे मसीह समान जीवन जीने के लिए प्रभावित करता है, बदलता है और सशक्त करता है | अनुग्रह की कई परिभाषाएं हैं:

- परमेश्वर का अनुग्रह जिसके हम योग्य नहीं
- परमेश्वर का प्रेम जिसके हम योग्य नहीं
- किसी ऐसे व्यक्ति को दिया जाने वाला अनुग्रह जो उसके अयोग्य हो |
- परमेश्वर के प्रेम की पूर्णतया मुक्त अभिव्यक्ति, जो दाता के इनाम और परोपकार में, उसका एकमात्र उद्देश्य ढूँढती है[2] |
- परमेश्वर की अप्रतिबंधित अच्छाई |

अनुग्रह की ये सारी परिभाषाएं अयोग्य मानवता के प्रति परमेश्वर के प्यार भरे प्रतिक्रिया के अवर्णित और आश्चर्यजनक पहलुओं का वर्णन करने का प्रयास करते हैं | इस वजह से हम "अद्भुत" शब्द का प्रयोग करते हैं | ये हमारे रिश्तों और लेन-देन की मानवीय श्रेणियों को परिभाषित करता है |

जो लोग फाइनेंस (वित्त) में काम करते हैं, वे जानते हैं कि "ग्रेस पीरियड" (मुहलत) क्या होता है | ग्रेस पीरियड, समय की वह छोटी अवधि है, जब भुगतान का जुर्माना स्थगित कर दिया जाता है | जब किसी को अपनी कार या स्कूल ऋण का भुगतान करना होता है, पर वो भुगतान बिना किसी विलंब शुल्क के स्थगित कर दिया जाता है, उसे "एक ग्रेस पीरियड" कहते हैं | हालांकि एक "ग्रेस पीरियड" की कुछ शर्तें होती है | वह सिर्फ कुछ समय के लिए ही रहता है | अंत में वह खत्म हो जाएगा, और अगर किसी ने फिर भी भुगतान नहीं किया हो, तो उन पर अतिरिक्त जुर्माना लगता है | यह मुश्किल है - पर बिना शर्त के नहीं |

परमेश्वर का अनुग्रह अलग है| परमेश्वर का अनुग्रह निशुल्क का मिलता है| ("निशुल्क" के साथ भ्रमित न हो - अध्याय के अंत में इस विचार पर अधिक स्पष्टीकरण दिया गया है) और ये अच्छा है क्योंकि हम वैसे भी उसे लेने के योग्य ना होते| हम कभी भी परमेश्वर को वह भुगतान या अदायगी ना दे सकते, जो हमें उनसे मिलता है| ये उनका अनुग्रह है कि वो हमारे लिए वो करते हैं, जो हम कभी अपने लिए ना कर सकते, इसलिए हम कहते हैं कि अनुग्रह अनारक्षित और और अवांछनीय है| परमेश्वर हमसे हमारी योग्यता से अधिक बेहतर व्यवहार करते हैं| ये हम पर अनुग्रह है जबकि हम इसके लिए अयोग्य है और यही हमें परमेश्वर का अनुसरण पूर्ण समर्पित शिष्यता में करने के लिए विवश करता है|

अनुग्रह की सबसे सरल परिभाषा "उपहार" हैं| प्रेरित पौलुस ने "उपहार" या "उपकार" के लिए सामान्य ग्रीक शब्द "चरिस" का प्रयोग किया और उसे यीशु मसीह में परमेश्वर ने जो सब किया उन सब के व्यापक अर्थ का वर्णन करने के तरीके के रूप में कल्पना करने में सहायता की (2 कुरिन्थियों 8:9, 9:15, गलतियों 2:21, इफिसियों 2:4-10)[3] | यह भी ध्यान देना आवश्यक है कि "चरिस" मूल शब्द "चार" से लिया गया है - "जो आनंद लाता है" |[4] इस प्रकार दिए और प्राप्त किए गए अनुग्रह का कार्य आनंद और कृतज्ञता दोनों को प्रकट करता है| इस अर्थ में अनुग्रह के प्राप्तकर्ता का बदले में कुछ देना उपयुक्त है - धन्यवाद और एक पवित्र जीवन| इसका यह अर्थ नहीं कि अलौकिक अनुग्रह एक संबंधपरक लेन-देन है| एहसान चुकाने की इच्छा (या अपेक्षा) उपहार के महत्व को नकारती है[5] | लेन-देन संबंधी सोच हमेशा उपहार के महत्व को कमजोर और कम कर देती है|

यदि मैं अपने मित्र को एक उपहार देता हूँ, तो मैं यह कह सकता हूँ, "मैं आपको अपने प्यार की निशानी के रूप में यह उपहार देना चाहता हूँ " |

मेरे मित्र की उपहार प्राप्त करने के सामान्य प्रतिक्रिया होगी और वह सरल रूप से कहेगा, "धन्यवाद" |

बजाय, इसके यदि मेरा दोस्त कहता, "यह आपका बड़प्पन है| मैं आपको कितनी कीमत दूँ? उन्होंने उपहार की भाषा को लेनदेन की भाषा बना दिया| आप मेरे लिए कुछ अच्छा कर रहे हैं| मैं आपका आभारी हूँ|

अनुग्रह के उपहार को ऐसे लेनदेन से मिलाने पर जो कि प्रतिदेय है, एक और एक समस्या उत्पन्न करती है|अनुग्रह का अंतर्निहित अर्थ यह कि परमेश्वर को हम से

अधिक प्रेम करने के लिए हम कुछ भी नहीं कर सकते हैं और कुछ भी नहीं है जो परमेश्वर को कम प्यार करने के लिए कर सकते हैं, वह पहले से ही करता है | हम में इतना अच्छा कुछ भी नहीं है, जो हमें परमेश्वर के प्यार को अर्जित करने के लिए योग्य या सक्षम बनाता है और हम में इतना बुरा कुछ भी नहीं है जो हमें परमेश्वर के प्यार से अलग कर सकता है, जो हमारे प्रभु यीशु मसीह में है (रोमियों 35-39) | परमेश्वर हमसे इसलिए प्रेम नहीं करता कि हम अच्छे हैं और परमेश्वर हमसे इसलिए घृणा नहीं करता कि हम बुरे हैं | परमेश्वर का मुख्य स्वभाव पवित्र प्रेम है, जिसका अर्थ है वह कार्य जो परमेश्वर के अलौकिक, निस्वार्थ और उंडले हुए अनुग्रह को पूर्ण रूप से व्यक्त करता है |[7]

फिलिप येंसी यह पहचानते हैं जब वे लिखते हैं, "अनुग्रह का अर्थ है कि परमेश्वर पहले से ही हमसे उतना प्यार करते हैं जितना कि संभवत: अनंत प्रेम वह कर सकते हैं" |[8] चूँकि परमेश्वर ने आरंभ में हमसे हमारे अच्छे व्यवहार के आधार पर प्रेम नहीं किया था तो कैसे बेहतर व्यवहार, परमेश्वर को हम से अधिक प्रेम करने पर विवश कर सकता है? इसी प्रकार से कैसा बुरा व्यवहार, परमेश्वर को हम से कम प्रेम करने के लिए विवश कर सकता है? आप अधिक प्रार्थना कर, अधिक देकर, अधिक सेवा कर, या अधिक त्याग कर परमेश्वर को यह कहने के लिए विवश नहीं कर सकते हैं, "वह इतना बेहतर कर रही है | वह आखिरकार खुद को समेट रही है | मैं उससे पहले की तुलना में अब अधिक प्यार करता हूँ " | नहीं | आप जैसे हैं, वैसे ही आप से प्रेम किया जाता है | जब परमेश्वर के प्रेम की बात होती है, तो कुछ भी इस पर निर्भर नहीं होता कि आप क्या करते हैं या कैसा व्यवहार करते हैं - इसलिए नहीं कि आप इसके लायक नहीं; परंतु इसलिए क्योंकि यह परमेश्वर के हृदय का पहला और आखरी झुकाव है |

न्याय, दया और अनुग्रह के बीच की एक साधारण तुलना अच्छी तरह बताती है: न्याय वह प्राप्त करना है, जिसके आप लायक है | दया वह प्राप्त नहीं कर पाना है, जिसके आप लायक है | अनुग्रह वो प्राप्त करना है, जिसके आप लायक नहीं है |

यीशु ने एक राज्य के दृष्टिकोण से जीवन का पुन:विचार करने में हमारी मदद के लिए कई दृष्टांतों को बताया है | दृष्टांत केवल नैतिक कहानियाँ नहीं थी, जो हमें जीने का बेहतर तरीका बताती थी | वे हमें परमेश्वर के स्वभाव और हृदय की हमारी अवधारणा को बेहतर ढंग से समझने और सही करने में हमारी मदद करती है |

खोई हुई भेड़ों, खोए हुए सिक्कों और खोए हुए पुत्रों[9] (लूका 15) के दृष्टांतों के बारे में सोचे | यीशु, परमेश्वर को एक चरवाहे के रूप में वर्णित करते हैं, जो बहुत खुश हो जाता है; इसलिए नहीं कि उसकी निन्यानवें भेड़ें नियमों का पालन करती है बल्कि इसलिए क्योंकि उनमें से एक जो खो गया था, वह मिल गया | वह एक ऐसी महिला के रूप में परमेश्वर का वर्णन करते हैं जो एक कीमती सिक्के की तलाश में अपने घर को अस्त-व्यस्त कर देती है | जब वह मिल जाता है तो अपने मित्रों के साथ खुशी मनाने के लिए वह एक जश्न रखती है | फिर वह परमेश्वर को एक प्यार करने वाले पिता के रूप में वर्णित करता है, जो अपने निरंकुश पुत्र की एक झलक पाने के लिए जमीन आसमान एक कर देता है | जब वह अपने घुमक्कड़ बेटे का पता लगा लेता है "जब वह अभी भी दूर था"(लूका 15:20) और वह करुणा से भर जाता है और उसका घर में स्वागत करने के लिए दौड़ पड़ता है | ये सब परमेश्वर के स्वभाव और हृदय में है | "ढूँढ लिया जाना" परमेश्वर के हृदय को आनंदित कर देता है | आवारापन, भटक जाने पर और विश्वासघात पर अनुग्रह जय प्राप्त करता है |

यीशु ने दाख की बारी में मजदूरों के बारे में एक और दृष्टांत बताया, जिसका मालिक सभी मजदूरों को एक समान मजदूरी देता है, भले ही कुछ दूसरों की तुलना में बहुत कम घंटे काम करते हैं (मत्ती 20:1-16) | इस कहानी का आर्थिक रूप से कोई अर्थ नहीं है | यह व्यवसाय में एक अविवेकपूर्ण कदम लगता है | एक व्यवसाय के मालिक का इस तरह का लापरवाही भरा व्यवहार उसके सबसे मेहनती कर्मचारियों में अलगाव और कम प्रेरितों में आलस को प्रोत्साहित करने का जोखिम रखता है | हालाँकि यह सर्वोत्तम व्यवसाय के तरीकों का दृष्टांत नहीं है | यह दृष्टांत परमेश्वर के असाधारण अनुग्रह के बारे में है | अनुग्रह, एक गणितीय समीकरण नहीं है जो कर्मचारियों के घंटों का लेखा-जोखा रखता है, उचित लेखांकन सिद्धांतों का पालन करता है, या सबसे मेहनती कर्मचारी को पुरस्कृत करता है | अनुग्रह, इसके बारे में नहीं है कि कौन भुगतान के योग्य है, यह उन अयोग्य व्यक्तियों के बारे में हैं, जिन्हें ये ऐसे ही मिल जाते हैं | यदि यह आपको सुनने में लज्जाजनक लगे और व्यावहारिक ज्ञान को अटपटा लगे, तब आप अनुग्रह समझने लगे हैं |

अनुग्रह व्यक्तिगत है |

हम अनुग्रह के अनुभव की बात कर सकते हैं क्योंकि यह पूर्णतया व्यक्तिगत और संबंधपरक है | अनुग्रह दो महत्वपूर्ण कारणों से व्यक्तिगत है | सबसे पहले अनुग्रह कोई चीज नहीं है | यह कोई वस्तु नहीं है | यह कोई पवित्र पदार्थ नहीं है जो हमारे शिष्यता रूपी "इंजन" को और कुशलता से चलाने के लिए "मशीन मोटर तेल" के रूप में डाला गया है | अनुग्रह व्यक्तिगत है क्योंकि हम तक यीशु मसीह के रूप में आता है, जिसने कहा, "मार्ग और सत्य, और जीवन में ही हूँ " |[10]

थॉमस लैंगफोर्ड, वेसलियन परंपरा के एक थिओलॉजियन, कहते हैं कि चर्च के पूरे इतिहास में अनुग्रह की दो अवधारणाओं के बीच संघर्ष रहा है |

> एक ओर अनुग्रह को एक ऐसी चीज के रूप में सोचा गया है, जो परमेश्वर के पास है और वह उसे दे सकता है, और शायद एक जैसी चीज जो व्यक्ति स्वीकार कर अपने पास रख सकता है; या बड़े संदर्भ में कहा जाए तो, ऐसा वातावरण, ऊर्जा, या शक्ति जो परमेश्वर के कार्य का प्रतिनिधित्व करती है और मानव जीवन ईद-गिर्द संदर्भ प्रदान करती है | दूसरी ओर, अनुभव को एक "व्यक्ति" के रूप में पहचाना गया है; अनुग्रह एक व्यक्ति है | अनुग्रह परमेश्वर - परमेश्वर जो मानव जाति के लिए प्रस्तुत है | अनुग्रह के बारे में कहना, परमेश्वर की उपस्थिति और उसके रचना के साथ देखभालपूर्ण संवाद के बारे में कहना है | इस समझ में अनुग्रह के विचार, यीशु मसीह के जीवन, मृत्यु और पुनरुत्थान के प्रतिबिंब पर आधारित है| यीशु मसीह अनुग्रह; अनुग्रह यीशु मसीह है |[11]

डिअरमैड मेकक्लूख के मसीहत के स्मारकीय इतिहास के इस प्रभावशाली कथन के सामर्थ से मैं प्रभावित हुआ हूँ: "एक व्यक्ति, न की एक प्रणाली, ने दमिश्क की सड़क पर रहस्यमय घटनाओं में पौलुस को पकड़ा" |[12] कई मायनों में, तरतुसवासी शाऊल - जो बाद में प्रेरित पौलुस हुआ - इस आश्चर्यजनक प्रकाशन के लिए तैयार नहीं था | उसकी प्रतिबद्धता एक धर्म, एक परिभाषित प्रणाली, एक परंपरा, एक नियम के साथ थी | वह यह सब अच्छी तरह से जानता था, वह इनका प्रशिक्षित और उत्साही रक्षक था - पर एक व्यक्ति था जिसने उसे बदल दिया, वह व्यक्ति नासरत का यीशु था, जिसे पौलुस ने बाद में मसिह और प्रभु के रूप में जाना |

पौलुस की पिछली धारणा प्रणाली, कानून का पूर्ण अनुपालन करती थी | दमिश्क की सड़क के अनुभव के बाद (प्रेरितों के काम 9:1-22), वह चीजों को अलग तरह से देखने लगा | वह अब भी मानता था कि कानून अच्छा है पर अधूरा है | जब वह उस व्यक्ति से मिला, तो उसने अपना ध्यान, क्या अच्छा है (उसकी यहूदी धरोहर) से हटाकर उस पर रखा | जो अतुलनीय रूप से बेहतर था: यीशु मसीह | मसीह के साथ अंतरंग बैठक के अनुभवों से, उसने एक धार्मिकता खोजी जो उसकी अपनी नहीं थी |[13] पौलुस का मानना था कि मसीह (व्यक्ति) के साथ विश्वासी का संबंध इतना अंतरंग हो सकता है कि वह इसे "मसीह में एकता" कहकर संपूर्ण मिलन को संदर्भित करते हैं| एकता पौलुस के लिए एक सार, ग्रीको-रोमन, आदर्शवादी धारणा नहीं थी | यीशु मसीह हाल ही के ऐतिहासिक समय और स्थान मैं वास्तविक मनुष्य थे (हैं) | वह सिर्फ अपनी मानवता में हमारी तरह नहीं है बल्कि उस व्यक्ति के रूप में जो दमिश्क की सड़क पर पौलुस से मिले थे - एक पुन:जीवित, उत्कृष्ट व्यक्ति है, जिसके जीवन, मृत्यु, पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण ने हमारे पाप और पतन की तबाही को उलट दिया (1 कुरिन्थियों 15:22) |

एक बहुत ही वास्तविक अर्थ में, शाऊल के नाम का पौलुस में परिवर्तन एक रूपांतरण से कई अधिक था - यह एक जागृति थी: "उसकी आंखों से पर्दा उठ गया और उसकी दृष्टि बहाल हो गई | (प्रेरितों के काम 9:15) यह एक उत्थान था | पौलुस को एक शुद्ध, बिना मिलावट का उपहार दिया गया जो वह नहीं कमा सकता था और न ही उसके योग्य था | अब वह देख सकता था कि व्यवस्था अब तक किस ओर इशारा कर रहा था: एक व्यक्ति की ओर | इसलिए वह बाद में लिखता है: "परंतु हम तो उस क्रूस पर चढ़ाए हुए मसीह का प्रचार करते हैं, जो यहूदियों के लिए ठोकर का कारण और अन्यजातियों के लिए मूर्खता है | परंतु जो बुलाए गए है, क्या यहूदी, क्या यूनानी, उनके निकट मसीह परमेश्वर की सामर्थ्य और परमेश्वर का ज्ञान है" (1 कुरिन्थियों 1:23-24) | यह यहूदी कानून और परंपरा से बंधे लोगों के लिए लज्जाजनक और संभ्रात यूनानी संस्कृति और पश्चिमी दार्शनिक वैश्विक नजरियों में लीन लोगों के लिए पागलपन था | लेकिन, जो यह विश्वास कर सकते थे कि परमेश्वर के अनुग्रह से यीशु मसीह (ग्रीक में, क्रिस्टोस का अर्थ "अभिषेक किया हुआ") था, वह उनका उद्धार बन गया |[14, 16]

पहले मसीही एक व्यवस्था और ना ही किसी धर्म का प्रचार करते थे | उन्होंने एक व्यक्ति का प्रचार किया | इस्लाम के लिए वचन; एक किताब (कुरान) बन गया;

ईसाईयों के लिए वचन देहधारी बन गया (यूहन्ना 1:14)[15] | एक मानव, अनंत, एक परमेश्वर, एक व्यक्ति बन गया - देहधारी | पहले ईसाईयों ने एक सिद्धांत, एक नियम या जीवन शक्ति के लिए अपना जीवन नहीं छोड़ा | यह एक व्यक्ति के लिए और उसका कारण था - एक वास्तविक व्यक्ति जो वास्तव में क्रूस पर चढ़ाया गया और दफनाया गया, जो नए सृजन के पहले फल के रूप में मृतकों में से वास्तव में जी उठा; जो वास्तव में स्वर्ग में उठा लिया गया और वास्तव में फिर से वापस आ रहा है |

मैं ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं जानता, जो डीट्रिच बोन्होफर की तुलना इसे अधिक स्पष्टता: से वर्णित कर सकता है: "एक अमृत सार के साथ एक औपचारिक ज्ञान के संबंध में आना, उसके बारे में उत्साहित होना और शायद उसे कार्य में लाना भी संभव है; लेकिन व्यक्तिगत आज्ञाकारिता में कभी भी इसका अनुसरण नहीं किया जा सकता | जीवित मसीह के बिना मसीहत अनिवार्य रूप से बिना शिष्यता की मसीहत (ईसाई धर्म) है और बिना शिष्यता कि मसीहत हमेशा मसीह के बिना मसीहत होती है" |[16]

इसलिए अनुग्रह की यात्रा एक व्यवस्था, एक पुस्तक, एक विवरणिका, एक संप्रदाय या एक परंपरा का अनुसरण करने के बारे में नहीं है | हम यीशु मसीह का अनुसरण, उसकी आराधना और सेवा करते हैं | अनुग्रह, व्यक्तिगत यीशु के, जो कि अब मसीह और प्रभु है, जीवन, सेवकाई, मृत्यु, पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण के सभी लाभों का परिणाम है |

अनुग्रह का क्राइस्टोसेनेट्रिक (यीशु क्रेंदित) वृतांत, अनुग्रह के एक सुदृढ़ ट्रीनिटेरिअन थिओलॉजी (परमेश्वर सृजनकर्ता और पिता के रूप में; एक विश्वासी के जीवन में पवित्र आत्मा का सामर्थ) कि उपेक्षा करना नहीं है | एक व्यक्ति के रूप में हमारा अनुग्रह को समझना ये याद रखना है कि हम जो भी व्यक्तिगत रूप से परमेश्वर के बारे में जान पाते हैं वह सबसे स्पष्ट रूप से हमारे, जिसे परमेश्वर ने खुद को ज्ञात करने के लिए चुना है, के जीवन, शिक्षण और अनुभव में प्रकट होना है | सभी मसीही शिष्यता का लक्ष्य अनुग्रह के प्राप्तकर्ताओं को यीशु मसीह की छवि और समानता में आकार देना है | अनुग्रह कोई चीज नहीं, कोई व्यक्ति है |

यह पुष्टि हमें दूसरे कारण की ओर ले चलती है की अनुग्रह व्यक्तिगत है: अनुग्रह हर व्यक्ति को उसकी विशेष आवश्यकता या उसे प्राप्त करने की क्षमता के अनुसार मिलता है | प्रत्येक व्यक्ति विशिष्ट रूप से अनुग्रह को प्राप्त और प्रयोग करता है |

मेरे कई मित्र है, लेकिन मैं उनसे अलग तरीके से संबंध रखता हूँ क्योंकि हर एक विशिष्ट है | मेरे तीन बच्चे हैं, जबकि मैं उन सभी से समान रूप से प्यार करता हूँ, तब भी उनसे एक समान व्यवहार नहीं कर सकता | वह सभी अलग है इसलिए मेरी परवरिश, हर एक के लिए, अनुकूल होनी चाहिए | यह मित्र और अभिभावक होने का प्रेम पूर्ण तरीका है |

इसी तरह अनुग्रह को प्रत्येक व्यक्ति द्वारा विशिष्ट रूप से ग्रहण और प्राप्त किया जाता है क्योंकि हम त्रियेक परमेश्वर के साथ एक व्यक्तिगत संबंध में अनुग्रह का अनुभव करते हैं, जो हमें पिता द्वारा दिया गया है, यीशु मसीह के माध्यम से विस्तारित और पवित्र आत्मा द्वारा सशक्त किया गया है | अनुभव व्यक्तिगत है क्योंकि वह हम तक एक व्यक्ति के रूप में हमारी आवश्यकताओं के अनुसार व्यक्तिगत रूप से आता है | जैसे परमेश्वर हमें खुद को और देते हैं वैसे ही हमें और अनुभव मिलता है |

अनुग्रह कीमती है |

डिट्रीच बोन्होफर हमें याद दिलाते हैं कि, हालाँकि अनुक्रम मुफ्त है, यह बिना लागत के नहीं आता है | बोन्होफर ने अपनी बहुचर्चित पुस्तक, द कॉस्ट ऑफ डिसाइपलशिप (शिष्यता कि कीमत), के एक हृदयस्पर्शी अनुच्छेद में, वास्तविक शिष्यता की मांग की कमी या अपेक्षा के रूप में सस्ते अनुग्रह और कीमती अनुग्रह के बीच अंतर पर प्रकाश डाला है: सस्ता अनुग्रह शिष्यता के बिना अनुग्रह, क्रूस के बिना अनुग्रह, जीवित और देहधारी यीशु मसीह के बिना अनुग्रह है |[17]

आगे बोन्होफर ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सस्ता अनुग्रह "हमारे चर्च का घातक शत्रु", "शिष्यता का सब से पीड़ादायक शत्रु", और सबसे अधिक कई ईसाईयों की बर्बादी का कारण रहा है" |[18] इंसान कह सकता है कि वह परमेश्वर के दिए हुए उपहार के रूप में सिर्फ अनुग्रह ही से संतुष्ट है लेकिन एक संतुष्ट जीवन का फल वह है जिसने सब कुछ छोड़ मसीह का अनुसरण किया हो |[19] और बोन्होफर सही कारण की ओर इशारा करते करते हैं, जब कोई यीशु का अनुसरण करने के लिए

उसकी पुकार को सुनता है तो शिष्यों की पहली प्रतिक्रिया आज्ञापालन होती है। इससे पहले कि यह एक विश्वास का सिद्धांतवादी अंगीकार हो (मरकुस 2:14)।[20]

बोन्होफर आगे वर्णन करते हैं कि अनुग्रह कीस प्रकार कीमती है और क्यों एक पूर्ण और पूरी तरह से आत्मसमर्पण करने वाली शिष्यता एकमात्र उपयुक्त प्रतिक्रिया है।

> अनुग्रह कीमती है क्योंकि यह हमें अनुसरण करने के लिए कहता है और यह अनुग्रह है क्योंकि यह हमें यीशु का पालन करने के लिए कहता है। यह कीमती है क्योंकि इसकी कीमत एक मनुष्य का पूरा जीवन है और यह अनुग्रह है क्योंकि यह एक मनुष्य को एकमात्र सच्चा जीवन देता है। यह कीमती है क्योंकि यह पाप की निंदा करता है और पापी को सही ठहराता है। इन सबसे ऊपर, यह कीमती है क्योंकि परमेश्वर को अपने पुत्र के जीवन की कीमत चुकानी पड़ी: "तुम दाम चुकाकर खरीदे गए हो", और जो परमेश्वर को इतना कीमती पड़ा वह हमारे लिए कैसा सस्ता हो सकता है? इन सबसे ऊपर, यह अनुग्रह है क्योंकि परमेश्वर ने अपने पुत्र को इतना कीमती ना माना ताकि वह हमारे जीवन के लिए उसका भुगतान करें, और उसे हमारे लिए दे दिया। कीमती अनुग्रह परमेश्वर का देहधारण है।[21]

शिष्यता का जीवन, अनुग्रह की यात्रा है। यह अनुग्रह से शुरू होता है, अनुग्रह से सशक्त होता है, और आरंभ से लेकर अंत तक अनुग्रह से प्रभावित होता है। जब तक हम यीशु के मार्ग का अनुसरण और पालन नहीं करते तब तक यह सच्ची शिष्यता नहीं है।परमेश्वर का अनुग्रह उपहार स्वरूप नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है लेकिन यह शिष्यता की माँग से अलग नहीं रह सकता।

उपसंहार

फिलिप येंसी, चीन के आखिरी सम्राट के रूप में अभिषिक्त एक युवा लड़के की फिल्म "द लास्ट एम्पेरर" (आखिरी सम्राट) के एक दृश्य को बताते हैं। वे अपने आदेश में कई नौकरों के साथ ऐशो-आराम की जिंदगी व्यतीत करता है।

"जब आप गलत करते हैं तो क्या होता है"? उसका भाई पूछता है।

"जब मैं गलत करता हूँ तो कोई और दंडित होता है", युवा सम्राट जवाब देता है। प्रदर्शित करने के लिए युवा सम्राट एक कीमती कलाकृति को तोड़ देता है, और नौकरों में से एक इस अपराध के लिए पीटा जाता है।[22]

यह राजाओं और सम्राटों का प्राचीन रिवाज था। यह ना ही न्यायपूर्ण था और ना ही दयालु। फिर कोई दूसरी दुनिया से आया। वह एक राजा था जो अधिकार की अवधारणा के लिए नया अर्थ लाया। उसने पुराने क्रम को उलट दिया और एक नए राज्य का उद्घाटन किया।

जब उसके नौकर पाप में गिर जाते, यह राजा वो करता जो सही था। येंसी प्रतिबिंबित करते हैं, "अनुग्रह केवल इसलिए नि:शुल्क है क्योंकि देनेवाले ने खुद ही लागत वहन की है"।[23]

यह ना न्याय है ना दया - यह अनुग्रह है। कीमती अनुग्रह। शायद यही कारण है हम अभी भी न्यूटन के गीत को गाना पसंद करते हैं। अनुग्रह अद्भुत है।

तो परमेश्वर का असाधारण अनुग्रह हमारे दैनिक जीवन में कैसे चलता है? यह जानना एक बात है कि अनुग्रह का अर्थ क्या है? यह जानना अद्भुत है कि परमेश्वर हमसे उस तरह प्रेम करता है लेकिन इससे मेरे जीवन में क्या फर्क पड़ता है? जब मैं देखता हूं तो अनुग्रह कैसे दिखता है? जब मैं महसूस करता हूँ तो अनुग्रह क्या करता है? मेरे रोजमर्रा के जीवन में अनुग्रह क्या फर्क लाता है?

अनुग्रह का अनुभव विविध, सूक्ष्म और भिन्न तरीकों किया जाता है। इस पुस्तक के बाकी भागों में अनुग्रह की यात्रा के कई गुना भावों का अन्वेषण किया जाएगा।

1. जैसे की जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका के एक एयरपोर्ट के इस प्रतीक्षालय (लाउंज) में बैठा, यह लिख रहा हूँ। मैं एक कर्मचारी को अफ्रीकी भाषा में विनम्रतापूर्वक यह गुनगुनाते हुए सुन सकता हूँ। अमेरिकी पत्रकार बिल मोयर्स, लिंकन सेंटर में एक प्रदर्शन में भाग ले रहे थे, जहाँ दर्शकों ने "अमेजिंग ग्रेस" गाया। ईसाइयों और गैर ईसाइयों के बीच एक समान गीत के एकीकरण सामर्थ्य से इतने प्रभावित हुए कि वह उसी नाम से एक वृत्त चित्र (डॉक्यूमेंट्री) बनाने के लिए प्रेरित हुए।
2. यह अनुग्रह की परिभाषा की एक व्याख्या है जो अब स्वर्गीय, नया नियम के विद्वान, भाषाविद और मिशन अगुवे स्पिरोस जोड़हेट्स को समर्पित है।
3. ग्रीक शब्द "चरिस" लेटिन भाषा में "ग्रेशिया" में अनुवादित है, जिसमें से कई भाषाओं में "अनुग्रह" शब्द मिलता है।

4. थॉमस ए. लैंगफोर्ड, रेफ्लेक्शंस ऑन ग्रेस (यूजीन, ओ आर: कैसकैड बुक्स, 2007)
5. "पॉल एंड द गिफ्ट" (ग्रैंड रैपिड्स: एर्डमैन्स, 2015), में जॉन एम. जी. बार्कले एक मजबूत केस बनाते हैं, "उपहार" का विचार "कृतज्ञतापूर्वक बिना कारण" कुछ सौंप देने के रूप में देना एक आधुनिक पश्चिमी अवधारणा है | समस्त प्राचीनकाल में, और आज भी दुनिया के कई क्षेत्रों में, उपहार, वापसी में कुछ पाने की मजबूत उम्मीद में दिया जाता है - कुछ ऐसा ही पाना भी जो सामाजिक एकजुटता को मजबूत करें | उद्धार के उपहार की समझ नए नियम के सुसमाचार में ये है कि, जबकि इसके लायक बना या इसे अर्जित नहीं किया जा सकता, अनुग्रह धार्मिकता को उत्पन्न करती है और धार्मिकता आज्ञाकारिता को |
6. फिलिप येंसी, वाट्स सो अमेजिंग अबाउट ग्रेस? (ग्रैंड रैपिड्स:जोंडेरवन, 1997), 70
7. "परमेश्वर का सबसे महत्वपूर्ण विशिष्टता प्रेम है | "परमेश्वर प्रेम है" यूहन्ना गहरे अर्थ में कहता है | हम 'पवित्र शब्द" के साथ परमेश्वर के प्रेम को संशोधित कर सकते हैं हालाँकि, यह परमेश्वर की समझ में बहुत कम जोड़ता है क्योंकि, व्यवहार से, परमेश्वर का प्रेम पवित्र है | संशोधक "पवित्र" हालाँकि हमें याद दिलाता है कि परमेश्वर हमारे अलावा अन्य से परे है | परमेश्वर पवित्र है और हमेशा व्यक्तित्व में हमसे हमेशा भिन्न है" | डायएन लेक्लर्क, डिस्कवरिंग क्रिस्चियन होलीनेस: द हार्ट ऑफ़ वेसलियन - होलीनेस थिओलॉजी (कैनन्सस सिटी, एम.ओ.: बिकन हिल प्रेस ऑफ़ कैनन्सस सिटी,2010)270
8. फिलिप येंसी, वाट्स सो अमेजिंग अबाउट ग्रेस?70 |
9. बहुवचन में "पुत्रों" का मेरा उपयोग समझ कर किया गया है | इस दृष्टांत में यीशु की शिक्षा स्पष्ट दिखती है कि दोनों पुत्र अलग-अलग कारणों से भटक गए थे - लेकिन केवल एक ने घर छोड़ा |
10. जब यूहन्ना रचित सुसमाचार, जब पवित्र आत्मा के बारे में "अन्य" सहायक के रूप में बताता है तो इसका मतलब यह होता है कि सत्य की आत्मा, यीशु जो सत्य है कि सेवकाई में लगी रहेगी | (14:6, 16-17)
11. लैंगफोर्ड, रिफ्लेक्शन्स ऑन ग्रेस, 18
12. डिअरमैड मेककल्ख, क्रिश्चायनिटी: द फर्स्ट थ्री थाउजेंड ईट्स (न्यूयार्क:पेंग्विन बुक्स, 2009), 91
13. डिकाइंयु, "धर्मी बनाया जाना" या सोलहवीं शताब्दी में प्रोटोस्टेंट सुधार द्वारा प्रसिद्ध वाक्यांश में, "न्याय संगत होना" यह दर्शाता है कि एक अनुग्रह है जो हमारे स्वयं के बाहर से आता है |
14. स्ट्रोंगस कॉन्कर्डेन्स ऑफ़ द न्यू टेस्टामेंट, से संकेत मिलता है कि चेरिस "अनुग्रह", पहली सदी के चर्चों को पौलुस द्वारा लिखे गए पत्रों में कम से कम अठ्यासी बार दिखाई दिए हैं |
15. इस महत्वपूर्ण अंतर के लिए मैं, अफ्रीका के चर्च ऑफ़ द नाजरीन के क्षेत्रीय निदेशक गोमिस का ऋणी हूँ |

16. डिट्रीच बोन्होफर, द कॉस्ट ऑफ़ डिसायपलशिप (न्यूयार्क:मैकमिलन कंपनी, 1949)) 63-64 |
17. बोन्होफर, द कॉस्ट ऑफ़ डिसायपलशिप, 47-48
18. बोन्होफर, द कॉस्ट ऑफ़ डिसायपलशिप, 45, 55, 59
19. बोन्होफर, द कॉस्ट ऑफ़ डिसायपलशिप, 55
20. बोन्होफर, द कॉस्ट ऑफ़ डिसायपलशिप, 61
21. बोन्होफर, द कॉस्ट ऑफ़ डिसायपलशिप, 47-48
22. यैंसी, वॉट्स सो अमेजिंग अबाउट ग्रेस? 67.
23. यैंसी, वॉट्स सो अमेजिंग अबाउट ग्रेस? 67.

मार्ग

पूर्व अनुग्रह के माध्यम से, परमेश्वर एक रास्ते को बनाने और हमारे साथ एक संबंध बनाने के लिए हमारे आमने सामने आते हैं।

2

अनुग्रह जो ढूँढता है

क्योंकि मनुष्य का पुत्र खोए हुओं को ढूँढने और उनका उद्धार करने आया है। लूका 19:10

शिष्यता, एक ही दिशा में एक लंबे समय आज्ञाकारिता के समान है - मार्गदर्शक और साथी के रूप में यीशु के साथ।[1] हम इसे अनुग्रह की यात्रा कहते हैं। अनुग्रह की यात्रा हमेशा गतिशील होती है क्योंकि यह अन्तर्भाग से संबंध रखती है। विश्वास से चलना कठिन परिश्रम से अधिक साहसिक कार्य है, कर्तव्य से अधिक प्रसन्नता देता है, जिसमें शिष्यता की यात्रा का हर एक कदम परमेश्वर के अनुग्रह में होता है। हम परमेश्वर के अनुग्रह को अपने जीवन के विभिन्न मौसमों में विभिन्न तरीकों से अनुभव करते हैं। हालांकि अनुभव के यह पहलू हमेशा अनुक्रमिक नहीं होते (एक विशिष्ट क्रम में), वे अलग-अलग उद्देश्यों के अनुसार जो वे हमारी शिष्यता की यात्रा में पूरे करते हैं, विभक्त होते हैं।[2]

कम से कम पाँच शास्त्रों के रूपांकनों से पता चलता है कि हम परमेश्वर के अनुग्रह का अनुभव कैसे करते हैं। इसका कहना यह नहीं है कि अनुग्रह के विभिन्न वर्गीकरण है, जैसे कि अनुग्रह को विभिन्न श्रेणीगत मापों या प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है।[3] जैसा कि जैक जैक्सन कहते हैं, "परमेश्वर का अनुग्रह विलक्षण है",[4] या, जॉन वेसली से, परमेश्वर का अनुग्रह महज "परमेश्वर का प्रेम है"।[5] विभिन्न प्रकार के अनुग्रह को वर्गीकृत करने के इस प्रवृति से बचने के लिए वेसली ने अनुग्रह की प्रयोगात्मक प्रकृति पर ध्यान केंद्रित करना चुना: उनके शिष्यता के चरण के आधार पर, लोग विभिन्न रूप से अनुग्रह का अनुभव करते हैं। जो प्रकृति की स्थिति (पूर्व ईसाई) में है वह अनुग्रह का निरोधपरक अनुभव करते हैं; एक बार जागृत होने पर वे अनुग्रह को एक आश्वस्त और औचित्यपूर्ण तरीके से अनुभव करते हैं;

और फिर आखिरकार, एक बार न्यायसंगत होने पर, वे अनुग्रह को उनके मन और दिलों को पवित्र करने के लिए काम करने का अनुभव करते हैं" |[6] वेसली की थिओलॉजी का जैक्सन द्वारा विवरण यहाँ सुंदर रूप से लिखा गया है, तार्किक पर लचीला, एक चीज के रूप में अनुग्रह का, एक संबंधपरक यात्रा के रूप में अनुग्रह से भेद करना जिसमें कि जीवन परिस्थितिओं और अनुभवों, अलौकिक नियुक्तियों और अवसरानुकूल समय सम्मिलित है | अनुग्रह एक व्यक्ति है और व्यक्तिगत रूप में विस्तारित है |

* इस अध्याय के कुछ भाग "द ग्रेस दैड गोज बिफोर; प्रिविनियेंट ग्रेस इन द वेसलियन स्पिरिट", जो कि डेविड ए. ब्युसिक द्वारा लिखा गया है, वेसलियन फाउंडेशन फॉर इवेंजलिस्म में और जो एल. टूजड़ेल (कैन्सस सिटी, 6 CWV, MO: द फाउंड्री पब्लिशिंग, 2020) द्वारा एडिट किया गया है, के एक अध्याय में सम्मिलित और उससे लिया गया है | अनुमति द्वारा उपयोग किया गया है |

इस बात को ध्यान में रखते हुए हम निम्नलिखित रूपांकनों को रखते हैं जो हमें यह बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं कि कैसे हम अक्सर अनुग्रह की यात्रा में परमेश्वर के प्रेम का अनुभव करते हैं | ये जानते हुए कि ये अलग-अलग प्रकार के अनुग्रह नहीं है बल्कि अलग-अलग तरीके हैं जिनसे हम परमेश्वर को अनुग्रह के रूप में अपने जीवन में अनुभव कर सकते हैं |[7]

- अनुग्रह जो ढूँढता है
- अनुग्रह जो बचाता है
- अनुग्रह जो पवित्र करता है
- अनुग्रह जो संभालता है
- पर्याप्त अनुग्रह

आने वाले अध्यायों में हम इनमें से प्रत्येक रूपांकनों का बाइबिल संबंधी, थीयोलॉजिकली और प्रयोगात्मक रूप से विस्तृत निरीक्षण करेंगे | हम यहाँ अनुग्रह जो ढूँढता है, से आरंभ कर रहे हैं |

अनुग्रह जो आगे चलता है

परमेश्वर का अनुग्रह हमारे उद्धार के क्षण में आरंभ नहीं होता है | यह परमेश्वर के लिए हमारी जरूरत की जागरूकता से भी पहले है | हम स्वाभाविक रूप से परमेश्वर को नहीं ढूँढ़ते; इसके बजाय परमेश्वर हमें ढूँढते हैं | इस क्रिया के लिए थियोलॉजिकल

शब्द, जिसके द्वारा परमेश्वर हमें अपने समीप लाने का प्रयास करता है, वह पूर्ववर्ती अनुभव है | पूर्ववर्ती अनुग्रह का साधारण अर्थ है कि हमारे परमेश्वर के पास आने से पूर्व परमेश्वर हमारे पास आते हैं | परमेश्वर का अनुग्रह हमें ढूँढता है और जहाँ हम हैं, वहाँ आता है |

मसीह जन कभी-कभी रूपांतरण के अनुभव की अपनी गवाही को इस कथन से आरंभ करेंगे कि किस प्रकार वे इस या इस जगह पर या एक निश्चित उम्र में वे "मसीह के पास आए" | जब उनका सामना परमेश्वर के साथ होता है और वे मसीह में नए जन्म का अनुभव करते हैं, तो वे एक विशिष्ट समय और स्थान को बयां करने के लिए वास्तविक प्रयास करते हैं | हालांकि "मसीह के पास आना" शब्द बिल्कुल सटीक नहीं है क्योंकि कोई भी कभी भी यीशु मसीह के पास नहीं आता है | यीशु मसीह हमारे पास आते हैं | पहले गैर-यहूदी मसीहियों को लिखे एक बहुत महत्वपूर्ण पत्र में, प्रेरित पौलुस कहता है, "तुम पहले इस संसार की रीति पर चलते हुए, अपने पापों और अपराधों के कारण मरे हुए थे | परंतु परमेश्वर ने जो दया का धनी है, अपने उस बड़े प्रेम के कारण जिससे उसने हमसे प्रेम किया, जब हम अपराधों के कारण मरे हुए थे तो हमें मसीह के साथ जिलाया - अनुग्रह द्वारा तुम बचाए गए हो" (इफिसियों 2:1-2, 4-5) | एक शब्द का विशेष ध्यान रखें जिस पर पौलुस विशेष जोर देने के लिए दोहराता है: मृत | पौलुस इसे बहुत गंभीरता से लेता है | वह यह नहीं कहता कि हम अपने पापों में "रोगी" थे या हमारे पापों में "फंस" गए थे | नहीं, हम अपने पापों में मर चुके थे |

बाइबिल के अनुसार, मृत्यु तीन प्रकार की होती है: शारीरिक, आत्मिक और अनंत | पौलुस आत्मिक मृत्यु का वर्णन कर रहा है | हम जी रहे थे और सांस ले रहे थे और जीवन की गतियों से गुजर रहे थे लेकिन पाप के कारण आत्मिक रूप से मर चुके थे | एक व्यक्ति शारीरिक रूप से जीवित और जीता-जागता हो सकता है लेकिन अंदर से वे आत्मिक चीजों पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकते क्योंकि उनके पास कोई आत्मिक अनुभूति नहीं है | इसीलिए जो व्यक्ति आत्मिक रूप से मृत है, वह आत्मिक सत्य से नहीं जुड़ता है | यह उनके लिए उतना ही वास्तविक है जितना कि एक गंध की भावना एक मृतक के लिए | मृत लोग गैर संवेदनशील होते हैं दूसरों से अलग हो जाते हैं और अपने आस-पास से अनजान होते हैं |

पौलुस का कहना है कि हम सभी जौंभी जैसी स्थिति में चलते-फिरते मृत थे | चूँकि मृत व्यक्ति बाहर की उत्तेजनाओं का जवाब नहीं दे सकता, कोई भी आत्मिक रूप से मृत व्यक्ति अपनी ताकत से "मसीह के पास" नहीं आ सकता है | सहायता बाहर से आनी चाहिए | इसलिए पौलुस और अन्य आत्मिक साक्ष्यों के अनुसार, परमेश्वर हमारी हताश स्थिति में हस्तक्षेप करते हैं और हमारे लिए कुछ करते हैं जो हम अपने लिए नहीं कर सकते हैं: परमेश्वर हमारे पास आता है, जहाँ हम है | पवित्र आत्मा की सामर्थ्य से, परमेश्वर हमारी ओर बढ़ता है और हमारी आत्मिक संवेदनाओं को जागृत करता है | यह वास्तविकता एक गहन विचार की ओर ले जाती है: यहाँ तक कि परमेश्वर की सहायता के लिए नहीं कहने की हमारी क्षमता केवल इसलिए संभव हो जाती कि क्योंकि परमेश्वर की पूर्ववर्ती अनुग्रह हमें पहले ही मिल चुकी है | हम केवल परमेश्वर को जवाब देने के लिए स्वतंत्र है क्योंकि परमेश्वर ने ऐसा करने के लिए हमारी आत्मिक चेतना को मुक्त कर दिया है | हमारे ऊपर अनुभव का संचार, परमेश्वर की किसी भी प्रतिक्रिया से पहले है |

"स्लीपिंग ब्यूटी" एक राजकुमारी के बारे में एक प्रसिद्ध परीकथा है जो एक दुष्ट रानी के मंत्रमुग्ध जादू का शिकार हो जाती है | राजकुमारी नींद की चिरस्थायी स्थिति में बनी हुई है और केवल एक तरीके से वह जाग सकती है, यदि उसका राजकुमार आए और उसे चूमे | यह चुंबन उसे निद्रालु स्थिति से जगाएगा और निराशाजनक स्थिति से उसका बचाव करेगा | हालांकि यह केवल परियों की कहानी है, यह इस बात का प्रतीक है कि कैसे पूर्ववर्ती अनुग्रह काम करता है | बाइबिल कहती है कि प्रत्येक मनुष्य की आत्मा एक प्रकार की आत्मिक मृत्यु की नींद में है, और हम स्वयं को आत्मिक चेतना में लाने में असमर्थ है |फिर राजकुमार आता है और हमें चूमता है, जादू टूट जाता है, और हम नई वास्तविकता में जाग जाते हैं जिनसे हम पहले अंजान थे | जैसे लूका: 15 में एक प्यार करने वाला पिता, सड़क कि छोर तक अपने बदनाम पुत्र से मिलने के लिए दौड़ता है; इसलिए यह चुंबन पूर्ववर्ती अनुग्रह को दर्शाता है | पूर्ववर्ती अनुग्रह की दृष्टि से जीवंत दृष्टांत के इन वचनों को फिर से पढ़े: "वह अभी दूर ही था कि उसके पिता ने उसे देखकर तरस खाया, और दौड़कर उसे गले लगाया, और बहुत चुमा, क्योंकि मेरा यह पुत्र मर गया था, फिर जी गया है, खो गया था अब मिल गया है" और वे आनंद करने लगे" (लूका 15:20, 24) |

जॉन वेसली और पूर्ववर्ती अनुग्रह

हमारे थियोलॉजिकल (धर्मशास्त्रीय) पूर्वज जॉन वेसली के पास पूर्ववर्ती अनुग्रह के बारे में बताने को बहुत कुछ था। जबकि उन्हें विश्वास नहीं था कि वास्तविक शिष्यता रूपांतरण के बाद से आरंभ होता है। उन्होंने यह निश्चयपूर्वक कहा कि परमेश्वर का अनुग्रह पहले से ही काम करता है, लोगों में उत्साह जगाने से परमेश्वर की खोज आरंभ करने की इच्छा पैदा होती है। जिसकी इच्छा जागृति की शुरुआत का प्रतीक है।[8] हम केवल परमेश्वर को ढूँढते हैं क्योंकि परमेश्वर पहले से हमें ढूँढ रहे हैं।

जॉन वेसली पहले नहीं थे, जिन्होंने सभी लोगों के लिए विस्तारित, पूर्ववर्ती अनुग्रह की शक्ति के विचार को गले लगा लिया था, लेकिन उन्होंने निश्चित रूप से उद्धार के क्रम में अपने स्वयं के भेद को जोड़ा था।[9] कभी-कभी इसे "अनुग्रह को रोकने" के रूप में संदर्भित करते हुए, वेसली का मानना था कि जन्म से ही, परमेश्वर का अनुग्रह सभी व्यक्तियों में सक्रिय है, जो उन्हें प्रभु यीशु मसीह में अनंत जीवन के लिए बुलाता है। यह सच है, भले ही उन्होंने सुसमाचार को कभी नहीं सुना हो। पवित्र आत्मा के माध्यम से परमेश्वर की पूर्व उपस्थिति और कार्यवाही वह अनुग्रह है जो सुसमाचार सुनने, आत्मिक जागृति और रूपांतरण से "पहले होती" है।

कोई भी व्यक्ति परमेश्वर के अनुग्रह के लिए अजनबी नहीं है, और हर कोई यीशु के उपकार की वस्तु है। गिरे हुए मनुष्यों के रूप में, "अपने अपराधों और पापों के कारण मरे हुए थे" (इफिसियों 2:1)। हम अपने सामर्थ्य द्वारा परमेश्वर के पास आने में असमर्थ थे। इसलिए परमेश्वर हमेशा सभी जागृति, रूपांतरण और जीवन परिवर्तन की स्थिति में सबसे पहले होता है। हम पवित्र आत्मा की प्रारंभिक गतिविधि को "पूर्ववर्ती" कहते हैं क्योंकि यह हमेशा हमारी प्रतिक्रिया से पहले होती है। यीशु मसीह में विश्वास करने के लिए कोई भी आ सकता है, लेकिन कोई भी "मसीह के पास" कभी नहीं आता जब तक कि परमेश्वर उन्हें अपनी ओर खींचता और सक्षम नहीं करता है। यीशु ने अपने चेलों से कहा कि वह पवित्र आत्मा का कार्य होगा (यूहन्ना 16:5-15, यूहन्ना 6:44 भी देखें)।

जैसे कि लवेट विम्स कहते हैं, "हमारे परमेश्वर को ढूँढने से पहले परमेश्वर हमें ढूँढता है। उद्धार की पहल शुरुआत से ही परमेश्वर के साथ होती है। इससे पहले कि हम कभी कोई कदम उठाए, परमेश्वर वहाँ होता है"।[10] अनुग्रह अप्रतिरोध्य नहीं है,

लेकिन कोई भी व्यक्ति परमेश्वर के साथ व्यक्तिगत संबंध के आमंत्रण से वंचित नहीं रहता | वेसलीयन-होलीनेस परंपरा के लोगों के लिए इसका अर्थ यह है कि जब किसी के साथ सुसमाचार को साझा करें तो हम कभी एक नैतिक रूप से तटस्थ प्रसंग का सामना नहीं करते | ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जो पूर्ववर्ती अनुग्रह से प्रभावित न हुआ हो | निश्चित रूप से, कुछ दूसरों की तुलना में अधिक प्रतिरोधी या उत्तरदायी होंगे, लेकिन हम इस बात से निश्चित हो सकते कि हमारे बीच में आने से पहले परमेश्वर उनके जीवनों में पहले से ही विश्वासपूर्वक सक्रिय थे | हमारे प्रवेश से पहले ही राजकुमार ने उनके जीवन स्तर पर प्रवेश ले लिया था |

परमेश्वर के उद्धार का प्रस्ताव बलपूर्वक नहीं है | अपने स्वभाव से, पारस्परिक प्रेम (सच्चे रिश्ते का आधार) को प्रस्तावित प्रेम को स्वीकार करने या अस्वीकार करने की स्वतंत्रता की आवश्यकता होती है | फिर भी पूर्ववर्ती अनुग्रह हमारी प्रतिक्रिया से पहले और हमारी प्रतिक्रिया को सक्षम, दोनों बनाता है | यह छुटकारे का नियम और शिष्यता का आरंभ है; हम प्रतिक्रिया करते हैं | अनुग्रह हमेशा पहले आता है |

परमेश्वर द्वारा हमारे अंदर किए गए आंतरिक कार्य को बाहरी रूप में विकसित करना

नया नियम गवाह से भरा है, और प्रेरित पौलुस के लेखन में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया है कि "जब कोई व्यक्ति पुन:जीवित प्रभु के रूप में यीशु में विश्वास करने के लिए आया है, तो वह घटना स्वयं ही आत्मा का संकेत है कि वह सुसमाचार के माध्यम से कार्य करता है, और वह, यदि आत्मा ने उस "अच्छे कार्य" की शुरुआत की है, जिसमें विश्वास पहला फल है, आप भरोसा कर सकते हैं कि आत्मा काम खत्म कर देगी" |[11] हालांकि, यह आश्वासन, मानव भागीदारी के महत्व को नकारता नहीं है | संबंध सहयोग पर जोर देता है |

पौलुस इस बात पर जोर देता है कि अनुग्रह की यात्रा कौन आरंभ और अंत करता है: "मुझे इस बात का भरोसा है कि जिसने तुम में अच्छा काम आरंभ किया है, वही उसे यीशु मसीह के दिन तक पूरा करेगा" (फिलिप्पियों 1:6) |[12] इसके अलावा यीशु के शिष्य (और चर्च) को इस प्रकार करना चाहिए, "डरते और कांपते हुए अपने-अपने उद्धार का कार्य पूरा करते जाओ; क्योंकि परमेश्वर ही है जिसने अपनी सुइच्छा निमित्त तुम्हारे मन में इच्छा और काम, दोनों बातों के करने का प्रभाव डाला है" (2:12-13) |[13] हमें अनुग्रह से दुनिया में वह काम करना चाहिए जो परमेश्वर हमारे अंदर कर रहा है | इससे संबंधित बाइबिल के उदाहरण दिए गए हैं |

परमेश्वर अब्राहम के पास एक स्थान पर आया, जिसे कसदियों का ऊर नगर (अब ईरान कहा जाता है) कहा जाता है। परमेश्वर ने अब्राहम से कहा, "मैं तुमसे एक बड़ी जाति बनाऊँगा, और तुझे आशीष दूँगा और तेरा नाम महान करूँगा और तू आशीष का मूल होगा" (उत्पत्ति 12:2)। कौन पहले गया? परमेश्वर पहले गया। अब्राहम में अच्छे कार्य की शुरुआत किसने की? परमेश्वर ने की। हालांकि, अब्राहम को परमेश्वर द्वारा उसके अंदर किए गए आंतरिक कार्य को बाहरी रूप में विकसित करने के लिए आज्ञाकारिता में काम करना पड़ा। परमेश्वर स्वर्ग में याकूब के पास आए और उसे स्वर्ग तक की सीढ़ी दिखाई (उत्पत्ति 28:10-22) और बाद में यब्बोक नदी पर याकूब के साथ मल्ल्युद्ध किया (32:22-32)। कौन पहले गया? परमेश्वर पहले गए। याकूब में अच्छे कार्य की शुरुआत किसने किया? परमेश्वर ने किया। फिर भी याकूब को परमेश्वर द्वारा उसके अंदर किए गए आंतरिक कार्य को बाहर रूप में विकसित करना पड़ा।

मूसा बहुत दूर था। परमेश्वर एक जलती हुई झाड़ी के माध्यम से उसके पास आए और उसे अपने लोगों को मिस्र में दासता से बचाने के लिए बुलाया (निर्गमन 3:1-4:17)। कौन पहले गया? परमेश्वर पहले गए। मूसा में अच्छे कार्य की शुरुआत किसने की? परमेश्वर ने किया। फिर भी मूसा को परमेश्वर द्वारा उसके अंदर किए गए आंतरिक कार्य को बाहरी रूप में विकसित करना पड़ा।

दमिश्क की सड़क पर जीवित मसीह, शाऊल के समक्ष प्रकट हुए (या उस पर धावा किया) (प्रेरितों के काम 9:1-19)। शाऊल परमेश्वर को नहीं खोज रहा था। वह मसीहियों को सताने के मिशन पर था। कौन पहले गया? परमेश्वर पहले गए। शाऊल में अच्छे कार्य की शुरुआत किसने की (जो जल्द ही अन्य जातियों के लिए मिशनरी पौलुस बन गया)? परमेश्वर ने किया। फिर भी जैसा कि बाद में पौलुस ने फिलिप्पियों की कलीसिया को लिखे अपने पत्र में लिखा था, उसे परमेश्वर द्वारा उसके अंदर किए गए आंतरिक कार्य को बाहरी रूप में विकसित करना पड़ा।

यहूदिया के एक रेगिस्तानी मार्ग में अफ्रीका का खोजा (प्रेरितों के काम 8), दोपहर के तीन बजे, दर्शन के माध्यम से कुरनेलियुस (प्रेरितों के काम 10), नदी के किनारे लुदिया (प्रेरितों के काम 16): इन सब में क्या समानता है? ये और इनकी तरह कई अन्य कहानियाँ उन लोगों के बारे में है जिनके पास परमेश्वर पहले आए थे और

उन्होंने परमेश्वर के प्रति विश्वास में प्रतिक्रिया दिखाई | सभी लोगों ने परमेश्वर द्वारा किए गए आंतरिक कार्य को बाहरी रूप में विकसित किया |

पूर्ववर्ती अनुग्रह और लोग जो विश्वास में प्रतिक्रिया करते हैं, इनके प्रति परमेश्वर के कार्यों में एक निरंतर पैटर्न रहा है | ब्रिटिश मिसिलॉजीस्ट लेसली न्यूबिगिन ने प्रसिद्ध रूप से कहा, "विश्वास वह हाथ है जो मसीह के पूर्ण कार्य को पकड़ लेता है और उसे अपना बना लेता है" | यह एक प्रतिक्रिया की आवश्यकता को दूर नहीं करता, लेकिन पूर्ववर्ती अनुग्रह हमेशा पहले आता है | यहाँ तक कि ऑगस्टीन, जो पूर्व निर्धारिता के दृढ़ प्रतिज्ञ थे, ने पुष्टि की: "वह जिसने हमें स्वयं के बिना बनाया, हमें स्वयं के बिना नहीं बचाएगा" |[14]

दूरदर्शिता अनुग्रह और पूर्ववर्ती अनुग्रह

दूरदर्शिता अनुग्रह और पूर्ववर्ती अनुग्रह के बीच एक अंतर होता है | दूरदर्शिता यह है कि कैसे परमेश्वर मनुष्य सहित[15] अपनी रचनाओं के निर्वाह और प्रावधान के लिए मुहैया कराता है | परमेश्वर "मुहैया कराता है" या "देखता है" (उत्पत्ति 22:8, 14) कि क्या कुछ दुनिया के निर्वाह के लिए और व्यक्तिगत लोगों को प्रदान करने के लिए आवश्यक है |

परमेश्वर की दूरदर्शिता प्रत्येक व्यक्ति के जीवन प्रतिच्छेद करती है, यह गहन रूप से रहस्यमय है | कब और कहाँ और किस परिवार में व्यक्ति का जन्म होता है, यह एक दूरदर्शिता का प्रश्न है | क्यों एक व्यक्ति 1765 में भारत में एक हिंदू परिवार में पैदा हुआ, जबकि दूसरा व्यक्ति 2020 में मोज़ाम्बिक में एक ईसाई परिवार में पैदा हुआ | यह दूरदर्शिता का मामला है | परमेश्वर की दूरदर्शिता अलग-अलग सीमा में आत्मिक जिम्मेदारियाँ वहन करती है | एक व्यक्ति जिसे जीवन भर सुसमाचार सुनने का अवसर दिया गया है उसे एक ऐसे व्यक्ति जिसने कभी भी यीशु का नाम तक नहीं सुना उसकी तुलना में अलग तरह से परखा जाएगा | वफादार और समझदार सेवक के बारे में यीशु का दृष्टांत भौतिक संपत्ति से अधिक के बारे में है - इसमें परमेश्वर के अनुग्रह का प्रबंधन शामिल है | "जिसे बहुत दिया गया है, उससे बहुत माँगा जाएगा; और जिसे बहुत सौंपा गया है, उससे बहुत लिया जाएगा" (लूका 12:40) | सभी को समान अवसर और समान जमीन नहीं दी जाती जिस पर वह खड़े हो सके | कुछ को अधिक दिया जाता है, और कुछ को

कम | "अधिक" के उपहार के साथ प्रतिक्रिया की बड़ीं हुई आवश्यकता आती है | यह सब अलौकिक दूरदर्शिता के मामले हैं |

यदि दूरदर्शिता वह जगह है, जहाँ परमेश्वर हमें स्थान देता है, तो पूर्ववर्ती उन बहुमुखी तरीकों का वर्णन करता है जिससे परमेश्वर हम से मिलता है | सभी को वही अनुग्रह मिलता है जो उद्धार से पहले आता है | हालांकि, प्रतिक्रिया के अवसर भिन्न होते हैं | परमेश्वर लगातार और धैर्य से सभी के लिए स्वयं को विस्तारित करता है | यह विश्वास अन्य विश्व धर्मों से, जो यह सिखाते हैं कि परमेश्वर तब प्रतिक्रिया करेगा जब मनुष्य उसकी तरफ पहला कदम उठाएंगे, से ईसाई धर्म को अलग करता है | ईसाई धर्म इस क्रम को उलट देता है, परमेश्वर हमेशा पहले कार्य करते हैं जिससे प्रतिक्रिया सक्षम होती है |

परमेश्वर अनुग्रह और शांति के अच्छे काम की शुरुआत करते हैं | उद्धार और नई सृष्टि हमेशा परमेश्वर की पहल से शुरू होती है | इसकी पुष्टि इस दृढ़ निश्चय से अधिक कोई नहीं कर सकता कि पिता ने इस दुनिया में यीशु मसीह को भेजा | परमेश्वर हमेशा पहले कार्य करते हैं | परमेश्वर की पवित्र आत्मा लोगों को उद्धार के लिए उनकी आवश्यकता के बारे में जागृत करती है, उन्हें पाप के बारे में बताती है, और मसीह की क्षतिपूर्ति को लागू करते हैं जब वे विश्वास में प्रतिक्रिया करते हैं |

जॉन वेसली के लिए आत्मिक जागृति केवल विवेक से कहीं अधिक है: "ऐसा कोई भी आदमी नहीं जो परमेश्वर के अनुग्रह से पूरी तरह वंचित रहा हो, जब तक कि उसने आत्मा को दबा न दिया हो | ऐसा कोई भी जीवित व्यक्ति नहीं जो स्वाभाविक विवेक से पूरी तरह निराश्रित हो | हर आदमी के पास उस प्रकाश का कुछ अंश होता है,..... जो हर आदमी को राहत देता है, जो इस दुनिया में आता है | और हर कोई..... कमोबेश असहज महसूस करता है जब वह अपने विवेक के प्रकाश के विपरीत कार्य करता है | तो फिर, कोई भी आदमी पाप नहीं करता इसलिए नहीं कि उसके पास अनुग्रह नहीं है | बल्कि इसलिए कि वह उस अनुग्रह का जो उसके पास है उपयोग नहीं करता" |[16] एक असहज विवेक सही और गलत के बारे में बढ़ती जागरूकता और आत्मिक जागरूकता को जगाना, सबके लिए परमेश्वर के अनुग्रहकारी उपहार हैं | इस आत्मविश्वास का वेसलियन इवांजलिज्म में महत्वपूर्ण प्रभाव है |

पूर्ववर्ती अनुग्रह और सुसमाचार प्रचार

मैं एक बार ईसाई पादरियों के एक समूह से मिला, जो एक ऐसे स्थान में रहते हैं, जहाँ मसीह का अनुयायी होना कठिन है | ईसाई होना कानूनी है, लेकिन एक धर्म से दूसरे धर्म मैं धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून है | खुले रुप में मसीही सुसमाचार प्रचार (इवांजलिज्म) को कारावास और यहाँ तक की मौत की सजा दी जाती है | मैंने पादरियों से पूछा कि इस तरह के शत्रुतापूर्ण और खतरनाक माहौल में प्रचार कैसे होता है |कुछ पल की चुप्पी के बाद एक पादरी ने जवाब दिया, "सपने" | मुझे समझ नहीं आया तो मैंने उसे समझाने के लिए कहा | "दर्जनों नहीं, लेकिन हमारे सैकड़ों पड़ोसी रात में सपने देखते हैं | जीवित मसीह अपने सभी शोभा और महिमा में उनके लिए प्रकट होता है | जब वे जाग जाते हैं, तो वे सवाल पूछते हैं | "हमें उस आदमी के बारे में बताइए जो हमारे सपने में आता है" | जब वे पूछते हैं तो जवाब देना हमारा दायित्व बन जाता है | हम प्रचार नहीं कर रहे हैं | हम उनके अनुभवों को समझाने के लिए अपने अनुभव से केवल सबूत दे रहे हैं | इस तरह से कई लोग अपने जीवन को परमेश्वर को सौंप रहे हैं" |

उन जगहों पर जहाँ चर्चों को बंद दरवाजों का सामना करना पड़ रहा है, परमेश्वर की आत्मा हमसे आगे जा रही है | परमेश्वर का पूर्ववर्ती अनुग्रह कोई सीमा या अवरोध नहीं जानती है | परमेश्वर का प्यार लगातार सबसे कठिन, प्रतिरोधी और शत्रुतापूर्ण व्यक्तियों तक भी पहुँचता है | वे कभी भी आज्ञाकारी विश्वास का जवाब नहीं दे सकते हैं, लेकिन वे परमेश्वर की व्यापक उपस्थिति से बच नहीं सकते हैं जो उन्हें प्यार करना और अपनी ओर खींचना बंद नहीं करेंगे |

यह ´द जीसस फिल्म` की बार-बार की कहानी है | यह फिल्म नाटकीय रूप से मसीह के जीवन को याद करती है | यह दुनियाभर में हजारों लोगों के जीवन में अनुग्रह का एक प्रभावी साधन है | इसे उन दूरदराज के इलाकों के लोगों को दिखाया गया है जहाँ यीशु का नाम कभी नहीं बोला गया है | एक बार की बात है, एक जनजाति का प्रमुख फिल्म दिखाने के दौरान बीच में खड़ा हो उठा और कहने लगा, "रुक जाओ! हम इस आदमी को जानते हैं | वह कई वर्षों पहले हमारे पूर्वजों के सामने आया और उद्धार की इस कहानी का खुलासा किया | उसने कहा कि एक दिन कोई हमें उसका नाम बताने के लिए आएगा और अब हम जानते हैं कि उसका नाम यीशु है" | जबकि यह ऐसी कई बातों में से एक है, यह दर्शाता है कि परमेश्वर

की आत्मा चर्च से बहुत आगे है जैसा कि हमेशा होता है | पवित्र आत्मा लोगों के दिलों की मिट्टी को सुसमाचार ग्रहण करने के लिए तैयार करती आ रही है | चर्च के सुसमाचार को सुनाने के लिए पहुँचने के कई पूर्व पूर्ववर्ती अनुग्रह ने परमेश्वर के दूरदर्शिता के डिजाइन को प्रतिच्छेद किया था | परिणामस्वरूप कई जनजाति मसीह में विश्वास रखती है |

मसीह सुसमाचार प्रचार न तो एक अकेले का कार्य है और न हीं एकांत क्षण हैं | यह पवित्र आत्मा द्वारा प्रेरित संबंधपरक बातचीत में होता है जो हमेशा अनुग्रहपूर्वक पहले जाता है | कोई मसीही नहीं जो अपने जीवन को रियर व्यू मिरर में देखें और उन शानदार तरीकों को देखने में विफल हो जाए जिससे परमेश्वर ने उनको जागृत किया और मसीह यीशु में पश्चाताप और विश्वास करने के लिए बुलाया |

मेरे पिता नाजरीन पास्टर (पालक) माता-पिता के माध्यम से एक युवा किशोर के रूप में मसीही बन गए | मैं मसीही माता-पिता और पुरुषों के एक समूह के उदाहरण के माध्यम से मसीही बन गया जो हर बुधवार सुबह विशेष रूप से मेरे उद्धार के लिए प्रार्थना करने के लिए विश्वासपूर्वक मिलते थे | आपकी अनुग्रह की यात्रा आपके लिए अद्वितीय है | जो सबके लिए समान है, वह यह है कि परमेश्वर हमेशा पहले ही जाते हैं |

मेरा मित्र स्टिफन जर्मनी में एक विश्वविद्यालय में पढ़ने वाला नास्तिक था, जहाँ वह रोबोटिक विज्ञान का अध्ययन कर रहा था | उसके नास्तिक अंकल ने उसे ´द मिशन` नामक फिल्म के बारे में बताया | उन्होंने उसे "शानदार अभिनय और सुंदर परिदृश्य" के कारण फिल्म देखने के लिए प्रोत्साहित किया | यह फिल्म अठारवीं शताब्दी में, अर्जेंटीना उत्तर-पूर्वी जंगलों के बारे में है | मसीह के लिए गुआरानी स्वदेशी जनजातियों तक पहुँचने के लिए एक स्पेनिश जेसुइट मिशन स्थापित किया गया है |

स्टीफन ने फिल्म किराए पर ली | वह विशेष रूप से एक दृश्य द्वारा प्रभावित हुआ, जहाँ रोड्रिगो मेंडोजा नामक एक दास व्यापारी और किराए का सैनिक एक ऊँचे पहाड़ी झरने पर चढ़ता है | उसकी पीठ पर उसके व्यापार के औजार बंधे थे - उसका कवच और उसकी तलवार | वह अपने कई पापों के लिए प्रायच्छित कर रहा है | जैसे ही मेंडोजा, खड़ी चट्टान के शीर्ष पर पहुँच जाता है, जनजाति मेंडोजा का एक योद्धा जिसका अपहरण कर दास होने के लिए बेच दिया गया था, उसकी ओर

चाकू पकड़े हुए कूद गया जैसे कि उसे मेंडोजा का गला काटना हो | एक पल झिझकने के बाद, जनजाति का वह आदमी मेंडोजा के कंधों से रस्सी काट देता है और भारी बोझ को झरने के तल में गिरा देता है |मेंडोजा अचानक इस बात से अवगत होता है कि किसी चीज ने इस युवा योद्धा के प्रतिशोध की प्यास को दया दिखाने की इच्छा से बदल दिया है |

थका हुआ और मिट्टी से ढका हुआ, मेंडोजा जमीन पर गिरता है | वह पश्चाताप के आंसू से नहीं बल्कि आंतरिक शांति से पैदा हुए आनंद से, बेकाबू होकर रोने लगता है | उसे गाँव में एक पवित्र जगह दिया जाता है और उनके समुदाय में स्वागत किया जाता है | आखिरकार मेंडोजा एक जेसुइट पादरी की प्रतिज्ञा लेता है |

बाद में, मेंडोजा को एक पुस्तक दी जाती है, जिसमें से वह प्रेम के अर्थ पर एक अंश पढ़ता है | स्टीफन को शब्दों के स्रोत का पता नहीं था पर उसने कहा कि वे सबसे काव्यात्मक और खूबसूरत शब्द थे जो उसने कभी भी सुने थे | उन शब्दों ने उस पर ऐसी पकड़ पा ली थी कि उसने उस फिल्म के दृश्य को बार-बार और सावधानीपूर्वक देखा | उसने उन शब्दों को लिख लिया ताकि वह भूल न जाए | फिर वह कविता के स्रोत का पता लगाने को पुस्तकालय गया | आश्चर्यपूर्ण रूप से, वे शब्द बाइबिल में से थे | उसने बार-बार 1कुरिन्थियों 13 - "प्रेम अध्याय" को पढ़ा |

उसके कुछ समय बाद, स्टीफन कॉलेज में एक साथी छात्रा के साथ रूमानी तौर से शामिल हो गया | एक रात उसने स्टीफन को "क्लब" में आमंत्रित किया | वह एक बाइबल का अध्ययन निकला | स्टीफन ने प्रभु की प्रार्थना को सीखा | एक वैज्ञानिक रूप में, वह तार्किक परिणामों को निर्धारित करने के लिए प्रयोग में विश्वास करता था | स्टीफन ने पाया कि, हर बार जब वह सोने से पहले प्रभु की प्रार्थना करता था, तो वह शांति से सो पाता था | जल्द ही वह हर रात सोने से पहले प्रार्थना करने लगा | वह उसके आगे चलते प्रेम और अनुग्रह द्वारा जागृत हो रहा था |

मिशनरी परमेश्वर ने एक युवा नास्तिक की प्रार्थना का उत्तर देना शुरू किया | उसने एक फ़िल्म के माध्यम से परमेश्वर के प्रेम की भव्यता की खोज की, जिसमें "शानदार अभिनय और सुंदर परिदृश्य" थे | स्टीफन ने उस अनुभव का जवाब दिया जो पहले जाता है | उसने मसीह में अपने विश्वास को अंगीकार किया और दुनिया में वह काम करना शुरू कर दिया जो परमेश्वर उसके आंतरिक मन में कर रहा था | स्टीफन अब

नाज़रीन चर्च में एक मिशनरी है | ऐसा परमेश्वर का पूर्ववर्ती अनुग्रह है जो पश्चाताप और परिवर्तन कि ओर ले जाती है |

पूर्ववर्ती अनुग्रह की शक्ति में विश्वास करना असंभव बना देता है किसी को भी जो अभी तक मसीही नहीं बन पाया है | हमें कभी किसी के लिए उम्मीद नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि परमेश्वर नहीं छोड़ता है | इवांजलिस्टो का विश्वास न तो खुद में और न ही उन लोगों की क्षमता में है जो सुसमाचार को सुनते हैं | बल्कि हमारा पूर्ण विश्वास यह है कि परमेश्वर का प्यार सभी के लिए है | यह असाधारण (इफिसियों 1:7), अथक और अपरिवर्तनीय है | परमेश्वर जो शुरू करता है उसे पूरा करना पर्याप्त होता है | अलौकिक मुलाकाते होने वाली है!

उपसंहार

परमेश्वर एक व्यक्ति तक पहुँचने के लिए कहाँ तक जाएंगे? मैं कोरी असबरी के 2017 के गीत "रैकलेस लव" के गीतों की सराहना करता हूँ जो कि परमेश्वर के अनुग्रह के बारे में है | यह गीत गायक के जीवन में परमेश्वर के अनुग्रह की बात करता है

"बिफोर आय स्पोक अ वर्ड" और "बिफोर आय टूक अ ब्रेथ" | यह इस प्रकार से कहता है "ओवर वेलमिंग, नेवर-एंडिंग, रेकलेस लव ऑफ़ गॉड ´दैट` चेंजज़ मी डाउन, फाइट्स अंटिल आय एम फाउंड, लीव्ज द नाइंटी-नाइन" | कोरस इस प्रकार से है:

देयर इज़ नो शैडो यू वोंट लाइट अप,

माउंटेन यू वोंट क्लाइंब अप,

कमिंग आफ्टर मी,

देयर इज नो वॉल यू वोंट किक डाउन,

लाइ यू वोंट टियर डाउन,

कमिंग आफ्टर मी[16]

अपरिहार्य, कभी न खत्म होने वाला | एक व्यक्ति तक पहुँचने के लिए परमेश्वर इतना जाएंगे |

1. "एक ही दिशा में एक लंबे समय की आज्ञाकारिता" वाक्यांश शिष्यता पर लिखी गई एक किताब से लिया गया है,

अ लौंग ओबिडियन्स इन द सेम डिरेक्शन: डिसायपलशिप इन एन इंस्टैंट सोसायटी (डाउनर्स ग्रोव, आई एल: इंटरवेरसिटी प्रेस,1980) जो कि पास्टर थिओलॉजियन यूजीन पीटरसन द्वारा लिखी गई है |

2. जबकि अनुग्रह को क्रमिक रूप से अनुभव नहीं किया जा सकता है, कहीं थियोलोजियन उद्धार के क्रम का वर्णन करते हैं (आर्डो सेल्यूटिस) बहरहाल डायेन लेक्लर्क एक महत्वपूर्ण बिंदु को बताती है: "चूँकि इसे अक्सर मसीही जीवन चरणों की एक श्रृंखला माना जाता है | कुछ विद्वान एक चरण से दूसरे चरण की तरलता पर जोर देने के लिए सेल्यूटिस या उद्धार के रास्ते के माध्यम को चुनते हैं" | इन डिस्कवरिंग क्रिश्चियन होलीनेस: द हार्ट ऑफ वेसलियन होलीनेस थियोलॉजी (कैनसस सिटी, एम. ओ.: बेकन हिल प्रेस ऑफ कैनसस सिटी, 2010),315

3. यह पिछले अध्याय में एक मुख्य बिंदु था | अनुग्रह कोई चीज नहीं - अनुग्रह एक व्यक्ति और व्यक्तिगत है | टॉम नोबल सुझाव देते हैं कि अनुग्रह को एक उद्देश्य बल या पदार्थ के रूप में समझने की प्रवृत्ति मध्ययुगीन अगस्तीयनवाद से आई थी | विभिन्न प्रकार के अनुग्रह उभरे है जो मसीहीयों में प्रसारित हो सकते थे |

इस प्रवृत्ति का सत्रहवीं शताब्दी के प्रोटेस्टेंट शास्त्रीय रूढ़ि-वादिता में विस्तार हुआ | "वह अनुग्रह का रूढ़िवादी मॉडल अपनी स्वयं की समस्यायों को लाता है, विशेष रूप से परमेश्वर के कार्य को अवैयक्तिकृत करने की प्रवृत्ति, आत्मा के व्यक्तिगत कार्य को अवैयक्तिक पदार्थ जिसे "अनुग्रह" कहते हैं से बदल देना" | टी. ए. नोबेल, होली ट्रीनिटी: होली पीपल: द थियोलॉजी ऑफ क्रिश्चियन परफेक्टिंग (यूजीन, ओआर: कैसकेड बुक्स, 2013) 100 |

4. जैक जैकसन ऑफरिंग क्राइस्ट: जॉन वेसलीज इवेंजलिस्टिक विजन (नेसविल: किंग्सवुड बुक्स, 2017)

5. जॉन वेसली, सरमन 110, "फ्री ग्रेस", सरमनस 111: 71-114, वॉल्यूम 3, द बाइसेंटेनियल एडिशन ऑफ द वर्क्स ऑफ जॉन वेसली (नेसविल अबींगडन प्रेस, 1986, 3, 544, पैरा.1) में |

6. जैक्सन, ऑफरिंग क्राइस्ट,53 |

7. विलियम ग्रेटहाउस और एच. रे डनिंग की "उद्धार" कि समझ का एक थियोलॉजिकल शब्द के रूप में अनुसरण करना, जिसका व्यापक अर्थ है:(उद्धार) परमेश्वर के संपूर्ण कार्य को शामिल करता है जो मनुष्य को उसकी खोई हुई संपत्ति को पुनर्स्थापित करने के लिए निर्देशित करती है | शुरुआती उद्धार से शुरू करते हुए, इसमें अंतिम उद्धार या "महिमामंडन" सहित उस पुनर्नवीकरण के सभी पहलू शामिल है |" विलियम एम. ग्रेटहाउस एंड एच रे डनिंग, एन इंट्रोडक्शन टू वेसलियन थियोलॉजी (कैनसस सिटी, एमओ: बेकन हिल प्रेस

ऑफ कैनसस सिटी, 1982), 751 आगे, ग्रेट हाउस और डनिंग बताते हैं कि उद्धार किसी एक विलक्षण घटना या अनुभव में स्थित नहीं है: "नया नियम उद्धार के बारे में तीन काल में बताता है: अतीत (रहा है), वर्तमान (हो रहा है), और भविष्य (होगा)।"

8. जैक्सन, ऑफरिंग क्राइस्ट, 43-44। रेंडी मैडक्स, रिस्पांसिबल ग्रेस: जॉन वेसलीज प्रैक्टिकल थियोलॉजी (नेसविल: किंग्सवुड, 1994, 8 में भी देखें।
9. कैथोलिक परंपरा में, "वास्तविक अनुग्रह" को दो भागों में बाँटा गया है: "पूर्ववर्ती अनुग्रह का परिचालन करना" और "आगामी अनुग्रह का सहयोग करना"।
10. लवेट्ट एच. वीम्स, जूनियर, जॉन वेसलीज मैसेज टुडे (नेसविल: अबिंगडन प्रेस, 1991), 231
11. एन. टी. राइट, पॉल: अ बायोग्राफी (सेन-फ्रांसिसको: हार्परवन, 2018),96
12. ध्यान दें कि परमेश्वर अनुग्रह की यात्रा के आरंभकर्ता और प्रवर्तक दोनों है।
13. मैं यहाँ "चर्च" को जोड़ रहा हूँ क्योंकि "आप" शब्द बहुवचन में है।
14. जॉन वेसली की किताब, द वर्क्स ऑफ द रेवरन. जॉन वेसली (कैनसस सिटी, एम ओ, नाज़रीन पब्लिशिंग हाउस, एन. डी.; एंड ग्रैंड रेपिड्स जोन्डरवेंन पब्लिशिंग हाउस, 1950, कॉनकरेंट एडिशन VI, 513 में लिखा गया है।
15. वेसली, वर्क्स, VI, 512
16. कुछ लोगों ने इस गीत में "रैकलेस" शब्द के उपयोग पर अवधारणा व्यक्त की है। यदि इसका अर्थ लापरवाह है, तो यह समस्याग्रस्त है। यदि इसका अर्थ निडर आश्चर्यजनक और असाधारण है तो यह शब्द परमेश्वर के प्रेम का वर्णन करने के काफी करीब है।

सत्य

बचाने वाले अनुग्रह के माध्यम से परमेश्वर हमें पाप से बचाता है और उस सच की ओर ले जाता है जो हमें स्वतंत्र करता है।

3

अनुग्रह जो बचाता है

क्योंकि पाप की मजदूरी तो मृत्यु है, परंतु परमेश्वर का वरदान हमारे प्रभु यीशु में अनंत जीवन है | रोमियों 6:23

एक खेल पत्रकार (रिपोर्टर) ने एक बार प्रसिद्ध चैंपियनशिप गोल्फर जैक निकलॉस से अनुभवहीन गोल्फरों की सबसे आम समस्या के बारे में पूछा | यह उम्मीद करते हुए कि वह अभ्यास की कमी या अच्छी तरह से लगातार पुट करने की अक्षमता के बारे में कुछ कहेंगे, मुझे आश्चर्य हुआ जब निकलॉस ने बजाय इसके कहा, "अति आत्मविश्वास" | यह सोचना कि वह वास्तव में जैसे है, उससे कई बेहतर है या जितना वे वास्तव में कर सकते हैं उससे कई अधिक कर सकते हैं | शायद मैं उन दो पेड़ों के बीच शॉट लगा सकता हूं | मैं शायद गेंद को पानी में उछाल सकता हूँ | वह अति आत्मविश्वास है |

लोग ऐसा अक्सर करते हैं | वे बहुत हद तक अपनी क्षमताओं का अधि मूल्यांकन करते हैं और अपनी सीमाओं का कम आकलन करते हैं | हालांकि, आत्मिक क्षेत्र की तुलना में अधि मूल्यांकन की समस्या अधिक कहीं भी नहीं होती | हम कई हद तक अपनी आत्मिक शक्तियों का अधि मूल्यांकन करते हैं और आत्मिक कमजोरी का कम आकलन करते हैं |

नीतिज्ञता

स्वयं का आत्मिक अधि मूल्यांकन करने की इस प्रवृत्ति को नीतिज्ञता कहते हैं | नीतिज्ञता आत्म-धार्मिक विश्वास है कि आत्मिक रूप से सब अच्छा है क्योंकि वह व्यक्ति एक सभ्य नैतिक जीवन का नेतृत्व करता है और उसने अपने व्यवहार को

सुधारा है | अन्य तरीके से कहे तो, एक नैतिकतावादी वह है जो यह मानता है कि वह अच्छे काम जो वह करता है और बुरे काम जिससे वह बचता है, के द्वारा बचाया जाता है |

सभी नैतिकतावादी इसी तरह कहते हैं: "मैं मदर टेरेसा नहीं हूँ, लेकिन मैं इतना बुरा भी नहीं हूँ | मैं अपनी ईमानदारी से जीविका चलाता हूँ | मैं अपने उधारों को चुकाता हूँ | मैं अपने जीवनसाथी को धोखा नहीं देता | मैं जिम्मेदारी पूर्वक मत देता हूँ | मैं थोड़ा पैसा परोपकार के लिए देता हूँ | मैं एक आत्मिक कट्टरपंथी नहीं हूँ, लेकिन मैं इतना भी बुरा नहीं हूँ |" दूसरे शब्दों में कहें तो नैतिकतावादी उस सोच का अनुसरण करते हैं जो उन्हें बताती है कि परमेश्वर न्याय के दिन इसका लेखा-जोखा लेगा कि वे बुरा से अधिक अच्छा करते हैं, विशेष रूप से "अन्य" लोगों (सीरियल किलर, बलात्कारी, ड्रग डीलर, आदि) की तुलना में जो कि और बुरे है | नीतिज्ञता आज हमारे संसार में तेजी से फैल रही है |

2004 में, गैलप संगठन ने यह पता लगाने के लिए कि अमेरिकी लोग स्वर्ग के बारे में क्या मानते हैं एक सर्वेक्षण किया | जिस बात ने वास्तव में मेरा ध्यान आकर्षित किया वह उन लोगों की संख्या है जो यह मानते हैं कि वे स्वर्ग जा रहे हैं: वे लोग जो स्वर्ग में विश्वास रखते हैं, उनमें से 77 प्रतिशत ने स्वयं की स्वर्ग में होने की संभावना को "अच्छा" या "उत्कृष्ट" कहा | हालाँकि, उन सर्वेक्षणों के अनुसार दस में से केवल उनके छह दोस्त ही स्वर्ग जाएंगे | विशेष रूप से एक नैतिक दृष्टिकोण से संबंधित होने पर जो मेरे लिए सबसे रुचिपूर्ण था वह यह कि कई लोगों ने इस विश्वास की पुष्टि की कि "एक स्वर्ग है जहाँ अच्छे जीवन का नेतृत्व करने वाले लोग अनंत काल तक पुरस्कृत होते हैं |"[1] मैं इस बात को बताने के लिए "अच्छे जीवन का नेतृत्व" पर जोर देता हूँ कि ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि वह अपने "अच्छे जीवन" और "नैतिक व्यवहार" की वजह से मरने के बाद स्वर्ग जाएंगे |

प्रिंसेस ऑफ वेल्स, डायना की मृत्यु, 1997 में हुई | यह दुनिया भर के कई लोगों के लिए दुखद क्षति थी | उनकी अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता के कारण मीडिया का ध्यान और सार्वजनिक शोक व्यापक था | मुझे याद है लोगों का बात करना कि कितना सुकून मिलता है यह जानकर कि डायना अब स्वर्ग में थी, कि वह एक स्वर्गदूत थी जो ऊपर से उन्हें देख रही थी, और यह कि उनके लिए इस दुनिया से बेहतर स्वर्ग था | मैं यह नहीं कह रहा कि डायना स्वर्ग में नहीं है लेकिन मैं उस तर्क के बारे में

सोचता हूँ जिसके कारण इतने सारे लोगों ने कहा कि वह वहाँ हैं | जितना मैं गौर कर पाया हूँ उससे कह सकता हूँ कि वह एक दयालु, करुणामयी, व्यक्ति थी जिन्होंने अपने विशेष प्रभाव का उपयोग अच्छे के लिए किया | उन्होंने गरीबों के साथ काम किया, वह एड्स रोगियों के लिए सहायक थी और उनकी सक्रियता ने बच्चों और युवाओं के लिए जागरूकता बढ़ाने में मदद की | यह सभी अद्भुत चीजें है, जिनके लिए जाना जा सकता है, लेकिन क्या वे हमें बचाते हैं? क्या अच्छा होना और अच्छा करना उद्धार, स्वर्ग और अनंतकाल के पुरस्कार का नेतृत्व करता है?

हम इन प्रश्नों से संबंधित विविध मतों के युग में रहते हैं | कई लोग यह मानते हैं कि परमेश्वर सभी की अच्छाइयों को समान रूप से मापता है और थोड़ी सी अच्छाई भी बहुत आगे तक जाती है | यदि हम "बुरे" कॉलम की तुलना में अधिक चीजें "अच्छे" कॉलम में इकट्ठा करें, तो किसी तरह पैमाना हमारे पक्ष में झुक जाएगा, और हमारे सुंदर अच्छे जीवन और ईमानदार प्रयासों से अंतर की भरपाई होगी | वह नीतिज्ञता है |

परमेश्वर का वचन इस बिंदु पर स्पष्ट है, हालांकि: हम अपने प्रयासों द्वारा नहीं बचाए जाते; हम अपनी अच्छाई द्वारा नहीं बचाए जाते; हम अपने इरादों द्वारा भर नहीं बचाए जाते | हम अनुग्रह से बचाए जाते हैं, और अनुग्रह हमारे स्वयं से बाहर आती है | अनुग्रह जो बचाता है, परमेश्वर की ओर से यीशु मसीह के रूप में आता है |

प्रायश्चित

आज की दुनिया में क्रूस शायद सबसे ज्यादा ज्ञात और मान्यता प्राप्त प्रतीक है, जब हम क्रूस को देखते हैं, तो हमें यीशु का जीवन और सूली पर चढ़ाए जाने द्वारा उनकी मृत्यु याद आती है | सूली पर चढ़ाना मानव जाति द्वारा आविष्कृत मृत्यु-दंड देने का सबसे भयावह और यातनापूर्ण रूप था | उस कारण से, पहली शताब्दी के किसी व्यक्ति को आधुनिक लोगों को अपने गले में एक चेन पर क्रॉस पहने हुए देखना अजीब लगेगा | अगर आज हम किसी व्यक्ति को गले में इलेक्ट्रिक चेयर का प्रतीक पहने हुए देखते हैं, तो हमें वह अजीब लगेगा क्योंकि वह एक सजा और मौत देने के माध्यम को दर्शाता है | पहली शताब्दी के लोगों के लिए क्रॉस यही था | यह अपमानजनक और अप्रिय था | यह कठोर अपराधियों और विद्रोहियों का भाग्य था | सूली पर चढ़ाया जाना पूरी तरह से इतना भयावह था कि उसे समझाने के लिए

एक शब्द बनाया गया था। हमारे अंग्रेजी के शब्द "एक्सक्रूशियेटिंग" का शाब्दिक अर्थ "क्रूस से" है।

सूली पर चढ़ाए जाने के द्वारा मृत्यु मरने का एक धीमा, पीड़ाकारी, सार्वजनिक तरीका था। कोई अस्पृश्यता नहीं थी। सूली पर चढ़ाए जाने वाले लोगों का अक्सर मजाक और ठट्ठा उड़ाया जाता था। क्रूस पर लटकने वाले लोग, जो धीरे-धीरे दम घुटने की स्थिति में जा रहे थे और साँस के लिए हाँफ रहे थे, उन्हें देखने वाली भीड़ ने उन पर पत्थर फेंके और उन पर हँसे। वे अंततः दम घुटने के कारण मर गए क्योंकि जब वह लटके रहे, उनके फ़ेंफड़ों को संचालन करने में कठिनाई हो रही थी। कभी-कभी किसी को मरने में कई दिन लग जाते थे, और फिर जिन लोगों को क्रूस पर चढ़ाया जाता था, उन्हें मानवीय दफनाई नहीं दी जाती थी। इसके बजाय, वे अक्सर पक्षियों द्वारा माँस नोंचने के लिए छोड़ दिए जाते थे। रोमन साम्राज्य की अवहेलना करने वाले लोगों के लिए एक उदाहरण के रूप में लटकाए जाने के पर्याप्त समय बीत जाने के बाद, जो कुछ भी लाश का बच जाता था, उसे नीचे उतारकर शहर के कचरे के ढेर में फेंक दिया जाता था।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यीशु को एक अपराधी के क्रूस पर लटकाया गया था, जो मुझे यह कहने के लिए प्रेरित करता है कि जो अब भी काफी अजीब है। मसीही इसे सुसमाचार कहते घोषित करते हैं। वास्तव में हम कहते हैं कि यह अब तक की सबसे अच्छी खबर है जो हमने सुनी है। बाइबिल इस अच्छी खबर को व्यक्त करने के लिए "सुसमाचार" शब्द चुनती है। क्रूस हमारा सुसमाचार है - हमारी खुशखबरी है।

नए नियम में सुसमाचार के सबसे छोटे सारांश में, प्रेरित पौलुस यह घोषणा करता है कि, "इसी कारण मैंने सबसे पहले तुम्हें वही बात पहुँचा दी, जो मुझे पहुँचीथी कि पवित्र शास्त्र के वचन के अनुसार यीशु मसीह हमारे पापों के लिए मर गया" (1 कुरिन्थियों 15:3)। यह अपने आप में अच्छी खबर नहीं है, लेकिन फिर पौलुस मसीह की मृत्यु के लिए एक गंभीर रूप से महत्वपूर्ण पूर्वसर्ग, "के लिए" के माध्यम से हमें इतिहास के दुखद तथ्य से अपनी अनुग्रह की यात्रा के लिए उल्लेखनीय प्रासंगिकता तक ले जाने के लिए एक थियोलॉजिकल (धार्मिक) अर्थ देता है: "पवित्र शास्त्र के अनुसार मसीह हमारे पापों के लिए मारा गया" जब इसमें "के

लिए" जोड़ा जाता है तो यह सुसमाचार बन जाता है - अब तक की सबसे अच्छी खबर जो हमने सुनी है |

थियोलॉजिकल रूप से पवित्र शास्त्र "हमारे पापों के लिए मरा" को प्रायश्चित कहते हैं | प्रायश्चित यीशु मसीह के क्रूस के माध्यम से किया गया था | प्रायश्चित का सिद्धांत पुराने नियम में शुरू होता है | प्रायश्चित का दिन, जिसे योम किप्पूर[2] भी कहा जाता है, प्राचीन यहूदी धर्म में सबसे पवित्र दिन था | यह पश्चाताप और क्षमा के दिन के रूप में नामित किया गया था |

अपने मन में चित्रण करें | कल्पना करें कि अपने पापों का प्रायश्चित करने के लिए और परमेश्वर की दया को याद करने के लिए हजारों आराधक नए वर्ष को आरंभ करने के लिए एक साथ आ रहे हैं | उसी दिन सभी लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाला महायाजक दो बकरियां लेकर आया | एक बकरी का वध किया गया - जो कि प्रायश्चित करने के लिए एक पाप बलि के रूप में बलिदान किया गया | खून बहा और जानवर मर गया | रोमियों 6:23 हमें बताता है कि "पाप की मजदूरी मृत्यु है" और इब्रानियों 9:22 हमें याद दिलाता है कि "बिना लहू बहाए पापों की क्षमा नहीं |"

पहली बकरी व्यवस्था के अनुसार मर गई | हालाँकि दूसरी बकरी को जीवित रखा गया था और उसे बलि का बकरा कहा जाता था | महायाजक ने बलि के बकरे के सिर पर हाथ रखा और इस पर सभी इजरायलियों की दुष्टता और पापों का अंगीकार किया | प्रतीकात्मक रूप से, उन पापों को स्थानांतरित किया गया और उन्हें बकरी के सिर पर रखा गया | फिर उसे जंगल में एकांत स्थान पर ले जाया गया, जहाँ लोगों के पाप दूर और दृष्टि से परे ले जाए सकते थे |[3]

यह रिवाज साल-दर-साल, दशक-दर-दशक आगे चलता गया (इब्रानियों 10:3-4) | रक्त बहाया गया | लोगों के पापों से निपटने के लिए प्रायश्चित के एक अंतहीन चक्र में हजारों जानवरों की बलि दी गई | यह वह पृष्ठभूमि का संदर्भ है जिसमें यीशु जीए और उन्होंने सेवकाई की | इससे पहले कि हम विचार करें कि अनुग्रह को बचाने को एक संभावना बनाते हुए क्रूस पर यीशु की मृत्यु ने कैसे सभी पापों के लिए प्रायश्चित किया | आइए हम पहले दो मूलभूत प्रश्नों पर विचार करें: पाप क्या है? हमें पाप के लिए प्रायश्चित की आवश्यकता क्यों है?

पाप क्या है?

सबसे पहले, पाप विद्रोह है | शायद पाप की सबसे मान्य परिभाषा जॉन वेसली से मिलती है: "परमेश्वर की ज्ञात व्यवस्था का एक स्वैच्छिक गुनाह" |[4] पाप एक ऐसी चीज़ है जो विदित और स्वेच्छाचारी है - ऐसा जो हम जानते हैं कि गलत है लेकिन फिर भी हम करते हैं क्योंकि हम कर सकते हैं | यह स्वेच्छाचारी अवज्ञा हैं |

जब 1 यूहन्ना 3:4 हमें बताता है कि "जो कोई पाप करता है, वह व्यवस्था का विरोध करता है; और पाप तो व्यवस्था का विरोध है", तब वह केवल कानूनी अर्थ में नहीं कहता, जैसे कि "आपने कानून तोड़ा" | यह कानून तोड़ने की पीछे के रवैए से संबंधित है | एक सादृश्य हमें समझने में मदद कर सकता है | यह एक बात है कि आप गति सीमा से अधिक गति पर वाहन चला रहे थे क्योंकि आपको गति सीमा नहीं पता थी | आप तब भी कानून तोड़ रहे होंगे, लेकिन आप अवैध रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं | यह उस व्यक्ति से बिल्कुल अलग है जो यह कहता है कि, "इन बेकार की गति सीमा के नियमों को भूल जाते हैं | वे सिर्फ मुझे नियंत्रित करने की कोशिश करने के लिए है | मैं वही करूंगा जो मैं चाहता हूं क्योंकि मैं अपने जीवन का प्रभारी हूँ |" व्यवस्था का विद्रोह करना, नियम तोड़ने के पीछे के विद्रोह का रवैया है - एक विद्रोही आत्मा |

जब मेरी सबसे छोटी बेटी, उम्र में छोटी थी, जब माता-पिता घर में नहीं होते थे तब उसे अपने बड़ी बहन और भाई को जवाब देना अच्छा नहीं लगता था | जब मेरी पत्नी और मैंने, उन्हें एकसाथ अकेले छोड़ दिया, तब हमारी सबसे छोटी बेटी ने अपनी कर्कश आवाज को थोड़ा तेज करके अवज्ञाकारी रूप से अपने भाई-बहन से कहा, "तुम मेरे बॉस नहीं हो |" यद्यपि एक छोटे बच्चे की मासूमियत के साथ कहा गया था, तथापि यह पाप का मूल प्रवृत्ति है: आत्म-प्रभुत्व | पाप विद्रोह के रूप में सर्वशक्तिमान परमेश्वर के सामने हमारे छोटी मुट्ठीयों को कँपा रहा है और चिल्ला रहा है: "आप मेरे बॉस नहीं हो! मैं यह अपने तरीके से करूँगा क्योंकि मैं कर सकता हूँ | मेरे जीवन का प्रभारी मेरे अतिरिक्त और कोई नहीं होगा, परमेश्वर भी नहीं |"

यह हमारे रचनाकार के साथ रचना के रूप में हमारी भूमिका को स्वीकार करने से इंकार करना है | यह आत्म-संप्रभुता की स्वतंत्रता की एक घोषणा है | यह आत्म-प्रभुत्व की प्रवृत्ति पवित्र शास्त्र के लेखकों के लिए आश्चर्यजनक नहीं है | "हम तो सब के सब भेड़ों के समान भटक गए थे: हम में से हर एक ने अपना अपना मार्ग

लिया; और यहोवा ने हम सभों के अधर्म का बोझ उसी पर लाद दिया।" (यशायाह 53:6) पाप विद्रोह है।

दूसरा, पाप दासता भी है। यह आत्म-प्रभुत्व से और अपने स्वयं के कार्यों को चुनने और अपने स्वयं के पथ पर चलने से अधिक है। हेमारटिया एक ग्रीक शब्द है जिसका अनुवाद पाप के रूप में किया गया है जो कि हेमारटानो क्रिया से लिया गया है, जिसका अर्थ है "निशाना चूक जाना" या "निशाने पर मारना और चुक जाना" है।[5] हालाँकि यह पहली बार अरस्तु द्वारा उपयोग किया गया था, विशेष रूप से थिएटर के प्राचीन ग्रीक दुनिया के एक मुख्य किरदार के दुखद दोष को संदर्भित करने में (जैसे कि बुरा निर्धारण, नादानी, अज्ञानता आदि) और जो त्रासदी के रूप में भी जाना जाता है, प्रारंभिक चर्च, लेखकों और विचारकों ने पाप की इस पहलू के वर्णन के लिए यह शब्द लिया। इसलिए बाइबिल के अनुसार, हेमारटिया का अर्थ एक समर्पण का कदम हो सकता है: "मैं जानता था कि मुझे यह नहीं करना चाहिए था लेकिन मैंने यह फिर भी किया" (रोमियों 6:1-2 देखें); या इसका अर्थ एक असमर्पण का कदम हो सकता है: "मैं जानता था कि मुझे क्या करना चाहिए था, लेकिन मैंने वह नहीं किया" (रोमियों 7:19, याकूब 4:17)। समर्पण और असमर्पण के पास दोनों ही लक्ष्य को चुक जाते हैं।

यहाँ यह व्यवसाय की दुनिया में कुछ इस तरह कार्य करता है। एक तरफ, मैं चाहता हूँ कि परमेश्वर मेरे व्यवसाय को आशिषित करें, लेकिन मैं यह गारंटी भी देता हूँ कि मेरा व्यवसाय सफल होगा। इसलिए मैं कोशिश करने और आगे बढ़ने के लिए गुप्त रूप से कुछ चीजें करना शुरू करता हूँ, हालाँकि मुझे पता है कि वे नैतिक या कानूनी नहीं है। मेरी आशाओं का मेरे कार्य के साथ संघर्ष होता है और उनके साथ असंगत है। मैं परमेश्वर से अपने कार्य को आशिषित करने के लिए नहीं कह सकता, जबकि मुझे पता है कि मैं परमेश्वर की नैतिक शिक्षा से बाहर हूँ। वह एक समर्पण का पाप है। यह मुझे एक अवधि के लिए आगे बढ़ा सकता है, लेकिन इसमें परमेश्वर का पक्ष नहीं होगा। उसी समान सिक्के का विपरीत पक्ष यह है कि मैं चाहता हूँ कि परमेश्वर मेरे काम को समृद्ध करें, लेकिन अपने लाभ को बढ़ाने के लिए अपने कर्मचारियों के उचित सुअवसर और लाभ को रोकने का फैसला करें। यह एक असमर्पण का पाप है। हालाँकि, यदि पाप यह जानना है कि मुझे क्या नहीं करना चाहिए और फिर भी उसे करना या यह जानने के लिए कि मुझे क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए है तो दोनों परमेश्वर की नजर में एक ही है।

हेमारटिया का अर्थ थोड़ा और गहरा भी हो सकता है। हमारे किए हुए कार्य से अधिक, पाप हमारा व्यवहार है - एक ऐसी स्थिति जिसमें हम खुद का पाते हैं।[6] हम पाप में संलग्न है। न केवल हम स्वभाव से विद्रोही है, बल्कि हम उसका विपरीत करने के लिए भी स्वतंत्र नहीं है। न केवल हम लक्ष्य को चूक जाते हैं, बल्कि अगर हम कोशिश करते तो भी लक्ष्य तक नहीं पहुँच पाते। गिरे हुए लोगों की तरह, हम जो चाहे वह करने के लिए स्वतंत्र नहीं है। हम पाप के बंदी है।

हम अक्सर सोचते हैं कि हमारे विद्रोह का अर्थ यह है कि हमारे जीवन का प्रभारी हमारे अलावा कोई और नहीं होगा; लेकिन जो हमारी गलतफहमी है वह यह है कि हमें वह फैसला करने को नहीं मिलता। हमें किसी ना किसी की सेवा करनी पड़ेगी। या तो हम पूर्ण हृदय से परमेश्वर की सेवा करेंगे, या हम अपने जुनून और पापी व्यवहार के गुलाम होंगे। इनमें से कोई एक हमारा स्वामी होगा।

चलो सच कहते हैं: पाप मजेदार हो सकता है। अगर यह मजेदार न होता, तो यह लुभावना न होता। अगर यह सुखद न होता, तो यह आकर्षक नहीं होता। शायद हमें लोगों को यह बताना बंद कर देना चाहिए कि वह पाप से कितनी नफरत करेंगे और वह वास्तव में कितना उबाऊ है। यह एक ठोस तर्क नहीं है। पाप कुछ समय के लिए मजेदार हो सकता है। हालाँकि, अंत में पाप जिस मार्ग में ले चलता है वह हमेशा विनाशकारी होता है। पाप के परिणाम (मजदूरी) दुखद है। पाप एक दुष्चक्र है।

पार्टी करना मजेदार हो सकता है, लेकिन जिस ओर वह ले चलता है वह नहीं। पियक्कड़पन मजेदार नहीं है, हैंगओवर (खुमार) मजेदार नहीं है। मदिरापान मजेदार नहीं है, नशे की लत मजेदार नहीं है। डिटॉक्स सेंटर मजेदार नहीं, ट्रैफिक दुर्घटनाएं मजेदार नहीं है। वैवाहिक दुर्व्यवहार मजेदार नहीं है, बिखरा हुआ परिवार मजेदार नहीं है। पाप एक दुष्चक्र है, जो दर्दनाक विनाश की ओर ले जाता है।

किसी के साथ विवाहेत्तर संबंध बनाना मजेदार हो सकता है, लेकिन जिस ओर वह ले चलता है वह नहीं। एक दोषी विवेक मजेदार नहीं है। यौन संचारित रोग मजेदार नहीं है। तलाक मजेदार नहीं है। किसी का दिल दुखाना मजेदार नहीं है। अपने बच्चों को आंखों में देखना और कहना कि क्यों आप उनके माता या पिता को छोड़ रहे हैं, मजेदार नहीं है। पाप एक दुष्चक्र है, जो दर्दनाक विनाश की ओर ले जाता है।

यीशु द्वारा बताई गई उड़ाऊ पुत्र की उल्लेखनीय कहानी पाप के चक्र का एक प्रमुख उदाहरण है (लूका 15:11-24 देखें) | एक विद्रोही पुत्र यह निर्णय लेता है कि वह अपने जीवन का प्रभारी बनना चाहता है | वह अपने पिता से कहता है कि वह अपनी विरासत को अग्रिम चाहता है (जो कि पहली शताब्दी में, वह चाहता था कि काश उसका पिता मर गया होता, के कहने के बराबर है), पूरा पैसा ले लेता है, और वह सब खर्चीले और निराधार जीविका में खर्च कर देता है | वह कुछ समय के लिए अपनी जीवनशैली को पसंद करता है | फिर उसके पैसे खत्म हो जाते हैं और उसके दोस्त गायब | पुत्र अपने आप को एक स्थिति में पाता है जो उसने अपने सपने में भी नहीं सोचा था: टूटा हुआ, अपमानित, और एक सूअर के बच्चे की तरह जीता हुआ | पाप एक दुष्चक्र है, जो दर्दनाक विनाश की ओर ले जाता है |

शायद यीशु के कहने का अर्थ यह था जब उन्होंने कहा, "सकेत फाटक से प्रवेश करो, क्योंकि चौड़ा है वह फाटक और सरल है वह मार्ग जो विनाश को पहुँचाता; और बहुत से है जो उससे प्रवेश करते हैं" (मत्ती 7:13) |

यहाँ हमारे पापी स्वभाव के बड़े संघर्ष का वर्णन है:जब तक हमारा व्यवहार नहीं बदलता, तब तक हम परमेश्वर की तुलना में पाप से अधिक प्रेम करेंगे क्योंकि हम पाप की शक्ति के बंधन में गुलाम है |[7] कितनी भी नेक इरादे या मेहनत, न कोई मानवतावादी नैतिकता, हमें पूर्ण रूप से मुक्त करेगी | पाप दासता है |

अंत में पाप मनमुटाव है | "मनमुटाव" एक ऐसा शब्द नहीं है जिसका हम अक्सर उपयोग करते हैं, लेकिन जब करते हैं, तो हम इसका उपयोग यह इंगित करने के लिए कहते हैं कि संबंध में कुछ गलत हो गया हो | पाप केवल एक नियम को तोड़ना या कानून का उल्लंघन करना नहीं है; यह एक संबंध को नुकसान पहूँचाना भी है | पाप लोगों को परमेश्वर से और एक दूसरे से अलग कर देता है | पाप के पहले दर्ज किए गए कार्य में हमारे आत्मिक पूर्वज आदम और हव्वा ने परमेश्वर की अवज्ञा की | जब उन्होंने किया, तो उन्हें तुरंत पता चला कि परमेश्वर और एक दूसरे के साथ उनके संबंध में दरार आ गई हैं | उनकी आंखें खुल गई, और उन्हें अहसास हुआ कि वे नग्न है | इसका मतलब है कि पहचान से अधिक उनके पास वस्त्र नहीं थे | वे शर्मिंदा और असुरक्षित महसूस कर रहे थे; वह कमजोर और अलग-थलग महसूस कर रहे थे | वे अनावरत महसूस कर रहे थे | उस वक्त तक वे केवल परमेश्वर की प्रेममयी संगति को जानते थे लेकिन अपने पाप के क्षण में उन्होंने परमेश्वर से

अलगाव को महसूस किया | उन्होंने मनमुटाव को महसूस किया | उनकी संगति टूट गई, और यह उनकी आत्माओं पर घर कर गया | उन्होंने अपने पाप के पूरे भार के कसूर महसूस किया | आत्म-रक्षा में उन्होंने एक स्वाभाविक कार्य किया: उन्होंने अपनी नग्नता को ढकने और परमेश्वर से छिपाने की कोशिश की | क्या आपने कभी आत्म-ग्लानि या पाप को परमेश्वर से छिपाने की कोशिश की है?

परमेश्वर जानते थे कि संगति टूट गई है, और पूरे पवित्र शास्त्र में सबसे कोमल स्थिति में परमेश्वर ने उन्हें बाहर बुलाया, "तू कहाँ है?" (उत्पत्ति 3:9) | अब, क्या परमेश्वर वास्तव में नहीं जानते थे कि वे कहाँ थे? क्या वे पेड़ों के पीछे इतनी अच्छी तरह से छिपे थे कि परमेश्वर उन्हें ना ढूँढ न सके? क्या आपने कभी तीन साल के बच्चे के साथ लूका-छिपी खेली है? निश्चित ही, परमेश्वर जानते थे कि वे कहाँ थे? फिर भी वह चाहते थे कि उन्हें पता चले कि वह भी अलगाव महसूस कर रहे थे |

आदम ने उत्तर दिया, "मैं तेरा शब्द बारे में सुनकर डर गया, क्योंकि मैं नंगा था; इसलिए छिप गया" (उत्पत्ति 3:10) | यही वह समय है, जब पहली बार बाइबिल में डर का उल्लेख किया गया है | क्या आप देखते हैं कि पाप क्या करता है? पाप भय और आत्म-ग्लानि और शर्मिंदगी लाता है | पाप विभाजन, निंदा और अलगाव लाता है | पाप दोस्तों को दुश्मनों में बदल देता है, पाप अंतरंगता को शत्रुता में बदल देता है | पाप संगति को तोड़ देता है |

यह हमारी स्थिति है | पाप विद्रोह है | पाप दासता है | पाप मनमुटाव है | हम कैसे ये सब फिर कभी ठीक कर पाएंगे | हमें इन सब पापों के साथ क्या करना चाहिए?

आइए मैं आपको सबसे बड़े समाचार के बारे में फिर से याद दिलाता हूँ जिसे शायद हमने पहले कभी सुना हो: "इसी कारण मैंने सबसे पहले तुम्हे वही बात पहूँचा दी, जो मुझे पहुँची थी कि पवित्र शास्त्र के वचन के अनुसार यीशु मसीह हमारे पापों के लिए मर गया, और गाड़ा गया और पवित्र शास्त्र के अनुसार तीसरे दिन जी भी उठा" (1 कुरिन्थियों 15:3-4) | यह सर्वोच्च निस्वार्थ प्रेम है | "परंतु परमेश्वर हम पर अपने प्रेम की भलाई इस रीति से प्रगट करता है कि जब हम पापी ही थे तभी मसीह हमारे लिए मरा" (रोमियों 5:8) | जब हम अभी भी पाप कर रहे थे, मसीह मर गया | "जो पाप से अज्ञात था, उसी को उसने हमारे लिए पाप ठहराया कि हम उसमें होकर परमेश्वर की धार्मिकता बन जाएँ" (2 कुरिन्थियों 5:21) | यह अनुग्रह जो बचाता है |

प्रोटेस्टंट सुधारक मार्टिन लूथर को इसे "द ग्रेट एक्सचेंज" कहकर वर्णित करने के लिए मान्यता प्राप्त है | उनके जीवन के लिए हमारी मृत्यु; उसकी धार्मिकता के लिए हमारे पाप; उसके उद्धार के लिए हमारी निंदा; उसकी सफलता के लिए हमारी विफलताएँ; उसकी जीत के लिए हमारी हार | प्रायश्चित त्रियेक परमेश्वर का कार्य है जो हमारे विद्रोह और पाप को हमारे बीच खड़ा करने वाले सभी अवरोधों को तोड़ता है | "प्रेम इसमें नहीं कि हमने परमेश्वर से प्रेम किया, पर इसमें है कि उसने हमसे प्रेम किया और हमारे पापों के प्रायश्चित के लिए अपने पुत्र को भेजा" (1 यूहन्ना 4:10) |

इसका क्या अर्थ है? प्रायश्चित हमेशा से परमेश्वर के हृदय में था | सभी मेमने, सभी याजक और मंदिर के सभी बलिदान हमें इंगित और हमारी अगुवाई यीशु की ओर कर रहे थे, जो हमारे महान याजक बन गए हैं और जिन्होंने हमारे पापों की क्षमा के लिए अपना खून बहाया |

एन. टी. राइट इसे अच्छी तरह से व्यक्त करते हैं: "पूरे नए नियम में, इस मृत्यु को इसलिए प्रेम के कार्य के रूप में देखा जाता है, स्वयं यीशु का प्रेम (गलतियों 2:20) और परमेश्वर का प्रेम जिसने उसे भेजा था दोनों और जिसकी शारीरिक आत्म अभीव्यक्ति वह था (यूहन्ना 3:16; 13:1; रोमियों 5:6-11; 8:31-39; 1 यूहन्ना 4:9-10) |"[8] परमपिता परमेश्वर ने, पुत्र मसीह को पवित्र आत्मा की सामर्थ्य से भेजा, हमारे लिए वो वह करने के लिए जो हम, हमारे लिए कभी नहीं कर सकते थे |

यीशु हमारे पापों को दूर ले जाते हैं - अतीत, वर्तमान और भविष्य | परमेश्वर उन्हें और याद नहीं करते | "उदयाचल अस्ताचल से जितनी दूर है, उसने हमारे अपराधों को हमसे उतनी ही दूर कर दिया है" (भजन संहिता 103:12) | क्रूस पर यीशु की मृत्यु हमारे जीवन में पाप की शक्ति को तोड़ती है | हम अपने पाप बंधन, "आकाश के अधिकार के हाकिम का अनुसरण" (इफिसियों 2:2) और "इस संसार के ईश्वर" (2 कुरिन्थियों 4:4) के गुलाम हुआ करते थे | क्रूस पर अपनी मृत्यु के माध्यम से यीशु ने शैतानी ताकतों के साथ नश्वर युद्ध में प्रवेश किया और उन पर हमेशा के लिए जीत प्राप्त कर ली |[9] उन्होंने मृत्यु, नरक और कब्र की शक्ति को तोड़ दिया |क्रूस पर मसीह की जीत के साथ हम अब पाप के चंगुल में नहीं है; हम अनुग्रह के गिरफ्त में है और संभावित रूप से मुक्त हो गए हैं (इस पर और अधिक अध्याय 4, अनुग्रह जो पवित्र करता है में देखें) |

यीशु के प्रायश्चित के कारण, हमें परमेश्वर से मिला दिया गया है | हमारा मनमुटाव दूर कर लिया गया है | हमारे बीच की दूरी को हटा दिया गया है | दरार पार कर ली गई है | यीशु हमारी शांति है जिसने हर दीवार को ढा दिया है (इफिसियों 2:14) | मंदिर का पर्दा दो भागों में फाड़ा गया है (मत्ती 27:51) | हमारे अपराध और शर्म और सजा के डर को दूर कर दिया गया है | परमेश्वर के साथ हमारी मित्रता बहाल हो गई है | "पर अब मसीह यीशु में तुम जो पहले दूर थे, मसीह के लहू के द्वारा निकट हो गए हो" (इफिसियों 2:13) | यह अनुग्रह है जो बचाता है | क्या आपको पता है कि परमेश्वर आपसे कितना प्यार करते हैं? पिता ने पुत्र के माध्यम से हमारे पाप और शर्म को अपने स्वयं के दिल में ले लिया है | हमारे पाप कई सारे और दुखद होने के बावजूद, जिसमें से कुछ दूसरे ईश्वरों का अनुसरण करने के लिए हमारे हृदय का मूर्तिपूजन हैं, हमारा त्रियेक परमेश्वर हमें फिर भी छुड़ाता है, एक नई सृष्टि बनाता है और हमें खुद के परिवार में अपना लेता हैं | इसीलिए क्षमा करना कोई फालतू बात नहीं है! जो कोई भी कहता है, "निश्चित रूप से परमेश्वर मुझे माफ करेंगे - यह परमेश्वर का काम है" | पाप को सहन करने से जुड़े गहरे दर्द को नहीं समझा, जिसने उनके हृदय को चोटिल किया है | परमेश्वर के हृदय में हमेशा से एक क्रूस रहा है | परमेश्वर पिता ने आत्मा के द्वारा अपने एकलौते पुत्र यीशु मसीह में, एक उद्धार का मार्ग का प्रदान किया है | यीशु अपने पिता के उद्देश्य में पूरी तरह मिल गए | उन्होंने स्वेच्छा से हमारे लिए अपने जीवन को दे दिया | पापियों के लिए पापरहित | दोषियों के लिए निर्दोष | परमेश्वर का बेदाग मेमना वो जीवन जीने आया जो हमें जीना चाहिए था और वह मृत्यु मरा जिससे हमें मरना था |

यीशु का जीवन, मृत्यु और पुनरुत्थान हर चीज को नया कर देता है | इस सच से अधिक महत्वपूर्ण कुछ नहीं | यह मानव इतिहास का मुल और हमारे विश्वास की नींव है | बिना यीशु के कोई पाप क्षमा, अनंत काल का जीवन और अच्छे पवित्र और प्यारे परमेश्वर के साथ संबंध, नहीं है | आप अपने पापों के पछतावे में खुद को हमेशा के लिए दंडित कर सकते हैं | आप परमेश्वर के साथ बहाल करने के लिए अपनी आत्मा को तोड़ सकते हैं लेकिन एकमात्र तरीका, जिससे आप पूर्ण छुटकारा और स्थाई शांति का अनुभव करेंगे वह तब है जब आपको यह एहसास होगा कि आपकी एकमात्र आशा यीशु है |

हम परमेश्वर पर विश्वास करके उस अनुग्रह का उपहार पाते हैं जो बचाती है | हम खुद को परमेश्वर की दया पर छोड़ देते हैं और अपना विश्वास सिर्फ मसीह पर रखते

हैं | हम उसकी उस जीत पर भरोसा करते हैं जो उसने क्रूस पर जीती थी; हम ये विश्वास करते हैं कि हमारे पापों का बोझ रद्द किया गया है; हम विश्वास करते हैं कि पाप की मृत्यु की चपेट टूट गई है; हमारा विवेक साफ हो गया है; हम प्रायश्चित कर चुके हैं |

पश्चाताप को देखने के दो तरीके हैं | आप कह सकते हैं, "अगर परमेश्वर प्रेम है, तो हमें पश्चाताप करने की क्या जरूरत है?" दूसरी ओर, हम कह सकते हैं, "परमेश्वर ने हमारे पापों के लिए पश्चाताप किया - कैसा प्रेम |"

अनुग्रह जो बचाता है, कैसे कार्य करता है

पौलुस कहता है कि एक मसीही वह है, जो एक प्रलयकारी परिवर्तन से गुजरा है | इफिसियों 2:1-10 मसीह में स्वतंत्रता के लिए पाप में बंधन से नाटकीय परिवर्तन का वर्णन करता है - ऐसा तब होता है, जब कोई मसीह पर विश्वास करता है, और इसलिए उसे बचाता जाता है | यह वह व्यक्ति है, जो मृत्यु से जीवन तक, गुलामी से आजादी तक, निंदा से स्वीकृति तक, अलगाव से अभिग्रहण तक होकर गया है | 8 से 10 के वचन में पौलुस हमें बताता है कि कैसे हम वहाँ से यहाँ तक पहुँचते हैं - कैसे हम वास्तव में एक मसीही बन जाते हैं | यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसमें तीन भाग होते हैं:

हम अनुग्रह से बच जाते हैं: जो विश्वास की ओर ले चलता है, जो अच्छे कार्य को उत्पन्न करता है | यह समीकरण है और यह क्रम महत्वपूर्ण है | यदि हम क्रम को गलत समझे तो हम सब कुछ भी गलत समझेंगे | हम अनुग्रह द्वारा बचाए जाते हैं | पहले अध्याय में हमने अनुग्रह के अर्थ को बड़े पैमाने में देखा | यह याद दिलाया जाना अच्छा है कि अनुग्रह हमेशा आरंभ होता है | अनुग्रह हमेशा पहले होता है | अनुग्रह हमें जागृत करता है, बदलता है और परमेश्वर और एक-दूसरे के साथ सही संबंध में लाता है | कई लोग सोचते हैं कि खुद के कार्यों की वजह से वे मसीही हैं; उन्हें लगता है कि उन्हें सिर्फ एक अच्छा इंसान बनना है और बाइबिल की शिक्षाओं का पालन करना है और परमेश्वर उन्हें आशीष देगा | यह अनुग्रह नहीं - यह नैतिकता है | हम क्या कर सकते हैं, उसमें आशा रखना सुसमाचार नहीं है | हमारा उद्धार हमारे कार्यों से जुड़ा नहीं है | हम परमेश्वर के लिए क्या करते हैं, इसके द्वारा

बचाए नहीं जाते; परमेश्वर हमारे लिए जो करता है, हम उससे बचाए जाते हैं। यह पूरी तरह से एक उपहार है।

मैंने एक सेमीनरी छात्र के बारे में एक कहानी सुनी जो अपनी अंतिम परीक्षा की तैयारी कर रही थी। जब वह कक्षा में पहुँची, तो हर कोई अंतिम कुछ मिनटों में रट रहे थे। प्रोफ़ेसर कक्षा में आए और घोषणा की कि टेस्ट से पहले एक छोटी समीक्षा होगी। अधिकांश समीक्षा स्टडी गाइड से सीधे आए, लेकिन बहुत सारे अन्य विषय जो किसी ने तैयार नहीं किए थे। यह कक्षा के लिए अप्रिय झटका था। जब किसी ने प्रोफेसर से अन्य विषय के बारे में पूछा, तो उन्होंने बताया कि यह सब उनके पाठ्यक्रम में शामिल था और वे इन सब के लिए जिम्मेदार होंगे। तर्क के साथ दलील करना मुश्किल था।

आखिरकार, परीक्षा देने का समय आ गया। प्रोफेसर ने कहा, "जब तक सभी को नहीं मिल जाता तब तक प्रश्न-पत्र को डेस्क पर उल्टा करके रख दे। मैं बताऊंगा कि कब आरंभ करना है।" जब छात्रों ने प्रश्न-पत्र को पलटा तो वे ये देखकर कि सभी के उत्तर पहले से ही लिखे हुए थे, आश्चर्यचकित हुए, यहाँ तक कि उनके नाम लाल स्याही में सबसे ऊपर लिखे गए थे। अंतिम पृष्ठ के निचले भाग पर लिखा था, "यह परीक्षा का अंत है। परीक्षा के सभी उत्तर सही है। आपको 'ए' ग्रेड मिलेगा। आपने इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया क्योंकि इस परीक्षा के निर्माता ने आपके लिए इस परीक्षा को दे दिया। आपकी तैयारी ने आपको ए ग्रेड पाने में सहायता नहीं की। आपने अभी अनुग्रह का अनुभव किया।"

टिम केलर, एक वृद्ध महिला के साथ बातचीत की कहानी बताते हैं जो कभी-कबार उनके चर्च में आती थी। वह स्वच्छ और स्वथ महिला थी। कुछ लोग सभ्य और नैतिक भी कह सकते हैं। उन्होंने अनउपयुक्त और अतिशीघ्रता में यह मानने से इंकार कर दिया और वह आश्वस्त नहीं थी कि किसी अच्छे व्यक्ति को किसी भी चीज से बचाने की आवश्यकता थी। केलर की उनके साथ बातचीत के दौरान, उन्होंने अविश्वसनीयता के साथ कहा, "अब, मुझे यह समझने दे। आप मुझे बता रहे हैं कि यदि मैं एक अच्छे और सभ्य जीवन का नेतृत्व करती हूँ और चर्च भी जाती हूँ लेकिन मसीह को अपने उद्धारकर्ता के रूप में ग्रहण नहीं करती, तो मैं एक ऐसे व्यक्ति से जिसने हत्या की हो, से कोई बेहतर नहीं होऊँगी? क्या आप यह कहना चाह रहे हैं?"

केलर ने जवाब दिया, "स्वभावत: हाँ |"

उन्होंने प्रत्युत्तर दिया, "यह सबसे मूर्ख धर्म है जिसके बारे में मैंने सुना है |"

जिसका केलर ने जवाब दिया, "ठीक है, शायद आपको लगता है कि यह सबसे मूर्ख धर्म है जिसके बारे में आपने सुना है, लेकिन उस हत्यारे के लिए जो पश्चाताप करता है, यह सबसे बड़ी बात है जो उसने कभी सुनी है |" वह पूर्व हत्यारा यह विश्वास नहीं कर सकता कि ऐसा एक धर्म है जो उसके जैसे किसी को आशा प्रदान करता है |"

हालाँकि यह कहानी कुछ हद तक पराकाष्ठा है | यह एक महत्वपूर्ण बात को बताती है | वह स्वच्छ और दुरुस्त और नैतिक महिला जो सुनिश्चित है कि वह ज्यादातर लोगों की तुलना में बेहतर है और जो सोचती है कि सुसमाचार का सार अगर मूर्खता नहीं तो, अपमानजनक है, खुद "शारीरिक लालसाओं" की चपेट में है |[10] वह सभ्य और सच्ची बनने की कोशिश कर रही है लेकिन वह यह सब अपने उद्धार के लिए मसीह पर विश्वास करने के अनाधीन कर रही है | यह आत्म-धार्मिकता के निकटस्थ एक जाल है | इस बड़े खतरे को पहचानते हुए, डिट्रिच बोन्होफर निपुणता से एक मसीही के रवैये का जिसने अनुग्रह को पाया है, का वर्णन करते हैं: "मसीही वो लोग हैं, जो अब स्वयं में, अपने उद्धार, छुटकारे और औचित्य की खोज नहीं करते, केवल यीशु मसीह में करते हैं | वे जानते हैं कि यीशु मसीह में परमेश्वर का वचन उन्हें दोषी ठहराता है, तब भी जब वे अपने स्वयं के दोष के बारे में कुछ महसूस नहीं करते और यीशु मसीह में परमेश्वर का वचन ही उन्हें स्वतंत्र और धर्मी ठहराता है, तब भी जब वह स्वयं के धार्मिकता के बारे में कुछ महसूस नहीं करते |"[11]

हम तब तक सुसमाचार को नहीं समझ पाएंगे जब तक हम ये न समझ लें कि परमेश्वर द्वारा हमारा स्वीकरण इस पर आधारित नहीं है कि हमने क्या किया है या करेंगे | यह दृढ़ता से परमेश्वर के स्वभाव और चरित्र पर आधारित है जिसने यीशु को इस दुनिया में दुनिया के पापों के लिए मरने और हमारे उद्धार के लिए उठाए जाने के लिए भेजा |

हम अनुग्रह द्वारा बचाए जाते हैं | फिर, पौलुस कहता है, अनुग्रह विश्वास की ओर ले जाता है | विश्वास क्या है? विश्वास अनिवार्य रूप से उसकी जागरूकता और उसके लिए प्रतिक्रिया है, जिसने हमें जागृत किया है |[12] जो समझना जरूरी है वह यह: वह विश्वास जो हमें बचाता है, वह मसीह में विश्वास है | मसीही विश्वास किन्ही सिद्धांतों में सामान्य विश्वास नहीं है | यह विश्वास है कि वास्तव में पृथ्वी पर एक शिशु

जन्मा था जो कि देह में परमेश्वर था, जो वास्तव में क्रूस पर मरा और जो वास्तव में मरे हुओं से जिलाया गया | पौलुस इस बात पर अड़ा था: "यदि मसीह नहीं जी उठा, तो हमारा प्रचार करना भी व्यर्थ है, और तुम्हारा विश्वास भी व्यर्थ है; और यदि मसीह नहीं जी उठा, तो तुम्हारा विश्वास व्यर्थ है, और तुम अब तक अपने पापों में फंसे हो" (1 कुरिन्थियों 15:14,17) | यदि यीशु सच में हमारे पापों के लिए नहीं मरे और सच में मुर्दों में से नहीं जी उठे तो हमारा विश्वास इच्छात्मक सोच या नैतिकता, उपचारात्मक अस्तिकता से अधिक कुछ नहीं है |[13] विश्वास व्यापकता में अर्थहीन हैं |

यदि पौलुस आज जीवित होता, तो शायद इस तरह कहता: यदि यीशु वह नहीं है, जो वह कहते हैं कि वे है, यदि वह मानव के रूप में परमेश्वर का पुत्र नहीं है, यदि वह वास्तव में हमारे उद्धार के लिए क्रूस पर नहीं मरा, यदि वह शारीरिक रूप से मुर्दों में से नहीं जी उठा, यदि वह वास्तव में स्वर्ग नहीं गया और परमेश्वर पिता के दाहिनी ओर नहीं बैठा है, तो हमें चर्च चलाना बंद कर देना चाहिए | कोई भी सिद्धांत अपने आप में कोई मतलब नहीं रखता | विश्वास में विश्वास? व्यापकता में विश्वास? नहीं | क्योंकि सच्चाई में विश्वास और प्रेम में विश्वास और न्याय में विश्वास हमें नहीं बदलेगा या हमें नया जीवन नहीं देगा, यह यीशु में विश्वास है | हम अपने कार्य, अच्छाइयों और सिद्धांतों द्वारा नहीं बचाए जाते | हम मसीह और केवल मसीह द्वारा बचाए जाते हैं | उसमें विश्वास रखना ही मायने रखता है क्योंकि वह हमारी एकमात्र आशा है |

फिर, विश्वास अच्छे कामों को उत्पन्न करता है | अच्छे काम हमें नहीं बचाते - जरा सा भी नहीं | हालाँकि, हमारे विश्वास के कारण अच्छे काम उत्पन्न होते हैं | यह कहना असंभव है कि हमने परमेश्वर के अनुग्रह को प्राप्त किया है और यह कि यदि हमारे जीवन में कुछ अलग नहीं है तो हमारे पास बाइबिल के अनुसार सच्चा विश्वास है | बाइबिल इस बात पर व्यावहारिक है | हम अनुग्रह द्वारा बचाए जाते हैं, लेकिन अगर हमारे मजबूत चरित्र और मौजूदा व्यवहार में वास्तव में कुछ नहीं हो रहा है तो यह वास्तविक विश्वास नहीं है क्योंकि जैसे अनुग्रह विश्वास की ओर जाता है, विश्वास अच्छे कामों की ओर जाता है, "क्योंकि हम उसके बनाए हुए हैं, और मसीह यीशु में उन भले कामों के लिए सृजे गए जिन्हें परमेश्वर ने पहले से हमारे करने के लिए तैयार किया है" (इफिसियों 2:10) |

मसीही परमेश्वर के हस्तकला है | "उसने हमें क्या बनाया है" या "हस्तकला के लिए ग्रीक शब्द पोइमा है | यह शब्द अंग्रेजी के "पोयम" शब्द का मूल है | मसीही विशिष्ट रूप से परमेश्वर की पोयम्स (कविताएँ) है - परमेश्वर की कलाकृति है | कला सुंदर है, कला कीमती है और कला कलाकार के आंतरिक अस्तित्व की एक अभिव्यक्ति है | पौलुस के कहने का मतलब क्या है, जब वे कहते हैं कि मसीह परमेश्वर की कलाकृति है; मसीह में, हमें सुंदर, कीमती और हमारे निर्माता, अलौकिक कलाकार की बनाई गई एक अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाता है |

फिर भी, हम एक कलाकृति है जो कि पाप द्वारा आघात और विकृत किए गए हैं | आपने कभी क्षतिग्रस्त उत्कृष्ट कृति को देखा है - एक उत्कृष्ट कलाकार की विकृत महानकृति को देखा है? कुछ मायनों में, उत्कृष्ट कृति की वास्तविक सुंदरता, उसे बरबाद होते देखना एक बड़ी त्रासदी बना देता है | यदि कोई बच्चा क्रेयाँन (मोम रंग) लेकर रसोई की अलमारी पर चला दे, तो यह बुरा दिखता है | हालाँकि, लियोनार्दो दा विंची की मोना लिसा पर कोई एक बदमाश यदि स्प्रे पेंट से भित्ति चित्रण बना दे, तो यह उससे कई अधिक बुरा होगा | उसकी महानता और दुर्लभता जो कि विकृत हो चुकी है, हमारी प्रतिक्रिया में त्रासदी और आतंक का स्तर निर्धारित करता है |

कई साल पहले मुझे रोम जाने का अवसर मिला | मैं सेंट पीटर्स बासीलिका में पियेटा को देखने के लिए उत्सुक था | जानते हुए कि वह संगमरमर के एकल टुकड़े से माइकलएंजेलो द्वारा नक्काशा गया था (एकमात्र टुकड़ा जो कि व्यक्तिगत रूप से माइकलएंजेलो द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था), मैं उसका प्रत्यक्ष रूप से अध्ययन करना चाहता था | मुझे यह जानकर निराशा हुई कि वह दर्शकों से एक अच्छी खासे दूरी पर रस्सियों और बुलेट प्रूफ पैनल द्वारा संरक्षित था | ये सावधानियां क्यों? क्योंकि 1972 में पिन्तेकुस्त के रविवार को, एक मानसिक रूप से विकृत भूविज्ञानी (जियोलॉजिस्ट) ने यीशु होने का दावा करते हुए उस मूर्ति पर हथौड़े से हमला किया था | दर्शकों ने संगमरमर के उड़ते हुए कई टुकडों को हथिया लिया, कुछ को वापस कर दिया गया था, लेकिन मरियम की नाक सहित कुछ टुकड़ों को नहीं, जिसे बाद में उनकी पीठ से कटे हुए संगमरमर के एक टुकड़े से फिर बनाया गया था | इटलीवासियों के साथ-साथ शेष कला दुनिया भी तबाह हो गई थी | वह कैसे अपनी वास्तविक सुंदरता में पुनः स्थापित किया गया जा सकता था? उन्होंने सर्वोच्च कारीगरों के लिए पूरी दुनिया में खोजा जो पुन:स्थापना में विशिष्ट थे | बहुत समय,

कौशल्य, ज्ञान, श्रम और तीव्रता के बाद पुनः स्थापना की परियोजना पूरा हो गया था।[14] बहुत कम लोग ही पहचान सकते थे कि वह कभी क्षतिग्रस्त हुआ था।

परमेश्वर उन सभी के लिए जिन्हें वह अनुग्रह से बचाता है यही करता है, हम उनकी उत्कृष्ट कृति है, उनकी प्रिय महान कृति है, और वह पाप के नुकसान को अंतिम शब्द नहीं होने देगा। हमारे मूल्य को साबित करने के लिए परमेश्वर न केवल हमें यीशु मसीह के स्वरूप बनाता है, बल्कि हमें इस दुनिया में करने के लिए काम भी देता है। हम यह काम करते हैं कि क्योंकि परमेश्वर ने हम पर पुनः कार्य किया है, जब हम इसे अपनी हड्डियों की गहराई तक जानते हैं, जब हम इसे वास्तव में समझते हैं, हम फिर कभी यह नहीं कहेंगे कि हमारे अच्छे कार्य हमें बचाते हैं। नैतिकता फिर से कभी हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिक्रिया नहीं हो सकती। हमारे अच्छे कार्य परमेश्वर द्वारा हमारे अंदर किए गए कार्य का परिणाम है। वे परमेश्वर की महिमा को दर्शाते हैं, न कि हमारी खुद की।

मैं यूजिन पीटरसन के द्वारा दिए गए पौलुस की अनुग्रह के समीकरण दृष्टांत के निरीक्षण को सराहता हूँ:

> अब हम वहाँ हैं जहाँ परमेश्वर चाहता है, मसीह यीशु में हम पर अनुग्रह और दया उंड़ेलने के लिए इस और इससे अगली दुनिया के पूरे समय के साथ। बचाना पूर्ण रूप से उसका ही विचार और पूर्ण रूप से उसका ही कार्य है। हम सिर्फ उस पर विश्वास रखते हैं कि वह यह करें। यह शुरू से अंत तक परमेश्वर का उपहार है। हम प्रमुख भूमिका नहीं निभाते हैं। अगर हम करते, तो शायद हम ढिंग मारते कि हमने ही पूरा कार्य किया है। नहीं, हम स्वयं को बनाते और ना ही बचाते हैं। परमेश्वर ही बनाता और बचाता है। वह हम में से प्रत्येक को मसीह यीशु द्वारा उस कार्य में शामिल होने के लिए बनाता है जो वह करता है, वो अच्छे काम जो उसने हमारे द्वारा करने के लिए तैयार किए है, वह कार्य जो हमें बेहतर तरीके से करने चाहिए।[15]

मसीह में परमेश्वर हमें निंदा, दंड और नरक से बचाता है।

मसीह में परमेश्वर हमें छुड़ाता है, और हम पूर्ण रूप से मिलाप करते हैं।

मसीह में परमेश्वर हमें गलत को सही बनाते हुए, उचित सिद्ध करता है।

मसीह में परमेश्वर हमारा पुन:निर्माण करता है, और हम नया जन्म पाते हैं।

मसीह में परमेश्वर हमें अपने परिवार में अपनाता है |

हम इसलिए नहीं बचाए जाते क्योंकि हम अपना विश्वास एक सिद्धांत पर रखते हैं | हम अपने सही विश्वास द्वारा नहीं बचाए जाते | हम बचाए जाते हैं क्योंकि कोई हमारे अंदर वास करता है | हम इस तरह से पुन:निर्मित हुए है कि सबसे अच्छा तरीका जिससे सुसमाचार के लेखक इसका वर्णन कर सकते थे, वह "एक नये जन्म लेने" से उसकी तुलना करना था | इब्रानी लेखकों ने इसे एक गड्ढे से निकाले जाने के अनुभव के रूप में वर्णित किया | हम बंधुवाई में थे और अब हम आजाद हैं | अब हम डर के बंदी नहीं है, हम परमेश्वर के बच्चे बन गए हैं | पहले हम परमेश्वर के परिवार के बाहर थे, और अब हम परमेश्वर के परिवार के पूर्ण रक्तमय सदस्य हैं | हम पिता के सामने उचित ठहराए गए हैं, जिसका अर्थ है चीज़ें सही की गई है |

हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि उद्धार बाहर से आता है, अपने भीतर से नहीं | हम इसलिए नहीं बचाए जाते क्योंकि हम अच्छे हैं; हम बचाए जाते हैं क्योंकि परमेश्वर अच्छा है | यही उद्धार हैं | परमेश्वर हमारे लिए वो करता है, जो हम कभी अपने लिए नहीं कर पाते | यह अनुग्रह है, जो बचाता है |

अब हम इस बात की ओर मुड़ते है की मसीह में नए सिरे से जीवन की एक उत्कृष्ट कृति पवित्र करने वाले अनुग्रह के उपहार के द्वारा पूर्ण रूप से क्या बन सकती है |

1. एल्बर्ट एल. विन्समैन, "इटरनल डेसटिनेशनस: अमेरिकनस बिलीव इन हेवन, हेल," मई 25, 2004, https://news.gallup.com/poll/11770/eternal-destinations-americans-believe-heaven-hell.aspx
2. योम = "दीन", किप्पूर = "पश्चाताप करना; साफ होना"
3. परंपरा हमें बताती है कि बलि का बकरा जारी करने के लिए एक गैर यहूदी व्यक्ति नियुक्त किया गया था, जिसका इजराइल के लोगों के साथ कोई संबंध नहीं था |
4. वेसली, द वर्क्स ऑफ जॉन वेसली, वॉल्यूम 12 (कैनसस सिटी, एम. ओ.: बीकन हिल प्रेस ऑफ कैनसस सिटी,1978), 394 | याकूब 14:17 भी देखें |
5. विलियम बार्कले, द गॉस्पेल ऑफ मैथ्यू, वॉल्यूम 1 (लुईविल, के. वाई.: वेस्टमिस्टर जॉन नॉक्स प्रेस, 1956), 253 | एच. जी. लिडेल, अ लेक्सीकन: अ ब्रिज्ड फ्रॉम लिडेल एंड स्कॉट्स ग्रीक - इंग्लिश लेक्सीकन (ओक हार्बर, डब्ल्यू. ए. लोगोज़ रिसर्च सिस्टम्स इंक., 1996), 4 को भी देखें |
6. वेसलियन पवित्रता के लोग समझते हैं कि पाप एक कार्यवाही से अधिक को शामिल करता है | सुजैना वेसली अपने बेटे जॉन वेसली को 8 जून 1725 को लिखे गए एक पत्र के उनके

इस कथन के लिए प्रसिद्ध है: "इस नियम को ले लो" जो भी आपके विचार को कमजोर करता है वह आपके विवेक की कोमलता को क्षीण करता है, परमेश्वर को लेकर आपकी भावना को अस्पष्ट करता है, या आत्मिक चीजों के आपके उत्साह को दूर कर देता है; संक्षिप्त में, जो भी आपकी मन की तुलना में आपके शरीर की ताकत और अधिकार को बढ़ाता है वह आपके लिए पाप है, चाहे वह स्वयं में कितना ही निर्दोष हो।"

7. जेफ़री ब्रोमाइली इस दिलचस्प तथ्य को बताते हैं कि बाईबिल अक्सर पाप को "साक्षात" करता है जो पाप की शक्ति और नियंत्रण को, जो हमारे जीवनों पर हो सकता है, उजागर करता है। ब्रोमाइली, थियोलॉजिकल डिक्शनरी ऑफ द न्यू टेस्टामेंट: अ ब्रिज्ड इन वॉल्यूम (ग्रैंड रेपिड्स: एर्डमैनस, 1985),4
8. एन. टी. राइट, इविल एंड द जस्टिस ऑफ गॉड (डाउनरस ग्रोव, आई एल: इंटरवेरसिटी प्रेस, 2006), 9
9. यह विश्वास है कि क्रूस पर यीशु ने बुराई की ताकतों पर विजय प्राप्त की है, प्रायश्चित की क्रिस्टस विक्टर क्योरी के रूप में संदर्भित होती है। एन. टी. राइट टिप्पणी करते हैं, "मैं क्रिस्टस विक्टर जो कि बुराई और अंधकार की ताकतों पर यीशु मसीह की विजय के बारे में है, के विषय को प्रायश्चित की थियोलॉजी के केंद्रीय विषय के रूप में देखना चाहता हूँ, जिसके चारों ओर क्रूस के अन्य सभी विभिन्न अर्थ स्थान पाए।" राइट, इवल एंड द जस्टिस ऑफ गॉड, 114। इसके विपरीत फ्लेमिंग रटलेज एक मजबूत तर्क को रखते हैं कि प्रायश्चित के सभी बाइबिल आधारित विषय, क्रूस की गहराई और रहस्य को समझने के लिए साथ मिलकर एक सुंदर पूर्णता बनाते हैं। "क्रूस पर चढ़ाए गए मसीह के सुसमाचार को प्राप्त करने का सबसे सच्चा तरीका यह है कि जिस तरह बाइबिल के रूपांकन एक दूसरे से मिलते और एक दूसरे को बड़ा करते हैं, उसी तरह एक गहरी प्रशंसा को उत्पन्न करना है। कोई भी छवि पूरी तरह न्याय नहीं कर सकती; सभी उद्धार के महान नाटक का हिस्सा है" रटलेज, द क्रूसिफिक्शन: अंडरस्टैंडिंग द डेथ ऑफ जीज़स क्राइस्ट (ग्रैंड रेपिड्स: एर्डमैनस, 2015), 6-7
10. "शारीरिक लालसाओं" के अर्थ की गहन व्याख्या के लिए अभ्यास 4, "अनुग्रह जो पवित्र करता है" देखें।
11. डिट्रीच बोन्होफ़र लाइफ टुगेदर (न्यूयार्क: हार्परकॉलिन्स पब्लिशर्स, 1954), 21-22
12. मैं टीम केलर द्वारा प्रचारित किए हुए उपदेश की इस परिभाषा के लिए ऋणी हूँ लेकिन यह याद नहीं कर पा रहा कि वह कौन सा उपदेश था।
13. "नैतिकता, उपचारात्मक आस्तीकता" एक वाक्यांश है जिसे क्रिश्चियन स्मिथ और मेलिंडा लुंडक्विस्ट डेंटन द्वारा लिया गया है, जो कि इक्कीसवीं सदी के मोड़ पर अमेरिकी युवाओं का वर्णन के लिए, उत्तर आधुनिक लोक परमेश्वर के बारे में कैसा सोचते हैं की परिणामी सांस्कृतिक रूपरेखा, के व्याख्या के लिए प्रयोग किया गया। स्मिथ एंड डेंटन, सोल सर्चिंग:

द रिलिजियस एंड स्पिरिचुअल लाइव्ज ऑफ अमेरिकन टीनेजरस (न्यूयॉर्क: ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 2005)

14. एक न्यूयार्क लेख में पत्रकारों के एक समूह का विवरण है, जिन्हें चौखट पर चढ़ने और दर्शकों से पहले पुन:स्थापित कलाकृति को नजदीक से निरीक्षण करने की अनुमति थी | "क्षतिग्रस्त आवरण, आँखों के पास का क्षेत्र, नाक, बाँह और हाथ का पुन:निर्माण दोषरहित लग रहा था, केवल छोटी रेखाएं थी जो सिर्फ निकटता से निरीक्षण करने पर दिखाई दे रही थी | कलाकृति के मरम्मत किए गए हिस्सों और आस-पास के संगमरमर की सतह के रंग में कोई अवधारणात्मक अंतर नहीं था | "हमने डेंटिस्ट (दंत चिकित्सक) की तरह काम किया" डियोक्लीसियों रेडिंग द कैम्पोस ने कहा | पॉल हाफमैन, "रिस्टोर्ड पियेटा शोन: कंडीशन नियर परफेक्ट" न्यूयार्क टाइम्स, जनवरी 5, 1973, https://www.nytimes.com/1973/01/05/archives/restored-pieta-shown-condition-near-perfect-marks-on-marys-check.htm
15. पीटरसन, यूजिन द मैसेज, इफिसियों 2:7-10

जीवन

पवित्र करने वाली अनुग्रह के माध्यम से पवित्र आत्मा हमें पूरी तरह से परमेश्वर को समर्पित जीवन जीने के लिए सक्षम बनाती है।

कृपा करने वाले अनुग्रह के माध्यम से पवित्र आत्मा, परमेश्वर की सेवा में दिए गए एक वफादार और अनुशासित जीवन को सक्षम करने के लिए हमारा सहयोग करती है।

पर्याप्त अनुग्रह के माध्यम से परमेश्वर की सामर्थ्य हमारी कमजोरी में परिपूर्ण हो जाती है।

4

अनुग्रह जो पवित्र करता है

शान्ति का परमेश्वर आप ही तुम्हें पूरे रीति से पवित्र करें; और तुम्हारी आत्मा और प्राण और देह हमारे प्रभु यीशु मसीह के आने तक पूरे पूरे निर्दोष सुरक्षित रहे। तुम्हारा बुलानेवाला सच्चा है, और वह ऐसा ही करेगा - 1 *थिस्सुलीनीकियों* 5:23-24।

जॉन वेसली के अनुसार पवित्र शास्त्र में पाए गए चार सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत मूल पाप, विश्वास द्वारा औचित्य, नया जन्म और भीतर और बाहर की पवित्रता है।

औचित्य, प्रोटोस्टेंट शोधन का एक मुख्य विषय था, जिसने वेसली को लगभग दो सौ वर्ष पीछे छोड़ दिया। मार्टिन लूथर सहित, सुधारकों ने घोषणा की कि हम केवल विश्वास से परमेश्वर के साथ न्यायसंगत है।[1] वेसली ने औचित्य की आवश्यकता की दृढ़ता से पुष्टि की, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बाईबिल सिद्धांतों की अपनी सूची में नए जन्म को जोड़कर वह इस महत्वपूर्ण विचार को अवगत करा रहे थे कि क्रूस और पुनरुत्थान हमारे पापों के दोष के साथ निर्णायक रूप से और उस मुख्य समस्या से जो हमें पाप करने के लिए मजबूत करती है, संबंधित है। इसलिए, वेसली के लिए, नया जन्म पवित्र जीवन - या, यूँ कहे "पवित्रकरण" का आरंभ है।

पिछले अध्याय में हमने, हमारी दुनिया और हमारे जीवन पर पाप की प्रकृति और हानिकारक प्रभावों के बारे में चर्चा की है, लेकिन पाप की उत्पत्ति क्या है? हमारे दिलों में पाप का स्रोत क्या है?

बाइबिल कहती है कि पाप हमारी जन्मजात प्रकृति से होता है। "इनमें हम भी सब के सब पहले अपने शरीर की लालसाओं में दिन बिताते थे, और शरीर और मन की इच्छाएँ पूरी करते थे, और अन्य लोगों के समान स्वभाव ही से क्रोध की संतान थे।" (इफिसियों 2:3, पर जोर दिया गया है)। यह वचन दो प्रमुख वाक्यांशों पर ध्यान

आकर्षित करती है जो व्यापक रूप से गलत समझे जाते हैं और जिनके अधिक समझ के लिए उन्हें खोलने की आवश्यकता है।

प्रकृति (व्यवहार) द्वारा

अपने नए नियम के पत्रियों के दौरान, पौलुस स्पष्ट रूप से सिखाता है कि मनुष्य एक अवज्ञाकारी और पापी प्रकृति के साथ पैदा हुए है (रोमियों 7:10, 35; इफिसियों 2:1-3; कुलुस्सियों 3:5)। हम पाप करना नहीं सीखते। किसी को भी पाप सिखाने की जरूरत नहीं है। विश्वविद्यालय में "पाप 101" जैसी कक्षा नहीं होती है। यह स्वाभाविक रूप से आता है, और हम इसमें अच्छे हैं। यह अब एक लोकप्रिय दृष्टिकोण नहीं है, न ही यह कभी रहा है।

चौथी शताब्दी में जिनमें पलेजियश एक आयरिश संत थे, जो बाद में एक रोमन नागरिक बन गए। उन्होंने सीखाया है कि लोगों का पापी स्वभाव नहीं होता लेकिन बच्चे उन बुरे उदाहरणों के द्वारा पाप करना सीखते हैं जो उनके सामने निर्धारित किए जाते हैं, जब वे छोटे थे। पलेजियश ने तर्क दिया कि हम एक तटस्थ प्रकृति के साथ पैदा हुए है और बच्चे बहुत हद तक उनके आदर्शों के कारण या तो अच्छे या बुरे हो जाते हैं। इसलिए पलेजियश के अनुसार पाप, जानबूझकर किए गए कार्य हैं और यदि हम अपने सर्वोत्तम प्रयास को लागू करते हैं, तो हम पाप के अलावा बहुत अच्छा जीवन जी सकते हैं।

पलेजियश, हिप्पो के एक अन्य प्रमुख थियोलॉजियन, ऑगस्टिन के समय के दौरान रहते थे, जिन्हें पश्चिमी चर्च के इतिहास में सबसे प्रभावशाली ईसाई विचारकों में से एक माना जाता है। उत्तरी अफ्रीकी बिशप ने हमारे पहले आत्मिक माता-पिता से विरासत में प्राप्त मूल पाप के अस्तित्व और इसके दुर्बल प्रभाव के बारे में विस्तार से लिखा।

ऑगस्टीन ने पलेजियश दृष्टिकोण के खिलाफ दृढ़ता से तर्क दिया, इसे पवित्र शास्त्र और व्यावहारिक ज्ञान के विपरीत कहा, और वह अपधर्म के आरोप के तहत पलेजियश को चर्च से बाहर निकालने में सहायक था। हालॉकि चौथी शताब्दी से चर्च द्वारा एक अपधर्मी शिक्षण के रूप में जाना गया, लेकिन आज चर्च में पलेजियशवाद जीवित है और अच्छी तरह से है।

न्यूयार्क शहर की यात्रा पर, मैं और मेरी पत्नी 'विकेड' नाम के ब्रॉडवे शो में गए थे, जो पश्चिम की दुष्ट चुड़ैल ऐलफबा (द विजर्ड ऑफ ओज़ की प्रसिद्ध) के साथ उत्तर की अच्छी चुड़ैल ग्लिनडा की दोस्ती की कहानी को बताती है | कहानी बताती है कि प्रत्येक महिला अपनी पहचान पाने के लिए किस तरह संघर्ष करती हैं, लेकिन आखिरकार अपनी जीवन की परिस्थितियों के कारण एलफबा दुष्ट होने का चुनाव करती है और ग्लिन्डा सभी का भला करना चाहती है | एलफबा के साथ बुरा होता है, इसलिए वह बुरी बन जाती है; ग्लिन्डा के लिए चीजें सही है इसलिए वह अच्छी बन जाती है | यह केवल एक काल्पनिक संगीत है, लेकिन अनगिनत आधुनिक लोक पाप के बारे में ऐसा सोचने के लिए उन्मुख हैं |

यीशु, हालाँकि सहमत नहीं है: "पर जो कुछ मुँह से निकलता है, वह मन से निकलता है और वही मनुष्य को अशुद्ध करता है | क्योंकि बुरे विचार, हत्या, परस्त्रीगमन, व्यभिचार, चोरी, झूठी गवाही और निंदा मन ही से निकलती है" (मत्ती 5:18-19) | हृदय वह स्रोत है, जो अपवित्र करता है; पाप दिल से आता है |

आप एक छोटे बच्चे को देखते हैं, जो मुश्किल से चल पाता है | वे ऐसा क्यों करते हैं? वे स्वार्थी क्यों है? जब वे अपना रास्ता नहीं निकाल पाते तो वह नखरे क्यों दिखाते हैं? एक बच्चा अपनी परवरिश के कारण पापी नहीं होता | वे अभी इतने बड़े नहीं हुए है कि उनके सामने के उदाहरण उस हद तक उन पर प्रभाव डालें | एक बच्चा एक पापी है क्योंकि पाप दिल से आता है - यह जन्मजात है | उन्हें स्वार्थी होने की शिक्षा नहीं दी जाती - वे इसे स्वाभाविक रूप से करते हैं | पाप का प्रदर्शन वह अभिव्यक्ति है जो मनुष्य के अंदर पहले से ही है | दाऊद ने यह स्वीकार किया: "देख मैं अधर्म के साथ उत्पन्न हुआ और पाप के साथ अपनी माता के गर्भ में पड़ा" (भजन संहिता 51:5) | यह मूल पाप का अनुभवजन्य तथ्य है |

यह थियोलॉजिकल (धार्मिक) रूप से कैसा दिखता है? प्रत्येक व्यक्ति परमेश्वर के स्वरूप में बनाया गया है, और परमेश्वर पवित्र और अच्छा है | जैसा कि मूल रूप से बनाया गया था, मानवता ने अलौकिक प्रकृति (स्वभाव) प्रतिबिंबित किया, लेकिन पवित्रता और अच्छाई का स्रोत वह स्वयं नहीं था - यह अनंत, त्रियेक परमेश्वर था | जैसा कि विलियम ग्रेट हाउस और रे डनिंग द्वारा बताया गया है: "वास्तव में केवल परमेश्वर पवित्र है | हम केवल पवित्र है क्योंकि हम परमेश्वर से संबंधित हैं और उनकी पवित्र आत्मा से भरे हुए है |" इस प्रकार पतन और उसके बाद के परिणामों

से पाप की शुरुआत के बाद से, परमेश्वर के स्वरूप में हमारी आवश्यक प्रकृति बरकरार है जबकि परमेश्वर का नैतिक स्वरूप बर्बाद हो गया है।[2] ग्रिथहाउस और डनिंग आगे बताते हैं, "वास्तव में मनुष्य अच्छा है, परमेश्वर के लिए बना एक व्यक्ति है। अस्तित्ववादी मनुष्य पापी है, परमेश्वर के जीवन से अलग एक विद्रोही है और इसलिए भ्रष्ट है।"[3] वास्तव में अच्छा है, अस्तित्वगत रूप से विद्रोही है, यह मूल पाप है।

हमारा एक स्वभाव है, जिसके साथ हम जन्मे है। यह एक "चीज" नहीं है, जिसे हमें निकालने की जरूरत है, जैसे कि एक रोगग्रस्त पित्ताशय की थैली। यह गर्व और आत्म-केंद्रितता की और हमारा स्वभाव है। यह हिंसा, अहंकार, आत्मनिर्भरता और आत्म-संरक्षण की ओर हमारी जन्मजात प्रवृत्ति है। यह इसके सबसे स्पष्ट रूप में उच्चतम क्रम का अहंकार है - जिसका अर्थ है कि हमारे दिलों में पाप कुछ ऐसे अविवेक से अधिक है, जो हम अपने बुरे क्षणों में करते हैं; यह पहली आज्ञा की अवहेलना है (निर्गमन 20:2) और केवल परमेश्वर की आराधना करने में विफलता है। एन. टी. राइट हमें याद दिलाते हैं कि हम वास्तव में कितने गहरे डूबे हुए हैं: मानव दुर्दशा का निदान तब नहीं है जब मनुष्यों ने परमेश्वर के नैतिक नियम को तोड़ा हो, रचनाकार को नाराज और अपमानित किया हो, जिसके स्वरुप को वे धारण किए हुए है - हालाँकि यह भी सच है।

> नियम तोड़ना बहुत अधिक गंभीर बीमारी का लक्षण है। नैतिकता महत्वपूर्ण है, लेकिन यह पूरी कहानी नहीं है। सृष्टि में और उसके ऊपर जिम्मेदारी और अधिकार दिए जाने पर, मानवों ने सृष्टि के ही ताकतों को शक्तियों की आराधना और निष्ठा प्रदान करते हुए अपनी बुलाहट को पलट दिया है; यही मूर्ति पूजा करना है। जिसका परिणाम दासता और अंत में मृत्यु है।[4]

मुसीबतों में पड़ने का हमारा एक इतिहास रहा है। हमारा पतन का स्वभाव है। पाप की स्थिति और पाप के कार्यों से छुटकारा प्रदान करने के लिए परमेश्वर का अनुग्रह आवश्यक है - मूल और वास्तविक पाप। इसके लिए हमें औचित्य और पवित्रता दोनों चाहिए। हमें अपने हृदयों के पुन:गठन और उसे मौलिक नवीकरण करने की आवश्यकता है। यही कारण है कि वेसली ने आंतरिक और बाहरी पवित्रता पर जोर दिया। हमें विश्वास के द्वारा अपने पापों से माफ किया जाना, मसीह में जीवित होना, और अपने हृदयों को शुद्ध करना है। जिसका परिणाम परमेश्वर के स्वरूप की पुन:प्राप्ति है, जो खो गई थी।

शरीर के कार्य

जैसा कि नए नियम के लेखन में पहले उल्लेख किया गया है - विशेष रूप से जो प्रेरित पौलुस पर जिम्मेदार ठहराए गए है - जो अक्सर मूल पाप के भयानक पतन के पहलू को "शरीर के कार्य" के रूप में संदर्भित करता है | 'शरीर' शब्द एक एकल ग्रीक शब्द सार्क्स से लिया गया है |[5] इसे "देह" से भ्रमित न करें, देह एक आत्मिक अर्थ में आत्मिक प्रवृत्ति को जो कि संतुष्ट होना चाहती है और "स्वयं" का अत्यधिक आत्म-प्रेम जो कि खुद के लिए जीता है बजाय परमेश्वर की इच्छा और उद्देश्यों के लिए पूरी तरह से समर्पण करने के, को संदर्भित करता है |[6] मार्टिन लूथर और उनसे पहले ऑगस्टिन ने - इसे ग्राफिकल रूप से अपने आप मे घुमावदार होने" (इनकरवेटिस इन सी) की स्थिति रूप में वर्णित किया है | उस मानसिक चित्र के बारे में गहराई से सोचें जिसे लूथर अपने आप में घुमावदार होने का चित्रण करते हैं: "हमारी प्रकृति (स्वभाव) पहले पाप के भ्रष्टाचार से अपने आप में इतनी गहराई से घुमावदार (होना) है कि यह न केवल परमेश्वर के सर्वश्रेष्ठ उपहारों को अपनी ओर झुकाता है और उनका आनंद उठाता है (जैसा कि कार्य धर्मी और कपटीयों में स्पष्ट है, यहाँ तक कि इन उपहारों को पाने के लिए खुद परमेश्वर का उपयोग करते है, लेकिन यह, ये भी पहचानने में विफल रहते हैं कि वह कितने दुष्ट, घुमावदार और शातिर रूप से इन सभी चीजों को, यहाँ तक कि परमेश्वर को अपने लिए ढूँढते हैं |[7]

जब पौलुस कहता है, "क्योंकि जिस अच्छे काम की मैं इच्छा करता हूँ, वह तो नहीं करता" (रोमियों 7:19), वह अपने शरीर में प्रभु से पूरे दिल से प्यार करने और उनकी आज्ञा मानने के असमर्थता को संदर्भित कर रहा है | वो और हम "स्वयं" के गुलाम हैं जो वो सब चाहता है जो हम चाहते हैं | पौलुस ने गलतियों को लिखे अपने पत्र में आगे कहा है कि शरीर आत्मा के खिलाफ लड़ता है: क्योंकि शरीर आत्मा के विरोध में और आत्मा शरीर के विरोध में लालसा करता है, और ये एक दूसरे के विरोधी है, इसलिए कि जो तुम करना चाहते हो वह न करने पाओ" (गलतियों 5:17) | उसके बाद वह शरीर के कार्यों के ज्वलंत उदाहरणों और आत्मा के फल के विपरीत शरीर के कार्यों और व्यवहार का जो शरीर का अनुसरण करते है, अनुगमन करता है (गलतियों 5:19-23) | फिर, जैसे कि एक मजबूत, स्पष्ट, तर्क के साथ मुद्दे को खत्म करने के लिए, पौलुस एक निर्णायक कार्यवाही करता है ताकि प्रतिद्वंदी को हरा दे: शरीर पर मन लगाना तो मृत्यु है, परंतु आत्मा पर मन लगाना

जीवन और शांति है" (रोमियों 8:6) | मेरा विवरण: या तो हम शरीर के कुकर्मों को मार दे, या वे हमें मार देंगे | यह शरीर का अपरिवर्तित गुरुत्वाकर्षण है |

शरीर का बाइबिल के अनुसार विचार को आमतौर पर वर्षों से गलत समझा जाता रहा है | अफसोस, कुछ लोग सोचते हैं कि शरीर और आत्मा, देह और प्राण के साथ मेल खाते हैं और 'शरीर' देह पर त्वचा को संदर्भित करता है |[8] परिणामस्वरूप कुछ लोगों ने यह मान लिया है कि यदि शरीर बुराई और पाप का स्रोत है, तो हमारा भौतिक शरीर आंतरिक रूप से खराब होना चाहिए | इसलिए जैसा कि सोचा जाता है, हम अपने जीवन के भौतिक पहलूओं को कम करना चाहिए, शरीर को समर्पण के लिए तैयार करना चाहिए, और किसी भी भौतिक सुख या संतुष्टि की अनुमति नहीं देना चाहिए |[9] हालॉकि यह अत्यधिक लग सकता है, यह कुछ हद तक खत्म हो जाता है, जब भी पाप का एक पदानुक्रम बनाया जाता है देह के पाप और आत्मा के पाप, और जब हम इस विचार पर दबाव डालते हैं कि एक निश्चित रूप से दूसरे से बदतर है (उदाहरण: यौन अनैतिकता, चुगली या कड़वाहट से भी बदतर होगा; पियक्कड़पन, घमंड और नस्लवाद से भी बदतर होगा) | नतीजन यदि कोई शरीर का पाप करें - जिसे "नश्वर" पाप भी माना जाता है - वह लगभग अक्षम्य है, लेकिन आत्मा के पाप को इस औचित्य के साथ की "कोई भी सिद्ध नहीं है" टाला जाता है | पाप को इस तरह अलग और वर्गीकृत करना पवित्र शास्त्र की पवित्रता की एक स्पष्ट गलतफहमी है, यह न भूले की पौलुस सभी पापों को एक ही वर्ग में वर्गीकृत करता है (उदाहरण - गलतियों 5:16-21 देखें; मूर्ति पूजा और झगड़ा दोनों को 'शरीर के कार्य" के रूप में पहचाना गया है) |

मानव शरीर स्पष्ट रूप से बुरी चीज नहीं है | आखिरकार, परमेश्वर ने मानव शरीर धारण किया और फिर यीशु ने मानव शरीर धारण किया | जब पौलुस भौतिक देह को संदर्भित करना चाहता है, तो वह आमतौर पर ग्रीक शब्द 'सोमा' को चुनता है ना की सार्क्स को, जिसे उसने अकेले रोमियों में तेरह बार प्रयोग किया है | सोमा शब्द का अर्थ या तो मानव भौतिक देह या पूरा एक व्यक्ति हो सकता है जैसा कि रोमियों 12:1 में बताया गया है: "अपने शरीरों को जीवित और पवित्र और परमेश्वर को भावता हुआ बलिदान करके चढ़ाओ," जो कि हमारे पूरे व्यक्तित्व के पवित्रकरण के लिए, हमारे भौतिक शरीर सहित, एक स्पष्ट बुलाहट है |

अत: शरीर क्या है?, और पवित्र करने वाले अनुग्रह की आवश्यकता क्यों है? शरीर यीशु के अधिपत्य में आने की बजाय पूरे व्यक्ति (शरीर, मन और आत्मा) का खुद का परमेश्वर होने की प्रवृत्ति है | यह हमारे स्वयं का पापपूर्ण पहलू है, जो यीशु पर निर्भर रहने के बजाय, परमेश्वर से स्वतंत्र होकर अपना स्वयं का राजा और उद्धारकर्ता बनकर जीवन जीना चाहता है | बचाने वाले अनुभव से पहले, हम आत्मा के बजाय शरीर द्वारा पूरी तरह से नियंत्रित होते है | हमारा एक पापी स्वभाव है - एक ह्रदयी स्वभाव है जो मानता है कि हम स्वयं को बचा सकते हैं और शरीर के मन के द्वारा पूरी तरह नष्ट और हावी हो जाते हैं | हालॉकि, हमारे औचित्य (पाप के लिए क्षमा) और उत्थान (नए जन्म) के समय, हमें पवित्र आत्मा का उपहार दिया जाता है |[10] वेसलीयन - पवित्रता के लोग इसे प्रारंभिक "पवित्रकरण" के रूप में भी संदर्भित करते हैं क्योंकि हमें वह नहीं दिया जा सकता जो पवित्र है - यीशु की आत्मा - और स्वयं पवित्र जीवन की यात्रा शुरू न करें | [11]

यहीं से संप्रभुता के लिए युद्ध शुरू होता है | मेरे जीवन का राजा कौन होगा? इससे पहले जब हम मसीह थे कोई युद्ध नहीं था - कभी-कबार झड़प भी नहीं होती थी | हमारी आत्म-संप्रभुता और स्वार्थी इच्छाओं के लिए प्रतिबद्ध शरीर हमारे ऊपर हावी था | जब आत्मा हमारे जीवन में आती है तो हमें नई इच्छाएं, प्रेरणाएँ और मसीह का मन दिया जाता है (रोमियों 12:2; 1 कुरिन्थियों 2:16; फिलिप्पियों 2:5) | शरीर और आत्मा, ये दो ताकतें विपक्ष में है और वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे हैं | पवित्रता की शुरुआत की गई है लेकिन अब वह बढ़नी चाहिए और परिपक्व होनी चाहिए |

जब पौलुस ने कुरिंथुस की कलीसिया को लिखा वह "तुमसे इस रीति से बातें न कर सका जैसे आत्मिक लोगों से" (1 कुरिन्थियों 3:1) क्या इसका मतलब यह है कि वे ईसाई नहीं थे? नहीं, वे दुबारा जन्म पाए मसीह थे | वास्तव में वह पत्र की शुरुआत उन्हें "जो मसीही यीशु मे पवित्र किए गए" और "प्रेरित होने के लिए बुलाए गए हैं" (कुरिन्थियों 1:2) कहकर करता है | उत्थान, औचित्य और छुटकारा हुआ था | उनकी अनुग्रह की यात्रा शुरू हो गई थी | उनकी समस्या यह थी कि उनकी देह की यात्रा जारी थी | उनकी ईर्ष्या, प्रतिद्वंदिता, अभिमान और विभाजन अभी भी पूरे प्रदर्शन पर थे | वे मसीही थे - लेकिन फिर भी "शारीरिक लोग थे" (3:1) जिसे पौलुस अपरिपक्व विश्वास के समान मानता है | वे मसीही थे - लेकिन फिर भी "मसीह में बालक" (3:1) थे | उन्हें अभी और आगे बढ़ना था | यह कहने का एक

और तरीका है कि अभी भी उनमें प्रतिरोध का एक स्तर था जिसने अभी तक पूरी तरह से अपनी इच्छा और मन को परमेश्वर के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया था।[12]

फिर, जॉन वेसली पौलुस के कथनों के संदर्भ में गहरी जानकारी प्रदान करते हैं। यह पूछने पर कि क्या कुरिंथियों ने अपना विश्वास खो दिया था, वेसली ने जोर देकर कहा, "नहीं, उसने (पौलुस) प्रकट रूप से घोषणा की कि उन्होंने नहीं खोया था क्योंकि फिर वे "मसीह में बालक" नहीं होते। और वह "देह" और "मसीह में बालक" होने की बात को एक समान बताता है; सामान्य रूप से दर्शाता है कि हर एक विश्वासी (कुछ हद तक) "देह" है। जबकि वह सिर्फ एक "मसीह में बालक" है।[13] वेसली के लिए "देह" एक अपरिपक्व विश्वास का प्रतिनिधित्व करता है। जिसे मसीह की समरूपता और क्रूस की निस्वार्थता में बढ़ना चाहिए।[14] यह प्रत्येक विश्वासी के लिए सच है। प्रश्न उद्धार नहीं है - यह प्रभुता है। यीशु की समानता में पवित्रकृत को अधिक से अधिक बढ़ना चाहिए। यह कोई चीज नहीं है जिसे उनमें मरना पड़े - कुछ वास्तविक पर औपचारिक हद तक जो पहले उनके जीवनों पर शासन कर रहा था उसके लिए मरना होगा।[15] व्यक्ति को शरीर में अपने विश्वास के लिए मरना होगा।

दोषपूर्ण स्पष्टवादिता के एक आश्चर्यजनक क्षण में, पौलुस ने अंगीकार किया कि, "यदि किसी और को शरीर पर भरोसा रखने का विचार हो, तो मैं उससे भी बढ़कर रख सकता हूँ। आठवें दिन मेरा खतना हुआ है; इजरायल के वंश, और बिन्यामिन के गोत्र का हूँ; इब्रानियों का इब्रानी हूँ; व्यवस्था के विषय में यदि कहो तो फरिसी हूँ। उत्साह के विषय में कहो तो कलसिया को सतानेवाला; और व्यवस्था की धार्मिकता के विषय में यदि कहो तो निर्दोष था" (फिलिप्पियों 3:4-6)। उसके पास धर्मी सुविचारित करने के सभी धार्मिक प्रत्यय पत्र थे, लेकिन उसका आत्मविश्वास शरीर में था। पौलुस आगे बताता है, "परंतु जो जो बातें मेरे लाभ की थी, उन्हीं को मैंने मसीह के कारण हानि समझ लिया है" (3:7)। वह नियमों को मान रहा था और व्यवस्था का पालन कर रहा था लेकिन जब तक वह अपने स्वयं की धार्मिकता पर स्वयं को बचाने या पवित्र करने के लिए विश्वास और निर्भर करता, वह शरीर के अनुसार जी रहा था। वह अच्छी चीजें थी जिन्होंने उसके जीवन को एक केंद्रीय स्थान पर पहुँचा दिया था - इसलिए उसे उनके लिए मरना पड़ा ताकि वह यीशु को जान सके। इसके अलावा, मसीह को पूरी तरह से और तेजी से जानने में, पौलुस ने मसीह की बचाने वाली और पवित्र करने वाली धार्मिकता के लिए अपने कठिन -

अर्जित नैतिक प्रयासों का व्यापार किया: "और उसमें पाया जाऊँ; न कि अपनी उस धार्मिकता के साथ, जो व्यवस्था से है, वरन उस धार्मिकता के साथ जो मसीह पर विश्वास करने के कारण है और परमेश्वर की ओर से विश्वास करने पर मिलती है" (फिलिप्पियों 3:9) |

कई लोग नैतिक, यहाँ तक की धार्मिक भी है, लेकिन संवेदना, कर्कशता, पक्षपात, कठोरता और आत्मा की शीतलता, एक बाहरी संकेत है कि शरीर ने धर्म को ले लिया है और उसे अपनी पवित्रता के लिए यीशु मसीह पर निर्भर होने से बचने के लिए उसे एक रणनीति के रूप में इस्तेमाल किया है | एक लालची व्यवसायी के रूप में जिसका लाभ कमाने के लिए गरीबी में फंसे लोगों का शोषण करना शरीर के बंधन के अधीन है, ऐसे ही फरिसी भी है | परमेश्वर की नजर में वे सब समान है | वे दोनों ही ऐसे लोग हैं जिन्होंने परमेश्वर के अलावा जीवन में अपना रास्ता बनाने के लिए रणनीतियाँ बनाई है |

अब कठिन सत्य यह है: यहाँ तक कि मसीही भी शरीर के अनुसार जीना जारी रख सकते हैं | बचाने वाली अनुग्रह से पहले शरीर आत्मा के साथ युद्ध नहीं करता क्योंकि पापों में हम मरे हुए हैं | फिर भी जब परमेश्वर की आत्मा हम में जीवित होती है तब भी हम शारीरिक रूप में जी सकते हैं | हम तब भी अच्छी चीजों को लेकर उन्हें सर्वश्रेष्ठ रूप दे सकते हैं | हम तब भी परमेश्वर की निर्भरता के बजाय अपनी शक्ति और सामर्थ्य में रह सकते हैं | इसलिए हमें पवित्र करने वाली अनुग्रह की आवश्यकता है | हमें परमेश्वर के अनुग्रह की आवश्यकता है ताकि वह उस शरीर को क्रूस पर चढ़ाए जो हम पर निर्भर होना चाहता है - हमारे उस शारीरिक भाग को मार दे जो हमारे जीवन को संचालित करना चाहता है ताकि परमेश्वर की आत्मा पूर्ण नियंत्रण ले सके |[16]

सम्मानित स्कॉटिश शिक्षक और धार्मिक लेखक ओसवाल्ड चेंबर मरने वाले स्वयं के दिल तक पहुँचते हैं ताकि मसीह को और अधिक जान सके |

> मुझे अपनी भावनात्मक राय और बौद्धिक विश्वास को लेकर उन्हें पाप की प्रकृति के खिलाफ एक एक नैतिक फैसले में बदलने के लिए तैयार रहना चाहिए; यानी किसी भी दावे के खिलाफ जिस पर मुझे अधिकार है....जैसे ही मैं इस नैतिक निर्णय पर पहुँचता हूँ और उस पर कार्य करता हूँ, जो भी क्रूस पर मेरे लिए पूरा किया गया वह सब मुझ में पूरा हो जाता है | परमेश्वर के प्रति

> मेरी स्वयं की असंयमित प्रतिबद्धता, पवित्र आत्मा को मुझे यीशु मसीह की पवित्रता प्रदान करने का अवसर देती है....मेरा व्यक्तित्व बना रहता है, लेकिन जीने के लिए मेरी प्राथमिक प्रेरणा और प्रकृति जो मुझे नियंत्रित करती है, मौलिक रूप से बदल जाती है।[17]

शरीर को हमारे जीवन पर राज नहीं करना चाहिए। पवित्र जीवन जीने के लिए स्वतंत्रता दी जाती है। अनुग्रह जो पवित्र करता है एक साधन और उपाय है। जो अनुग्रह की यात्रा में पवित्र करने वाला अनुग्रह वास्तव में कैसे काम करता है? उसे अंत में हम अध्याय के बारे में बताते हैं।

यीशु की तरह बनकर

मैं किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में एक कहानी बताना चाहता हूँ जिसे मैं जॉर्ज कहने जा रहा हूँ जो उसका वास्तविक नाम नहीं है। जॉर्ज मेरे चर्च का सदस्य था और बहुत नाखुश व्यक्ति था। वह हमेशा किसी न किसी बात को लेकर परेशान रहता था। उसे संगीत और मेरा प्रचार पसंद नहीं था। उसने कहा कि जिस तरह से उसने बचपन में सुना था मैंने उस तरह से पवित्रता का प्रचार नहीं किया। इसके अतिरिक्त, वह लोगों को विशेष रूप से पसंद नहीं करता था, खासतौर पर नए लोगों को। जॉर्ज ने मुझे सात पेजों का पत्र लिखा, जिनमें कुछ ऐसी भद्दी टिप्पणियाँ थी, जिनकी आप कल्पना कर सकते हैं, उसने न केवल मेरे द्वारा, उसने मेरे पादरी होने के दौरान मेरे द्वारा किए गए हर कदम पर हमला किया बल्कि मेरे इरादों को भी जानना चाहा।

थोड़ी देर के लिए उसकी यह शिकायत थी कि चर्च केवल आंतरिक चीजों पर ही केंद्रित था और बाहरी चीजों पर ध्यान नहीं दे रहा है। फिर जब चर्च नए लोगों से भरने लगा तो उसे अब यह भी पसंद नहीं आया क्योंकि अब वह कहने लगा कि हम उन लोगों की परवाह नहीं कर रहे हैं जो वर्षों यहाँ थे और चर्च के स्थिर होने के लिए जिन्होंने कीमत चुकायी थी। उसने कहा कि हम केवल इसलिए बढ़ रहे हैं क्योंकि हम अन्य चर्चों से भेड़ें चुरा रहे हैं (जो सच नहीं था)। दरअसल, बात यह थी कि जॉर्ज चीजों को बदलना नहीं चाहता था।

एक पादरी के रूप में जॉर्ज ने मेरी भावनात्मक उर्जा का अधिक उपभोग किया। उसने बार-बार चर्च छोड़ने की धमकी दी। मुझे लगता है कि अंदरुनी रूप से वह गहराई से जानता था - कि कोई अन्य चर्च उसे बर्दाश्त नहीं करेगा। आखिरकार,

एक दिन मैंने उसे फोन किया और कहा, "जॉर्ज, तुम जानते हो कि मैं तुमसे प्यार करता हूँ लेकिन कोई और पत्र या ईमेल नहीं भेजना | मैं आपके दिल की बात ईमेल में नहीं सुन सकता, और आप मेरी नहीं सुन सकते | अब से, अगर आपको कोई चिंता या शिकायत हो तो आप उसे आमने-सामने कहे |"

ऐसा लगता था - जैसे चीजें कम से कम कुछ समय के लिए बेहतर हो गई | उसने मुझे कभी दूसरा पत्र नहीं भेजा, लेकिन उसने चर्च में नकारात्मकता फैलाना जारी रखा | यह उस क्षण तक पहुँच गया था कि जॉर्ज एक हमलावर कुत्ते से अधिक एक मच्छर बन गया था - खतरनाक से अधिक कष्टकर |

मेरे लिए सबसे दुखद बात यह थी कि जॉर्ज बदल नहीं रहा था | वह एक कर्कश व्यक्ति था और बहुत समय से था | केवल चर्च में ही नहीं | वह अपनी पत्नी के लिए एक अच्छा पति नहीं था; उसके बच्चे उसके आस-पास नहीं रहना चाहते थे; और उसके जीवन में कोई खुशी नहीं थी | सबसे हैरानी वाली बात यह थी कि वह साठ साल से अधिक वर्षों से चर्च जा रहा था | शायद सबसे बुरा यह था कि कोई भी हैरान नहीं था कि वह बदल नहीं रहा है, और कोई भी इससे विशेष रूप से परेशान नहीं था | उन्होंने, इसे स्वीकार कर लिया था | "ओह, यह सिर्फ जॉर्ज का तरीका है," वह कहते | उसका यीशु की तरह बनने की किसी को भी कोई उम्मीद नहीं थी |

जॉर्ज के बारे में सोचते हुए, मैं यह मानने लगा हूँ कि चर्च के हाल के बारे में जानने के लिए यह प्रश्न गलत है कि, "कितने लोग चर्च में भाग ले रहे हैं? बेहतर प्रश्न, या कम से कम सही दिशा में चलना, यह पूछना होगा कि, "ये सारे लोग कैसे हैं?"[18] जब कोई मसीही बन जाता है, तो उसका लक्ष्य न केवल यह सीखना है कि मसीह का अनुसरण कैसे करें बल्कि यह भी कि वास्तव में मसीह समान जीवन कैसे जिएँ? यह अनुग्रह की यात्रा पर सभी शिष्यता का लक्ष्य है |

शिष्यता का लक्ष्य

जब पौलुस ने सेवकाई के उपहारों को प्रस्तुत किया, तो उसने कहा कि प्रेरित, भविष्यवक्ता, प्रचारक, पादरी और शिक्षक होंगे, लेकिन उनका एकीकृत उद्देश्य "मसीह के देह के निर्माण के लिए प्रेरितों को सेवकाई के काम से सज्जित होना" (इफिसियों 4:12) होगा | शिष्यता के सापेक्ष उन शब्दों में बहुत कुछ उजागर होना बाकी है लेकिन हम देह की अवधारणा से शुरू करते हैं |

देह एक पेचीदा उपमा है क्योंकि जब भी आत्मिक विकास का उल्लेख किया जाता है तो यह धारणा होती है कि वह जीवित है | सभी जीवित चीजें बढ़ती है | मृत चीजें अचल या क्षय रहती है | केवल जीवित चीजें बढ़ती है | निर्जीव चीजें नहीं बढ़ती | फर्नीचर का एक टुकड़ा नहीं बढ़ता | एक चट्टान नहीं बढ़ती | केवल जीव बढ़ते हैं |

एक जीव (1)एक जीवित वस्तु हो सकता है जैसे कि एक पौधा, जानवर, या व्यक्ति या (2) परस्पर आश्रित भागों की एक कार्यप्रणाली जिसमें एक जीवित प्राणी या चीज शामिल होते है | पौधे जीव है | सूरज की रोशनी, पानी और पोषक तत्वों के बिना पौधे नहीं उग सकते | उन्हें अपने विकास को बनाए रखने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता होती है, या वे मर जाते हैं | हमारा मानव शरीर भी जीव हैं | मानव शरीर रचना एक परस्पर आश्रित भागों के कामकाज की एक प्रणाली है जिसे एक साथ काम करने के लिए डिजाइन किया गया है: "देह तो एक है और उसके अंग बहुत से है" (1 कुरिन्थियों 12:12) | जब हमारा कोई अंग सही ढंग से काम नहीं कर रहा होता है तो चाहे वह कितना भी महत्वहीन क्यों न लगे, यह पूरे प्रणाली को बंद कर सकता है और हमारे अस्वस्थ होने का कारण बन सकता है |

जब पौलुस कहता है कि हम मसीह के देह है, तो वह यह संकेत दे रहा है कि चर्च भी एक जीव है, जो गतिशील, जीवित लोगों से बना है | जो परस्पर आश्रित भाग है जो एक साथ काम कर रहे हैं और पवित्र आत्मा की सामर्थ्य से चेतना और स्वास्थ्य के लिए एक दूसरे पर निर्भर है: "इसलिए देह में एक ही अंग नहीं परंतु बहुत से है" (1 कुरिन्थियों 12:14) | जब भाग समग्र रूप से एक साथ काम नहीं कर रहे होते हैं, तो यह बीमार और कमजोर हो जाता है | इसके विपरीत, जब भाग जुड़े होते हैं और पौष्टीक तरीकों से एक साथ बढ़ते हैं तो इसका परिणाम चेतना और स्वास्थ्य होता है, एक आकार बनने लगता है और एक अंतिम लक्ष्य (टेलोस) प्राप्त होता है | हम देह का निर्माण करते हैं, जब तक कि हम सब के सब विश्वास और परमेश्वर के पुत्र की पहचान में एक न हो जाएँ,और एक सिद्ध मनुष्य न बन जाएँ और मसीह के पूरे डील-डौल तक न बढ़ जाए" (इफिसियों 4:13 पर जोर दिया गया) | मसीही सिद्ध मनुष्य का लक्ष्य मसीह का पूरा डील-डौल है - मसीह समानता | दूसरा कोई उद्देश्य नहीं है | इस प्रकार, यह चर्च के लिए है | जब हमारे व्यक्तिगत सदस्य एक साथ आते हैं तो यह मसीह के देह जैसा दिखना चाहिए | इसके साथ-साथ यदि हम पहली बार चूक गए हो तो, पौलुस दोहराता है, "वरन प्रेम से सच्चाई

से चलते हुए सब बातों में उसमें जो सिर है, अर्थात मसीह में बढ़ते जाएँ (इफिसियों 4:15)।

सभी आत्मिक विकास का लक्ष्य, व्यक्तिगत और सामुदायिक रूप से निजी तौर और निगमित रूप से यीशु की तरह अधिक से अधिक बनना है। यीशु की तरह बनने की क्रिया या प्रक्रिया पवित्रता है, और यह पवित्र करने वाले अनुग्रह द्वारा संभव हो पाया है।

पवित्रता वैकल्पिक नहीं है!

ग्रीक भाषा में, पवित्रीकरण शब्द "पवित्र" (हागिओस) से संबंधित है। वैसलीन-पवित्रता की थियोलॉजी यह बताता है कि सुसमाचार की खुशखबरी सिर्फ यह नहीं है कि हम एक दिन परमेश्वर के साथ होंगे, जब हम मरेंगे, बल्कि यह भी है कि परमेश्वर के राज्य में अनंत जीवन का सुझाव अभी के लिए है, जहाँ हम अभी है। परमेश्वर की योजना है कि उसका स्वरूप जो हममें था, जो पतन के कारण भंग हो गया उसे अपने सभी सुंदरता और महिमा के साथ बहाल होना चाहिए ताकि हम हमारे सोच, विचार और कार्य में मसीह की समरूपता को प्रतिबिंबित करते हुए उसकी सर्वश्रेष्ठ कृति बन जाए। इसे पवित्रकरण कहा जाता है, और यही हम बन रहे हैं। यह बढ़ते हुए मसीहियों के लिए वैकल्पिक नहीं है।

जब हम एक कार खरीदते हैं तो हमें विक्रेता द्वारा सूचित किया जाता है कि उसमें मानक उपकरण और वैकल्पिक सामग्री है। हम जानते हैं कि हमें एक स्टीयरिंग व्हील, सीट बेल्ट और एक रियर व्यू मिरर मिलने जा रहा है क्योंकि यह सब मानक उपकरण है - जो हर कार में होता है। हालॉकि अगर हम स्वचालित खिड़कियाँ, मिश्र धातु (अलोय) के पहिए और सनरूफ चाहते हैं तो हमें पूछना होगा क्योंकि वे वैकल्पिक सामग्री है, क्योंकि वे हर कार में नहीं पाए जाते हैं। पवित्रीकरण, यीशु के शिष्यों के लिए एक वैकल्पिक सामग्री नहीं है। यह हर एक मॉडल के लिए मानक उपकरण है। यीशु जैसा बनना अपेक्षित है क्योंकि विकास एक विकल्प नहीं है। हम हमेशा से किसी चीज की ओर बढ़ रहे होते हैं - हमेशा आत्मिक बनने की प्रक्रिया में।

दोबारा पौलुस रोमियों 12 में इस बात की पुष्टि करता है, जब वह कहता है, "इस संसार के अनुरूप न बनो, परंतु तुम्हारे मन के नए हो जाने से तुम्हारा चाल चलन भी

परिवर्तित हो जाए जिससे तुम परमेश्वर की भली, और भावती और सिद्ध इच्छा अनुभव से मालूम करते रहो" (12:2) | अनुरूप या परिवर्तित - वे हमारे केवल दो विकल्प है | यदि हम परमेश्वर की नवीकरण ताकत द्वारा परिवर्तित (पूरी तरह से) नहीं हो रहे है तो हम परमेश्वर के विरोध में कार्य करने वाली ताकतों द्वारा जो कि दुनिया में हर जगह है, उसके अनुरूप (आकार और ढ़ालना) बनते जा रहे हैं | सवाल यह नहीं है कि आप आत्मिक रूप से क्या बनने जा रहे है; तुम्हें क्या बनाएगा? यदि परमेश्वर हमारा गठन नहीं कर रहा है तो हमारा एक आत्मिक शत्रु है - एक विरोधी, बुरा जो हमारे जीवन को आकार देने में पूरी तरह से खुश है |

सामान्य शब्दों में कहा जाए तो परमेश्वर से अलग दुनिया लोगों को विकृत और कुरूप कर देती है | परमेश्वर सुधार और परिवर्तन करता है | इसीलिए यीशु की तरह पवित्र बनना - इतना महत्वपूर्ण है | पवित्र शास्त्र से लिए गए ये कुछ शब्द मानव जीवन के लिए परमेश्वर की इच्छा को बेहतर ढंग से संक्षेप में प्रस्तुत करते हैं: "क्योंकि परमेश्वर की इच्छा यह है कि तुम पवित्र बनो" (1 थिस्सलुनिकियों 4:3) और "सबसे मेल-मिलाप रखो, और उस पवित्रता के खोजी हो जिसके बिना कोई प्रभु को कदापि न देखेगा" (इब्रानियों 12:14) | शांति और पवित्रता को आगे बढ़ाने की आज्ञा का अर्थ है कि निष्क्रियता पर कार्यवाही | किसी व्यक्ति के आत्मिक विकास को पवित्रीकरण, या पवित्रता कहा जाता है | प्रारंभिक पवित्रीकरण और संपूर्ण पवित्रीकरण एक समान नहीं है, लेकिन सभी पवित्रीकरण का लक्ष्य यीशु की तरह बनना है | यह प्रत्येक मसीही के जीवन के लिए परमेश्वर की इच्छा है क्योंकि यदि हम "हर तरह से उसमें जो मसीह में सिर है" नहीं बढ़े तो हम पवित्र प्रेम के अलावा किसी और चीज से बन रहे हैं (इफिसियों 4:15) |

आत्मिक विकास के लिए एक समीकरण:

शिष्यता कोई विकल्प नहीं है | अधिकांश मसीही उस बिंदु पर बहस नहीं करेंगे | वास्तविक प्रश्न यह है कि यह विकसित कैसे होता है? अपनी पुस्तक "रीथिंकिंग द चर्च" में जेम्स एमरी व्हाइट बताते हैं कि शिष्यता की प्रक्रिया के बारे में कितने लोग विश्वास करते हैं | वह सूत्र जिसे वह प्रदान करते हैं, वह गणित के समीकरण के रूप में दिया जाता है:

उद्धार + समय + व्यक्तिगत अनुप्रयोग = जीवन परिवर्तन

सूत्र चार मान्यताओं के आधार पर विकसित होता है: (1)जीवन परिवर्तन उद्धार में होता है; (2) यह समय के साथ स्वाभाविक रूप से होता रहता है; (3) यह बहुत हद तक इच्छा के द्वारा प्राप्त किया जाता है; और (4) यह बेहतर ढंग से अकेले पूरा किया जाता है।[19] आइए हम प्रस्तावित परिकल्पना को ध्यान से देखें।

सबसे पहले, "उद्धार"। उद्धार हमारे होने (फिर से जन्म लेने) का एक ऐसा मौलिक परिवर्तन है कि दिल का एक तत्काल परिवर्तन हो जाता है जो इच्छाओं, आदतों, दृष्टिकोण और चरित्र के एक चमत्कारी रूपांतरण में जारी करता है। मसीही पैदा होते हैं, बनते नहीं। चूँकि उद्धार परमेश्वर के साथ हमारे संबंधों की स्थिति को बदलता है, हमारे अनंत भाग्य को बदल देता है, और हमारे जीवन में पवित्र आत्मा की सामर्थ्य और कार्य का परिचय देता है, तो तत्काल और महत्वपूर्ण विकास की उम्मीद है। वह उद्धार पूर्वधारणा है।

दूसरा "समय"। यद्यपि परिवर्तन की प्रक्रिया रूपांतरण पर होती है, तो यह जाहिर है कि एक व्यक्ति पूरी तरह से विकसित नहीं होता जब वह मसीही बन जाता है। व्हाइट कहते हैं कि अभी भी प्रतिरोध और स्वार्थ आंशिक रूप से बचे हुए है, लेकिन समय के बीतने के साथ इन्हीं बातों पर ध्यान दिया जाता है।[20] इसलिए सूत्र इस प्रकार है कि पाँच साल के मसीही में पाँच साल की आत्मिक परिपक्वता होगी और दस साल के मसीही में दस साल की परिपक्वता होगी और इसी तरह से जारी रहेगा। विश्वास मदद नहीं कर सकता लेकिन समय के साथ बढ़ता है, इसलिए बस हमें इतना करना है कि बाइबिल पढ़े और जितना संभव चर्च में भाग ले और आत्मा का फल कई गुना बढ़ जाएगा और हम और अधिक यीशु की तरह बन जाएंगे। वह समय की पूर्वधारणा है।

तीसरा, "व्यक्तिगत अनुप्रयोग"। यह एक व्यक्ति की इच्छाशक्ति से संबंधित है। विचार यह है कि समय के साथ स्वाभाविक रूप से जो कुछ नहीं होता वह दृढ़ संकल्प और मानव प्रयास द्वारा पूरक होगा। एक व्यक्ति को सिर्फ इतना करने की जरूरत है कि वह किसी कार्य को एक निश्चित तरीके से जीने का निर्णय लें (और थोड़ी दृढ़ता दिखाए) - क्योंकि मसीही जीवन इरादों के कार्य द्वारा स्थिर है। पर्याप्त समय और हमारी इच्छाशक्ति आत्मा के फल का उत्पादन करेगी। वह व्यक्तिगत अनुप्रयोग की पूर्वधारणा है।

अंतिम, "बेहतर ढंग से अकेले पूरा किया जाता है" | शिष्यता के समीकरण की अंतिम धारणा स्वतंत्रता है, या की यीशु मसीह के साथ एक व्यक्तिगत संबंध, निजी संबंध के समान है |[21]

इसी प्रकार समीकरण चलता है लेकिन हम शायद ही कभी यह पूछने के लिए परेशान होते हैं कि क्या वे मान्यताएं वैध है? क्या इस तरह से शिष्यता होती है? क्या हम उद्धार के बाद अपने आत्मिक जीवन में स्वत: विकसित होने लगते हैं? जब कोई मसीही बन जाता है तो क्या आदतों, दृष्टिकोणों और चरित्र परिवर्तन का तात्कालिक, गहराई से परिवर्तन होता है? क्या मसीही लोग सिर्फ समय और सिर्फ इच्छाशक्ति से बढ़ते हैं? क्योंकि परमेश्वर के साथ हमारा संबंध व्यक्तिगत है, तो क्या यीशु के शिष्यों के लिए एकल काम करना बेहतर है? अगर यह धारणाएं सही है तो, चर्च में इसके पर्याप्त सबूत होने चाहिए | व्हाइट बताते हैं अगर यह सही है, तो साधारणतया समीकरण पर काम करने पर लगातार समान परिणाम मिलने चाहिए: व्यक्तिगत मसीह और मसीह का देह हमारी सोच, बोलने और कार्य में अधिक से अधिक यीशु के तरह बन रहा है |[22] हालाँकि, कुछ महत्वपूर्ण कारण है कि सूत्र पूरी तरह से पूरा नहीं है |

शुरुआत के लिए, यीशु के शिष्य जन्म और निर्मित दोनों है | बचाने वाला अनुग्रह, परमेश्वर के साथ हमारे संबंधपरक स्थिति और अनंत भाग्य को बदल देता है और हमारे जीवन में पवित्र आत्मा की सामर्थ और कार्य को परिचय कराता है | हालॉकि, जैसा हम नए नियम की शिक्षाओं से देखते हैं, नए मसीही अभी भी चरित्र में परिपक्व नहीं हुए हैं | एक मसीही होने का यह अर्थ नहीं कि हम स्वचालित रूप से मसीही समान बन जाएं | विकास की आवश्यकता है | विशिष्ट कार्यों के माध्यम से समय के साथ गुण बढ़ता है |[23] इन वास्तविकताओं के प्रकाश में, आइए हम इस बात पर अधिक विचार बाइबिल की रूपरेखा द्वारा करें कि आत्मिक विकास कैसे पवित्र अनुग्रह के माध्यम से होता है:

1. आत्मिक विकास उद्धार में शुरु हो सकता है, लेकिन हम अपने जीवनभर अनुग्रह में वृद्धि करना जारी रखते हैं | पवित्रीकरण और संपूर्ण पवित्रकरण के बीच अंतर है | हमेशा से यह बहस रहती है कि पवित्रीकरण तत्काल है या धीमा? क्या कोई महत्वपूर्ण क्षण है, या एक प्रक्रिया है? इसका उत्तर दोनों ही है |[24] पवित्र करने वाला अनुग्रह उस क्षण में आरंभ हो जाता है जब हम बचाने वाले अनुग्रह का

अनुभव करते हैं। थियोलॉजियन (धर्म शास्त्री) इसे "प्रारंभिक पवित्रीकरण" के रूप में संदर्भित करते हैं, जिसके बाद अनुग्रह में आत्मिक विकास होता है, जब तक हमारी तरफ से पूर्ण अभिषेक और पूर्ण आत्मसमर्पण के एक क्षण में - परमेश्वर हृदय को शुद्ध और साफ करते हैं। यह संपूर्ण पवित्रीकरण या "मसीही पूर्णता" के रूप में संदर्भित एक अनुभव है।[25] हालांकि, यहाँ तक कि परमेश्वर के लिए पूर्ण अभिषेक के उस क्षण के बाद भी, हम अनुग्रह में वृद्धि करना जारी रखते हैं और जब तक हम रहते हैं तब तक बढ़ना कभी नहीं रोकते हैं।

चर्च ऑफ द नाजरीन के लिए विश्वास कथन निर्दिष्ट करता है: हमारा मानना है कि शुद्ध हृदय और परिपक्व चरित्र के बीच एक स्पष्ट अंतर है। शुद्ध हृदय एक पल में प्राप्त होता है, संपूर्ण पवित्रीकरण के परिणाम स्वरुप; परिपक्व चरित्र, अनुग्रह में विकास के परिणाम स्वरूप प्राप्त होता है।" जब हम विश्वास में पूर्ववर्ती अनुग्रह में प्रतिक्रिया करते हैं, तो हम बचाने वाले अनुग्रह को प्राप्त करते हैं। हमारी प्राथमिकताओं का एक मौलिक पुनर्विन्यास है, हमारी इच्छाओं का पुनर्गठन और पवित्र आत्मा की शक्ति और कार्य हमारे जीवन में हर जगह है। हर हानिकारक आदत, चरित्र दोष, या बुरे स्वभाव से हमें तुरंत मुक्ति दिलाने के बजाय, परमेश्वर हमें जो वह बनाना चाहता है, उसे आकार देने के लिए काम करना जारी रखा है। सभी मसीही शिष्यता का लक्ष्य अधिक से अधिक यीशु की तरह बनना है। इसीलिए पौलुस कारण देता है कि जिस प्रकार हम बच्चों को बच्चे बने रहने की उम्मीद नहीं करते हैं, हम चाहते हैं कि वे बड़े हो जाएं और पूर्ण रूप से कार्यशील वयस्कों की तरह परिपक्व हो जाएं, उसी प्रकार हमें यह भी उम्मीद करनी चाहिए कि मसीही भी आत्मिकता में बच्चे ही बने न रहे। आत्मिक विकास उद्धार में शुरू होता है लेकिन हम अपने पूरे जीवन के माध्यम से अनुग्रह में बढ़ते रहते हैं। आज जो हम हैं, हम अगले वर्ष, उससे अधिक मसीह समान दिखना, कार्य करना और सोचना चाहिए। इस प्रकार हम पवित्र करने वाले अनुग्रह के द्वारा प्रगति करते हैं।

2. आत्मिक विकास में समय से अधिक शामिल होता है। या तो मेरे अधिकांश मित्र नहीं जानते, या वे भूल गए हैं कि मैं पियानो बजा सकता हूँ। मैं चालीस से अधिक वर्षों से पियानो बजा रहा हूँ। जब मैं दस साल का था, मैं हर दिन सबसे अधिक पियानो का अभ्यास करता था (अपनी माँ की देखरेख में, जिन्होंने फुटबॉल से अधिक पियानो को अधिक महत्व दिया)। अब मैं बहुत कम बार बजाता हूँ - लगभग साल में एक बार। यदि कोई मुझसे पूछे कि मैं कितने समय से पियानो बजा

रहा हूँ, तो मेरे लिए चार दशक कहना सच होगा, लेकिन बाकी की कहानी यह है कि इन चार दशकों में मैंने इच्छानुरूप इसका अभ्यास नहीं किया | चर्च में बच्चे हैं जो कुछ वर्षों से ही पियानो बजा रहे हैं लेकिन वे मुझसे अच्छा बजा सकते हैं, भले ही मैं तकनीकी रूप से उनसे अधिक समय से बजा रहा हूँ |

हमारे जीवन का भी कुछ ऐसा ही है | सिर्फ जानकारी के संपर्क में आने का मतलब यह नहीं है कि लोग उसे ग्रहण कर ले, इसे समझे, इसे गले लगाएं और इसे जिएं | हालांकि यह सच है कि आत्मिक विकास में समय लगता है, यह सच नहीं है कि पवित्र करने वाला अनुग्रह स्वाभाविक रूप से समय का उत्पाद है या यहाँ तक कि मसीही संस्कृति के संपर्क में आने का उत्पाद भी नही |[26] चर्च ऐसे लोगों से भरे हुए है, जो कई वर्षों से मसीही है - फिर भी उनके जीवन यीशु की आत्मा को बहुत कम प्रतिबिंबित करते हैं | वे आलोचनात्मक, कर्कश, निंदक, नकारात्मक और स्वार्थी है | उनमें से कई मेरी पूर्व मंडली के जॉर्ज के समान है: वे प्रत्येक वर्ष यीशु की तरह अधिक से अधिक नहीं बन रहे हैं | कारण बहुत सरल है |

3. बेहतर विकास सिर्फ समय संबंधित सवाल नहीं है, क्योंकि यह परमेश्वर और इच्छानुरूप प्रशिक्षण के साथ सहयोग हैं | इब्रानियों का लेखक कहता है, "समय के विचार से तो तुम्हें गुरु हो जाना चाहिए था, तौभी यह आवश्यक हो गया कि कोई तुम्हें परमेश्वर की वचनों की आदि शिक्षा फिर से सिखाए | तुम तो ऐसे हो गए हो कि तुम्हें अन्न के बदले अब तक दूध ही चाहिए | क्योंकि दूध पीने वाले बच्चों को तो धर्म के वचन की पहचान नहीं होती, क्योंकि वह बालक है | पर अन्न सयानों के लिए है, जिनकी ज्ञानेंद्रियों अभ्यास करते-करते भले बुरे में भेद करने में निपुण हो गई है | इसलिए आओ मसीह की शिक्षा की आरंभ की बातों को छोड़कर हम सिद्धता की और बढ़ते जाएँ (इब्रानियों 5:12, 6:1 में जोर दिया गया है)[27] | "समय के विचार से" वाक्यांश के आधार पर हम यह मान सकते हैं कि पवित्र शास्त्र का यह भाग उन विश्वासियों को लिखा गया था जो कुछ समय से ही मसीही रहे थे | उनके वचनों और उनके उदाहरण के माध्यम से अनुग्रह की यात्रा के गुरु बनने के बजाय वे अभी भी शिशु का खाना खा रहे थे | सयानों का आहार खाने और एक परिपक्व मसीही बनने का रास्ता खुद को धार्मिकता में प्रशिक्षित करने के द्वारा है - प्रशिक्षण जो उन्हें सही और गलत के बीच के अंतर को पहचानने और अच्छे और बेहतर के बीच अंतर करने में मदद करेगा | यह मसीही पूर्णता की ओर या मसीह में एक परिपक्वता की

ओर जा रहा है, जो पश्चातापी विश्वासियों को देह के उन पहलूओं से अलग होने की अनुमति देता है जो अभी भी उनके दिल में है |[28]

इब्रानियों की पत्री में "अभ्यास द्वारा निपुण" वाक्यांश दिलचस्प है | इसका तात्पर्य इच्छुनुरूप किए गए प्रयास से है, और इसका अर्थ यह है कि मसीही, मसीह में अपने आत्मिक विकास में भाग लेते हैं | अन्य उदाहरण: "अपने आपको समर्थ बनाओ! अपने विश्वास को बढ़ाओ | दौड़ में भागो! अपने हृदय की रक्षा करो |" ये सभी संसार में वह करने के बाइबिल पर आधारित जनादेश है जो परमेश्वर हमारे अंदर कर रहे हैं | इस प्रशिक्षण को विशिष्ट अभ्यासों या अनुग्रहों के साधन द्वारा पूरा किया जाता है - जिसे जॉन वेसली ने धार्मिकता के कार्य और दया के कार्य कहा है |[29] धार्मिकता के कार्य में अनुग्रह के संस्थापित साधन शामिल है, जैसे प्रार्थना, बाइबिल पढ़ना, उपवास, प्रभु भोज प्राप्त करना, बपतिस्मा लेना और अन्य मसीहीयों के साथ समय बिताना | दया के कार्य दूसरों की सेवा करते समय भी अनुग्रह का एक साधन है, जैसे "भूखे को खाना खिलाना, नग्न को वस्त्र पहिनाना, अजनबी का भी स्वागत करना, उन लोगों से मिलने जाना जो जेल में है या जो बीमार है, और अशिक्षित को समझाना" |[30] उन्हें उपहार के रूप में ग्रहण करने पर भी, हम अनुग्रह के साधनों का अभ्यास करते हैं: हमारी भागीदारी आवश्यक है |[31]

फिर भी, हमें सावधान रहना चाहिए की भागीदारी के साथ नियंत्रण को भ्रमित न करें | हम अपने आत्मिक विकास को नियंत्रित नहीं करते - या उसे उत्पन्न करते हैं | कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें हम नियंत्रित कर सकते हैं | हम फोन कॉल कर सकते हैं, अपनी गाड़ी चला सकते हैं, या घूमने जा सकते हैं | ऐसी भी चीजें है जिनके बारे में हम कुछ नहीं कर सकते | हम मौसम नहीं बदल सकते | हम अपने खून का गुणधर्म (जीन्स) नहीं बदल सकते | ऐसी चीजें जिन्हें हम नियंत्रित कर सकते हैं और ऐसी चीजें जिन पर नहीं - दोनों ही मौजूद है |

हालांकि एक तीसरी श्रेणी भी है; जिन चीजों को हम नियंत्रित नहीं करते लेकिन उनके साथ सहयोग कर सकते हैं | सोने के बारे में सोचे | यदि आपके बच्चे हैं तो, आप उन्हें सोने जाने के लिए कहने से परिचित होंगे | कभी-कभी वह यह कहकर जवाब देंगे, "मुझसे नहीं हो रहा!" वह आंशिक रूप से सही है | वह खुद को उसी तरह से सोने पर मजबूर नहीं कर सकते जिस तरह से आप एक फोन कॉल कर सकते हैं |माता-पिता के रूप में, हम अपने बच्चों को विश्वास दिलाते हैं कि वे सोने

के लिए कुछ चीजें कर सकते हैं | वह सोने के लिए तैयारी कर सकते हैं | वह बिस्तर पर लेट सकते हैं, लाइट को बंद कर सकते हैं, अपनी ऑखें बंद कर सकते हैं, धीमे संगीत को सुन सकते हैं, और नींद आ जाएगी | वह इसे नियंत्रित नहीं कर सकते लेकिन वे असहाय नहीं है | वह खुद को नींद के लिए तैयार कर सकते हैं और उसे उन पर धीरे-धीरे काम करने दे सकते हैं | ऐसा ही आत्मिक विकास के साथ भी है | हम अपने आप पवित्र नहीं कर सकते हैं या खुद को यीशु के समान नहीं बना सकते | पवित्र प्रभु ही हमें पवित्र बनाता है | परमेश्वर हमारा पवित्रकर्ता है | हालांकि, हमारे उद्धार में सहयोग आवश्यक है | हम स्वयं को नहीं बचाते लेकिन हम बचाने वाले अनुग्रह को ग्रहण करना चाहिए |

शिक्षता के प्रख्यात शिक्षक डलास विलार्ड ने प्रसिद्ध रूप से कहा, "अनुग्रह प्रयास का विरोध नहीं है; यह कमाई का विरोध है |"[32] अनुग्रह उत्थान, औचित्य और क्षमा से अधिक के लिए है | शिष्यता की संपूर्ण यात्रा के लिए अनुग्रह की आवश्यकता है | फिर भी, शायद हमारे समय का बड़ा खतरा यह नहीं है कि हम यह सोचे कि हम अपने शिष्यता की यात्रा में बहुत कुछ कर रहे हैं, बल्कि यह मानना है कि हमें कुछ नहीं करना है | निष्क्रियता वैद्यता जीतनी खतरनाक हो सकती है | जब पौलुस अपने पुराने स्वयं को उतारने और नए को धारण करने के लिए कहता है, तो निश्चित रूप से इसका मतलब है कि हमें इसे परमेश्वर की सहायता से करना चाहिए | पौलुस इस पर असम्मत है; भक्ति की साधना कर" (1 तीमुथियुस 4:7), और दोबारा "क्या तुम नहीं जानते की दौड़ में तो दौड़ते सब ही है, परंतु इनाम एक ही ले जाता है? तुम वैसे ही दौड़ो कि जीतो" (1 कुरिंथियों 9:24) |

अनुग्रह का अर्थ है कि परमेश्वर ने वह सब कुछ किया है जो हम अपने लिए नहीं कर सकते थे, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि हम ऐसे उपभोक्ता बन गए हैं जो रिश्ते में कुछ भी योगदान नहीं देते हैं | यह गलत विचार कई मसीहियों के शिष्यता से दूर रहने के दृष्टिकोण और परिणाम स्वरूप आत्मिक विकास और परिपक्वता की कमी को दर्शाता है | इस प्रकार, डलास विलार्ड ने यह भी कहा, "हम जानते हैं जैसा कि यीशु कहते हैं, "मेरे बिना, तुम कुछ नहीं कर सकते हो (मत्ती 15:5) | लेकिन हमें बेहतर विश्वास था कि उस वचन का पिछला पक्ष यह कहता है, "यदि तुम कुछ नहीं करते तो यह मेरे बिना होगा" | और इसी भाग को सुनने में हमें बहुत कठिनाई होती है |"[33] हम उन गतिविधियों, विषयों और अभ्यासों के बारे में अपने जीवन को पुनः व्यवस्थित करके परमेश्वर की सक्रिय कृपा के साथ सहयोग करते हैं जो यीशु

मसीह द्वारा प्रतिरुपित किए गए थे। इसके अलावा हम अपने पवित्रीकरण को अर्जित करने के लिए उसमें भाग नहीं लेते हैं बल्कि प्रशिक्षण के माध्यम से वह पूरा करने के लिए जो हम कभी भी "कठिन प्रयास" करने से नहीं कर पाते।

4. आत्मिक विकास एक सामुदायिक प्रयास है। पश्चिमी पाठक अनुग्रह की यात्रा के पौलुस के विवरण के सामुदायिक जोर से आश्चर्यचकित होते हैं, हालांकि कई गैर-पश्चिमी संस्कृतियों को पहले से ही पता है कि हम अकेले इस रास्ते पर नहीं चल सकते। उसके चर्च से संबंधित सर्वोच्च थियोलॉजिकल लेख में से फिर पढ़ना: "वह (मसीह) सारी देह को एक साथ मिलाकर गठ देता है। जैसा हर एक अंग स्वयं का विशेष कार्य करता है वैसे ही वह अन्य अंगों को वृद्धि करने में मदद करता है, ताकि संपूर्ण शरीर स्वस्थ रहें, बढ़ता रहे और प्रेम में बढ़ता रहे" (इफिसियों 4:16 में जोर दिया गया है)। जितने अप्रत्याशित ये वचन उन संस्कृतियों के लिए है जो कि व्यक्तिवादी आत्मिकता सहित, व्यक्तिवाद की वेदी पर नमन करने के आदी है, पौलुस उतना ही खेदहीन है कि हमारी शिष्यता कभी भी एक एकल कृत्य नहीं था। शरीर का प्रत्येक "भाग" (व्यक्तिगत) महत्वपूर्ण है और प्रत्येक करने के लिए एक विशेष कार्य है, लेकिन सभी व्यक्तिगत कार्यों का एक संयुक्त उद्देश्य है: अन्य भागों को बढ़ने में मदद करना।

यह पवित्र "तालमेल" (सीनर्जी) हैं। "सीनर्जी" शब्द ग्रीक शब्द सिनजोर्स, से लिया गया है जिसका अर्थ है "एक साथ काम करना"। ऐसा कहा गया है कि एक पूरा काम उसके हिस्सों के व्यक्तिगत जोड़ से अधिक है या यह कि व्यक्तिगत भागों का संयोजन अकेले के मुकाबले अधिक प्रभाव पैदा करता है। तालमेल प्रकृति, व्यवसाय, खेल और पारिवारिक संबंधों में पाई जाती है। यह परस्पर निर्भरता, पारस्परिकता और परस्पर व्यवहार की शक्ति है।[34]

पारस्परिकता का एक लोकप्रिय उदाहरण ज़ेबरा और ऑक्सपेकर्स नामक बहुत छोटे पक्षियों के बीच का संबंध है। ऑक्सपेकर्स ज़ेबरा की पीठ के फुटकी (जूँ) को खाते हैं, एक प्रकार के कीट नियंत्रण के रूप में कार्य करते हैं; जब वे भयभीत होते हैं तो वे सिसकी की आवाज निकालते हैं, जब शिकारी नजदीक होते हैं तो वे ज़ेबरा के लिए अलार्म सिस्टम के रूप में कार्य करते हैं। ज़ेबरा पक्षियों के लिए बहुत सारे भोजन की आपूर्ति करता है; पक्षी अच्छी स्वच्छता और स्वास्थ्य देखभाल के साथ

ज़ेबरा की आपूर्ति करते हैं | ये दो जानवर कई तरीके से पूरी तरह अलग है, लेकिन उन दोनों को पनपने के लिए एक दूसरे की जरूरत है |

तालमेल भी एक स्वस्थ शरीर, जो विकसित हो रहा है और परिपूर्ण प्रेम से भरा है, का माप है (जिसे ग्रीक में अगापे कहते हैं) | जवाबदेही, प्रोत्साहन, चेतावनी, मध्यस्था की प्रार्थना और समर्थन अन्य लोगों के अलावा असंभव है | हम एक पवित्र लोग बनते हैं | हम समुदाय में सबसे स्पष्ट रूप से परमेश्वर की आवाज सुनते हैं | प्रेम तब तक सतही होता है जब तक कि वो वास्तविक रिश्तों के संदर्भ में जिया न जाए | अनुग्रह की यात्रा एक सामूहिक कार्य है![35]

इसलिए वे यहाँ है, साथ में | शिष्यता में वृद्धि के लिए दो अलग-अलग समीकरण |

प्रसिद्ध समीकरण:

उद्धार + समय + व्यक्तिगत इच्छाशक्ति = आत्मिक विकास

पवित्रता समीकरण:

अनुग्रह + परमेश्वर के साथ सहयोग + मसीही समुदाय = मसीही समानता

मसीहियों को अनुग्रह में बढ़ने के लिए बुलाया गया है | जो यह कहने का एक और तरीका है कि हमें यीशु की समानता में विकसित होना चाहिए | हम मसीह से नया जीवन प्राप्त करते हैं ताकि हम मसीह में विकसित हो सके | परमेश्वर पुनर्निर्माण और पुन:आकार देता है | यह पवित्र करने वाला अनुग्रह है | मैं किसी और को नहीं जानता जो इसे सी. एस. लूईस से अधिक अनोखे ढंग से कहता है:

> अपने आप को एक जीवित घर के रूप में कल्पना करें | परमेश्वर उस घर के पुनर्निर्माण के लिए आते हैं | आरंभ में, शायद आप समझ सकते कि वो क्या कर रहे है | वह नालियों को सही करते हैं और छत के रिसाव को रोकते हैं और इसी तरह से; आप जानते थे कि वे चीजें करने जरूरी थी और इसलिए आप अचंभित नहीं है | लेकिन वर्तमान में वह घर को इस तरह से तोड़ते है कि वह बुरी तरह से तकलीफ देता है और उसका कोई अर्थ नहीं बनता है | वह क्या कर रहे है? स्पष्टीकरण यह है कि वह आपके सोच से अलग घर बना रहे हैं - एक नए विंग को बना रहे हैं, वहाँ पर एक अतिरिक्त फर्श डाल रहे हैं, मीनार (टावर) बना रहे हैं, और आंगन बना रहे हैं, आपको लगा कि आप एक सभ्य झोपड़ी बन रहे हैं: लेकिन वह एक महल का निर्माण कर रहे हैं | वह स्वयं

इसमें आने और रहने का इरादा रखते हैं।[36]

परमेश्वर न केवल हमें बचाते हैं, बल्कि वह हमें बदल भी देते हैं। वह हमें स्वीकारते हैं, जहाँ हम हैं पर हम से पर्याप्त प्रेम करते हैं कि हमें वहाँ न छोड़ दे। वह पुन:विचार, पुन:निर्मित और पुनःआकार देते हैं। जब हम अपने आप को पूर्ण अभिषेक और परमेश्वर पिता के सामने पूर्ण समर्पण करने की पेशकश करते हैं, तो परमेश्वर पवित्र आत्मा हमारे हृदयों को शुद्ध और पवित्र करते हैं। और हमें परमेश्वर पुत्र के स्वरूप में बदल देते हैं। हम अपने विचारों, शब्दों और कर्मों में मसीह के समान बन जाते हैं। हमारा घर नए प्रबंधन के अधीन है।

"पवित्रता का अर्थ है कि आपके जीवन का हर एक कोना यीशु मसीह के नियंत्रण से वंचित नहीं है।"[37] हम अपने हाथों को स्टीयरिंग व्हील से हटाए और यीशु को प्रभारी बनने दे और आदेश देने दे। हम कहते हैं, "आप मेरे उद्धारकर्ता (उद्धार) रहे है; अब मैं अपना घुटना झुकाता हूँ और आपको अपना प्रभु (पवित्रीकरण) बनाता हूँ।" हम एक पवित्र उद्देश्य के लिए अलग किए गए हैं, और परमेश्वर का परिपूर्ण प्रेम हमारे माध्यम से बहना शुरू हो जाता है। हम अपने संपूर्ण हृदय, मन और ताकत के साथ परमेश्वर से और अपने पड़ोसियों को अपने समान प्यार करना शुरू कर देते हैं।

संपूर्ण पवित्रीकरण परिभाषित

संपूर्ण पवित्रीकरण का क्या अर्थ है पर कुछ अंतिम शब्द। "संपूर्ण" हमारे अंदर परमेश्वर के पूर्ण को संदर्भित नहीं करता है, लेकिन एक बहुत ही वास्तविक अर्थ में, यह पूर्णता है। परमेश्वर हमारे भीतर और हमारे ऊपर लगातार काम करता है, इसलिए उस अर्थ में, हमारे जीवन की सर्वश्रेष्ठ कृति सभी चीजों के अंतिम पुनरुत्थान तक चल रही है, जिसमें हमारा गौरव भी शामिल है।[38] हम पूरे हैं और पवित्र करने वाले अनुग्रह द्वारा उस क्षण में जितना "पूरी तरह से पूर्ण" हो सकते हैं। हमारे जीवन शालोम के उत्कृष्ट भव्यता द्वारा चिन्हित होता है। शालोम वह है जो हमारे परमेश्वर सृष्टि में सृजन और हमारे जीवन में आकृति प्रदान कर रहा है। शालोम का अर्थ निश्चित रूप से शांति है, लेकिन इसका अर्थ पूर्णता, परिपूर्णता, एकता और लक्ष्य (टेलोस) के साथ सद्भाव में काम करने वाला प्रत्येक भाग भी है जिसके लिए हम बनाए गए थे।

संपूर्ण पवित्रीकरण जैसा कि हमने पहले चर्चा की थी, आत्म-केंद्रित अस्तित्व (देह) के निरंतर त्याग और परमेश्वर के रास्तों और इच्छाओं के प्रति गैर प्रतिरोधी आज्ञाकारिता के निरंतर प्रस्तुतीकरण का जीवनकाल है। जैसा कि यीशु ने बड़ी सटीकता के साथ कहा:

"यदि कोई (शिष्य) मेरे पीछे, आना चाहे, तो अपने आप (देह) से इंकार करें और प्रतिदिन अपना क्रूस उठाए हुए मेरे पीछे हो ले" (लूका 9:23)[39]। इस तरह के क्रूस-केंद्रीत जीवन का परिणाम परमेश्वर और पड़ोसी के लिए पूर्ण प्रेम में प्रकट होने वाली मसीही समानता है।

मैं नाजरीन थियोलॉजीयन एच. रे डनिंग द्वारा दी गई संपूर्ण पवित्रीकरण की एक अधिक संक्षिप्त परिभाषा को खोजने में असमर्थ रहा हूँ, विशेष रूप से जैसा कि हमने अनुग्रह की यात्रा के संदर्भ में यहाँ व्याख्या करने की कोशिश की है:

> संपूर्ण पवित्रीकरण की पहचान उचित रूप से पूरे व्यक्ति के पवित्रीकरण के रूप में भी की जा सकती है जो परमेश्वर के स्वरूप को ध्यान में रखता है जैसा कि मानव स्वभाव के हर पहलू में प्रकट होता है: शरीर, प्राण, आत्मा, हृदय और मन। एक पूर्ण अधिनियम के बजाय यह पवित्र आत्मा की सामर्थ द्वारा "पुराने (व्यक्ति)" को "स्थगित करने" की लगातार विकसित होने वाली प्रक्रिया की शुरुआत की ओर संकेत करता है। जो कि, जैसा डब्ल्यू. एम. ग्रेटहाउस व्याख्या करते हैं, "वर्तमान के बुरे युग" के निवासी है और "नए (व्यक्ति)" को "धारण करने" से सह-संबंधित है जो आने वाली युग की अभिव्यक्ति है।[40]

"नए व्यक्ति को धारण करने" के विचार को अध्याय 5 में अधिक अच्छी तरह से पता लगाया जाएगा। हालांकि हमें एक सरल प्रश्न के साथ, पवित्र करने वाले अनुग्रह और संपूर्ण पवित्रता के हमारे संक्षिप्त सार की चर्चा को समाप्त करना चाहिए: किस उद्देश्य के लिए? इस वांछित पवित्रता की आवश्यकता क्यों है? इस तरह के मसीही समानता से चिन्हित जीवन का प्रमाण क्या होगा?

हम पूर्ण प्रेम की ओर लौटते हैं। संपूर्ण पवित्रता नैतिकता की चरम सीमा नहीं है। यह आत्म-प्रेम का उच्चतम रूप है। संपूर्ण पवित्रता पवित्र प्रेम है जो हम में पूर्ण है। वेसली ने संपूर्ण पवित्रता को पूर्ण प्रेम के रूप में परिभाषित किया। यह पवित्रता पर उनके शिक्षण का अद्वितीय आशय था। मिल्ड्रेड बैग्स विनकूप इस बात का दावा

करते हुए कहते हैं: वेसली की मसीही सच्चाई के किसी भी भाग की चर्चाओं ने उसे शीघ्रता से प्रेम की ओर अग्रसर किया: "परमेश्वर प्रेम है": | प्रायश्चित का हर पहलू प्रेम की अभिव्यक्ति है; पवित्रता प्रेम है; 'धर्म' का अर्थ प्रेम है | मसीही पूर्णता प्रेम की पूर्णता है | मनुष्य कि ओर परमेश्वर का प्रत्येक कदम, और मनुष्य की प्रतिक्रिया, कदम दर कदम, प्रेम का एक पहलू है |"[41] अपनी बात दृढ़ता से रखने के लिए विनकूप जोड़ते हैं, यह कहना कि मसीही पवित्रता हमारा रेज़ोन डेट्रा (होने के कारण) है, यह कहना है कि हम प्रेम के लिए प्रतिबद्ध है, और निस्संदेह एक बड़ा आदेश है" |[42] संक्षिप्त में, प्रेम किसी भी बात या प्रश्न का एक महत्वपूर्ण पहलू है | प्रेम से कम कुछ भी एक पवित्र जीवन के "होने के कारण" की उच्च सीमा को नहीं छू पाता है | प्रेम से रहित संपूर्ण पवित्रता की कोई भी समझ, कठोर विधि सम्मत, आलोचनात्मक और अपवित्र है | अगापे (मसीही प्रेम) वह प्रेम है जो अन्य सभी प्राकृतिक प्रेमों को उनके उचित क्रम में रखता है |[43] अगापे अन्य सभी इच्छाओं का मार्गदर्शन, विवेचन और नियंत्रण करता है | क्योंकि हमें अगापे में वृद्धि के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, हम समझते हैं कि यह दिया और बढ़ाया गया है; यह एक उपहार और पवित्र आत्मा की स्थाई उपस्थिति से हमारे अंदर पैदा हुआ, दोनों है | प्रयास की आवश्यकता होती है लेकिन अनुग्रह प्रदान किया जाता है |

हम ढूँढने वाले (पूर्ववर्ती) अनुग्रह के माध्यम से पवित्र प्रेम द्वारा बुलाए जाते हैं | हम बचाने वाले अनुग्रह के माध्यम से पवित्र प्रेम द्वारा ग्रहण किए जाते हैं | हम पवित्र करने वाले अनुग्रह के माध्यम से पवित्र प्रेम द्वारा शुद्ध और अलग किए जाते हैं | इसी तरह हम मसीह में पूर्णता का अनुभव करते हैं | अब हम महत्वपूर्ण प्रश्न की ओर मुड़ते हैं कि कैसे हम शिष्यता की यात्रा में अनुग्रह द्वारा निरंतर बने रहते हैं |

1. औचित्य परमेश्वर की कृपा से, परमेश्वर के साथ सही बनाया जाना है, जिसके द्वारा हमारे पापों को क्षमा कर दिया जाता है और क्रूस पर यीशु की मृत्यु के प्रायश्चित बलिदान द्वारा हमारे अपराध को हटा दिया जाता है | अध्याय 3, "अनुग्रह जो बचाता है" देखें |
2. इमागो डेई "परमेश्वर के स्वरूप" का लैटिन अनुवाद है | जबकि मानवता में परमेश्वर का नैतिक स्वरूप पतन के परिणामस्वरूप क्षतिग्रस्त हो जाता है, परमेश्वर की आवश्यक प्रकृति परमेश्वर के स्वरूप में बने प्रत्येक व्यक्ति के मूल्य को बनाए रखती है | डायेन लेक्लर्क ने ध्यान दिया कि नाजरीन थियोलोजियन मिल्ड्रेड बैग्स विनकूप, जॉन वेसली के शिक्षण के लिए वफादार है, "परमेश्वर के स्वरूप को मानवता में प्रेम करने की क्षमता के रूप में परमेश्वर, अन्य स्वयं और पृथ्वी के साथ संबंध के संदर्भ में परिभाषित करते हैं |" लेक्लर्क,

डिस्कवरिंग क्रिस्चियन होलीनेस: द हार्ट ऑफ वेसलियन - होलीनेस थियोलॉजी (कैनसस सिटी: एम. ओ. बीकन हिल प्रेस ऑफ कैनसस सिटी, 2010), 312। साथ ही इस अध्याय के अंतिम खंड, "संपूर्ण पवित्रीकरण परिभाषित" को देखें।

3. ग्रेटहाउस एंड डनिंग, एन इंट्रोडक्शन टू वेसलियन थियोलॉजी (कैनसस सिटी: एम. ओ. बीकन हिल प्रेस ऑफ कैनसस सिटी, 1982), 52 वे मूल पाप के ऐतिहासिक अर्थ (रोमियों 5:12-21) और मूल पाप के अस्तित्वपरक अर्थ पर विस्तार से ले चलते हैं। (रोमियों 7:14-25), 53-54। मूल पाप का वेसलियन परिप्रेक्ष्य, पूर्ण भ्रष्टता के कल्विनिस्ट विधान से अलग है।
4. एन. टी. राइट, द डे द रिवोल्यूशन बिगेन: रिकंसीडरिंग द मीनिंग ऑफ जीसस क्रूसीफिक्शन (न्यूयार्क: हार्पर कालिंस पब्लिशर्स, 2016), 76-77
5. उन्नीसवी और बिसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से एक व्यापक रूप से लोकप्रिय व्यवस्थित दृष्टिकोण के माध्यम से मसीह जीवन का द्वी-प्रवृत्ति सिद्धांत पेश किया गया था, जिसमें कई सुसमाचार प्रचारकों के बीच दूरगामी प्रभाव था, जिनमें कई उल्लेखनीय प्रचारक और शिक्षक भी शामिल थे। इस प्रभाव ने "देह" (सार्क्स) को "पापी स्वभाव" के रूप में अनुवाद करने के लिए नए अंतरराष्ट्रीय संस्कृत के शुरुआती (1973) अनुवाद की समिति का नेतृत्व किया। डनिंग का कहना था कि ग्रेटहाउस ने बाद में सुझाव दिया कि यह "मूल ग्रीक के एक विश्वसनीय व्याख्या के आधार के रूप में उपयोग (अनुवाद के उस संस्करण) करना लगभग असंभव था।" एनआईवी के लिए 2011 की अनुवाद समिति ने इसके अनुवाद को "देह" में संशोधित किया। डनिंग, परसुइंग द डिवाइन इमेज: एन एक्सीजेटिकली बेस्ड थियोलॉजी ऑफ होलीनेस (मेरिकविले, न्यू साउथ वेल्स: साउथवुड प्रेस, 2016 किनडले लोकेशन 706)
6. ग्रेट हाउस और डनिंग ने देह को "मैं" के रूप में स्वयं के लिए जीने" के रूप में परिभाषित किया है। ग्रेटहाउस एंड डनिंग, एंड इंट्रोडक्शन टू वेसलियन थियोलॉजी, 53
7. मार्टिन लूथर, लेक्चरस आन रोमन्स, डब्लू. ए. 56, 304
8. नए नियम में "शरीर" और "देह" दो अलग शब्द है: सार्क्स एंड सोमा।
9. प्रज्ञानवाद के अपधर्म का काफी हिस्सा देह के अनुरूप शरीर की एक गलत धारणा पर आधारित है। एक अमूर्त सर्वोच्च आत्मा का आदर्शवादी विचार आज भी कुछ लोगों को देह को निंदा से देखने का एक विदेह अनंत प्राण की नश्वरता पर जोर देने का कारण बनता है। हालांकि यह त्रुटि शारीरिक पुनरुत्थान के बाइबिल पर आधारित सिद्धांत के विरोध में है। इस प्रचलित गलतफहमी का मुकाबला करने के लिए, सबसे पूर्व मसीही मतों ने शारीरिक पुनरुत्थान के महत्व पर बल दिया। (उदा. "हम शरीर के पुनरुत्थान और अनंत जीवन में विश्वास करते हैं," प्रेरितों के मत)
10. यद्दपी "उत्थान" बाइबिल पर आधारित शब्द नहीं है, धर्मशास्त्रियों (थियोलॉजियन) ने नए जीवन का वर्णन करने के लिए शब्द बनाया है जो किसी व्यक्ति को मसीह में उनके नए

जन्म के परिणामस्वरुप अनुग्रह द्वारा दिया जाता है | एक बहुत ही वास्तविक अर्थ में, एक व्यक्ति एक नए जीवन में उठाया जाता है, एक आत्मिक पुनरुत्थान होता है और वास्तविक परिवर्तन मूर्त और अमूर्त तरीकों से होते है |

11. "वेसली ने वास्तव में इस शब्द (प्रारंभिक पवित्रीकरण) का प्रयोग कभी नहीं किया, लेकिन यह उनकी धारणा को दर्शाता है कि उद्धार का क्षण धार्मिक बनने की प्रक्रिया शुरू करता है |" लेक्लर्क, डिस्कवरिंग क्रिश्चियन होलीनेस, 318
12. "ग्रीक शब्द का अनुवाद "मन" पौलुस द्वारा उपयोग किए जाने वाले शब्द महत्वपूर्ण मानविकीय शब्दों में से एक है | यह एक व्यक्ति के तर्क के पहलू को संदर्भित करता है, जब न्याय की सामर्थ्य प्रयोग में लाई जा रही हो" डनिंग परसुइंग डिवाइन इमेज, किंडल लोकेशन 814 | प्रत्येक व्यक्ति के सोचने, समझने और बुद्धि का उपयोग करने की परमेश्वर प्रदत्त क्षमता तथाकथित वेसलियन चतुर्भुज का एक पहलू है जो "आशय" के रूप में जाना जाता है |
13. वेसली, सरमन 13: "ऑन सीन इन बिलीवर्स" द कंपलीट वर्क्स ऑफ जॉन वेसली: वॉल्यूम 1, सरमनस 1-53 (फोर्ट कॉलिन्स, सी ओ: डेलमर्बा पब्लिकेशन, 2014), 3, 2 में |
14. डर्निंग इस बात को स्पष्ट करता है कि "सांसारिकता" एक भ्रामक शब्द है, जिसका प्रयोग संज्ञा के रूप में किया जा रहा है जबकि पवित्र शास्त्र सांसारिक (शारीरिक) शब्द को हमेशा विशेषण के रूप में प्रयोग करता है |" डनिंग, परसुइंग द डिवाइन ईमेज, किंडल लोकेशन 2076 | यह इस विचार को भी अस्वीकार करता है कि "शरीर" एक तरह की एलियन चीज है, जैसे कि "हमारे भीतर एक लाक्ष्यणिक रूप से रहने वाला एक ट्यूमर" जिसे शल्य चिकित्सा द्वारा हटाया जाना चाहिए | इबीड, किंडल लोकेशन 801 | कुछ हटाने की आवश्यकता की अवधारणा के समर्थक, जिसमें उन्नसवीं शताब्दी के कुछ होलीनेस प्रचारक भी सम्मिलित है, इसे उन्मूलन के रूप में संदर्भित करते हैं |
15. विलियम एच. ग्रेटहाउस विद जॉर्ज लियान्स, न्यू बिकन बाइबिल कॉमेंट्री, रोमन्स 1-8: अ कॉमेंट्री इन द वेसलियन ट्रेडिशन (कैनसस सिटी, एम. ओ: बिकन हिल प्रेस ऑफ कैनसस सिटी, 2008, | 182
16. ओसवॉल्ड चेंबर, स्वयं के लिए मरने की धारणा को यीशु की मृत्यु के साथ पहचान और एक इच्छुक "सह-सलीबी मृत्यु" के रूप में संदर्भित करते हैं | उसी तरह मसीही अपने पुनरुत्थान में यीशु के साथ एकजुट हो सकता है और नए जीवन के लिए "सह-पुनरुत्थान" साझा कर सकता है | यीशु का पुनरुत्थान जीवन अब पवित्रता के जीवन में अनुभव किया जाता है |चेम्बर्स, माय अटमोस्ट फॉर हिज हाइएस्ट (अनरिचविल, ओ. एच.: बारबोर एंड कंपनी,1935), 73
17. चेम्बर्स, माय अटमोस्ट फॉर हिज हाइएस्ट, 58
18. विल हल, द डिसिप्लिन-मेकिंग पास्टर (ओल्ड टप्पन, एन. जे.: रेवेल, 1988), 13

19. जेम्स एमरी व्हाइट, रीथिंकिंग द चर्च: अ चैलेंज टू क्रिएटिव रीडिजाइन इन एन एज ऑफ ट्रांजीशन (ग्रैंड, रेपिड्स, बेकर बुक्स, 1997), 55
20. व्हाइट, रिथिंकिंग द चर्च, 56
21. मसीह के साथ एक व्यक्तिगत संबंध का विचार, यीशु के साथ एक निजी संबंध के साथ पर्याय होते हुए दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में पश्चिमी समाज में अधिक प्रचलित है। यू. एस. ए. में व्यक्तिवाद को एक सांस्कृतिक गुण माना जाता है।
22. व्हाइट, रिथिंकिंग द चर्च, 57
23. एन. टी. राइट मसीह गुण की संकल्पना को चरित्र के परिवर्तन के रूप में परिभाषित करते हैं। राइट, आफ्टर यू बिलीव: व्हाय क्रिस्चियन कैरेक्टर मैटर्स (न्यूयार्क, हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स, 2010) अध्याय 5, "अनुग्रह जो कृपा करता है" मैं गुण के बारे में विस्तृत रूप से दिया गया है।
24. संपूर्ण पवित्रता के अनुभव में तात्कालिक या प्रगतिशील, संकट या प्रक्रिया का विषय, ऐतिहासिक रूप से वेसलियन-पवित्रता की मंडली में बड़ी बहस का विषय रहा है। जॉन वेसली ने खुद लगातार दोनों की आवश्यकता पर जोर दिया और पूर्व नाजरीन अगुवे आमतौर पर संतुलन का सुझाव देने के लिए चिंताशील थे।
    महा अधीक्षक आर. टी. विलियम ने 1920 में चर्च ऑफ़ दी नाजरीन की महासभा के लिए कहा: चर्च को संकट और धर्म दोनों की प्रक्रिया पर जोर देना चाहिए क्योंकि कई वर्षों तक पवित्र लोगों को लगा कि जिस काम के लिए उन्हें बुलाया गया था, वह वेदी पर समाप्त हो गया, जब आगे जाने वाली भीड़ ने उत्थान और पवित्रता की आशीषों को प्राप्त किया, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि हमारा काम केवल इस बिंदु पर आरंभ हुआ है। चर्च ऑफ दि नाज़रीन इन दो महान सिद्धांतों अर्थात संकट और प्रक्रिया का संयोजन कर रहा है। (लोगों को) परमेश्वर की ओर ले जाना और प्रारंभिक उद्धार में मसीह के शरीर का उपदेश और मसीह चरित्र का विकास।" जनरल असेंबली जरनल, 1928 में डनिंग द्वारा संदर्भित द परसूइंग द डिवाइन इमेज, किंडल लोकेशन 2176, फुटनोट 26
25. मसीही पूर्णता एक बाइबिल पर आधारित है और अक्सर मसीही इतिहास में सर्वत्र इस वाक्यांश का उपयोग किया जाता है। पूर्व चर्च के माता और पिता ने पूर्णता को थियोसिस या देवता- सदृश्य के साथ समीकृत किया: अलौकिक प्रकृति का हिस्सा। हालांकि पूर्णता की आधुनिक अवधारणा को अलग तरह से समझा जाता है।
    इसे कभी भी "पापहीन पूर्णता" के रूप में नहीं सिखाया गया है, या जैसा कि थॉमस नोबेल लिखते हैं "यह विचार की इस जीवन के भीतर, मसीही, पूर्णता की उस अंतिम पूर्ण स्थिति तक पहुँच सकते हैं, जहाँ वे पापरहित और पूरी तरह से पवित्र थे।" टी. ए. नोबल, होली ट्रीनिटी, होली पीपल: द हिस्टोरीक डॉक्ट्रिन ऑफ़ क्रिश्चियन परफेक्टिंग (यूजिन, ओ. आर. कैसकेड बुक्स, 2013), 22 आधुनिक व्याख्या की उलझन से बचने के लिए और अनुग्रह में विकास के गतिशील पहलुओं को उजागर करने के लिए नोबेल यह तर्क देते हैं,

"अंतिम आगमन के बजाय संचार की पूर्णता की उस गतिशील अवधारणा को देखते हुए ग्रीक शब्द के इस अर्थ को, 'पूर्णता' शब्द का उपयोग करके नहीं बल्कि 'सुधारना' के रूप में अनुवाद करके व्यक्त करना बेहतर होगा।" इबीड, 24

26. व्हाइट, रीथिंकिंग द चर्च,59
27. वेसली पवित्रता को मसीही पूर्णता के रूप में वर्णित करने पर पक्षधर थे, यहाँ तक कि उन्होंने अपने सबसे प्रसिद्ध सिद्धांतवाद प्रश्नोत्तरी का शीर्षक ए प्लेन अकाउंट ऑफ क्रिश्चियन परफेक्शन दिया। यह तर्क देते हुए की पूर्ण प्रेम का अनुभव, या "परमेश्वर का प्रेम में पूर्ण करना" इस जीवन में महसूस किया जा सकता है, वह बताते हैं: "(1) पूर्णता जैसी कोई चीज होती है: क्योंकि यह पवित्र शास्त्र में बार-बार उल्लेखित है। (2) यह औचित्य के रूप में इतनी जल्दी नहीं है: क्योंकि न्यायसंगत व्यक्तियों को "सिद्धता की ओर" जाना होता है (इब्रानियों 6:1)। (3) इतनी देर नहीं है जितनी की मृत्यु, संत पौलुस जीवित पुरुषों की बात करता है जो परिपूर्ण थे (फिलिप्पियों 3:15)"। वेसली, अ प्लेन अकाउंट ऑफ क्रिश्चियन परफेक्शन, अनाइंटेड, एड्स, रैंडी एल. मैडॉक्स एंड पॉल डब्ल्यू चिलकोट (कैनसस सिटी, एम. ओ.: बिकन हिल प्रेस ऑफ कैनसस सिटी, 2015)।
28. जॉन वेसली, "रिपेन्टेन्स ऑफ बिलीवर्स" नामक एक उद्देश्य में, मसीहियों के लिए पश्चाताप की निरंतर आवश्यकता पर जोर देते हैं, जो पवित्र जीवन को खोजेंगे। एक पवित्र सम्मेलन में दिए गए एक कागज में, सेमिनरी के मेरे थियोलॉजी के प्रोफेसर में से एक रॉब एल. स्टेपल्स ने कहा, "संपूर्ण पवित्रीकरण को एक निरंतर पश्चाताप के साथ थिओसिस के (परमेश्वर के स्वरूप में नवीकरण) हमारे भाग्य से एक पूर्ण प्रतिबद्धता के रूप में और किसी भी चीज से जो ऐसी प्रतिबद्धता को बाधित या कमजोर करता है से, या जिसे वेसली ने "द रिपेंटेंस ऑफ बिलीवर्स" कहा, जो कि उसने कहा कि 'हमारे मसीही पाठ्यक्रम के हर एक अगले चरण में अपेक्षित है' से परिणामस्वरूपी अपमार्जन के रूप में समझा जा सकता है। "स्टेपल्स", "थिंग्स शेकेबल एंड थिंग्स अनशेकेबल इन होलीनेस थियोलॉजी", रिविजनिंग होलीनेस कॉन्फ्रेंस नार्थवेस्ट यूनिवर्सिटी, फेब्रुअरी 9, 2007
29. "अनुग्रह के साधन" के द्वारा मै बाह्य संकेतों, शब्दों या क्रियाओं को समझाता हूँ जिन्हें परमेश्वर का ठहराया गया है और इस अंत के लिए नियुक्त किया गया है, ताकि वे पुरुषों को जो अनुग्रह को रोकने, न्यायोचित, या पवित्र करने वाले अनुग्रह के बारे में बताने के लिए साधारन जरिए हो सके। वेसली, "सरमन्स 16: द मीन्स ऑफ ग्रेस" 11.1, http// wesely.nnu. edu/john-wesley/the-semons-of-john-wesley-1872-edition/semon-16-the-means-of-grace/. अनुग्रह के साधनों को कभी-कभी आत्मिक अनुशासन भी कहा जाता है।
30. जोएल बी. ग्रीन एंड विलियम एच. विलीमॉन, एड्स वेसली स्टडी बाइबिल न्यू रिवाइज्ड स्टैंडर्ड वर्जन, नैशविल: एविंगडन प्रेस, 2009), 1488, फुटनोट "गोइंग ऑन टू परफेक्शन"।

31. अनुग्रह के साधन के बारे में और अधिक जानने के लिए अध्याय 5, "अनुग्रह जो संभालता है" देखें।
32. डैलेस विलार्ड, द ग्रेट ओमिशन: रिक्लेमिंग जीसस एसेंशियल टीचिंग्स ऑन डिसाइपलशिप (न्यू यॉर्क: हार्पर कालिन्स, 2006), 61
33. विलार्ड, "स्पिरिचुअल फॉरमेशन: व्हाट इट इज, एंड हाउ इट इज डन", n.d., http://www.dwillard.org/articles/individual/spiritual-formation-what-it-is-and-how-it-is-done.
34. परस्पर आश्रितता की बाइबिल आधारित समझ में अधिक जानने के लिए चर्च के लिए मानव शरीर का एक उपमा के रूप में पौलुस के नये नियम की शिक्षाओं को देखें (1 कुरिन्थियों 12, इफिसियों 4)। पारस्परिकता के बारे में अधिक जानने के लिए मसीह विवाह पर उसकी शिक्षाओं को देखें (इफिसियों 5)।
35. व्हाइट, रिथिंकिंग द चर्च, 61 अध्याय 5 और मसीही उत्तरदायित्व और अनुग्रह जो संभालता है पर जोर दिए गए जोर को भी देखें (इफिसियों 5)
36. सी. एस. लूईस, मियर क्रिश्चियनिटी (न्यू यार्क, टचस्टोन, 1996), 175 - 76
37. मैंने पहली बार डेनिस किनलॉ को 1999 के सेमिनरी चैपल के उपदेश में इस वाक्यांश का उपयोग करते हुए सुना। यह पहली बार था जब मुझे समझ में आया कि परमेश्वर का मेरे जीवन पर नियंत्रण परमेश्वर की ओर से परिचालन की इच्छा नहीं थी बल्की घनिष्ठता के लिए एक लालसा थी। मेरे अनुमान ने किनलॉ बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध और बिसवीं शताब्दी के शुरुआती दिनों के सर्वश्रेष्ठ होलीनेस (पवित्रता) प्रचारकों में से एक थे, 2017 में उनकी मृत्यु तक।
38. "महिमागान" मृत्यु और सभी चीजों के अंतिम पुनरुत्थान के बाद एक विश्वासी की स्थिति को संदर्भित करता है। परमेश्वर के अनुग्रह के माध्यम से हम अंततः गौरवान्वित होंगे - मसीह के आगमन पर उनके साथ पुनरुत्थान को पाएंगे और उसकी महिमा का सदा आनंद लेने के लिए उसकी पूर्ण समानता में रूपांतरित होंगे। ग्रेटहाउस एंड डनिंग, एन इंट्रोडक्शन टू वेसलियन थियोलॉजी, 54। इसके अतिरिक्त डाइन लेक्लर्क महिमागान को अंतिम पवित्रता के रूप में जिसमें "किसी व्यक्ति के पाप की उपस्थिति से हटा दिया जाता है" से संदर्भित करती है। लेक्लर्क, डिस्कवरिंग क्रिश्चियन होलीनेस, 318
39. इस विचार के संदर्भ में कि संपूर्ण पवित्रीकरण का अर्थ है अपने आप (शरीर) का जीवन भर तिरस्कार करना और स्वयं का क्रूस उठाना, "जे. ओ. मैक्लार्कन, पूर्व होलीनेस आंदोलन के एक दक्षिणी शाखा के अगुवे ने, पवित्रिकृत जीवन के बाद वाले पहलू को "स्वयं के लिए एक गहरी मृत्यु" जो वास्तव में पूरे मसीह जीवन में घटित होनी चाहिए, के रूप में संदर्भित किया है। अनुभव से उन्होंने माना कि जीवन के सभी अनुभव एक क्षण में संकुचित नहीं हो सकते।" डनिंग, परसुइंग द डिवाइन इमेज, किंडल लोकेशन 853। इसके आगे की चर्चा के लिए विलियम जे. स्ट्रिकलैंड एंड एच. रे. डनिंग, जे. ओ. मैक्लर्कन:

हिज थियोलॉजी, एंड सिलेक्शन्स फ्रॉम हिज राइटिंग्स (नैशविल: ट्रेवेक्का प्रेस, 1998) को देखें।

40. डनिंग परसूइंग द डिवाइन इमेज, किंडल लोकेशन 844
41. मिल्डरेड बैग्स विनकूप, अ थियोलॉजी ऑफ लव: द डायनामिक ऑफ वेसलीनिज्म (कैनसस सिटी, एम. ओ. बीकन हिल प्रेस ऑफ कैनसस सिटी, 1972), 36
42. विनकूप, अ थियोलॉजी ऑफ लव, 36
43. प्रेम के लिए चार ग्रीक शब्दों की एक शिक्षाप्रद सारांश के लिए - एरोस, स्टोरगे, फिलिया और अगापे - "लव एंड फेलोशिप" शीर्षक के तहत विनकूप की छोटी टिप्पणी की मैं अत्यधिक अनुशंसा करता हूँ। वह तर्क देती है कि सभी लेकिन अगापे प्राकृतिक प्रेम है, जिन्हें बहुत कम प्रयास की आवश्यकता होती है। अगापे न केवल प्रेम का एक अलग आयाम है बल्कि यह एक ऐसा गुण है जिसके द्वारा व्यक्ति जीवन को आदेश देता है, जो कि केवल मसीह की पूर्णता से संभव है। "वह प्रेम जिसे हम मसीही प्रेम कहते हैं, फिर, अन्य प्रेमों के लिए विकल्प नहीं होता, ना ही उन प्रेमों में कुछ जोड़ता है, बल्कि यह पूर्ण व्यक्ति का गुण है जैसा कि मसीह में केंद्रित है। विकृत आत्म-अभिविन्यास, जो अन्य सभी संबंधों को दोष देता है क्योंकि वह उन्हें व्यक्तिगत नुकसान (अक्सर सबसे सुष्म और भयावह तरीकों में) के लिए उपयोग करता है, पवित्र आत्मा की स्थायी उपस्थिति द्वारा पूर्णता में लाया जाता है। इस संबंध में जीवन के अन्य सभी संबंधों को बढ़ाया और सुशोभित किया जाता है और पवित्र बनाया जाता है।" विनकूप, अ थियोलॉजी ऑफ लव, 38

5

अनुग्रह जो संभालता है

अब जो तुम्हें ठोकर खाने से बचा सकता है, और अपनी महिमा की भरपूरी के सामने मगन और निर्दोष करके खड़ा कर सकता है, उस एकमात्र परमेश्वर हमारे उद्धारकर्ता की महिमा और गौरव और पराक्रम और अधिकार, हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा जो सनातन काल से हैं, अभी भी हो और युगानुयुग रहे। आमीन – *यहूदा* 1: 24-25

प्रत्येक मसीह के जीवन में एक मोड़ ऐसा आता है जब उनमें से कुछ प्रारंभ होना शुरू होता है। अनुग्रह की यात्रा के साथ कभी-कभी यह तुरंत हो जाता है और कभी-कभी देर से: मेरे जीवन के पहलू मसीह के आधिपत्य के प्रति आत्मसमर्पित नहीं होते हैं। मेरे फिर से तैयार होने वाले घर में ऐसे कमरे हैं (सी. एस. लूईस के दृष्टांत पर वापस जाने के लिए) जो परमेश्वर के काम से दूर रहते हैं।

क्योंकि परमेश्वर हमारी पवित्रता के लिए अथक रूप से प्रतिबद्ध है, जिससे हम अधिक से अधिक यीशु की तरह बनते हैं, पवित्र आत्मा जाँचना शुरू करता है, "क्या सब कुछ मेरा है? क्या तुम्हारा प्रत्येक भाग मेरा है? क्या ऐसा कुछ है जिसे तुम वापस थामें हुए हो?"

हमारी पहली प्रतिक्रिया यह कहना हो सकता है, "आपके पास कुछ भी हो सकता है लेकिन (खाली स्थान भरे)। मैंने तुमको अपना 99 प्रतिशत दिया। क्या मेरे लिए कुछ भी नहीं है जो मैं अपने पास रख सकता हूँ? क्या आप हर चीज की अपेक्षा रखते हैं"?[1]

धैर्यशील प्रेम और अटूट समर्पण के साथ हमारी शिष्यता के अंतिम लक्ष्य (टेलोस) को पूरा करने के लिए, यीशु की आत्मा फुसफुसाती है, "हाँ, आप सभी | एक सौ प्रतिशत | कुछ भी दबाएं नहीं रखना |"

परमेश्वर का पूर्ण रूप से होना परमेश्वर के प्रति वचनबद्ध जीवन में सभी को साझा करना है | हमारा स्वयं का अधिक हिस्सा परमेश्वर के लिए त्यागना है, इसलिए और अधिक शांति और आनंद का अनुसरण करो | ओसवाल्ड चेम्बर्स का मानना है कि अनंत जीवन परमेश्वर की ओर से उपहार नहीं बल्कि परमेश्वर का उपहार है | इसके अलावा, यीशु ने अपने पुनरुत्थान के बाद और पिन्तेकुस्त की प्रत्याशा में अपनी शिष्यों से वादा किया था कि आत्मिक सामर्थ, पवित्र आत्मा की ओर से उपहार नहीं है बल्कि सामर्थ ही पवित्र आत्मा है (प्रेरितों के काम 1: 8) | परिणाम, प्रचुर मात्रा में जीवन की एक अंतहीन आपूर्ति है जो परमेश्वर के लिए हर त्याग के साथ बढ़ती है | फिर से, चेंबर्स की अंतर्दृष्टि बताती है, "यहाँ तक कि सबसे कमजोर संत भी परमेश्वर के पुत्र की शक्ति का अनुभव कर सकता है, जब वह 'जाने देने' के लिए तैयार इच्छुक होता है | लेकिन स्वयं की शक्ति के आखिरी अंश को "पकड़े रहना" का कोई भी प्रयास केवल हम में यीशु के जीवन को कम करेगा | हमें चीजों को जाने देना है, धीरे-धीरे, लेकिन निश्चित रूप से, परमेश्वर का महान पूर्ण जीवन हमारे हर हिस्से को भेदते हुए हमारे अंदर वास करेगा |"[2]

मानव हृदय पाप और अवज्ञा का स्थान है, लेकिन वह अनुग्रह और पवित्रता का भी स्थान है | ढूँढने वाले अनुभव में, परमेश्वर हमारे हृदय को मोह लेता है; बचाने वाले अनुग्रह में परमेश्वर हमारे हृदय को ग्रहण कर लेता है; पवित्र करने वाले अनुग्रह में परमेश्वर हमारे हृदय को साफ करता है | हमारा झुकाव एक नौकर के हृदय से, एक बच्चे के हृदय में बदल जाता है | हमें पता चलता है कि अब हम परमेश्वर की सेवा इस डर की वजह से नहीं करते कि हमारे साथ क्या होगा | अगर हम आज्ञा को ना माने, बल्कि, हमें एक प्रेम का हृदय दे दिया है जो हमें आज्ञा की अभिलाषा देता है | हालांकि गलती ना करें; अनुग्रह की यात्रा के दौरान मसीह का दावा हम सभी के लिए है -- समस्त, उत्कृष्ट, पूर्ण |

पवित्रता का अर्थ है एक पवित्र उद्देश्य के लिए अलग रखा जाना और यीशु की आत्मा से इतना भर जाना कि हमारा मन,उद्देश्य और रवैया मसीह समान हो जाए | हम स्वयं का इनकार करते हैं; जिसका अर्थ है हम अपने "स्वयं" के अधिकार को

छोड़ देते हैं | हम अपने क्रूस को उठाते हैं, जिसका अर्थ है हम अपने अधिकारों को यीशु पर स्थानांतरण कर देते हैं | आश्चर्यजनक विरोधाभास यह है कि: अपने "स्वयं" के अधिकार को छोड़ देने और अपने अधिकारों को यीशु को स्थानांतरण करने में, हम जीवन पाते हैं | जब हम मसीह में अपने जीवन को खो देते हैं, हम उसे पा लेते हैं | वह जो परमेश्वर के विमुख होता है अंततः खो जाता है; वह जो परमेश्वर को दे दिया गया है वापस नहीं लिया जा सकता | "क्योंकि तुम तो मर गए और तुम्हारा जीवन मसीह के साथ परमेश्वर में छिपा हुआ है |" (कुलुस्सियों 3:3) अभिषेक पूर्ण है |

परमेश्वर के लिए हमारा अभिषेक हमारे पवित्रीकरण का स्रोत नहीं है | हम खुद को पवित्र नहीं कर सकते; हम खुद को पवित्र नहीं बनाते है | यीशु की आत्मा ऐसा करती है | यह यीशु की तरह बनने के लिए पर्याप्त नहीं है | इच्छा पर्याप्त नहीं है, और उसकी नकल थोड़ी दूर तक ही जाएगी | हम में यीशु की आत्मा होनी चाहिए या जैसा कि पौलुस कहता है मसीह हम में उत्पन्न होना चाहिए | (गलतियों 4:19)

कई मायनों में, फरीसी यीशु के दिनों के सबसे अच्छे लोग थे, वे नैतिक थे, वे स्वच्छ थे, और वे अच्छे थे | फिर भी, उनकी अच्छाई व्यवहार संशोधन में और पाप प्रबंधन की एक प्रवृत्ती माध्यम से पवित्र होने की उनकी कोशिशों में स्थिति थी जो कभी भी उनके हृदय से नहीं उलझती थी | वे ईश्वरीय बनना चाहते थे और पवित्र जीवन व्यतीत करना चाहते थे लेकिन उनका आत्म-निषेध, आत्म-सेवा करने के लिए निकला और उनके क्रूस-वहन ने उन्हें कम प्रेममयी बना दिया | व्यक्ति इतने समय तक बाहरी चीजों का प्रबंधन केवल तब तक कर सकता है जब तक आंतरिकता हावी नहीं होती | जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, जो भी आपके दिल में है वह अंतत: निकल जाएगा | फरीसी मसीही - जो स्वयं-निर्दोषित प्रयास और शरीर द्वारा एक पवित्र जीवन जीने की कोशिश करते हैं - उनके लिए पूर्ण प्रेम हमेशा कम पड़ जाएगा क्योंकि वह यीशु जैसा बनने के लिए काफी नहीं है | यीशु की आत्मा हमारे अंदर होनी चाहिए | यह हृदय की पवित्रता का मूल है | एक पवित्र जीवन को, सशक्त बनाने, सक्षम करने और उसका नेतृत्व करने के लिए अनुग्रह की आवश्यकता होती है |

डैलस विलार्ड स्पष्ट रूप से बताते हैं कि पवित्र जीवन को स्वयं-निर्देशित अपक्रमन के माध्यम से यीशु जैसा होने के लिए किसी भी प्रयासों से अधिक वास्तविकता में

अनुग्रह की जरूरत होती है: "यदि आप वास्तव में अनुग्रह का उपभोग करना चाहते हैं, तो केवल पवित्र जीवन जीएं | जैसे 747 हवाई जहाज उड़ान के वक्त ईंधन का उपभोग करते हैं वैसे ही सच्चा संत अनुग्रह का उपभोग करता है | उस व्यक्ति की तरह बने जो नियमित रूप से वो करता है जो यीशु ने किया और कहा था | आप एक पवित्र जीवन का नेतृत्व करके पाप करने से कहीं अधिक अनुग्रह का उपभोग करेंगे क्योंकि आपके द्वारा किए गए प्रत्येक पवित्र कार्य परमेश्वर के अनुग्रह द्वारा सही ठहराया जाएंगे | और वो सही ठहराना, कार्यवाही में पूरी तरह से परमेश्वर की नाहक कृपा होगी |"[3] हमारे पास परमेश्वर की संभाले रखने वाले अनुग्रह का निरंतर पुष्टिकरण होना चाहिए - वह अनुग्रह जो हमें गिरने से बचाता है (यहूदा 1:24) |

यह कहने के बाद संभाले रखने वाला अनुग्रह हमारी भागीदारी की आवश्यकता से इनकार नहीं करता | अध्याय 4 में हमने देखा कि अनुग्रह का अर्थ है कि परमेश्वर ने वह सब हमारे लिए किया जो हम स्वयं नहीं कर पाते, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि हम अब "अनुग्रह उपभोक्ता" बन गए हैं जो रिश्ते में कुछ भी योगदान नहीं देते हैं | हम उन गतिविधियों, विषयों, प्रार्थना के इर्द-गिर्द जिन्हें यीशु ने आकर दिया, अपने जीवन को पुनः व्यवस्थित करने के द्वारा सक्रिय अनुग्रह के साथ सहयोग करते हैं | हम उनमें भाग अपने पवित्रीकरण को अर्जित करने के लिए नहीं बल्कि प्रशिक्षण के माध्यम से वह पूरा करने के लिए लेते हैं जो हम कठिन प्रयास करके नहीं कर सकते |

प्रदान की गई धार्मिकता

शायद अभ्यारोपित (थोपी गई) और प्रदान की गई धार्मिकता के बीच अंतर पर कुछ शब्द सहायक होंगे | डायेन लेक्लर्क के अनुसार, अभ्यारोपित धार्मिकता का अर्थ है, "मसीहियों को आंकलित यीशु की धार्मिकता, जो मसीहियों को न्यायसंगत बनाने में सक्षम बनाता है | परमेश्वर व्यक्ति को मसीह की धार्मिकता के माध्यम से देखता है, लेकिन वह परमेश्वर द्वारा व्यक्ति के आंतरिक परिवर्तन और सफाई से बात नहीं करता |" प्रदान की गई धार्मिकता दूसरी ओर, "एक व्यक्ति के नये जन्म के शान में परमेश्वर का एक दयालु उपहार है | परमेश्वर हमें पवित्र बनाने की प्रक्रिया को शुरू करते हैं |"[4]

दोनों के बीच का अंतर उतना सूक्ष्म नहीं जितना आप सोचते हैं। पहली एक आंकलित धार्मिकता है - प्रयुक्त, जैसा की वह थी, दूसरी एक दी गई धार्मिकता है जो प्रेरित करती है। प्रदान की गई धार्मिकता परमेश्वर उपहार के रूप में समझी जा सकती है जो मसीह के एक शिष्य को पवित्रता, पवित्रीकरण और पूर्ण प्रेम के लिए यत्न करने के लिए सक्षम और सामर्थ बनाती है। अधिक सटीकता से टीमथी टेनेंट इस अंतर को अच्छे से बताते हैं: "मसीहियों के रूप में हम जानते हैं कि परमेश्वर पापियों को अपनाते हैं और उन्हें मसीह की धार्मिकता (अभ्यारोपित) से ढ़ापते हैं। परमेश्वर फिर हमारे अंदर सभी अच्छे काम करते हैं ताकि जो धार्मिकता कभी हम पर थोपी गई थी, वास्तविक समय में, अब हमें निरंतर बढ़ती हुए मात्रा में प्रदान की जाती है।"[5]

अनुग्रह का आशावाद

अभ्यारोपित धार्मिकता ने जॉन वेसली को रूपांतरण की क्षमता के बारे में इतना आशावादी बना दिया कि वास्तविक पाप की तबाही को पूरी तरह से पहचानते हुए, वेसली मानव स्वभाव को लेकर आशावादी नहीं थे। हालांकि, वह पूरी तरह से आश्वस्त थे कि परमेश्वर का अनुग्रह एक जीवन को सचमुच पूर्ण रूप से बदल सकता है।

मैंने एक बार अपने दोस्त वेसली ट्रेसी को इसे, "अनुग्रह का मौलिक आशावाद" के रूप में संदर्भित करते सुना। समझाने के लिए उसने मुझे कहानी सुनाई: कल्पना करो कि एक छोटी बच्ची है, जो चर्च के पीछे से जा रही है। वह ग्यारह या बारह वर्ष की है। उसके कपड़े गंदे और मैले है; उसके बाल पतले और उलझे हुए है। उससे दुर्गंध आ रही है जैसे कई दिनों से उसने सही तरह से स्नान किया नहीं हो। आप उसके बारे में थोड़ा बहुत जानते हैं। उसकी पढ़ाई अच्छी तरह से नहीं हो रही है। वह अपनी कक्षा में पिछड़ रही है और उत्तीर्ण अंक नहीं ला पा रही है। आप पूरी तरह से निश्चित है कि समस्या उसकी बुद्धि नहीं बल्कि, अधिक संभवत: उसके घर की स्थिति है। वह अपने जैविक पिता को नहीं जानती है, उसकी माँ के कई बॉयफ्रेंड से अनैतिक संबंध रहे हैं। बंद दरवाजे के पीछे बाल-शोषण की अफवाहें है और उसकी बॉहों पर नील के निशान, उसकी पुष्टि करते हैं। ट्रेसी ने फिर कहा, "एक व्यवहार विज्ञानी उस युवा लड़की को देखकर कहेंगे, वह जीवन भर के लिए आहत हुई है; हमेशा के लिए बिखर गई है। कुछ चीजें बचाने योग्य है लेकिन वह

हमेशा लंगड़ाकर चलेगी और वह कभी भी वह नहीं बन पाएंगे जो वह बन सकती थी अगर उसका माहौल अलग होता तो |' यही एक व्यवहार विज्ञान कहेगा |"

लेकिन ट्रेसी आगे बताते हैं, "क्या आप जानते हैं कि एक व्यक्ति जो अनुग्रह के मौलिक आशावाद पर विश्वास करता है, क्या कहेगा? यह जरूरी नहीं कि उसके साथ क्या किया गया है या वह खुद के साथ क्या करती है, उस लड़की के पास सुसमाचार की आशा है | जहाँ पर वो है परमेश्वर उसे वहाँ से उठाकर वह बनाएगा जो वह चाहते हैं कि वह बने |" या जैसा वेसली कहते हैं, "मुझे पूरे लंदन के दुष्ट अभागे लोग दिखावो, और मैं तुम्हें उससे मिलाऊँगा जिसके पास प्रेरितों के सारे अनुग्रह है |"

यह आशावाद हमारे पापी स्थिति को गंभीरता से लेते हैं, लेकिन यह अनुग्रह की शक्ति को और भी अधिक गंभीरता से लेता है जो किसी को कहीं से भी, उठाकर वह बना सकते हैं जो परमेश्वर उन्हें बनाना चाहते हैं |[6] कोई भी दर्द इतना दर्दनाक नहीं होता, कोई भी दुख इतना दुखदायी नहीं होता, कोई चोट इतनी गहरी नहीं होती, कोई पाप इतना भयानक नहीं होता कि परमेश्वर का अनुग्रह उसे रूपांतरित, चंगा, और फिर से पूरा न कर सके |

क्षमा और शक्ति

अनुग्रह की यात्रा पूरे व्यक्ति का रूपांतरण है | धार्मिकता प्रदान की जाती है, पवित्रता दी जाती है | यह "कठिन प्रयास" या "खुद को समेटना" नहीं है, बल्कि एक सच्चा बदलाव है जिसका परिणाम सशक्त जीवन है | दूसरी तरफ से कहें तो, क्षमा और शक्ति के लिए परमेश्वर का अनुग्रह आवश्यक है | हमें एक ऐसे जीवन की आवश्यकता होती है जो परमेश्वर का आदर करता है, अपने पापों से माफी (क्षमा) और बल (शक्ति) की आवश्यकता होती है | एक के बिना दूसरा खतरनाक चरम सीमाओं की ओर जाता है | यदि हम कहे, "परमेश्वर हमें माफ कर देगा, लेकिन वह वास्तव में परवाह नहीं करता कि हम अपने अपूर्ण जीवन को कैसे जीते हैं, आखिरकार, यह सब अनुग्रह द्वारा ढ़ाप दिया जाता है", तो हम विधिमुक्तिवाद के खतरे में है | इसके विपरीत, यदि हम मान ले की अनुग्रह सिर्फ हमारे पापों की क्षमा के लिए आवश्यक होता है | लेकिन फिर वहाँ से यह हम पर निर्भर होता है, तो हम विधिपरायणता के खतरे में है | दोनों ही खतरनाक चरम है जो अनुग्रह की

यात्रा के लिए बाधाएं है | प्रेरित पौलुस इन दो चरम सीमा के बारे में बात करता है जब वह कहता है, "डरते और कांपते हुए अपने उद्धार का कार्य पूरा करते जाओ; क्योंकि परमेश्वर ही है जिसने अपनी सुइच्छा निमित्त तुम्हारे मन में इच्छा और काम, दोनों बातों के करने का प्रभाव डाला है" (फिलिप्पियों 2:12-13) | हमारे आत्मिक विकास के लिए कौन जिम्मेदार है? यह हमारे कार्य है या परमेश्वर का कार्य? और पौलुस का जवाब दोनों के लिए हाँ है, और यह एक विरोधाभास नहीं है |

विधिपरायणता के चरम पर विचार करें | अपनी सख्त धर्मशास्त्रीय (थियोलॉजिकल) परिभाषा में विधिपरायणता एक ऐसी धारणा है जिस पर अत्याधिक जोर दिया गया है, जो नियमों, अधिनियम और विशेष आचार संहिता के पालन के लिए आवश्यक है | व्यावहारिक रूप से विधिपरायनता बताती है, हम जानते हैं कि परमेश्वर ने हमारा उद्धार यीशु के क्रूस के माध्यम से प्रदान किया है, लेकिन क्या यह हमारे जीवन में वास्तविकता में होता है, यह इस पर निर्भर करता है कि क्या हम बहुत प्रार्थना करते हैं, हर दिन हम बाइबिल पढ़ते हैं और कुछ लोगों और जगहों को त्यागने के लिए सावधान रहते हैं | क्या वास्तविकता में विधिपरायणता हमारे लिए वह करने की कोशिश कर रहा है जो केवल परमेश्वर कर सकते हैं | नियमों को मानने का रुझान रखने वाला व्यक्ति का परिणाम बहुत कम अनुग्रह, शांति या आश्वासन के साथ अपराध, भय, हताशा और असुरक्षा की एक बड़ी मात्रा है | यह अनुग्रह-हीन शिष्यता है और चरम सीमा तक ले जाया जाए तो स्व-धर्मी मानवतावाद और श्रेष्ठता की हवा का एक मायावी रूप बन जाता है | विधिवादी लोगों को खुद के लिए ऊँची उम्मीदें हैं लेकिन बाकी सभी के लिए उच्च स्तर भी जो कि बदसूरत है और जो लोग चर्च से अलग-थलग है उन्हें निरस्त करते हैं |

विधिपरायणता के विपरीत, विधिमुक्तिवाद (एंटीनोमीयनिज्म) का विरुद्ध पराकाष्ठा है | एंटीनोमीयनिज्म एक तकनीकी शब्द है जो दो ग्रीक शब्दों से उत्पन्न होता है: एंटी जिसका अर्थ है "विरुद्ध" और नोमोस जिसका अर्थ है "विधि (कानून)" | संयुक्त रूप से यह विधिहीनता का विचार व्यक्त करता है | हालांकि यह सच है - और हमने इस बिंदु पर बहस करते हुए बहुत समय बिताया है - कि मसीही को केवल अनुग्रह से बचाया जाता है न कि अच्छे कार्यों से या हमारे क्रियाओं द्वारा, यह सत्य में नैतिक और आत्मिक दायित्वों से मुक्त नहीं करता है | व्यावहारिक रूप से, विधवादी व्यक्ति कहता है, "क्योंकि अनुग्रह बहुत होता है तो पाप क्यों न अधिक हो !क्योंकि मैं अनुग्रह द्वारा आच्छादित ढँका हुआ हूँ, मैं किसी भी नैतिक या धार्मिक

मानक का पालन करने के लिए बाध्य नहीं हूँ, मुझे जिम्मेदारी के बोझ से मुक्त कर दिया गया है | प्रेम सभी चीज को ढाँप देता है |" चाहे सुनने में कितना भी असंगत (और अव्यावहारिक) लगे, यह कुछ मसीहियों की मानसिकता है | "मुझसे किसी भी गंभीर प्रतिबद्धता या आत्म-बलिदान के लिए मत पूछो | मैं किसी के भी कंधों पर एक भारी आत्मिक भारी बोझ डालने से ऊब गया हूँ क्योंकि उससे केवल प्राचीन अपराधबोध और विधिपरायणता पैदा होती है | मैं अनुग्रह में हूँ |"[7] विशेष रुप से, हालांकि जॉन वेसली कोई विधिवादी (लीगलिस्ट) नहीं थे, क्योंकि वह विधिमुक्तिवाद के सोचने के तरीकों को विधिपरायणता से भी अधिक एक खतरा मानते थे और विधिमुक्तिवाद को सभी अपधर्मियों में सबसे खराब समझते थे क्योंकि यह पूर्ण प्रेम का अवमूल्यन करता है | पवित्रता के बिना प्रेम अनुज्ञात्मक है: प्रेम के बिना पवित्रता कठोर है |

1751 में, जॉन वेसली ने अपने एक मित्र को एक पत्र लिखा, माना जाता है, सबसे अधिक आरोपों के जवाब में कि उनका प्रचार या तो बहुत अधिक विधि सम्मत या बहुत अधिक अनुज्ञात्मक (विधिमुक्तिवादी) था | उनकी प्रतिक्रिया शिक्षाप्रद थी: "मैं व्यवस्था (विधि के बिना सुसमाचार की तुलना में सुसमाचार के बिना व्यवस्था का प्रचार करने की सलाह अब और अधिक नहीं दूँगा | निस्संदेह दोनों को अपने बारी में प्रचार करना चाहिए: हाँ, दोनों को एक बार या दोनों को एक में |" वेसली ने खुलासा किया कि उनका "दोनों को एक में" कहने का क्या अभिप्राय है: परमेश्वर तुमसे प्रेम करता है: इसलिए उससे प्रेम करो और उनकी आज्ञा का पालन करो | मसीह तुम्हारे लिए मरा: इसलिए पाप के लिए मत जिओ | मसीह जी उठा: इसलिए परमेश्वर के स्वरूप में जी उठो | मसीह हमेशा के लिए जीवित है; इसलिए परमेश्वर के लिए तब तक जिओ जब तक तुम उसकी महिमा में रहते हो... | यह पवित्रशास्त्रीय तरीका है, मेथोडिस्ट तरीका है और सच्चा तरीका है | परमेश्वर करे की हम दाए और बाए ना मुड़कर सही रास्ते पर चले |[8] तो यह रास्ता कौन सा है? क्या हमारा उद्धार और आत्मिक विकास परमेश्वर का काम या हमारा काम है? पौलुस यह स्पष्ट करता है: यह "कोई सा.....या" नहीं बल्कि "दोनों..... और" है | पूर्ण उद्धार शुरू से अंत तक परमेश्वर का काम है | हम परमेश्वर के अनुग्रह से खोजे गए, बचाए गए, पवित्र किए गए और संभाले गए हैं | फिर भी हमें पवित्र आत्मा के साथ सहयोग करने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए हमें अपने जीवन में काम करने के लिए बार-

बार बुलाया जाता है | (लूका 13:24; फिलिप्पियों 2:12-13; 2 तीमुथियुस 2:15; इब्रानियों 12:14; 2 पतरस 1:5-7; 3:13-34)[9] |

अनुग्रह क्षमा और शक्ति दोनों के लिए है | यह इस प्रकार है कि अलौकिक-मानवीय भागीदारी में संभाले रखने वाला अनुग्रह हमारी शिष्यता में योगदान देता है | परमेश्वर पुकारते हैं; हम सुनते हैं |परमेश्वर मार्गदर्शन देते हैं; हम मानते हैं | परमेश्वर सशक्त बनाते हैं; हम काम करते हैं | वेसली कहते हैं, "पहला परमेश्वर का कार्य करते हैं; इसलिए हम कार्य कर पाते हैं |" दूसरा परमेश्वर कार्य करते हैं; इसलिए हमको कार्य करना चाहिए |"[10]

मुक्त इच्छा की आवश्यकता

इस अध्याय का विषय अनुग्रह जो संभालता है | जो कि वह अनुग्रह है जो हमें वह करने में सक्षम बनाता है जो परमेश्वर हमें करने और पवित्र जीवन जीने के लिए कहते हैं | नए नियम में यहूदा की पुस्तक, इस अनुग्रह को संदर्भित करता है, जो हमें गिरने से बचाए रखता है और हमें अंतिम दिन उसके सामने दोष रहित खड़े होने का कारण बनता है | इस तरह की घोषणा से हमारी शिष्यता के बारे में एक बहुत महत्वपूर्ण सच्चाई का पता चलता है: हम अनुग्रह से गिर सकते हैं लेकिन परमेश्वर के संभाले रखने वाले अनुग्रह से यह संभव नहीं है |

एक बार जब एक ऐसा समय था जब पवित्रता (होलीनेस) के कुछ नेकनीयत प्रचारकों ने कहा था कि एक बार एक इंसान पवित्र कर दिया जाए तो वह फिर कभी पाप नहीं करेगा | इस उद्घोषणा ने ईमानदार मसीहियों के बीच में बहुत भरम और बाधा उत्पन्न कि जो मसीह के साथ चलने के लिए उत्साहित थे, लेकिन उन्होंने पाया कि न केवल ठोकर लगना या गिरना संभव था, बल्कि यह भी कि यह कुछ आवृत्ति के साथ किया जाता है, विशेष रूप से उन संदेशों के प्रकाश में जिसने उन्हें बताया कि पूर्ण पवित्रीकरण समस्या को दूर कर देगा | सरलता से बस यही कारण नहीं है - कारण यह है कि हमारी स्वतंत्र इच्छा कभी भी समीकरण के बाहर नहीं होती है | स्वतंत्र इच्छा एक विश्वासी के जीवन में हमेशा रहती है क्योंकि यह रिश्ते की आवश्यकता पर आधारित है | प्रेम संबंधपरक है, और चुनाव किसी भी अच्छे संबंध का एक आवश्यक अंश है | वास्तव में परमेश्वर का स्वरूप हम पर मुहर की

गई है और वह जो मसीह की परिपूर्णता में पुनर्स्थापित किया जा रहा है पवित्र और प्रेम पूर्ण संबंधों की क्षमता है।

उत्पत्ति में सृजन वर्णन शिक्षाप्रद है। एक सर्वश्रेष्ठ परमेश्वर बोले हुए वचनों से थोड़े अधिक प्रयास से ब्रम्हांड को अस्तित्व में लाता है: "वहा उजियाला हो....."। परमेश्वर का नियम निरपेक्ष है और उनकी प्रभुता अद्वितीय - फिर भी आश्चर्यजनक रूप से, मानव स्वतंत्रता, सृजन के वस्त्रों में बुनी जाती है। परमेश्वर के सृजन और बनाए रखने की अद्वितीय शक्ति होते हुए, यह स्वतंत्रता अप्रत्याशित है क्योंकि, जैसे कि हम बाद में देखते, मनुष्य के विभिन्न चुनावों को ना केवल अनुमति दी जाती है, बल्कि उनके पास परमेश्वर के अच्छे संस्कार के उत्कर्ष को बढ़ाने या हानि पहुँचाने की क्षमता भी होती है। वह जो सर्वसामर्थी है, बड़े जोखिम में हमारे चुनावों को महत्व देता है।

पहले स्वर्ग में, प्रभु परमेश्वर ने आदम को यह आज्ञा दी, "तू वाटिका के सब वृक्ष का फल बिना खटके खा सकता है। पर भले या बुरे के ज्ञान का जो वृक्ष है, उसका फल तू कभी न खाना: क्योंकि जिस दिन तू उसका फल खाएगा उसी दिन अवश्य मर जाएगा" (उत्पत्ति 2:17)। चुनने की शक्ति को आज्ञा द्वारा दी गई थी। सबसे पहले, कोई इसे परमेश्वर का अन्याय समझ सकता है। परमेश्वर यह जानते हुए, यह आज्ञा क्यों देंगे कि जिस क्षण आप किसी को कहे कि वह इसे नहीं कर सकता/सकती है, तो वे वैसा ही करने की सोचेंगे? क्या यह प्रलोभन के लिए एक सेटअप था? नहीं: परमेश्वर ने उन्हें प्रलोभन नहीं दिया। उन्हें एक चुनाव दिया गया था। दोनों एक जैसे नहीं है। आदेश में एक स्वतंत्र इच्छा (या मुक्त इच्छा) की मान्यता होती है।[11] एक रिश्ते में प्यार मौजूद रहने के लिए मुक्त इच्छा की आवश्यकता होती है।

यदि मेरी पत्नी को मुझसे प्यार करने के लिए मजबूर किया जाए और उस मामले में कोई चुनाव न हो तो हम फिर भी कम या अधिक रूप से एक रिश्ते में रहेंगे, लेकिन वह एक विवाह नहीं होगा? क्यों? क्योंकि यदि में पूर्ण नियंत्रण में होता, तो यह प्यार के अलावा कुछ और बन जाता। वह एक स्वचालित यंत्र (ऑटोमेटिक मशीन) बन जाएगी, एक रोबोट जो स्वेच्छा से किसी अन्य तरीके से कार्य नहीं कर सकता था। एक स्वस्थ विवाह को साझा करने का एकमात्र तरीका यह है कि हम दोनों को एक

दूसरे से प्यार करने का चुनाव दिया जाए | इससे प्यार का जोखिम निहित रहता है वह मुझे प्यार नहीं करने का चुनाव कर सकती है |

जब परमेश्वर ने मनुष्यों को बनाया, तो उन्होंने उन्हें जीवन और भलाई से भरे एक सुंदर बगीचे में रखा | यह शुद्ध अनुग्रह था क्योंकि इसे परमेश्वर द्वारा प्रदान किया गया था और उनकी ओर से कोई योगदान नहीं दिया गया था | हालांकि परमेश्वर ने उन्हें रोबोट नहीं बनाया जो उनकी इच्छा को पूरी करने के लिए मजबूर थे | वे अच्छाई या बुराई के बीच चयन कर सकते थे | यह लगभग ऐसा था जैसे परमेश्वर कह रहे हो, "यह एक काम करो क्योंकि मैं परमेश्वर हूँ | तुम्हारी आज्ञाकारिता एक चुनाव है | मैं चाहता हूँ कि यह रिश्ता प्यार पर आधारित हो, नियंत्रण पर नहीं |" परमेश्वर हमें एक मुक्त इच्छा इसलिए नहीं देता कि वह हमें लुभाना चाहता है बल्कि इसलिए कि वह चाहता है कि हम उसे वापस चुने | तभी यह प्रेम में निहित एक वात्सल्यपूर्ण संबंध होगा |

सोरेन किर्केगार्ड एक समर्पित इच्छा को एक शुद्ध किए गए दिल की निशानी मानती थी | "हृदय की शुद्धता एक चीज की इच्छा करना है | दुचित्तापन एक शुद्ध हृदय के विपरीत है, जो इच्छा शक्ति में भी प्रतिबिंबित किया गया है | क्या पूर्ण रूप से पवित्रिकृत व्यक्ति फिर कभी पाप कर सकता है, इसका जवाब हॉ है |अनुग्रह से गिरना संभव है क्योंकि व्यक्ति हमेशा परमेश्वर या प्रस्तुत प्रलोभन का जवाब देने के लिए स्वतंत्र होता है | प्रेम के खातिर चुनाव हमेशा हमारा स्वयं का होगा; फिर भी एक अनुग्रह द्वारा बनाए रखा गया जीवन का यह प्रमुख अंतर है: अब हमारे पास पाप न कर पाने की शक्ति है | अनुग्रह जो संभाले रखता है कि शक्ति के माध्यम से, हम परमेश्वर को हाँ और प्रलोभन को ना कह सकते हैं | हमारा विश्वास परमेश्वर की शक्ति द्वारा सुरक्षित रखा जाता है, मृत में से प्रभु यीशु के पुनरुत्थान के माध्यम से एक जीवित आशा के द्वारा महफूज रखा जाता है (1 पतरस 1:3-4) |

एक निष्कपट अंगीकार में, पौलुस स्वीकार करता है, आत्मा से पहले, उसके जीवन में पाप इतनी दृढ़ता से नियंत्रण में था जैसे कि सेवक के लिए उसका स्वामी | "क्योंकि जिस अच्छे काम की मैं इच्छा करता हूँ वह तो नहीं करता; परंतु जिस बुराई की इच्छा नहीं करता, वही किया करता हूँ" (रोमियों 7:19) |वह कुछ करने के, पर उसे रोकने में असमर्थ होने के, और कुछ करने के, पर उसे पूरा करने में असमर्थ होने के एक दुष्चक्र में फस गया था | "मुझे इस मृत्यु की देह से कौन छुड़ाएगा?"

(रोमियों 7: 24) | अब जब वह पवित्र आत्मा की शक्ति के अधीन है, पौलुस कहता है, वह परमेश्वर को हाँ और प्रलोभन को ना कह सकता है | "हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा परमेश्वर का धन्यवाद हो! क्योंकि जीवन की आत्मा व्यवस्था ने मसीह यीशु में मुझे पाप की और मृत्यु की व्यवस्था से स्वतंत्र कर दिया (रोमियों 7:25, 8:2) | पवित्र आत्मा के बिना, हमारी मानव इच्छा, आज्ञा को मानने के लिए कमजोर और शक्तिहिन है; पवित्र आत्मा के साथ, हम आज्ञा मानने के लिए सशक्त है | ऐसा नहीं है कि जो लोग को पवित्रीकृत किए गए हैं फिर कभी पाप नहीं कर सकते, लेकिन अब उनके पास पाप न करने की शक्ति है |अंतर, परमेश्वर का संभाले रखने वाला अनुग्रह है जो हमें गिरने से बचाता है |

विश्वसनीयता, विश्वास और परिपूर्णता पर टिके हुए है | जैसा वेसली ने जोड़ा, पवित्र आत्मा हमारी इच्छा को मजबूत करता है, ताकि हम सभी अच्छी अभिलाषाओं को चाहे वह हमारे प्रवृत्ति, शब्दों या कार्यों आंतरिक और बाहरी पवित्रता से संबंधित हो" को उत्पन्न करें |[12]

चरित्र के रूपांतरण के रूप में संभालने वाला अनुग्रह

शिष्यता पर उनकी बेहद उपयोगी और व्यापक पुस्तक, आफ्टर यू बिलीव, में एन. टी. राइट यह सामने रखते हैं कि कैसे व्यक्तियों और चर्चाओं में मसीह समान चरित्र उत्पन्न होता है | वह इसे अनुग्रह में लंबे पर स्थिर विकास के रूप में संदर्भित करते हैं जो एक व्यक्ति के जीवन में गठन आत्मिक आचरणों और आदतों के परिणामस्वरूप आती है, जो उन्हें अधिकाधिक यीशु मसीह के स्वरूप में रूपांतरित करती है | प्राचीन लेखक ने इस तरह के चरित्र निर्माण को "गुण" कहा |

राइट ने पुस्तक का आरंभ चेसली सुलेनबर्गर जिन्हें "सुली" के नाम से जाना जाता है, कि एक सच्ची कहानी पुन: सुनाते हुए कि | वह एक गुरुवार की दोपहर थी, जनवरी 15, 2009, और न्यूयार्क शहर की किसी भी अन्य दिन की तरह थी | व्यावसायिक जेट ने सायं 3:26 बजे शार्लट के लिए उड़ान भरी, सुली उसके कप्तान थे | उन्होंने सारी नैतिक जांच की और उड़ान के बस 2 मिनट बाद तक सब कुछ सामान्य लग रहा था, हवाईजहाज कलहंसो (गीस) के झुंड से टकरा गया | दोनों ही इंजन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे और बिजली भी चली गयी थी | विमान उत्तर की ओर शहर के सबसे घनी आबादी वाले हिस्सों में से एक ब्रांग्स की तरफ

जा रहा था | सुली और उनके सह-पायलट को प्रमुख निर्णय लेने थे, और वो भी जल्दी | 150 से अधिक यात्रियों और जमीन पर हजारों और लोगों का जीवन दाँव पर था |

निकटतम छोटे हवाई अड्डे बहुत दूर थे और न्यूजर्सी के शुल्क मार्ग (टर्नपाइक) पर उतरना एक आपदा होती | इसलिए उनके पास अब केवल एक विकल्प बचा था: हडसन नदी में उतरना | उतरने के केवल 3 मिनट पहले, सुली और उनके सह-पायलट को दुर्घटना से बचने के लिए कुछ महत्वपूर्ण चीजें करनी थी | (राइट ने नौ तकनीकी और भिन्न कार्यों का उल्लेख किया है) | उल्लेखनीय रूप से उन्होंने कर दिखाया, उन्होंने हडसन नदी पर हवाई जहाज को उतारा | खुद उतरने से पहले कई बार हवाई जहाज के गलियारे (ऑइल) मे आगे पीछे चल कर यह जाँच करने लगे कि सब उतर चुके हैं, कप्तान सुली के साथ-साथ हर कोई सुरक्षित रूप से उतर गया |[13]

कई लोगों ने कहा कि वह एक चमत्कार था और एक निश्चित स्तर पर, वह था भी | फिर भी चमत्कार कहाँ था? क्योंकि चमत्कार कई भिन्न रूप में आते हैं | क्या चमत्कार परमेश्वर के अलौकिक रूप से संरक्षण और मार्गदर्शन करने वाले हाथ में था? यह निश्चित रूप से संभव है | हालांकि इसे देखने का एक और तरीका है | शायद चमत्कार सुली के गुण में था जिसने उन्हें इतनी तकनीकी गति के साथ तीव्र दबाव में प्रतिक्रिया करने में सक्षम बनाया | यदि इस तरह से "गुण" शब्द का उपयोग करना अजीब लगता है तो ऐसा इसलिए है क्योंकि गुण केवल "अच्छा" या "नैतिक" कहने का दूसरा तरीका नहीं है | राइट का कहना है कि गुण का अर्थ शब्द के सबसे कठिन अर्थ में वह है जो "जब किसी व्यक्ति ने एक हज़ार छोटे चुनाव कीए हो जिसमें प्रयास और एक एकाग्रता की आवश्यकता होती है, कुछ ऐसा करने के लिए जो अच्छा और सही है लेकिन "स्वाभाविक रूप से" नहीं आता - और फिर एक हजार एक बार, जब वह वास्तव में मायने रखता है, उन्हें पता चलता है कि वे वह करते हैं जो, जैसे हम कहते हैं, "स्वचालित" रूप से आवश्यक है |"[14]

दूसरे शब्दों में, जब कुछ ऐसा लगता है कि वह "बस हो जाता है", तो हम सोचने लगते हैं कि वह "बस हो नहीं जाता" | जैसा कि राइट बताते हैं, यदि उस दिन हम में से कोई वह हवाई जहाज उड़ा रहा होता, और केवल वही करता जो उसे स्वाभाविक रूप से आता, तो हम एक इमारत के किनारे से टकरा जाते | गुण चरित्र

निर्माण - या, हमारे उद्देश्य के लिए, शिष्यता - जो अधिकाधिक यीशु जैसा बनने के लिए अनुग्रह में बढ़ती है, यह स्वाभाविक रूप से नहीं होता; यह तब भी होता है जब बुद्धिमान और विवेकपूर्ण विकल्प हमारे दूसरी प्रकृति बन जाते हैं। सूली एक व्यावसायिक विमान को उड़ाने की क्षमता के साथ पैदा नहीं हुए थे, ना ही वह उन चारित्रिक लक्षणों के साथ पैदा हुए थे जो कि समय के संक्षिप्त क्षणों में प्रकट हो गए थे - जैसे साहस, एक स्थिर हाथ, तीव्र निर्णय, और स्वयं के खतरे में रहते हुए दूसरों की सुरक्षा की चिंता करना। यह उपार्जित कौशल्य और लक्षण है, जिन्हें समय के साथ विशिष्ट अभ्यास और पुनरावृति की आवश्यकता होती है - जब तक जो कुछ अजीब लगना शुरु होता है, सामान्य ना लगने लगे और फिर जो सामान्य लगने लगता है, हमारे मनों और मांसपेशियों की स्मृति में इतनी गहराई तक पहुँच जाता है कि हम सोचने की बजाय प्रतिक्रिया कर देते हैं। यह दूसरी प्रवृत्ति है।

किसी भी पाठक, जो पायलट है, का अपमान ना करते हुए, यदि मैं उस तेजी से उतरते हुए हवाई जहाज का एक यात्री होता, तो मैं नहीं चाहता कि कोई अनाड़ी पायलट वह करें जो स्वाभाविक रूप से आए। इससे पहले कि वह एक ऐसी आपदाओं की प्रतिक्रिया दें जिसका उन्होंने पहले कभी सामना ना किया था, यदि उन्हें इंजन मैन्युअल (विवरणिका) बाहर निकालना, इंटरनेट पर चेक करना, या अपनी याददाश्त में पहुँचना पड़े यह याद करने के लिए ऐसी आपातकालीन स्थिति के लिए उन्होंने फ्लाइट स्कूल में क्या सिखा था, तो इसका परिणाम बहुत अलग हो सकता है। ज्ञान पर्याप्त नहीं है; ना ही धैर्य और दृढ़ संकल्प। ना ही राइट प्रभावपूर्ण रूप से जोर देते हैं, उस आपदा के क्षण में जिसकी आवश्यकता थी, वह एक ऐसी चीज का अभ्यस्त गुण था जो कि दूसरी प्रवृत्ति बन चुका था - चरित्र का एक रूपांतरण, "जो कि विशेष शक्तियों द्वारा बनाया जाता है, यानी वास्तव में एक विमान को उड़ाने का गुण[15]। मैं जोड़ना चाहूँगा कि वह कोई नाटक नहीं था, बल्कि वह विशेष विमान था - वो विमान जिसे व्यक्तिगत रूप से विस्तार में जानने के लिए सुली को प्रशिक्षित किया गया था।

"दूसरी प्रकृति" का विचार मेरा ध्यान आकर्षित करता है, विशेष रूप से शिष्यता, पवित्रता और अनुग्रह की यात्रा से संबंधित। कुछ लोग इस बात से असहमत होंगे कि साहस, धीरज, संयम, बुद्धि, अच्छा निर्णय और धैर्य जैसे गुण हमारे पास स्वाभाविक रूप से नहीं आते हैं। वे ऐसी चीजें हैं जो सीखी जाती है और हमारे चरित्र में शामिल होती है, कभी-कभी दर्दनाक और कठिन परिस्थितियों के माध्यम से

लेकिन हमेशा सीखे गए व्यवहार से गुजरकर एक अच्छी तरह से स्थापित चरित्र - नए नियम के अनुसार और जैसा के राइट द्वारा परिभाषित किया गया है - "सोच और अभिनय का पैटर्न जो किसी के माध्यम से सही चलता है ताकि जहाँ भी आप उन्हें काटे (जैसा वह थे), आप उसी व्यक्ति को देखें, हर बार" |[16]

निश्चित रूप से एक अच्छी तरह से स्थापित चरित्र के विपरीत, अल्पज्ञता है | बहुत से लोग खुद को शुरू में ईमानदार, दयालु, सकारात्मक और पसंद के रूप में पेश कर सकते हैं, लेकिन जितना अधिक आप उन्हें जान पाएँगे, उतना ही उनके असली रंग उभरेंगे | ऐसे लोग सिर्फ अच्छी छवि सामने रख रहे हैं | "जब संकट का सामना करना पड़ता है या फिर जब वे सामान्य रूप से निश्चित रहते हैं, तो वे किसी भी अगले व्यक्ति के रूप में बेईमान, गंभीर और अधिर होते हैं |"[17] समस्या क्या है? वे वही कर रहे हैं जो स्वाभाविक रूप से आता है; वे यह जानने के लिए पर्याप्त रूप से आत्म-जागरूक है, उनका दृष्टिकोण अलग होना चाहिए, लेकिन अचानक चुनौतियों और निराशाओं पर अच्छी तरह से प्रतिक्रिया करने के लिए उन्होंने नई प्रकृति की नई आदतों का अधिग्रहण नहीं किया है | किसी व्यक्ति का चरित्र संकट में नहीं बनता है; बल्कि संकट में पता चलता है | जब हमारे पास सोचने का समय नहीं होता है, तो हम वास्तव में हर बार उजागर होते हैं |

एच. रे. डनिंग ने दिखाया कि कैसे वेसली के अठारहवी शताब्दी के कुछ शब्द समकालीन उपयोग से भिन्न है | उदाहरण के लिए, जैसा कि यह स्वतंत्र इच्छा पर हमारी चर्चा से संबंधित है, "स्वतंत्रता" वह शब्द था जिसका उपयोग वह चुनाव की स्वतंत्रता के लिए करता था, जबकि "इच्छाशक्ति" वह शब्द जिसका उपयोग वह "स्नेह" या उन अभिप्रेरणाओं को जो मानव कार्यों को प्रेरित करते हैं, के लिए उपयोग किया गया था |

स्नेह उन भावनाओं को संदर्भित नहीं करता था जो आती जाती है, ना हीं वे अस्थायी व्यवहार संशोधनों ने द्वारा बदला गया था | उनका संबंध इसके गहरे स्तर से अधिक था कि क्यूँ एक व्यक्ति कुछ चुनाव या कार्यों को चुनता है | स्नेह से निकटता से संबंधित वेसली द्वारा "प्रवृत्ति" शब्द का उपयोग था | अठाहरवीं शताब्दी में एक प्रवृत्ति का अर्थ यह नहीं था कि एक व्यक्ति चिड़चिड़ा या आसानी से गुस्सा हो जाने वाला है | बल्कि, उसका संबंध आज के वक्त में प्रयुक्त "स्वभाव" शब्द से अधिक था | वेसली ने प्रवृत्ति का प्रयोग "एक व्यक्ति के एक स्थायी या अभ्यस्त स्वभाव"

के संदर्भ में किया |[18] या अधिक वास्तविकता में, वे मानव स्नेह व्यक्ति के चरित्र के स्थायी पहलुओं पर केंद्रित और उन में विकसित है, जो अनुग्रह के माध्यम द्वारा उत्पन्न होती है, जब तक वे क्षणिक नहीं बल्कि दीर्घावधि और स्थाई गुण नहीं बन जाते, और जब धार्मिक इरादे के साथ किया जाए, तो "पवित्र प्रवृत्ति" ना बन जाते |

"पवित्र प्रवृत्ति" शिष्यता पर वेसली शिष्यता में अक्सर प्रयोग किए जाने वाला वाक्यांश था, विशेष रूप से गलतियों में आत्मा के फल पर उनके प्रतिबिंबो में "पर आत्मा का फल प्रेम, आनंद, शांति, धीरज, कृपा, भलाई, विश्वास, नम्रता और संयम है; ऐसे ऐसे कामों के विरोध में कोई भी व्यवस्था नहीं" (गलतियों 5:22-23) | इस पाठ के कई पहलू चिन्हांकित करने योग्य है | जैसे कि, वेसली ने उल्लेख किया कि फल एकवचन था, ना कि बहुवचन ("फलों") | यदि वे बहुवचन होते, तो व्यक्ति एक से अधिक दूसरे "फल" पर केंद्रित होने को प्रलोभित होता, जैसे की विश्वसनीयता हमारा केंद्र हो सकता है और उदारता अनदेखा किया जा सकता है | फल एक एकीकृत पूर्ण रूप में इस बात का सबूत है कि परमेश्वर की आत्मा कार्य पर है | वे स्वतंत्र विशेषताएं नहीं है | फिर, जैसे हम बढ़ते हैं, फल के सभी नौ किस्में एक साथ एक आकर्षक चित्र को बनाने का काम करती है, जो दर्शाता है कि वह कैसा दिखता है जब एक पवित्र जीवन, पवित्र आत्मा के नियंत्रण में होता है | एन. टी. राइट बताते हैं कि पौलुस "विशिष्टकरण की परिकल्पना नहीं करता था" |[19] जिस तरह एक व्यक्ति उसके द्वारा उत्पन्न फल को देख, एक आड़ू के पेड़ को पहचान लेता है, वैसे ही एक मसीही आत्मा के फल द्वारा जाना जाता है - पवित्र प्रवृत्ति जो व्यक्ति के जीवन में प्रकट होते हैं | आश्चर्यजनक रूप में नहीं, वेसली ने यह जोड़ने के लिए जल्दबाजी की, कि प्रेम पवित्र प्रवृत्ति की सूची शुरू करता है क्योंकि पूरे नौ फल, प्रेम की अभिव्यक्ति है | फिर भी अनुग्रह की यात्रा के साथ, मसीह की सारी विशेषताएं हमारे जीवनों में प्रकट हो जाएंगी |

अनुग्रह की यात्रा को समझने के लिए शायद सबसे महत्वपूर्ण यह है कि ये पवित्र प्रवृत्ति तत्काल अनुभवित नहीं किए जाते | इसके बजाय, जैसा रैंडी मैडक्स बताते हैं, "परमेश्वर का पुन: उत्पन्न (बचाने वाला) करने वाला अनुग्रह विश्वासियों में ऐसे गुण के "बीजों" को जागृत करता है | जैसे-जैसे हम "अनुग्रह में बढ़ते हैं", ये बीज फिर मजबूत बनते हैं और आकार लेते हैं | स्वतंत्रता को देखते हुए, इस विकास में जिम्मेदार सहयोग शामिल है, क्योंकि हम इसके बजाय परमेश्वर के अनुग्रहकारी सशक्तिकरण की उपेक्षा या आघात कर सकते हैं |"[20] मैडक्स के स्पष्टीकरण में

कितना कुछ जानने के लिए है। हालांकि, प्राथमिक विचार जिसे हमें नहीं भूलना चाहिए वह यह कि, गुण को बढ़ाने के लिए उनका पोषण करना जरूरी है।

परमेश्वर के अनुग्रह से, हम समय के एक क्षण में बचा लिए और पवित्र किए जाते हैं और मसीह समानता की ओर यात्रा को शुरू करने के लिए सक्षम किए जाते हैं - धार्मिकता के बीज लगाए जाते हैं। अनुग्रह के असाधारण उपक्रम में, हमें पाप और स्वार्थ के जीवन को छोड़ने की स्वतंत्रता दी जाती है, ताकि हम परमेश्वर को अपने पूर्ण हृदय, प्राण, बल और मन से प्रेम करें। फिर भी विश्वास, आशा और प्रेम के तीन स्थायी पुण्य (1 कुरिन्थियों 13:13) और आत्मा से भरे जीवन से फल की नौ-गुना विविधता, ऊपहार के रूप में दी और विकसित, दोनों की जाती है। आत्मा का फल अचानक प्रकट नहीं होता, ना ही वह, जैसे राइट सही ढंग से बताते हैं, "स्वचालित रूप से विकसित होता है"। ये निसंदेह प्रारंभिक आशाजनक संकेत है, फल आने वाला है। विशेष रूप से तब जब एक ऐसे जीवन जो "शरीर के कार्यों" से भरा हुआ था, से एक अचानक रूपांतरण एक आकस्मिक रूप से दूर होना हो सकता है। कई नए मसीही स्वयं की उस इच्छा पर आश्चर्य के बारे में बताते हैं, जो उनमें प्रेम, क्षमा और कोमलता और शुद्धता के लिए जागते हैं। वह पूछते हैं, कहाँ से ये सब आया? मैं पहले ऐसा नहीं हुआ करता था। यह एक अद्भुत चीज है, आत्मा के कार्य करने का एक निश्चित चिन्ह।"[21]

ये अविश्वसनीय "स्नेह" परिवर्तन, अनुग्रह के एक शुद्ध उपहार से कम नहीं है। हालांकि, नए मसीही निष्क्रिय नहीं बन सकते। उन्हें उस पर काम करना होगा जो परमेश्वर उनमें कर रहे हैं। वही अनुग्रह जिसने इन "स्नेह" परिवर्तन को संभव बनाया है, को अब "पवित्र प्रवृत्ति" में विकसित करना है, नई आदतों और अर्जित आचरणों के माध्यम से उत्पन्न। फिर से, राइट एक गहरी शिष्यता की कल्पना के, साथ सही रीती से इस बात को रखती है: "ये (नई इच्छाएं) फूल है; फल को पाने के लिए आपको एक माली बनना सीखना होगा। आपको जानना होगा कैसे कटाई और छटाई करें, कैसे खेत की सिंचाई करें, कैसे चिड़ियों और गिलहरीयों को दूर रखें। आपको क्षति और फफूंदी पर ध्यान रखना होगा, वृक्षलता और अन्य परजीवियों को काटना होगा, जो पेड़ से जीवन को चूस निकालते हैं, और सुनिश्चित करना होगा कि नई डालियाँ जोरदार हवाओं में खड़े रह सकें। केवल फिर फल दिखाई देंगे।"[22]

"जिन पर परमेश्वर ने प्रगट करना चाहा कि उन्हें ज्ञात हो कि अन्यजातियों में से उस भेद की महिमा का मूल्य क्या है, और वह यह है कि मसीह जो महिमा की आशा है तुम में रहता है" (कुलुस्सियों 1:27), लेकिन एक परिपक्व, मसीह समान चरित्र का वास्तविक फल पाने के लिए, हमें माली बनना होगा। बीज अब फल देना शुरू करेंगे। आत्म-समर्पित स्नेह पवित्र प्रवृत्ति को उत्पन्न करते हैं, एक नया स्वभाव, जो मसीह समान सोच और ऐसे कामों का उत्पाद करता है जो दूसरी प्रकृति के तरीकों से कार्य करने लगते हैं।[23] "मेरे पिता की महिमा इसी से होती है कि तुम बहुत सा फल लाओ तब ही तुम मेरे चेले ठहरोगे" (यूहन्ना 15:8)। फूल फल बन जाते हैं, बीज गुण बन जाते हैं। परमेश्वर की ऊर्जावान शक्ति वह अनुग्रह बन जाती है जो बनाए रखता है।

दोश और गुण

पौलुस कुरिन्थिय मसीहियों को चेतावनी देता है: "अपने आप को परखो की विश्वास में हो कि नहीं। अपने आप को जाँचों। क्या तुम अपने विषय में यह नहीं जानते कि यीशु मसीह तुम में है? नहीं तो तुम जाँच में निकम्मे निकले हो।" (2 कुरिन्थियों 13:5) अपने प्रथागत अवधारणात्मक अंदाज में यूजिन पीटरसन का विवरण उचित है: "अपने आप को परखें, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप विश्वास में दृढ़ है। हर चीज का सही मूल्य ना समझकर आगे बढ़ते ना रहो। स्वयं की नियमित जाँच करो।आपको प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता है, न कि सिर्फ सुनी सुनाई बातों की, यीशु मसीह आपके भीतर है। इसको परखें। यदि आप परीक्षा में असफल रहते हैं, तो इसके बारे में कुछ करें।" (वचन 5 - 9)

नियमित स्वास्थ्य जाँच हमेशा दिल के दौरे या स्ट्रोक से बेहतर होती है। एक समस्या जो जल्दी पहचान ली जाती है, उसका अक्सर इलाज किया जा सकता है। इसी तरह से, मोटर वाहन की एक रखरखाव (मेंटेनेंस) की सूची का अनुसरण करना व्यापक रूप से भयावह इंजन विफलता को रोक सकता है। पूरे बाइबिल के इतिहास में, चालीस - दिवसीय अवधियों को तैयारी, पवित्रीकरण और आत्मिक सूची के समय के रूप में जाना गया है।[24] कोई यह कह सकता है कि होलीनेस (पवित्रीकरण) परंपरा में विशेष सम्मेलनों जैसे कि सभाओं का उद्देश्य सामाजिक और व्यक्तिगत जाँच के लिए है। जैसा कि पौलुस द्वारा कुरिन्थियों में कहा गया है, आत्मिक विकास के लिए आत्मिक स्वास्थ्य की आवश्यकता होती है। पौलुस के उपदेश की भावना

में वेसली का आग्रह, की विश्वासी छोटे उत्तरदायी समूहों ("कक्षा की बैठके" जैसे कि वह उन्हें कहता था) में मिले, आत्मिक स्वास्थ्य की जाँचों के अनुशासन का अभ्यास करना था |

हृदय के आत्मिक रोग के चेतावनी के संकेत क्या है? छठी शताब्दी में चर्च द्वारा वर्गीकृत, चेतावनी के संकेतों को "घातक पाप" या "घातक दोष" के रुप में पहचाना जाता था । जैसे कि दिल के रोग के लिए अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल एक चेतावनी का संकेत है और फिसलती उपकरण वाहन के बुरे संचारण के चेतावनी के संकेत है । वैसे ही यह संकेत हमारे शिष्यता में अस्वस्थ प्रवृत्ति के संकेतक है और यदि इनका कुछ न किया जाए तो ये आत्मिक मृत्यु की ओर ले जाते है| चर्च की दोषों की ऐतिहासिक समझ - जो आमतौर पर "सात घातक पाप" के नाम से जानी जाती है - अधिक व्यापक है और इसमें निम्नलिखित शामिल है:

अभिमान: स्वयं को परमेश्वर के स्थान पर अपने जीवन के केंद्र और मुख्य उद्देश्य के रूप में रखना; स्वयं को परमेश्वर पर आश्रित प्राणी के रूप में पहचानने से इंकार करना |

अनादर: जानबूझकर परमेश्वर की आराधना की उपेक्षा, या उसमें अचेत भाग लेने की संतुष्टता; पवित्र (परमेश्वर) की ओर प्रत्यक्ष निराशावाद या व्यक्तिगत लाभ के लिए मसीहत का उपयोग |

भावुकता: व्यक्तिगत पवित्रता के लिए प्रयास किए बिना पवित्र भावनाओं और सुंदर समारोह से संतुष्टता; स्वयं के क्रूस को उठाने या व्यक्तिगत बलिदान में दिलचस्पी ना होना; बलिदान की प्रतिबद्धताओं की तुलना में भावनात्मक आत्मिकता से अधिक आकर्षक होना |

अविश्वास: परमेश्वर की बुद्धि और प्रेम को मानने से इनकार करना; अनुचित चिंता, बेताबी, दुविधा या पूर्णतावाद; आत्मवाद, अनुचित घबराहट या कायरता द्वारा स्वयं के जीवन पर नियंत्रण पाने या रखने की कोशिशें |

अनाज्ञाकारिता: परमेश्वर के ज्ञात इच्छा की अस्वीकृति; परमेश्वर के स्वभाव जानने से इनकार करना जैसा कि पवित्र शास्त्र में बताया गया है; गैर जिम्मेदारी, विश्वासघात और दूसरों की अनावश्यक निराशा से आत्म-विश्वास को तोड़ना; कानूनी या नैतिक अनुबंध को तोड़ना |

पश्चातापहीनता: अपने पापों को पता लगाने और उनका सामना करने, या परमेश्वर के सामने उनका अंगीकार करने से इनकार करना; अपने पापों को तुच्छ, स्वाभाविक या अपरिहार्य मानने के द्वारा आत्म-औचित्य; अपने पड़ोसी से क्षमा मांगने या उनसे फिर मेल-मिलाप करने से मना करना या स्वयं को क्षमा करने के लिए तैयार न होना |

घमंड: अपने जीवन में परमेश्वर और दूसरों का उनके योगदान के लिए श्रेय देने में विफल होना; ढिंगे हाँकना, अतिशयोक्ति, आडंबरपूर्ण स्वभाव; "चीजों" पर अनुचित चिंता |

अहंकार: अतिव्यापी और विविधपूर्ण होना; दुराग्रही और अविनेय होना |

आक्रोश: प्रतिभाओं, क्षमताओं, या हमारे भले के लिए परमेश्वर और दूसरों द्वारा दिये जाने वाले अवसरों की अस्वीकृति; विरोध और परमेश्वर और दूसरों से नफरत; निराशावाद |

ईर्ष्या: परमेश्वर के सृजन के क्रम में अपने स्थान से असंतोष; जलन, द्वेष और दूसरों या दूसरों की "चीजों" के लिए अवहेलना |

लोभ: स्वेच्छा साबित करने के लिए भौतिक चीजों के संचय में व्यक्ति, अन्य जिवों की ईमानदारी का सम्मान करने से इनकार करना; व्यक्तिगत लाभ के लिए दूसरों का उपयोग; दूसरों की कीमत पर शोहरत और सामर्थ की तलाश |

लालच: प्राकृतिक संशोधनों या व्यक्तिगत संपत्ति की बरबादी; अपव्यय या अपने साधनों से परे जीना; दूसरों की अत्यंत अभिलाषाओं या प्रधानता में प्रकट होना और अपने "चीजों" की अतिरिक्त सुरक्षा; कंजूसी; कृपणता |

लोलुपता: भोजन और पेय पदार्थों के लिए प्राकृतिक भूख की अधिकता; आनंद और आराम के लिए अत्यंत भोज; अंतरंगता और अनुशासन की कमी में प्रकट होना |

हवस: यौन का दुरुपयोग: इसमें अस्थिरता, निर्दयता, विवेकहीनता, और क्रूरता शामिल है; विवाह को यौन-संबंध के लिए परमेश्वर द्वारा ठहराए गए संबंध के रूप में ना मानना |

आलस: विकास, सेवा और बलिदान के लिए अपने अवसरों की ओर प्रतिक्रिया करने से इनकार; इसमें आत्मिक, मानसिक या शारीरिक कर्तव्यों में आलस शामिल

है; अन्याय या दुनिया के पीड़ित लोगों के प्रति उदासीनता; जरूरतमंदों अकेले और लोकप्रियों की उपेक्षा करना |

चेतावनी के संकेत आत्मा के लिए सुष्म पर खतरनाक हो सकते हैं | जब हम शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहते हैं, हम कुछ जीवनशैली के प्रतिरूपों को बदलते हैं और अपनी नई इच्छाओं के सापेक्ष भोजन का चुनाव करते हैं - कभी-कभी वो भरने या पूरा करने में दवा की जरूरत पड़ती है जो हमारा शरीर खुद उत्पन्न नहीं कर सकता | जब हम अपने वाहन का रखरखाव करना चाहते हैं तो हम तेल को बदलते हैं और पहियों को घुमाते हैं - कुछ हिस्सों को बदलने की भी जरूरत पड़ती है | सच्चाई यह है कि हमारा शरीर और हमारे वाहन दोनों ही बेहतर काम करते हैं जब त्वरित सुधार नहीं होता | नियमित और निरंतर रखरखाव को प्राथमिकता दी जाती है | शिष्यता का जीवन भी कुछ इसी तरह से काम करता है | निश्चित रूप से कोई भी कुछ अस्वस्थ प्रतिरूपों से छुटकारा बिना उन्हें किसी और, किसी अच्छी चीज से बदल कर नहीं पा सकते | एक विस्थापित अच्छाई होनी जरूरी है जो वर्तमान की बुराई से अधिक मजबूत हो | नशे की लत से उबरने की राह पर चल रहा कोई भी व्यक्ति आपको यही बताएगा कि किसी और चीज को उस निर्भरता के स्थान को लेना होगा | नीचले, पापी को विस्थापित करने के लिए एक उच्च, आत्मिक उत्साह चाहिए होता है | इसी तरह अनुग्रह की हमारी यात्रा को बढ़ाने के लिए एक नियमित रखरखाव योजना होनी चाहिए | हमारे शिष्यता को चरम प्रदर्शन स्तरों पर रखने का एक नियमित, व्यवस्थित तरीका |

विस्थापित अच्छाई क्या है जो घातक दोषों का स्थान लेती है? संभालने वाले अनुग्रह की रखरखाव की योजना क्या है? नया नियम विस्थापित अच्छाई को आत्मा के फल के रूप में पहचानती है - वे जीवन देने वाले गुण जो हमारे शरीर की निचली प्रवृत्ति को विस्थापित करते हैं | नियमित व्यवस्थित रखरखाव की योजना को आत्मिक अनुशासन कहा जाता है | पेशेवर एथलीट दौड़ में भागते हैं, स्ट्रेच करते हैं, वजन उठाते हैं - मजे के लिए नहीं या फिर इसलिए नहीं कि वह ऊब जाते हैं बल्कि इसलिए क्योंकि वे एक लक्ष्य को पूरा करने के लिए दृढ़ है | आत्मिक जाँच को मुख्य या आक्रामक सर्जरी होने की जरूरत नहीं है | वे तंदुरुस्ती की जाँच भी हो सकते है | विस्थापित अच्छाई की दवा आत्मा का फल है; परमेश्वर की गतिविधि के लिए हमारी ग्रहणशीलता को बढ़ाने की स्वास्थ्य के रखरखाव की योजना, आत्मिक अनुशासन है | वे संभालने वाले अनुग्रह के आवश्यक तत्व है |

अनुग्रह के साधन के रूप में अनुशासन

इब्रानियों के लेखक आत्मिक अनुशासन के महत्व को पहचानते हैं: "वर्तमान में हर प्रकार की ताड़ना आनंद की नहीं, पर शोक ही की बात दिखाई पड़ती है; तौभी जो उसको सहते-सहते पक्के हो गए हैं, बाद में उन्हें चैन के साथ धर्म का प्रतिफल मिलता है" (इब्रानियों 12:11)। यदि गलत काम की सजा के तौर पर देखा जाए तो अनुशासन का एक नकारात्मक अर्थ हो सकता है। हालांकि, जैसे इब्रानियों ने स्वीकार किया है, अनुशासन जो सुरक्षित रखता है या मजबूत बनाता है, जैसे चीज भी है। यह उस अनुशासन का पहलू है जो इब्रानियों को संदर्भित कर रहा है, "तुम दु:ख को ताड़ना समझकर सह लो; परमेश्वर तुम्हें पुत्र जानकर तुम्हारे साथ बर्ताव करता है। वह कौन सा पुत्र है जिसकी ताड़ना पिता नहीं करता? यदि वह ताड़ना जिसके भागी सब होते हैं, तुम्हारी नहीं हुई तो तुम पुत्र नहीं, पर व्यभिचार की संतान ठहरे" (इब्रानियों 12:7-8)।

ध्यान देने की दो बातें: (1) लेखक ने उन बच्चों की कल्पना नहीं की जो माता-पिता के अनुशासन के लाभार्थी नहीं है; (2) लेखक अनुशासन को पवित्र प्रेम के एक प्रकार के रूप में देखता है। एक बच्चे को प्यार करने में अनुशासन भी शामिल है। आधी रात में पिज़्ज़ा के लिए मना करना, बाहर जाने से रोकना, या नेटफ्लिक्स पर देखने के लिए कुछ भी चुनने के अधिकार से इनकार करना, बच्चों को सजा देना नहीं है। समझदार माता-पिता जानते हैं कि यह सजा नहीं है; यह उनके भविष्य की तैयारी है। यह बच्चे को अनुचित लग सकता है, यहाँ तक कि क्रूर भी, लेकिन एक दिन आता है जब वे उनकी सुरक्षा और उन्हें पूरी तरह से कृत्य, स्वस्थ वयस्क में विकसित करने के लिए उनके प्रेम करने वाले माता-पिता द्वारा निर्देशित सीमाओं की संरचना करना सीखते हैं। उसी तरह से, परमेश्वर हमें पवित्रता की ओर अनुशासित करते हैं। यह उस वक्त सुखद ना लगे, लेकिन यह एक धार्मिक जीवन के शांतिपूर्ण फल के लिए बीज को बोता है, और ध्यान दें - हमें इसमें प्रशिक्षित होना है।

ई. स्टेन्ली जॉन्स ने समझदारी से कहा: "आप अनुशासन द्वारा उद्धार को नहीं प्राप्त कर सकते - यह परमेश्वर का उपहार है। लेकिन आप इसे अनुशासनों के बिना नहीं रख सकते।"[25] चरित्र निर्माण को ध्यान में रखते हुए, ऑगस्टिन को गुण को "हमारी प्रकृति के साथ एक अच्छी आदत" के रूप में परिभाषित करने का श्रेय दिया जाता

है | आगे, जॉन्स यीशु की सरल आदतों को एक उदाहरण के रूप में बताते हैं, जो पूरी तरह से परमेश्वर पर निर्भर थे और अपनी आदतों में व्यक्तिगत रूप से अनुशासित थे: "उन्होंने आदत स्वरुप तीन काम कीए: (1) 'वह पढ़ने के लिए खड़े हुए, जैसा की रीवाज था' - उन्होंने आदत स्वरूप परमेश्वर के वचन को पढ़ा | (2) 'वह प्रार्थना करने के लिए पहाड़ पर चले गए जैसा की रीवाज था' - उन्होंने आदत स्वरुप प्रार्थना की | (3) 'वह फिर से उन्हें सिखाते थे जैसा रीवाज था' - उन्होंने दूसरों को उस बात से अवगत कराया जो आदत स्वरूप उनके पास था और जो उन्होंने पाया था | ये सरल आदतें उनके जीवन की नींव थी |[26] पवित्र आदतें स्वरूप स्वस्थ शिष्यों का निर्माण करती है | पवित्र प्रवृत्ति के वेसली के विचार पर वापस आते हुए उनका मानना था कि वे मसीहियों में बने थे क्योंकि उन्होंने, जिन्हें वह "अनुग्रह के साधन" कहते थे - जिसे आत्मिक अनुशासन भी कहा जाता है - के माध्यम से चर्च के जीवन में भाग लिया था |अनुग्रह के साधन, परमेश्वर के रूपांतरण के अनुग्रह की वाहक है - वे गतिविधियाँ जो परमेश्वर की गतिविधियों को हमारे लिए अनुग्रह की यात्रा में दर्शाते हैं |

वेसली के लिए, ये साधन, जिन्हें वह करुणा के कार्य और दया के कार्य कहते हैं, के माध्यम से अवगत कराए गए थे | करुणा के कार्य मुख्य रूप से उससे संबंधित होते हैं जो हम मसीह के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध को बढ़ाने के लिए करते हैं | दया के कार्य उससे संबंधित होते हैं जो हम परमेश्वर की सेवकाई और दुनिया में मिशन में सलग्न होने के लिए करते हैं | करुणा के कार्य और दया के कार्य दोनों के पास एक व्यक्तिगत अंग होता है, (जो व्यक्ति अकेले कर सकता है) और एक सांप्रदायिक अंग (जो दूसरों की मदद से किया जाना चाहिए) |

करुणा के व्यक्तिगत कार्यों में पवित्र शास्त्र पर ध्यान करना, प्रार्थना करना, उपवास करना, दूसरों के साथ विश्वास को साझा करना, (सुसमाचार प्रचार), और अपने संसाधनों को उदारता से देना भी शामिल है | करुणा के सांप्रदायिक कार्यों में आराधना साझा करना, प्रभु-भोज और मसीही बपतिस्मा के संस्कारों में भाग लेना, एक दूसरे के प्रति उत्तरदायित्व (जिसे "मसीही सभा" भी कहते हैं), बाइबिल अध्ययन और प्रचार करना शामिल है | एक बार फिर, हम इन धार्मिक उत्सवों को केवल इसलिए नहीं मनाते क्योंकि हम मसीही है बल्कि इसलिए भी क्योंकि वे "आत्मा से भरे आचरण है जो आपके प्रेम को सुधारेंगी और नए सिरे से प्रशिक्षित करेगी..... प्रतिकूल आचरण भूख को आकार देने वाली लिटर्जी (मसीहियों की

प्रार्थना करने की रीती के साथ" क्योंकि इन आचरणों के माध्यम से हम मसीह को धारण करना सिखते हैं। (कुलुस्सियों 3:12-16 देखें)[27]

अनुग्रह के साधन के रूप में संस्कार

संस्कार के महत्व पर अधिक ध्यान देना अनुग्रह की यात्रा के लिए सहायक होगा। "स्कारमेंट" (संस्कार) शब्द एक लैटिन शब्द से आता है, जिसका अर्थ है, "शुद्ध, पाक करना" या पावन, पवित्र बनाना", जो बदले में, जो बदले में ग्रीक शब्द से आया जिसका अर्थ है "रहस्य"। एक साथ संरेखीत किया जाए तो, एक संस्कार (स्कारमेंट) "एक पावन रहस्य है"। जॉन वेसली ने संस्कार की अपनी परिभाषा को एंग्लिकन बुक ऑफ प्रेयर (जो कि ऑगस्टिन की संक्षिप्त परिभाषा में से ली गई है) की प्रश्नोत्तरी से, थोड़े से अनुकूलन के साथ लिया है: "एक आंतरिक अनुग्रह का एक बाह्य संकेत, और एक साधन जिसके द्वारा हम उसे प्राप्त करते हैं।"[28] पवित्र रहस्य और पवित्र साधन के विचारों को मिलाते हुए, एन. टी. राइट संस्कारों को "वे अक्सर जब स्वर्ग का जीवन रहस्यमय तरीके से पृथ्वी के जीवन से मिलता है" के रूप में वर्णित करते हैं।[29] कुछ मसीही परंपराएं दूसरों की तुलना में अधिक संस्कारों का पालन करते हैं। आमतौर पर प्रोटेस्टेंट दो बातों की हिमायत करते हैं: बपतिस्मा और प्रभु-भोज।[30]

जॉन वेसली ने "सभी अध्यादेशों (आत्मिक अनुशासनों)"[31] को दृढ़ता से प्रोत्साहित किया, लेकिन विशेष रूप से प्रभु-भोज को उन्होंने इसे "भव्य प्रणाली" के रूप में संदर्भित किया, जिसके द्वारा हमें अनुग्रह प्राप्त होता है, और यहाँ तक कि प्रभु भोज में भाग लेने को हमारे उद्धार की ओर पहले चरण के रूप में भी पहचाना।[32] इस तरह का एक शक्तिशाली दृष्टिकोण उनके इस विश्वास पर आधारित था कि प्रभु-भोज मसीह की मृत्यु के एक प्रतीकात्मक स्मरण से कहीं अधिक है, बल्कि यह कि मसीह की वास्तविक उपस्थिति, पवित्र आत्मा के द्वारा, तब अनुभव की जाती है जब व्यक्ति प्रभु-भोज को प्राप्त करता है।[33] इसी कारण वेसली ने दो महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले। पहला, चूँकि वर्तमान अनुग्रह सशक्त मसीही जीवन के लिए विस्तारीत होता है, प्रभु-भोज को यथासंभव अधिक से अधिक प्राप्त करना चाहिए। दूसरा, चूँकि प्रभु-भोज में पवित्र आत्मा की उपस्थिति, परमेश्वर के आसानी से उपलब्ध, बचाने, पवित्र करने और संभालने वाले अनुग्रह के समान है, इसे एक "परिवर्तित अध्यादेश" के रूप में माना जा सकता है।[34] - एक व्यक्ति जिसके पास पश्चातापी

हृदय हो, बताया जा सकता है - और पवित्रता के प्रचार के लिए माध्यम के रूप में। प्रभु-भोज के इस उच्च दृष्टिकोण ने नाजरीन धर्मशास्त्री रॉब स्टेपल्स को प्रभु-भोज को "पवित्रीकरण के संस्कार" के रूप में संदर्भित करने के लिए मजबूर कर दिया।"[35]

बपतिस्मा एक साधारण अनुष्ठान या सामाजिक गवाही से कहीं अधिक है। वह हमारे मरने और मसीह के साथ जी उठने का प्रतीक है। "अतः उस मृत्यु का बपतिस्मा पाने से हम उसके साथ गाड़े गए, ताकि जैसे मसीह पिता की महिमा के द्वारा मरे हुओं में से जिलाया गया, वैसे ही हम भी नए जीवन की सी चाल चले" (रोमियों 6:4)। परमेश्वर के राज्य में कोई यूँ ही नहीं चला जाता है - अंततः उसे पाप और खुद के लिए मरना और एक नए जीवन में उठना होता है।[36] बपतिस्मा उस क्षण को चिन्हित करता है। "बपतिस्मा यह स्पष्ट करता है कि सभी मसीही जीवन, क्रूस के साथ जुड़ने, क्रूस को साझा करने, क्रूस को उठाने और यीशु का अनुसरण करने का विषय है।"[37] वेसली ने अपनी किसी भी अनुग्रह के साधन की औपचारिक सूची में बपतिस्मा को शामिल नहीं किया, लेकिन यह इसलिए नहीं था कि उन्होंने बपतिस्मा का अवमूल्यन किया बल्कि विश्वास के समुदाय में और एक विश्वासी के जीवन में एक घटना के रूप में उसके आरंभिक भूमिका के कारण। इसलिए, वेसली के लिए, बपतिस्मा ने पवित्रता के जीवन के आरंभ को चिन्हित किया; जबकि वेसली ने अनुग्रह के अन्य साधनों को पवित्रता की निरंतर खोज के लिए आवश्यक रूप से दोहराए गए के रूप में देखा।[38] वेसली अपने बपतिसात्मक दृष्टिकोण में कई हद तक अंग्रेजी सुधारकों के साथ संरेखित थे, लेकिन वे दो ठोस तरीकों में भिन्न है। मेडॉक्स के अनुसार, वेसली ने हमारे "न्यायिक क्षमा (अपराध पर ध्यान और क्षमा की आवश्यकता) को प्रदान करने के ऊपर" हमारे जीवन के शालीनतापूर्वक सशक्त रूपांतरण" को उत्कर्षित किया। यह एक महत्वपूर्ण अंतर है क्योंकि इसका अर्थ यह है कि बपतिस्मा न केवल एक संकेत है कि हमारे पाप क्षमा किए गए हैं बल्कि यह भी कि हम अपने पापी स्वभाव से और उस टूटेपन से जो पाप ने हम पे थोपा था, चंगे हो रहे हैं।[39] इसके अलावा, वेसली के लिए, हालांकि बपतिस्मा का अनुग्रह "मसीह जीवन की शुरुआत के लिए पर्याप्त है, व्यक्ति को पूरी तरह से कुशल होने के लिए अनुग्रह के साधन के लिए दी गई अनुग्रह के साथ प्रतिक्रियात्मक ढंग और जिम्मेदारी से भाग लेना चाहिए।[40] इस अर्थ में, बपतिस्मा

एक संकेत है और पवित्र जीवन का पालन करने के लिए जो भी आवश्यक है, उसमें तत्परता का प्रतीक है |

नाजरिन इतिहासकार और विद्वान पॉल बेसेट ने एक बार मुझे बताया था कि चौथी शताब्दी के उत्तरार्ध से, सबसे पहले दर्ज किए गए बपतिस्मा की लीटर्जी (प्रार्थना करने की रीति) में बपतिस्मा देने वाले पादरी का हाथों को स्वर्ग की ओर उठाना और ये शब्द (मेरा दृष्टांत विवरण) कहना शामिल था: और अब हमारे प्रभु यीशु मसीह के अनुग्रह और चंगाई को ग्रहण करो, और पवित्र आत्मा की सामर्थ आपके भीतर कार्य करने पाए, ताकि पानी और आत्मा से जन्मे, आप एक विश्वसनीय गवाह बने |" संक्षेप में, मैंने अनुग्रह को प्राप्त किया है; मैं चंगा हो रहा हूँ; मैं यीशु का एक शिष्य बनूँगा |

उत्तरदायित्व संबंध

शिष्यता के जीवन में संभालने वाले अनुग्रह की कोई भी चर्चा, बिना आत्मिक उत्तरदायी संबंध के महत्व के वर्णन के अधूरी रहेगी, विशेष रूप से उनके लिए जो वेसलियन - होलीनेस परंपरा के है | वेसली ने एक व्यावहारिक ढांचे को बनाया जो वह मानता था कि हर बढ़ते मसीही के लिए आवश्यक है | आत्म-केंद्रितता (जो आत्म जागरूकता की कमी की ओर जाता है) की प्रवृत्ति और पृथक जीवन जीने के दृढ़ प्रलोभन को समझते हुए, वेसली ने "मसीही सभा" नामक पाँच शर्तों की स्थापना की |ये समाज (मसीही शिक्षा और अनुदेश के लिए बनाए गए संडे स्कूल की कक्षाओं के समान) कक्षा की बैठक (इसके बारे में अधिक, बाद में) बैंड (छोटे समूह), विशिष्ट सोसायटी (नेतृत्व विकास और सलाह देना) और पश्चातापी बैंड (पुन:प्राप्ति समूह) थे |

जबकि मसीही सभा स्तर अनुग्रह के साधन के रूप में लाभप्रद थे, वेसली को मानना पड़ा कि कक्षा की बैठक (क्लास मीटिंग) मसीह समुदाय की मूल थी और मसीह समानता में बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण थी | वह मेथाडिस्ट आंदोलन की "विधि" बन गया और सबसे ज्यादा, वह पवित्रता के जीवन में वेसली का सबसे बड़ा संगठनात्मक योगदान था | इसका प्राथमिक ध्यान मसीही शिक्षा पर नहीं था, स्वत: बल्कि व्यवहारों पर था, आत्मिक परिवर्तन के लिए सबसे उपयुक्त व्यावहारिक डिजाइन और वातावरण पर बल देते हुए | बाइबिल अध्ययन और सिद्धांत शिक्षा बहुत

महत्वपूर्ण थे | प्रत्येक सदस्य की आत्मिक प्रगति से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए लोग क्लास मीटिंग में थे | वे वहाँ एक दूसरे के आंखों में देखकर प्रश्न पूछने के लिए बैठे थे, "आपको आत्मा में कैसा महसूस होता है?" उन्हें एक दूसरे को अनुग्रह की वृद्धि के लिए उत्तरदायी ठहराना था और एक दूसरे को प्रोत्साहित करने के लिए जो भी प्रोत्साहन की आवश्यकता थी उसे हृदय और जीवन की पवित्रता की ओर प्रदान करना था |[41]

अठाहरवीं शताब्दी में सबसे प्रसिद्ध प्रोटेस्टेंट उपदेशक जॉन वेसली नहीं थे, वह पदवी एक अन्य अंग्रेज, जॉर्ज व्हाइटफील्ड की थी | एक सुवक्ता और कर्मठ उपदेशक, व्हाइटफील्ड पूरी पश्चिमी दुनिया में महान जागृति के प्रमुख प्रवर्तकों में से एक माने जाते थे |[42] वेसली और व्हाइटफील्ड करीबी मित्र थे, और दोनों चर्च को मजबूत करने के लिए एक दूसरे के योगदान की प्रशंसा करते थे | फिर भी, अंत में, वेसली का कार्य बना रहा और व्हाइटफील्ड का नहीं | एडम क्लार्क, ने वेसलियन पुनरुद्धार के स्थायी फल के लिए सीधा क्लास मीटिंग को जिम्मेदार ठहराया |

> लंबे अनुभव से मैं, मि. वेसली की सलाह के औचित्य को जानता हूँ: "जहाँ भी आप प्रचार करते हैं, वहाँ क्लास मीटिंग की स्थापना करें और सचेत सुननेवाले रखें; क्योंकि जहाँ भी हमने बिना ऐसे किए प्रचार किया, वहाँ वचन सड़क के किनारे बड़े बीज़ के समान रहा है |" यह वह साधन (अनुग्रह के) थे जिनके द्वारा हम दुनिया भर में स्थायी और पवित्र चर्चों को स्थापित करने में सक्षम रहे हैं | मि. वेसली ने शुरुआत में ही इसकी आवश्यकता को देख लिया था | मि. व्हाइटफील्ड.... ने इसका अनुसरण नहीं किया | परिणाम क्या निकला? मि. व्हाइटफील्ड के श्रम का फल उन्हीं के साथ खत्म हो गया | मि. वेसली का शेष है और गुणा होता जाता है |[43]

वेसली ने स्वयं वेसलीयन पुनरुद्धार के प्रभाव के बारे में एक प्रश्न के जवाब में, बाद में यह प्रतिबिंबित किया: "मेरे भाई वेसली ने समझदारी से काम लिया; उसकी सेवकाई के तहत जो आत्माएं जागृत हुई, वे कक्षा (मीटिंग) में शामिल हुई, और इसलिए उसके श्रम के फल संरक्षित रहें | मैंने इसकी उपेक्षा की, और मेरे लोग रेत की एक रस्सी की तरह है" |[44]

अनुशासन व्यक्तिगत हो सकता है, पर वह निजी नहीं होना चाहिए | एकाकी मसीही खतरे में है क्योंकि अकेला विश्वास कमजोर और अफलदायी शिष्यों को

उत्पन्न करता है | सहभागी आराधना और मसीही शिक्षा लाभदायक और आवश्यक होती है, पर प्रेममय और अंतरंग संबंधों के बाह्य सहभागी जीवन के बिना, प्राप्त ज्ञान के अनुप्रयोग के साथ, हम "अपने स्वयं के उद्धार के लिए काम करने" (फिलिप्पियों 2:12) में संघर्ष करते हैं | अनुग्रह में स्वस्थ और खुशहाल विकास का रहस्य वेसली के दोहराए गए वाक्यांश "प्रेम में एक दूसरे का ध्यान रखना" में है |[45]

आत्म-संयम की दया

प्रार्थना करना, उपवास करना, पवित्र शास्त्र पढ़ना, गहन चिंतन करना, अध्ययन, सादगी, एकांत, अधीनता, सेवा, स्वीकारोक्ति, आराधना और संबंधपरक उत्तरदायित्व सिखना सभी अनुग्रह के साधनों के उदाहरण है | वे और उनकी तरह अन्य आत्मिक अनुशासन, संभालने वाले अनुग्रह के अंग है |

आप कह सकते हैं, "मुझ में उन चीजों के लिए योग्यता है |" संघ में शामिल हो जाएं | तथ्य यह है कि किसी में भी उनके लिए पहली बार में योग्यता नहीं होती | वे नीरस होते हैं और उन्हें कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है | यह ना भूले, आत्मा की सहायता से, हमारा पूर्व स्वभाव एक नए स्वभाव में परिवर्तित हो रहा है जब तक कि जो पहले स्वाभाविक रूप से नहीं आता था, अब दूसरी प्रकृति बन जाएं और "जब तक तुम में मसीह का रूप न बन जाए" (गलतियों 4:19) | शायद इसलिए आत्म-संयम आत्मा के फल की अंतिम विशेषता के रूप में सूचीबद्ध किया गया है | आत्म-संयम आवश्यक होता है क्योंकि फल स्वचालित नहीं है | फूल क्षमता के शुरुआती लक्षणों को दर्शाते हैं, लेकिन केंद्रित एकाग्रता और सतर्क सत्कार के बिना, फल का परिपक्व होना असंभव है |

राइट व्यवाहारिक रूप से बात को रखते हैं कि कुछ फलों का अनुकरण किया जा सकता है: "फल की सभी किस्में जिनका पौलुस ने यहाँ उल्लेख किया है तुलनात्मक से प्रतिरूप बनाने के लिए आसान है, विशेष रूप से युवा, स्वस्थ खुशहाल लोगों में आत्म संयम को छोड़कर यदि वह वही हुआ, तो यह पूछना हमेशा योग्य होता है कि यदि अन्य किस्म के फलों का आना यूँ ही है, या वे आत्मा के कार्य का वास्तविक चिन्ह है |"[46] फिर कोई आश्चर्य नहीं कि आत्म-संयम पवित्रता के जीवन का निर्माण करने के धीर संकल्प को सुदृढ़ करता है |

कई परजीवी, कई बाहरी लताएं है जो फल देने वाले पेड़ को खत्म करने की कोशिश करेंगे, कई शिकारी है जो जड़ों को कुतरनें या फलों को पकने से पहले छिनने के लिए तैयार होंगे | ऐसे सभी दुश्मनों से बिना दया के निपटने के लिए मन, ह्रदय और इच्छाशक्ति का एक जागृत चुनाव होना चाहिए | केवल इसलिए कि आप "आत्मा में जीते हैं", इसका अर्थ ये नहीं है कि आत्मा का अनुसरण करना दिशा स्वचालित है | आपको वह करने का चुनाव करना है और आप कर सकते हैं |[47]

संभालने वाला अनुग्रह: आत्मिक और व्यावहारिक

संभालने वाला अनुग्रह आत्मिक और व्यावहारिक दोनों है | यह आत्मिक है क्योंकि इसे आत्मा की आवश्यकता होती है | जिस तरह भौतिक फल एक जीवित वस्तु का प्राकृतिक उत्पाद है, वैसे ही आत्मिक फल पवित्र आत्मा का उत्पाद है | हम पवित्र आत्मा की सामर्थ के द्वारा अपने ही अंदर परमेश्वर के गहरे कार्य का निर्माण नहीं कर सकते - यह बाहर से आता है और खुद में ही, एक उपहार है | फिर भी, यह व्यावहारिक है; काफी सरलता से, इसे अभ्यास की आवश्यकता होती है | यह अभ्यास बागवानी का रूप ले लेते हैं ताकि जो हमारे भीतर शुरू है "पूरा किया जाए" (फिलिप्पियों 1:6) और "धार्मिकता के एक फसल को उत्पन्न करें" (फिलिप्पीयों 1:11) | कोई भी किसान जो सोमवार को मक्के को बोता है, उसी रविवार को मक्के के फल में से मक्के के दाने को खाने की उम्मीद नहीं रखता | बोने से लेकर कटाई तक खेती और समय की आवश्यकता होती है | पानी और धूप आवश्यक होते है, खाद डालनी पड़ती है और खर पतवार को काटना पड़ता है, यदि हमें फलों के लाभों का आनंद उठाना है |

सब कुछ तत्काल वाले जमाने में है: तत्काल कॉफी, माइक्रोवेव पॉपकॉर्न, तेज गति वाला इंटरनेट, कॉफी शॉप में लोग अपने लैपटॉप पर चिल्लाते हैं यदि वे वाईफाई से जुड़ने में कुछ सेकेंड से अधिक समय लेते हैं | सब कुछ तत्काल हो की उम्मीद सभी को बेसब्र बनाती है | यह कहाँ से आता है? मेरा मानना है कि अब तत्काल संतुष्टि के लिए एक अधिक गहरी इच्छा द्वारा उत्तेजित होता है, जो कि एक आधुनिक तथ्य नहीं है - यह मानव जाति के साथ बहुत लंबे समय से रहा है | जहाँ घातक वायरस, यानी तत्काल संतुष्टी के पवित्र शास्त्र में कई उदाहरण हैं, उसमें से एसाव - पहिलौठे के अधिकार से प्रसिद्ध - सबसे अधिक अप्रसिद्ध है | शिकार करने के एक लंबे और असफल दिन के बाद उसकी दुखद स्थिति बनीं | वह बहुत भूखा था,

उसका धूर्त जुड़वां भाई, याकूब आग पर लाल मसूर की दाल पर बना रहा था, एसाव ने खाने के लिए दाल मांगा | काफी सोचते हुए याकूब नें एक सौदा किया: "पहले अपने पहीलौठे का अधिकार मेरे हाथ बेच दे" (उत्पत्ति 25:31)

जन्म का अधिकार या पहिलौठे का अधिकार का (जिसे ज्येष्ठाधिकार का नियम भी कहा जाता है), विरासत का एक लोक-विधि का नियम था, जो सबसे ज्येष्ठ पुरुष बच्चे को वित्तीय विशेषाधिकारों को और पारिवारिक अधिकारों की गारंटी देता है - एक प्रतिष्ठित और आकर्षक आशीर्वाद | याकूब का एसाव को दाल के एक कटोरे के लिए ऐसी एक मूल्यवान संपत्ति को बेचने के लिए कहना अपमानजनक था | एसाव की प्रतिक्रिया उतनी ही अपमानजनक थी: "देख मैं तो अभी मरने पर हूँ; इसलिए पहीलौठे के अधिकार से मेरा क्या लाभ होगा" (उत्पति 25:32) | वे तत्कालिक संतुष्टि के एक क्षण - सचमुच वह लाल मसूर की एक कटोरी दाल के लिए, अपनी मूल्यवान संपत्ति को बेचने के लिए तैयार था |

विडंबना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है: किस तरह का आवेग व्यक्ति तत्कालिक संतुष्टि के एक क्षण के लिए जो कुछ मिनटों में खत्म हो जाएगा अनंत मूल्यवान और अनमोल मूल्य की चीज को बेचेगा? फिर भी तत्काल संतुष्टि की हमारी संस्कृति यह हर बार करती है: किसी अनंत मूल्यवान और अनमोल मूल्य कि चीज का व्यापार एक ऐसी चीज के लिए कर देते हैं जिसकी कीमत वे जानते हैं की बहुत कम है - किसी अल्पायु चीज के लिए कुछ स्थायी | "मैं जो चाहता हूँ, वो चाहता हूँ और अभी चाहता हूँ! मैं चाहता हूँ कि मेरी भूख की पूर्ति हो, चाहे इसके लिए मुझे अपना सब कुछ देना पड़े" | यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि इब्रानियों के लेखक ने एसाव के प्रतिक्रिया को पापी अनैतिकता के समान समझा: "ऐसा न हो कि कोई जन व्यभिचारी, या एसाव के समान अधर्मी हो जिसने एक बार के भोजन के बदले अपने पहिलौठे होने का पद बेच डाला | तुम जानते हो कि बाद में जब उसने आशीष पानी चाही तो अयोग्य गिना गया और आँसू बहा-बहाकर खोजने पर भी मन फिराव का अवसर उसे न मिला" (इब्रानियों 12:16-17) | यह एक दुखद कठिनता से सीखा हुआ सबक है जो अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए | पविलिकृत जीवन के लिए अनुशासन की आवश्यकता होती है, और शिष्यता की प्रक्रिया को संक्षिप्त नहीं किया जा सकता |

टाइगर वुड्स खेल के सबसे प्रसिद्ध एथेलिट में से एक है। एक युवा के रूप में, मैं उनके गोल्फ खेलने के अंदाज का अनुकरण करता था। यहाँ तक कि मैंने एक टोपी भी खरीद रखी थी जो उनके द्वारा पहनी जाने वाली टोपी के जैसी थी। सिर्फ एक ही समस्या थी: टाइगर हर दिन घंटों अभ्यास किया करते थे और वह ऐसा तब से कर रहे थे जब वह मुश्किल से चल पाते थे।[48] यहाँ तक कि जब वे दुनिया के सबसे अच्छे गोल्फर पर बन गए, अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि तब भी किसी से भी अधिक अभ्यास करते थे। मैं कह सकता हूँ कि मैं टाइगर वूड्स की तरह खेलना चाहता हूँ लेकिन इसका कोई अर्थ नहीं जब तक मेरी अभ्यास करने की प्रतिबद्धता मेरी इच्छा के अनुरूप न हो जाए। तत्काल संतुष्टि पर्याप्त नहीं होगी। फर्क नहीं पड़ता मैं कितना भी चाहूं कि काश ये अलग होता, मेरा गोल्फ का खेल मेरी प्रशिक्षण की प्रतिबद्धता का अनुपात है।

कभी-कभी लोग कहेंगे, "मैं इन-इन बहन की तरह बनना चाहती हूँ। वह परमेश्वर के कितने करीब लगती है। मैं उनमें यीशु को देखती हूँ। वह एक संत है।" उन्हें मसीह समानता के एक अच्छे उदाहरण के रूप में देखना और उनकी जीवन शैली का अनुकरण करने का प्रयास करना बुरा नहीं है, लेकिन जो आप नहीं जानती है वह यह है कि वह कितने घंटों अकेले परमेश्वर के साथ ध्यान और प्रार्थना में बिताती हैं - वह दशक जो उन्होंने आत्मिक अभ्यास की श्रेणी में बिताए है, उसमें बदलते हुए जिन्हें आप अभी देख रहे हैं। वह वहाँ पर, जहाँ पर वह है तत्काल संतुष्टि में लिप्त होने के द्वारा नहीं पहुँची है। आत्मिक अभ्यास ने उनके अंदर पवित्र प्रवृत्तियों का निर्माण किया है जो अब गुण के रूप में दिखती है। उन्होंने आत्मा के फल की बागवानी की, और इसलिए प्रेम, आनंद, शक्ति, धैर्य, दया, अच्छाई और आत्म-संयम उनमें इतने स्पष्ट रूप से मजबूत है।

पवित्रता केवल एक क्षण की नहीं हैं ! - गुण प्राप्त किया जाता है। नहीं: यह वह है जिसमें हम बनाए जाते हैं, "रूपांतरण एक उपहार और एक उपलब्धि है। यह एक क्षण का कार्य है और एक जीवन भर का काम है।"[49] आगे की दृष्टि के लिए धैर्य ही अनुग्रह की यात्रा के लिए आवश्यक है। हमें फल की बागवानी करनी चाहिए।

परमेश्वर के सक्षम करने वाले अनुग्रह पर एक अध्याय का समापन शुद्धता के लिए एक प्रार्थना से करना ही सही होगा जो संतों द्वारा एक हजार साल से भी अधिक समय से की जा रही है:

सर्वशक्तिमान परमेश्वर, आपके लिए सभी दिल खुले हैं, सभी इच्छाएं आप जानते हैं, और आपसे कोई भी राज नहीं छुपा है, अपनी पवित्र आत्मा की प्रेरणा के द्वारा हमारे हृदय के विचारों को शुद्ध करें, ताकि हम पूर्ण रूप से आप से प्रेम करें, और आप के पवित्र नाम को योग्य रीति से बढ़ा सके; हमारे प्रभु मसीह के नाम से | आमीन |[50]

1. "ओह, मेरे जीवन में वह बात ज्यादा मायने नहीं रखती', ऐसा सोचने से बचे | यह तथ्य है कि यह आपके लिए ज्यादा मायने नहीं रखता है, इसका मतलब यह हो सकता है कि यह परमेश्वर के लिए बहुत मायने रखता हो | परमेश्वर के बच्चे द्वारा किसी भी चीज़ को मामूली बात नहीं माना जाना चाहिए | हमारे जीवन की कुछ भी महत्वपूर्ण बात परमेश्वर के लिए मामूली नहीं है |" चैंबर्स, माय अटमोस्ट फॉर हिज़ हाइयेस्ट, 76 - 77
2. चैंबर्स, माय अटमोस्ट फॉर हिज़ हाइयेस्ट, 74 -75
3. विलॉर्ड, द ग्रेट ओमिशन, 62
4. लेक्लर्क, डिस्कवरिंग क्रिश्चियन होलीनेस, 312 | यही कारण है कि जॉन वेसली ने नए जन्म को पवित्रता के रूप में संदर्भित किया | दूसरे को न नकारते हुए, सुधारित परंपरा अध्यारोपित धार्मिकता पर जोर देने का प्रयास करता है, जबकि वेसलियन होलीनेस थियोलॉजी प्रदान की गई धार्मिकता पर जोर देती है |
5. तिमोथी टेनेंट, "लिविंग इन अ राइचेसनेस ओरियंटेशन: साम 26" सीडबेड डेली टेक्सट, सितम्बर 1, 2029, http://www.seedbed.com/living-in-a-righteousness-orientation-psalm-26/. टेनेंट कहते हैं: "केवल नई रचना में यह पूरी तरह से पूर्ण बनाया गया है, लेकिन पवित्रीकरण हर विश्वासी की बुलाहट है - पवित्र के रूप में अलग होने के लिए - ताकि पूरे मन से, "सभाओं में" मैं यहोवा को धन्य कहा करूँगा | (भजन संहिता 26:12)
6. "जैसा की वेसली कहेंगे, ऐसे आशावाद को नकारने से पाप की शक्ति, अनुग्रह की शक्ति से अधिक हो जाएगी - एक विकल्प जो कि वेसलियन होलीनेस थियोलॉजी के लिए अकल्पनीय होना चाहिए |" लेक्लर्क, डिस्कवरी क्रिश्चियन होलीनेस, 27 |
7. वेसली के साथ बातचीत में विद्वान क्लिफ सैंडर्स ने विधिपरायणता और विधिमुक्तिवाद के बारे में एक दिलचस्प बात कही: "पचास साल पहले विधिपरायणता, सुसमाचार प्रचारक चर्चों के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण था | कई युवा वयस्कों के विशेष संघर्ष के रूप में जो चर्च में ही पले-बढ़े हैं और परमेश्वर को प्रेम की वजह से छोड़ना चाहते हैं, आज के समय में विधिमुक्तिवाद है |"
8. जॉन वेसली, "लेटर ऑन प्रिचिंग क्राइस्ट", द वर्क्स ऑफ द रेवरेंड जॉन वेसली, वॉल्यूम 6 |
9. देखे अध्याय 2 जिसमें "जो परमेश्वर हमारे अंदर कर रहा है उसे बाहरी दुनिया में करें" पर जोर दिया गया है |

10. जॉन वेसली, "सरमन 85: ऑन वर्किंग आउट अवर ओन साल्वेशन," 3.2, http://wesley.nnu.edu/john-wesley/the-sermon-of-john-wesley-1872-edition/sermon-85-onworking-out-our-own-salvation.
11. मिल्डरेड बैग्स वियानकूप याद दिलाते हैं कि जॉन वेसली का प्राथमिक जोर मुक्त इच्छा से अधिक मुक्त अनुग्रह पर था | इसलिए वेसलीयन परंपरा में वे लोग "मुक्त इच्छा" के बारे में अधिक सटीक रूप से बोलेंगे, जो उस इच्छाशक्ति को संदर्भित करती है जो पवित्र आत्मा द्वारा सशक्त और मुक्त की गई है जिससे किसी व्यक्ति के लिए यीशु मसीह में विश्वास को सक्रिय रूप से स्वीकार करना संभव हो जाता है | पूरे मार्ग में, उद्धार, परमेश्वर प्रदत्त का है, केवल अनुग्रह द्वारा | वियानकूप फाउंडेशनस ऑफ वेसलीयन-अरमिनियन जियोलॉजी, 69
12. वेसली, "सरमन 85: ऑन वर्किंग आउट और अवर ओन साल्वेशन", 111.2
13. राइट, आफ्टर यू बिलीव: व्हाय क्रिश्चन कैरेक्टर मैटर्स, (न्यूयॉर्क: हार्पर कॉलिंस, 2010), 18-20
14. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 20
15. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 21
16. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 27
17. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 27
18. मैंडॉक्स रिसपॉनसिबल ग्रेस, 69
19. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 195
20. रैंडी मेडॉक्स, "रिकनेक्टिंग द मींस टू द एंड: अ वेसलीयन प्रिसक्रिप्शन फॉर द होलीनेस मूवमेंट; वेसलीयन थियोलॉजिकल, जरनल, वॉल्यूम, 33 2 (फाल 1998), 41
21. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 195 - 196
22. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 196
23. "पवित्र प्रवृत्ति" से "धाराप्रवाह" शब्द पवित्र क्रियाओं की वेसली की भाषा बताती है कि उस भावना की सराहना की गई है जिसमें अभ्यस्त स्नेह माननीय कार्यों के लिए "स्वतंत्रता" लाते हैं - और अनुशासित आचरण से प्राप्त होने वाली स्वतंत्रता | (उदाहरण के लिए.....) मेडॉक्स रिसपॉनसिबल ग्रेस, 69
24. मसीही कैलेंडर में लेंट (उपवास) का सीजन चालीस दिनों की आत्म-परीक्षा की अवधारणा पर आधारित है |
25. ई. स्टेनली, जॉन्स, कन्वर्जन (नैशविल: एबिंगडन प्रेस, 1991) रिचर्ड जे. फोस्टर और जेम्स ब्रायन स्मिथ के इट्स, डिवोशनल क्लासिक्स: सिलेक्टेड रीडिंग फॉर इंडिविजुअल्स एंड ग्रुप्स (एंगलवुड, सी. ओ. रेनोवारे, 1990), 281 संस्करण में उद्धृत |
26. जॉन्स, कन्वर्जन, फोस्टर और स्मिथ के डिवोशनल क्लासिक्स, 282 से उद्धृत |
27. जेम्स के. ए. स्मिथ, यू आर व्हाट यू लव: द स्पिरिचुअल पावर आफ हैबिट (ग्रैंड रेपिड्स: ब्रेजोस प्रेस 2016), 68 - 69

28. रॉब एल. स्टेपल्स, आउटवार्ड साइन एंड इनवर्ड ग्रेस: द प्लेस ऑफ सैक्रामेंट्स ऑफ वेसलीन स्पिरिचुअलिटी (कैनसस सिटी एम. ओ.: बीकन हिल प्रेस ऑफ कैनसस सिटी, 1991), 21 पर जोर दिया।
29. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 223
30. दो संस्कारों का औचित्य केवल यीशु मसीह द्वारा स्थापित उन लोगों को अभ्यास करने के लिए एक प्राथमिकता है, (जिन्हें "रविवारीय संस्कार" भी कहा जाता है)
31. वेसली, अ प्लेन अकाउंट ऑफ क्रिश्चियन परफेक्शन, एनाइंटेड, 45
32. मैडॉक्स रिसपॉनसिबल ग्रेस, 202
33. जब यीशु कहते हैं "स्मरण" इसका ग्रीक शब्द अनामनेसिस है। यह ऐतिहासिक यादों से कहीं ज्यादा है। यह पवित्र आत्मा से प्रेरित की ओर संकेत करता है जो घटना को भूतकाल से वर्तमान काल में इस तरह से इससे पेश करता है जैसे कि सचमुच "दोबारा घटित" हो रहा है।" जे. डी. वाल्ट, "वंडर ब्रैड" सीडबेड डेली टेक्सट, अप्रैल 24, 2020, https://www.seedbed.com/wilderness-wonder-bread/.
34. "अध्यादेश परिवर्तित करना" एक वाक्यांश है जिसे जॉन वेसली ने व्यक्तिगत रूप से प्रयोग किया। स्टेपल्स, आउटवार्ड साइन एंड इनवर्ड ग्रेस, 252। अपनी खुद की माँ की गवाही से, प्रभु भोज में भाग लेने के दौरान उन्हें उनके विश्वास का पूर्ण आश्वासन दिया गया था और इस तरह के अनुभव के कई अन्य गवाहियों से, वेसली को यकीन हो गया था कि युचरिस्टिक (प्रभुभोज) आंदोलन "प्रभावशाली रूप से मसीह एक बार सबके लिए बलिदान हुआ था का प्रतिनिधित्व करता है, जो उद्धार के सामर्थ को प्रकट करता है" को दर्शाता है। मेडॉक्स, रिसपॉनसिबल ग्रेस, 203
35. स्टेपल्स, आउटवर्ड साइन एंड इनवर्ड ग्रेस, 201 - 249
36. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 281
37. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 281
38. स्टेपल्स, आउटवर्ड साइन एंड इनवर्ड ग्रेस, 98 मैडॉक्स रिसपॉनसिबल ग्रेस, 222
39. उद्धार के अर्थ के संबंध में पश्चिमी (लैटिन) और पूर्वी (ग्रीक) मसीह परंपराओं के बीच में महत्वपूर्ण अंतर है। "पश्चिमी मसीहत (प्रोटेस्टेंट कैथोलिक दोनों) अपराध और पाप-क्षमा पर एक प्रमुख न्यायिक जोर की विशेषता रखते थे, जबकि पूर्वी ऑर्थोडाक्स मुक्तिशास्त्र ने आमतौर पर हमारे पाप-पीड़ित प्रकृति के उपचार के लिए अधिक चिकित्सिय चिंता पर जोर दिया है"। मैडॉक्स रिसपॉनसिबल ग्रेस, 23 बपतिस्मा के अर्थ में वेसली के विचार में दोनों शामिल थे, लेकिन चंगाई और जीवन देने वाले पहलू पर जोर दिया गया।
40. मैडॉक्स रिसपॉनसिबल ग्रेस, 23
41. क्लास मीटिंग (कक्षा की बैठक) के इस खंड को शहरी सेवकाई की मेरी पुस्तक से रूपांतरित किया गया है। क्रिश्चन कॉन्फ्रेंसिंग पर अधिक विस्तार और मेथोडिज्म पर क्लास मीटिंग के

प्रभाव के लिए डेविड ए. ब्यूसिक, द सिटी: अरबन चर्चेस इन द वेसलियन-होलीनेस ट्रेडिशन (कैनसस सिटी, एम. ओ.: फाउंड्री पब्लिशिंग, 2020) देखें |

42. हैरी एस. स्टाउट, द डिवाइन ड्रामाटिस्ट: जॉर्ज व्हाइटफील्ड एंड द राइज ऑफ़ मॉडर्न इवेंजेलिकललिज्म (ग्रैंड रेपिड्स: एर्डमैन्स, 1991), xiii - xvi
43. जे. डब्लू. इथरीज, द लाइफ ऑफ द रेवेरेन एडम क्लॉर्क (न्यूयॉर्क: कार्लटन और पोर्टर, 1859), 189
44. इथरीज, द लाइफ ऑफ द रेवेरेन एडम क्लॉर्क, 189
45. जॉन वेसली, "द नेचर, डिजाइन, एंड जनरल रूल्स ऑफ द यूनाइटेड सोसाइटीज" वर्क्स, 9, 69.
46. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 196
47. राइट, आफ्टर यू बिलीव, 196 - 197
48. वुड्स दो साल की उम्र में एक प्रसिद्ध टेलीविजन शो में दिखाई दिए और वहाँ उन्होंने अपने गोल्फ की योग्यता दिखाई |
49. जॉन्स, कन्वर्जन, फोस्टर और स्मिथ के, डिवोशनल क्लासिक्स, 281 से उद्धृत है |
50. द बुक ऑफ कॉमन प्रेयर (कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, एन. डी.), 97 – 98

6

पर्याप्त अनुग्रह

पर उसने मुझसे कहा, "मेरा अनुग्रह तेरे लिए बहुत है; क्योंकि मेरी सामर्थ्य निर्बलता में सिद्ध होती है" - 2 *कुरिन्थियों* 12:9 |

हमने इस पुस्तक की शुरुआत यह कहकर की अनुग्रह व्यक्तिगत, अनुभवित और पवित्र आत्मा की उपस्थिति में प्रकट हुए यीशु मसीह के व्यक्तित्व और कामों के माध्यम से जाना जाता है | जैसे थॉमस लेंगफोर्ड द्वारा उल्लेख किया गया है, अनुग्रह एक सिद्धांत के रूप में सारांश में नहीं जाना जाता, "बल्कि इतिहास में परमेश्वर के वास्तविक निस्वार्थ प्रेम में |"[1] यीशु मसीह और आत्मा की उपस्थिति में, मानव जीवन का नवीनीकरण ढूँढने वाले, बचाने वाले, पवित्र करने वाले और संभालने वाले अनुग्रह के माध्यम से अनुभव किया जाता है | अनुग्रह का यह आखिरी बाइबिल की अभिव्यक्ति, मेरे लिए सबसे रहस्यमय है |

क्या आपने कभी सोचा है कि क्यों जो लोग एक आसान जीवन को जीते हैं, परमेश्वर से इतने दूर दिखते हैं, जबकि जो लोग सबसे गहरे पानी से गुजर रहे होते हैं और सबसे बड़े व्यक्तिगत संघर्षों से जूझ रहे होते हैं, वे अक्सर परमेश्वर की अंतरंग निकटता को महसूस करते हैं | पहली नजर में दोनों ही अवलोकन प्रतिवादी दिखाई देते हैं | इसका कारण यह है कि जिन लोगों के पास कम समस्याएं होती है वे अधिक खुश रहते हैं और उन लोगों की तुलना में अधिक शांति से घिरे रहते हैं जो अत्यंत आपदाओं को झेल रहे हैं, फिर भी अक्सर सच इसका विपरीत होता है |ऐसे एक विरोधाभास का विवरण कैसे किया जाए?

यह प्रार्थना करना कि, "तेरी इच्छा जैसे स्वर्ग में पूरी होती है, वैसी पृथ्वी पर भी हो", यह कहना कबूल करना है कि दुनिया में होने वाली हर एक बात परमेश्वर की इच्छा

से नहीं है। हम कोई भी दुष्टता परमेश्वर पर नहीं ठहराते। हम जब भी करते हैं, तो परमेश्वर के चरित्र का प्रतिवाद करते हैं। तीसरी आज्ञा परमेश्वर का नाम व्यर्थ में लेने से मना करती है, जिसका संबंध शाप देने से कम और दुनिया में परमेश्वर को गलत तरीके से दर्शाने से है। किसी भी दुष्ट चीज को परमेश्वर की ओर से कहना या परमेश्वर की ओर से किसी भी चीज को दुष्ट कहना एक गंभीर बात है। फिर भी, इसका उल्लेख किया जाना चाहिए कि, भले ही सब कुछ परमेश्वर की इच्छा से नहीं होता, फिर भी, हर चीज में परमेश्वर की इच्छा होती है, क्योंकि वह सर्व सामर्थी और सर्व प्रिय है, विशेष रूप से इसलिए क्योंकि यह उनसे संबंधित है जो परमेश्वर को अपना मानते हैं और मसीह में बने रहते हैं। पवित्र शास्त्र हमें याद दिलाता है कि परमेश्वर की विशेषताओं में से एक, सभी चीजों को छुड़ाना है, तब भी जब दुष्टता चाही जाती है। यूसुफ नें अपने ईर्ष्यालु भाईयों से कहा, यद्पी तुम लोगों ने मेरे लिए बुराई का विचार किया था; परंतु परमेश्वर ने उसी बात में भलाई का विचार किया, जिससे वह ऐसा करें, जैसा आज के दिन प्रगट है, कि बहुत से लोगों के प्राण बचे हैं" (उत्पति 50:20)। दोबारा पौलुस हमें याद दिलाता है, "हम जानते हैं कि जो लोग परमेश्वर से प्रेम रखते हैं, उनके लिए सब बातें मिलकर भलाई ही को उत्पन्न करती है; अर्थात उन्हीं के लिए जो उसकी इच्छा के अनुसार बुलाए हुए है" (रोमियों 8:28)। यूसुफ ने यह नहीं कहा कि परमेश्वर ने उसके भाइयों द्वारा उसे मिस्र में गुलामी के लिए बेचना नहीं चाहा था; उसने कहा कि परमेश्वर का अंतिम कथन, उनके बुरे इरादों का नहीं होने देगा। पौलुस ने यह नहीं कहा कि परमेश्वर अपने लोगों के साथ कुछ बुरा होने देता है; बल्कि उसने कहा कि परमेश्वर हर चीज में कार्य करने के लिए विश्वसनीय है, अच्छे और बुरे दोनों, वो लेने के लिए जो केवल विनाशकारी और टूटे हुए प्रतीत होते हैं और उसे चंगा और पवित्र बनाते हैं। ये पवित्र शास्त्र यह समझाते हैं कि क्यूँ मसीह में जो लोग सबसे अधिक पीड़ा का सामना करते है, वे वही होते हैं जो सबसे ज्यादा शांति का अनुभव करते हैं। यीशु के एक पूर्ण रूप से अभिषिक्त शिष्य के जीवन में कुछ होता है, जो अनुग्रह की यात्रा के दौरान, कठिन परिस्थितियों और मुश्किल हालातों से गुजरता है। वे परमेश्वर के पर्याप्त अनुग्रह का अनुभव करते हैं जो उनकी कमजोरी में उन्हें बनाए रखते हैं और वह प्रदान करते हैं जिनकी उन्हें बड़े संघर्षों में सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है।

निर्बलता में पूर्ण हुई सामर्थ्य:

प्रेरित पौलुस ने कुरिंथियों में पहली सदी के चर्च को भेजे गए उनके दूसरे पत्री के संदर्भ में पर्याप्त अनुग्रह के बारे में कहा था | पौलुस के अनुसार, कुरिंथियों को पत्री लिखने से चौदह साल पहले, जहाँ वह "ऐसा मनुष्य तीसरे स्वर्ग तक उठा लिया गया" (2 कुरिन्थियों 12:2) | अधिकांश बाइबिल विद्वान नहीं मानते की पौलुस यह कहने की कोशिश कर रहा था कि स्वर्ग के कई स्तर है बल्कि वह एक प्रकाशन का वर्णन कर रहा था जो सामान्य मानव के देखने की क्षमता से परे है, आत्मा की प्रेरणा के द्वारा, वह उससे समझने में सक्षम था, जो भौतिक क्षेत्र से परे है | उसका उद्देश्य उन्हें और हमें, यह बताना था कि उसने शक्तिशाली रूप से जो परमेश्वर की उपस्थिति को महसूस किया, मसीह को जी उठते हुए देखा था, और फिर कभी पहले जैसा नहीं रहा - उसने उसके जीवन को बदल दिया था |[2]

ऐसा एक उल्लासमय अनुभव व्यक्ति को आत्मिक रूप से घमंडी और शेखीबाज बना सकता है | संभावित खतरे से परिचित, और अपवित्र दंभ में ठोकर खाकर जाने से बचने के लिए, पौलुस बताते हैं कि उसे "शरीर में एक कांटा चुभाया गया" (2 कुरिन्थियों 12:7) था | काँटों का ना तो मूल ना ही बारिकियाँ पूरी तरह से स्पष्ट है | हम नहीं जानते यदि समस्या शारीरिक, भावनात्मक, या संबंधपरक है |[3] यह स्पष्ट है कि यह पौलुस पर एक इतना भारी बोझ बन गया था कि उसने उसे "शैतान का एक दूत मुझे यातना दे" के रूप में संदर्भित किया और उसे उसकी दोष की याद दिलाई (12:7) | उसने परमेश्वर से विनती की कि वे उसे दूर कर दे, उसकी कमी को दूर कर दे - और इस तरह यह प्रतीत होगा, उसे चर्च के लिए एक मजबूत और बेहतर अगुवा बना दिया गया है | इससे पहले कि हम काँटे को और जाने, हमें यह याद करना चाहिए कि पौलुस एक मजबूत आदमी था | वह आत्मिक रूप से कमजोर दिल का आदमी नहीं था | दूसरी जगह पर, पौलुस एक प्रेरित के रूप में अपने कष्टों का विस्तार से वर्णन करता है:

> मैंने बहुत कठिन परिश्रम किया है, कई बार जेल भी गया हूँ, जितना मैं गिन सकूँ उससे भी अधिक बार पीटा गया हूँ, और समय-समय पर मृत्यु के दरवाजे तक पहुँचा हूँ | मुझ पर यहूदियों के उनतालीस कोड़ों को पाँच बार बरसाये गए, तीन बार रोमियों की छड़ी द्वारा पीटा गया हूँ, एक बार पत्थरों से कूटा गया हूँ | तीन बार मेरा जहाज नष्ट हो चुका है, और मुझे एक रात और एक दिन के

> लिए खुले समुद्र में डूबा रहना पड़ा है, साल भर कठिन यात्रा में, मुझे नदियों को पार करना, लुटेरों को रोकना, दोस्तों के साथ संघर्ष, दुश्मनों के साथ संघर्ष करना पड़ा है | मैं शहर में खतरे में रहा, देश में खतरे में रहा हूँ, रेगिस्तान के सूरज और समुद्र के तूफान से खतरे में रहा हूँ, और उन लोगों द्वारा धोखा खाया गया हूँ जिन्हें मैंने अपना भाई समझा था | मैं कठिन परिश्रम मशक्कत, बिना नींद के कई लंबी और अकेली रातें कई छोड़े हुए भोजन, ठंड से बेहाल होना, और मौसमों में नग्न रहना जानता हूँ |[4]

समस्याग्रस्त चर्चों और चर्च के असहनीय सदस्य के साथ मेरा पेश आने का निरंतर दबाव और चिंता भी!

पौलुस के परीक्षणों की सूची को फिर से पढ़े | उसने वह सब और निस्संदेह उससे भी अधिक (सर्पदंश मन में आता है) सहा | क्या अब आप आश्वस्त है कि पौलुस ना एक नाजुक फूल था ना ही चिड़चिड़ा शिकायतकर्ता था? यह हमें यह मानने पर मजबूर करता है कि काँटा जो कुछ भी था, पौलुस के लिए मामूली नहीं था | पौलुस बताता है कि उसने तीन बार परमेश्वर से विनती की उस काँटे को दूर कर दे | ("मैं मांगता रहा": कहने का एक बाइबिल का तरीका) पौलुस हमें अवगत करा रहा है कि वह बहुत गहरे पानी में था | वह एक बोझ ढो रहा था जो उसे नष्ट कर रहा था और वह खुद को उसके वजन के तले गिरता हुआ महसूस कर रहा था | पौलुस की नजर में वह एक छोटी बात नहीं थी, और उसने चंगाई के लिए प्रार्थना भी की थी | परमेश्वर ने उसकी प्रार्थना का उत्तर दिया पर उस तरह से नहीं जैसा उसने उम्मीद की थी | नहीं, पौलुस, तुम उस काँटे को रखोगे, पर यह जान लो: "मेरा अनुग्रह तेरे लिए बहुत है; क्योंकि मेरी सामर्थ्य निर्बलता में सिद्ध होती है" (2 कुरिन्थियों 12:9) | मेरे बिना जितना मजबूत तुम अपने सबसे मजबूत पलों में होते हो, उससे कहीं अधिक मजबूत तुम मेरे साथ अपने सबसे निर्बल पलों में होते हो | तुम्हारी निर्बलता में मेरी सामर्थ्य परिपूर्ण होती है |

अलौकिक हाथों में उठाया जाना:

पर्याप्त अनुग्रह प्रभु का हमसे यह कहने का तरीका है, "जब तुम अपनी मानव शक्ति के अंत में पहुँचते हो, मैं तुम्हें अपनी दिव्य सामर्थ्य दूंगा | जब तुम्हारी ताकत

खत्म हो जाएगी, मेरी ताकत तुम में जीवित होगी | जब तुम आगे नहीं बढ़ पाओगे, मैं तुम्हें उठाकर ले जाऊंगा | मेरे हाथों में कुछ देर विश्राम करो" |

"रेत में पद-चिन्ह" नामक एक आधुनिक, प्रसिद्ध काव्यात्मक दृष्टांत है |

> एक रात एक आदमी ने एक सपना देखा | उसने देखा कि वह प्रभु के साथ समुद्र तट पर चल रहा था | आकाश पर उसके जीवन के दृश्य दर्शाए जा रहे थे | प्रत्येक दृश्य के लिए, उसने रेत पर पदचिन्हों को दो आकृति देखी जिसमें से एक उसकी थी और दूसरी प्रभु की |
>
> जब उसके जीवन का आखिरी दृश्य, उसके सामने आया तो उसने मुड़कर रेत पर पदचिन्ह को देखा, उसने देखा कि उसके जीवन के रास्ते में कई बार वहाँ पदचिन्ह की केवल एक ही आकृति थी, उसने यह भी देखा कि वे उसके जीवन के सबसे निचले और दुखद समय में हुए थे |
>
> इस बात ने उसे बहुत परेशान कर दिया और वह प्रभु से इसके बारे में पूछने लगा | "प्रभु, आपने तो कहा था यदि मैं एक बार आप का अनुसरण करने का फैसला कर लूं तो आप पूरे रास्ते मेरे साथ चलेंगे | हालांकि, मैंने देखा कि मेरे जीवन के सबसे कष्टप्रद समय में पदचिन्ह की केवल एक ही आकृति है | मुझे समझ नहीं आता कि क्यों,जब मुझे आपकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, आपने मुझे छोड़ दिया |
>
> "प्रभु ने जवाब दिया, "मेरे अनमोल, अनमोल बच्चे, मैं तुमसे प्रेम करता हूँ और मैं तुम्हें कभी नहीं छोड़ूंगा | तुम्हारे परीक्षा और पीड़ा के समय, जब तुमने पदचिन्ह कि केवल एक ही आकृति देखी वह वो समय था जब मैंने तुम्हें उठाया था |"

यदि कोई ढूँढने वाले अनुग्रह को छवि के रूप में बना सकता तो वह एक ढूँढते हुए चरवाहे, एक इंतजार करता हुआ पिता, एक जागृत करने वाले चुंबन की तरह दिखती | यदि बचाने वाला अनुग्रह एक छवि होती तो वह एक आलिंगन, एक अभीग्रहण, मिलाप की तरह दिखती | यदि पर्याप्त अनुग्रह एक छवि होती तो वह उस व्यक्ति की तरह दिखती जो अलौकिक हाथों में उठाया गया हो |

"रेत में पदचिन्ह" एक दृष्टांत से कई अधिक है - यह एक वास्तविक जीवन की एक कहानी है जिसे मैंने बार-बार सुना है | एक पादरी के रूप में मेरे समय में, मेरी

सभाओं में ऐसे लोग थे जो तीव्र पीड़ा और अतिकष्टदायी शोक से गुजर रहे थे - कुछ तो इतने ज्यादा कि मैं सोचता था कि उनमें सुबह बिस्तर से उठने की ताकत कैसी थी; लोग अपनी सहनशीलता के उस छोर पर थे कि यूजिन पीटरसन के वाक्यांश का प्रयोग करुँ तो, "मैं अपनी हड्डियों में उनकी हताशा को महसूस कर सकता था" |

फिर मैं उन्हें यह कहते सुनता, "पादरी जी, मैं यह समझा नहीं सकता | इसका कोई अर्थ नहीं बनता (मैं जानता हूं कि मुझे इस सब से कुचल दिया जाना चाहिए, फिर भी मुझे लगता है कि - और वे इन्हीं शब्दों का प्रयोग करते- "कि जैसे मैं उठाया जा रहा हूँ | मैं इस नुकसान, इस बीमारी, इस मृत्यु इस धोखे से बहुत दुखी हूँ और मुझे टूटकर बिखर जाना चाहिए, लेकिन मेरे मन में एक शांति है और मेरी आत्मा में निरवता है जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता | मैं इसका वर्णन केवल ऐसे ही कर सकता हूँ कि यह ऐसा है जैसे कि चिरस्थायी हाथों में शालीनतापूर्वक उठाया जाना" | पदचिन्ह की एक आकृति: पर्याप्त अनुग्रह |

जब पीड़ा की बात आती है, यदि कोई चीज मुझे पता चली है तो वह यह कि पर्याप्त अनुग्रह एक बौद्धिक वास्तविकता बनी रहती है जब तक हमें उस की सबसे ज्यादा जरूरत होती है | कोई किसी के मस्तिष्क में क्या चल रहा है जान सकता है लेकिन दिल में क्या है वह कभी नहीं जान सकता | उसे वास्तविकता में अनुभव करना, उठाया जाना, परिभाषा से परे है - वह केवल वास्तव में वहन किया जा सकता है | ऐसा ही पर्याप्त अनुग्रह है | मैं कुछ समय पहले एक दोस्त से बात कर रहा था जिसने कहा, "मैं नहीं जानता मैं क्या करुँगा अगर मैं अपने बच्चों में से एक को खो दूँ | मेरे पास आगे बढ़ने की ताकत नहीं होगी |"

मैंने जवाब दिया, "तुम सही हो | तुम्हारे पास अभी ताकत नहीं है क्योंकि तुम्हें कभी भी वहाँ चलना नहीं पड़ा | मैं आशा करता हूँ तुम्हें कभी चलने भी ना पड़े, लेकिन यदि कभी करना पड़ा तो पर्याप्त अनुग्रह होगा |"

"केवल यथेष्ट" अनुग्रह:

आज के लिए आपको जो भी चाहिए, वह पर्याप्त अनुग्रह है | यह "केवल यथेष्ट" अनुग्रह का एक दैनिक उपहार है | यह जंगल में मन्ना के समान है | परमेश्वर के लोग रेगिस्तान से होकर एक यात्रा पर निकले थे | उनके पास बहुत कम भोजन था और

यदि परमेश्वर ना प्रदान करते, वह भूखे मरने वाले थे, इसलिए परमेश्वर ने उन्हें एक उपहार दिया | उनके लिए स्वर्ग से रोटी की वर्षा की | प्रत्येक सुबह जब लोग जागते थे, वह उनके तंबू के बाहर जमीन पर, उस दिन के लिए ताजा पड़ी होती थी | उन्होंने उसके लिए प्रयास, कार्य या मूल्य नहीं चुकाया | वह वहाँ परमेश्वर के हाथों से प्रदान किए गए ऊपहार के रूप में था | उन्हें सिर्फ उसे इकट्ठा करना और बनाना था | बस एक शर्त नहीं थी कि वह उसे संचय करके नहीं रख सकते थे | वे मीठी पेस्ट्री को टिन के डिब्बे में भरकर और बरसात के दिनों के लिए बटोरकर नहीं रख सकते थे | वे मन्ना को अपने गद्दों के नीचे छुपाकर नहीं रख सकते थे, यदि परमेश्वर अगले दिन न आए; यदि वे जमा करने की कोशिश करते, तो वह खराब हो जाते | उस पर कीड़े पड़ जाते और वह खराब हो जाता और मछलियों को चारा बन जाता | उन्हें बस यह विश्वास करना था कि परमेश्वर उन्हें वह आज वह सब प्रदान करेगा जिनकी उन्हें आवश्यकता है, और यह भरोसा रखना था कि परमेश्वर अगले दिन फिर वही करेगा | उसकी दया हर सुबह नई होती है |

यही पर्याप्त अनुग्रह है | यह कल के लिए संग्रहित नहीं किया जा सकता | यह आज के लिए पर्याप्त है | परमेश्वर हमें वह सब देता है जिसकी हमें आज आवश्यकता है, और वह काफी होता है | कल भी काफी होगा | यह "जो भी तुम्हें चाहिए, मैं हूँ" अनुग्रह है जो हमें उठाता है जब हम आगे नहीं बढ़ पाते | कोई आश्चर्य नहीं कि पौलुस ने विश्वासपूर्वक यह घोषणा की, "मेरा अनुग्रह तेरे लिए बहुत है; क्योंकि मेरी सामर्थ्य निर्बलता में सिद्ध होती है |" इसलिए मैं बड़े आनंद से अपनी निर्बलताओं पर घमंड करुँगा कि मसीह की सामर्थ्य मुझ पर छाया करती रहे | इस कारण मैं मसीह के लिए निर्बलताओं में, और निन्दाओं में, और दरिद्रता में, और उपद्रवों में, और संकटों में प्रसन्न हूँ; क्योंकि जब मैं निर्बल होता हूँ तभी बलवंत होता हूँ" (2 कुरिन्थियों 12: 9 - 10) |

अनुग्रह जो थामे रहता है:

कुछ साल पहले, पेंसिल्वेनिया में एक पादरी ने चर्च के बाद एक व्यक्ति के सूट के लेबल पर एक बुलडॉग पिन को देखा | यह न जानते हुए कि वह आदमी एक ट्रैकिंग (परिवहन) कंपनी के लिए काम करता है, जिनके व्यवसाय का चिन्ह (लोगो) एक बुलडॉग है, उन्होंने भोलेपन से पूछा, "यह बुलडॉग किसका प्रतीक है?"

अपनी आँखों में एक चमक लिए - उस आदमी ने शरारतपूर्वक जवाब दिया, "पादरीजी, यह बुलडॉग उस दृढ़ता का प्रतीक है जिसके साथ मैं यीशु मसीह को थामे हुआ हूँ" |

पादरी ने जवाब दिया, "यह एक अद्भुत प्रतीक है - लेकिन थियोलॉजी बुरी है | आश्चर्यचकित होकर उस आदमी ने पूछा, "आपका मतलब क्या है?"

"यह कभी भी उस दृढ़ता का प्रतीक नहीं होना चाहिए जिससे तुम यीशु मसीह को थामें हुए हो" पादरी ने कहा, "यह उस दृढ़ता का प्रतीक होना चाहिए जिससे यीशु मसीह तुम्हें थामें हुए है" |

मुश्किल समय में विश्वास करके इसके बारे में नहीं है कि हम कितने मजबूत है या हम कितना विश्वास करते हैं | मुश्किल समय में विश्वास इसके बारे में है कि परमेश्वर कितना मजबूत है | चाहे हम सफर में किसी भी चीज का सामना करें, परमेश्वर का अनुग्रह हमें ऊपर उठाने के लिए पर्याप्त है, और उसका प्रेम हमें उससे निकलने के लिए काफी मजबूत है | आइए हम याद रख लें कि जीवन के "किसी भी चीज" का अर्थ है कि यीशु मसीह हमें एक बुलडॉग की दृढ़ता के साथ थामें हुए है और हमें कभी नहीं छोड़ेगा |

एक चर्च में जहाँ मैं पादरी था, एक महिला अचानक बीमार हो गई | डॉक्टरों ने उनके कई जाँच करवाए यह जानने के लिए कि क्या हुआ था | उन्हें पता चला कि उस महिला को एक दुर्लभ बीमारी थी जिसके कारण उसके द्वारा खाये गए किसी भी भोजन से उनके शरीर को गंभीर एलर्जी हो जाती थी | वह बहुत गंभीर हो गया, जानलेवा भी | उस समय के दौरान, उसका पति सेना में नौकरी के दौरे के कारण अफगानिस्तान में तैनात था | अंत में उस महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसने एक मेडिकल जाँच का सामना किया जिससे यह उम्मीद थी कि वह उसे एक हिंसक एलर्जी रिएक्शन (प्रतिक्रिया) में डाल देगा जो अस्थायी रूप से उसका साँस लेना रोक देगा | कोई भी ऐसे हिंसक रिएक्शन के बारे में नहीं सोचता विशेष रूप से तब जब उसे पता हो कि वह आने वाला है | उसने मुझे बताया, "पादरीजी, मैं बहुत डरी हुई थी, घबराहट कि सीमा तक | मैं अस्पताल के बिस्तर पर लेटी हुई थी, जो भी मैं सहने वाली थी उसके लिए मैं स्वयं पर तरस खा रही थी, और सोच रही थी, मेरे साथ यह सब कुछ क्यूँ हो रहा है | उसके ऊपर से मैं परेशान थी कि मेरा

पति मुझसे हजारों मील दूर था। मैं डरी हुई थी और बहुत अकेला महसूस कर रही थी।"

जाँच का समय आया। वह बहुत डरी हुई थी: "मैं अब जानती हूँ कि भय से अकड़ने का अर्थ क्या होता है।" मैं सचमुच हिल नहीं पा रही थी और मैं समझ गई कि मैं प्रार्थना भी नहीं कर पा रही थी। मैं पहले कभी भी प्रार्थना करने में असक्षम नहीं रही थी। एकमात्र प्रार्थना जो मैं कर सकती थी वह यह थी, 'परमेश्वर कृप्या मेरी सहायता करें"।

वह उस नर्स की तरफ मुड़ी जो जाँच का संचालन करने वाली थी, और बोली, "क्या आप एक मसीही हो"?

"हाँ मैं हूँ", उस नर्स ने जवाब दिया।

"क्या आप मेरे लिए प्रार्थना करोगी?"

नर्स ने बिना हिचकिचाए कहा, "बेशक और वह आराम और चंगाई के लिए एक साधारण प्रार्थना करने लगी।

मेरी दोस्त ने मुझे बाद में बताया, "जब वह प्रार्थना कर रही थी, मेरे ऊपर अद्भुत शांति छा गई। यह लगभग ऐसा था जिसे परमेश्वर ने अपने हाथों को मुझ पर रखा हो और मुझे अपनी उपस्थिति में उठा लिया हो" (हाँ उसने इस वाक्यांश का प्रयोग किया)। मैं जानती थी परमेश्वर मेरे साथ था, और मेरा डर अचानक चले गया था"।

उन्होंने जाँच की और हर किसी को आश्चर्यचकित करते हुए उसने उग्र प्रतिक्रिया नहीं की। "पादरीजी, मैंने अचानक खुशी के अहसास को स्वयं में उठते हुए महसूस किया। वह एक प्रचुर खुशी थी। यदि मैं कमरे में इधर-उधर नाच सकती तो जरूर करती।"

उसी क्षण, उसकी नर्स ने उस रेडिएशन वेस्ट (विकिरण वस्त्र) को उतारा जो वह पहने हुई थी, और वहाँ उसके गले में लटकता हुआ एक बड़ा सा क्रूस का लॉकेट था।

अब उस उज्जवल याद से, आँखों में आँसू लिए, मेरी दोस्त ने मुझसे कहा, "तब मुझे पता चला, परमेश्वर मेरे साथ हमेशा से थे - मैं बस उन्हें देख नहीं सकी। मैं उनकी उपस्थिति को महसूस नहीं कर सकी, लेकिन वो वहाँ थे। वह वहाँ हमेशा से थे।

हालांकि मेरा पति अफगानिस्तान में था, मैं फिर भी मसीह की दुल्हन थी | यीशु उस समय मेरे पति थे, मेरे साथ खड़े थे, मुझे उठाते हुए" |

अनुग्रह की यात्रा के दौरान, परमेश्वर का पर्याप्त अनुग्रह हमें कई तरिकों से थामें हुए होता है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण तरीकों में से एक मसीह के शरीर के माध्यम से है | हमें यह आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए कि जब हमने परमेश्वर से हमारे दर्द में प्रकट होने के लिए प्रार्थना की, तो वह हमारे चर्च से एक व्यक्ति की ओर से एक फोन कॉल या एक कार्ड के रूप में यह कहते हुए आए, "मैं आपसे प्रेम करता हूँ | मैं आपके लिए प्रार्थना कर रहा हूँ | प्रभु आपके साथ है |" हम कभी-कभी चर्च की संगति में और असहनीय बोझ उठाते हुए आते हैं और मसीह में एक भाई या बहन हमारे चारों और अपनी बाँहें डालते हैं और कहते हैं, "मैं आपके बारे में बहुत समय से सोच रहा था / रही थी | मैं आपको बताना चाहता /चाहती हूँ कि आपको प्यार किया जाता है और आपके लिए प्रार्थना की जाती है" और चमत्कारों का चमत्कार, यीशु की देहधारी उपस्थिति हमें घेरे हुई है, लगभग जैसे हमें वह उस क्षण में एक बुलडॉग की दृढ़ता के साथ थामें हुए है | हमारे जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षणों में हमें उठाते हुए |

जब मेरी बेटी छोटी थी, वह अंधेरे से डरती थी | मेरी पत्नी और मैं उसे बिस्तर पर लेटा देते थे और कहते थे, "डरो मत, यीशु यहाँ हमारे साथ है" |

वह जवाब देती, "ठीक है, मम्मी और पापा मैं नहीं डरूँगी |" हालांकि ज्यादा देर नहीं होती थी, जब हम अपने कमरे के दरवाजे पर एक खटखटाहट को सुनते थे | "मम्मी और पापा, मैं जानती हूँ यीशु मेरे साथ है, लेकिन मुझे, कोई ऐसा चाहिए जो आपके जैसा दिखता हो |"

वह सही थी | कभी-कभी हमें किसी ऐसे की आवश्यकता होती है, जो हमारे जैसा दिखता हो | यही मसीह का देह है - मसीही समुदाय ही त्वचा में लिपटा हुआ यीशु है | असीम करुणा और धीरज भरे प्रेम से लिप्त, लोगों के गर्म देह के माध्यम से, हम परमेश्वर द्वारा गले लगाए और ऊपर उठाए जाते हैं |

धीरज, चरित्र और आशा:

दर्द और पीड़ा ऐसी चीजें हैं जिससे हम आमतौर पर दूर रहना चाहते हैं | आराम और स्वास्थ्य की चिंता करना गलत नहीं है | फिर भी, हम यह भी जानते हैं कि हम

दर्दनाक और कष्टप्रद मौसमों में खुशी ढूँढ सकते हैं, और यहाँ तक कि आशा को भी ढूँढ सकते हैं, क्योंकि हम जानते हैं कि यीशु की सामर्थ्य हमारी निर्बलता में परिपूर्ण होती है।रोम में रह रहे पहली शताब्दी के मसीहियों को लिखे गए एक दूसरी पत्री में पौलुस ने कहा, "केवल यही नहीं, वरन हम क्लेशों में भी घमंड करें, यह जानकर कि क्लेश से धीरज और धीरज से खरा निकलना, और खरे निकलने से आशा उत्पन्न होती है और आशा से लज्जा नहीं होती, क्योंकि पवित्र आत्मा जो हमें दिया गया है उसके द्वारा परमेश्वर का प्रेम हमारे मन में डाला गया है" (रोमियों 5:3-5)। एक बार फिर, पौलुस मसीह की समानता में गुण और चरित्र के निर्माण का उल्लेख कर रहा है।

सबसे पहले, पीड़ा धीरज को उत्पन्न करती है। समस्याएं, दवाब और परीक्षा भाग्य की निरुद्देश्य दुर्घटनाएं नहीं होती है, जिसका मसीह समानता के हमारे अंतिम लक्ष्य (टेलोस) पर कोई असर नहीं पड़ता। नए नियम की मूल भाषा में "धीरज" के लिए हाइपोमोन शब्द है, जिसका अर्थ है, चाहे कुछ भी हो जाए स्थिर खड़े रहना - स्थिर खड़े रहना तब भी जब जीवन के दवाब हम पर तेजी से बरस पड़े। कठिनाइयाँ धीरज को उत्पन्न करती है, और धीरज वह गुण है जो कहता है, "मैं हार नहीं मानूँगा, चाहे कुछ भी हो।" यह एक लंबी दूरी तक दौड़ने जैसा है। आपके पैर भारी लगने लगते हैं, आपकी साँस फूलने लगती है, ऐसा लगता है जैसे आपका दिल आपके सीने से बाहर निकल जाएगा और आप बुरी तरह से हार मान लेना चाहते हैं। हालांकि, आप जानते हैं कि आपको ढूँढते रहना होगा क्योंकि जिस क्षण आप हार मान लेना चाहते हैं, आपको सबसे बड़ा स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है, वह हाइपोमोन है - दबाव में धीरज। हम अपनी समस्याओं और परीक्षाओं में यह जानकर आनंदित हो सकते कि जीवन के दबाव, और यहाँ तक की पीढियों, धीरज और दृढ़ता को उत्पन्न करते हैं।

दूसरा, धीरज चरित्र को उत्पन्न करता है। ग्रीक शब्द "दोकीमें" मूल रूप से एक धातु को संदर्भित करता है जिसे परिष्कृत किया गया है और सभी अशुद्धियों को हटा दिया गया है। समस्याएं और परीक्षा धीरज को उत्पन्न करते हैं और धीरज चरित्र के सामर्थ्य को उत्पन्न करता है। समाज के हर स्तर पर, चरित्र की आज सख्त जरूरत है। रिचर्ड जॉन न्यूहाउस इस बात पर जोर देते है, "कि हम मसीह में नई सृष्टी है, यह सर्वथा परमेश्वर का उपहार है; चरित्र का निर्माण उस उपहार का वास्तविकीकरण। यह एक श्रमसाध्य प्रक्रिया है, जो मसीह में, हमें वो बनाती है जो हम हैं। इसे मसीह

तीर्थगमन के रोजमर्रा के अनुभवों, दैनिक पहलुओं के लिए आदर की आवश्यकता होती है।"[5] न्यू हाउस दृढ़ता पूर्वक निष्कर्ष देते हैं कि: "चरित्र तो साहस और अनुग्रह है जो एक ऐसी दुनिया में अच्छे जीवन को जीने के लिए आवश्यक है जहाँ ज्यादातर जरूरते अधूरी रह जाती है।"[6] कोई भी प्रतिनिधि चरित्र की सामर्थ्य को पुनर्जीवित नहीं करता। वास्तविक जीवन की स्थितियों की परीक्षाओं में प्रबल होना, धीरज को उत्पन्न करता है, और धीरज को जब धार्मिक बनाया जाए, तो ईमानदारी और चरित्र की गहराई को उत्पन्न करता है।

तीसरा, चरित्र आशा को उत्पन्न करता है। आशा वह शांत, निश्चित विश्वास है कि परमेश्वर हमारे साथ है। आशा वह आश्वस्त अपेक्षा है कि भविष्य चाहे जो भी हो, हमारी अनुग्रह की यात्रा का साथी भविष्य को धारण करता है। हमारे समय की मुख्य समस्या बहुत ज्यादा तनाव नहीं बल्कि बहुत कम आता है। यथार्थ में, थॉमस लैंगफोर्ड अच्छे से बताते हैं: "आशा भविष्य को आस्थगित नहीं करता, आशा अतीत की समझ को नई आकृति प्रदान करता है और वर्तमान में जीवन को निर्धारित करता है। हम आशा में और उसके द्वारा रूपांतरित जीवन जीते हैं।"[7]

एक चित्रण इसे स्पष्ट करने में मदद करेगा।[8] हाईस्कूल के सीनियर्स छात्रों से भरे हुए एक कमरे की कल्पना करें। आप अपने बांयी ओर एक व्यक्ति की ओर मुड़तें है और पूछते है, "आप अपने हाईस्कूल के अंतिम साल में कैसा कर रहे हैं?"

छात्र जवाब देता है: "मैं बहुत अच्छा नहीं कर रहा हूँ। मैं कई पाठ्यक्रमों में असफल हुआ, और यदि मैं एक और पाठ्यक्रम में असफल हुआ तो मैं ग्रेजुएट (स्नातक) नहीं हो पाऊँगा। मुझे अपने अंतिम साल को दोबारा पढ़ना होगा।"

आप फिर पूछते हैं, "आप अपने भविष्य में क्या देखते हैं?"

मैं मई महीने में ग्रेजुएट होने की आशा कर रहा हूँ, और फिर मैं पतझड़ के महीने में एक सरकारी कॉलेज में प्रवेश करने की कोशिश करूँगा।"

फिर आप अपनी दायीं ओर के छात्र की ओर मुड़ते हैं और वही सवाल पूछते हैं, "आप अपने अंतिम साल में कैसा कर रहे हैं?"

मैं बहुत अच्छा कर रही हूँ," वह कहती है।

क्या आप कॉलेज में जाने का सोच रही है?"

"बिल्कुल मेरा हार्वड विश्वविद्यालय में पहले से ही चुनाव हो गया है। मैं अभी प्रिंसटन स्टैनफोर्ड, और एम. आई. टी. से चयनित होने का इंतजार कर रही हूँ, लेकिन मैं आश्वस्त हूँ।

"आप जरूर एक बहुत अच्छी छात्रा होंगी। क्या आप मुझे अपनी हाईस्कूल की कक्षा की रेंक बता सकती है?"

"छह सौ छात्रों में से, 4.3 ग्रेड - प्वाइंट एवरेज के साथ, में अपनी कक्षा में दूसरे स्थान पर हूँ।"

"वाह! यह बहुत प्रभावशाली है! क्या आप मुझे बता सकती हैं आपने सेंट की परीक्षा में कैसा किया?"

मैंने गणित में 780 और भाषा में 760 अंक प्राप्त किए, कुल 1540 अंक।" (हर एक श्रेणी 800 अंकों की होती है)

"यह तो उतना ही है जितना अच्छा मैंने अपने सेंट की परीक्षा में किया है," आप व्यंगपूर्वक कहते हैं। आप अपने भविष्य के विषय में क्या सोचते हैं?"

"मैं मई महीने में ग्रेजुएट होने की आशा करती हूँ और फिर उनमें से किसी एक विश्वविद्यालय में एक शोध वैज्ञानिक बनना चाहूँगी।"

आप सोचते हैं, "ग्रेजुएट होने की आशा करती है?" इस युवती ने कर दिखाया है। यह कोई प्रश्न ही नहीं है।

क्या आप अंतर को देखते हैं? पहला छात्र आशा से परे आशा कर रहा था; दूसरी छात्रा निश्चित आत्मविश्वास में आशा कर रही थी कि वह होने जा रहा है। ऐसी आशा भाग्य को स्थगित नहीं करती। यह अतीत की समझ को नई आकृति प्रदान करती है और वर्तमान में जीवन को निर्धारित करती है। हम आशा में और उसके द्वारा इस तरह रूपांतरीत जीवन जीते हैं। लोग कभी-कभार कहते हैं, "मैं आशा करता हूँ, परमेश्वर मुझसे प्रेम करते हैं। मैं आशा करता हूँ, परमेश्वर मुझ से मुँह नहीं मोडेंगे। मैं आशा करता हूँ कि जब मैं कठिन परिस्थिति में फंसा होऊँ तो परमेश्वर मुझे छोड़ न दे। मैं आशा करता हूँ कि परमेश्वर मेरे दुख की घड़ी में मुझे संभालेंगे और सामर्थ्य देंगे।" मसीही आशा, यीशु मसीह के क्रूस के अतीत, वर्तमान और भविष्य के प्रेम में और उनके पुनरुत्थान के जीवन-दायी सामर्थ्य में आधारित है।

यह आशा हमें निराश नहीं करती (रोमियों 5: 5) | हम परमेश्वर की पर्याप्त अनुग्रह की मजबूत पकड़ में है | वे हमें एक बुलडॉग की दृढ़ता के साथ थामें हुए है |

आपके हाथों में, मैं अपनी आत्मा सोपता हूँ

संयोग से नहीं, मैंने यह अध्याय कोविड-19 महामारी के दौरान लिखा था, जो कि बड़ी अनिश्चितता और गहन पीड़ा का समय था | पवित्र शनिवार, ईस्टर की एक दिन पहले, यीशु की मृत्यु पर शांत प्रतिबिंब के लिए और कब्र के अंधेरे में उनके द्वारा बिताए वक्त को याद करने के लिए एक समय के रूप में माना जाता है | इस दिन के लिए भजन पुस्तिका के पाठों में से एक भजनसंहिता 31, में वह शब्द है जो यीशु ने मृत्यु से पहले क्रूस पर से बोले थे: 'हे पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सोपता हूँ (लूका 23:46) | यीशु ने सीधा भजनसंहिता 31:5 को दोहराया; और अपनी प्रार्थना में केवल अब्बा ("पिता") शब्द को जोड़ा |

यीशु की इस प्रार्थना में से सीखने के लिए कई बातों में से, एक जो मेरे लिए सबसे अलग थी इस कोविड-19 के जंजाल में, वो यह कि एक के लिए जीवन और एक दिए गए जीवन के बीच एक बहुत बड़ा अंतर होता है | यीशु ने यूहन्ना रचित सुसमाचार में यह स्पष्ट कर दिया: "कोई मुझसे छीनता नहीं, वरन मैं उसे आप ही देता हूँ" (यूहन्ना 10:18) | वह अपना जीवन स्वतंत्र रूप से और स्वेच्छा से त्यागता है | क्रूस पर यीशु की मृत्यु एक आशाजनक जीवन का कोई दुखद अंत या एक असफल मिशन की निराशा नहीं थी | वह आरंभ से ही और अलौकिक डिजाइन था | हमें अंधेरे से और राज्य और शक्तियों की मृत्यु के चुंगल से बचाने की, क्रूस परमेश्वर की विराट योजना थी | इसलिए यीशु का बलिदान उन पर थोपा नहीं गया था - उन्होंने स्वेच्छा से हमारे लिए उसे अपनाया | वे जानते थे कि वे परमेश्वर के हाथों में थे, इसलिए उन्होंने कहा, "मैं अपने प्राण देता हूँ कि उसे फिर से ले लूँ" (यूहन्ना 10:17) |

इसे हमें कुछ क्षण देने चाहिए, यह पूछने के लिए, कि क्या हमारा जीवन दिया गया है या लिया गया है? दोनों के बीच में एक बड़ा अंतर है, मुख्य रूप से विश्वास के मुद्दे को लेकर | "पिता आपके हाथों में मैं अपनी आत्मा सोपता हूँ" का अर्थ है हम विश्वास करते हैं कि हमारा जीवन किसी बड़े और अधिक सुंदर चीज के लिए दिया जा रहा है जो हम बिना हमारे स्वर्गीय पिता के कभी नहीं पूरा कर पाते | यीशु का

उनके जीवन के यक़ीनन सबसे कठिन क्षण में वह प्रार्थना करना हमें बताता है कि वह पहले ही बहुत लंबे समय से वह प्रार्थना कर रहे थे - जिसमें गतसमनी के बगीचे में की गई अत्यंत दुखदायी प्रार्थनाएं भी शामिल है | "आपके हाथों में" पूर्ण समर्पण से भरी हुई एक प्रार्थना है क्योंकि, उसके दिल में, यह एक घोषणा है कि हम खुद को अन्य लोगों और परिस्थितियों के हाथों से बाहर निकाल रहे हैं - जिसमें हमारे खुद की योजनाएं और उद्देश्य शामिल है - और स्वेच्छा से अपने जीवन को परमेश्वर के हाथों में रखते रहे हैं | एक शक्तिशाली अर्थ में यह या तो चीजों का हो जाने के रूप में या परमेश्वर की देखरेख में हमारे कदमों को बढ़ाने के क्रम में, यह हमारे जीवन के अनुभवों को पुनः परिभाषित और पुन:विचारता है | एक कुछ ले लेना है - दूसरा उसे रख देना है | यह एक हानी और समर्पण हो सकता है |

यीशु ने हमें बलिदान की चौंकानेवाली शक्ति से परिचय कराया | वह हमें दिखाता है कि परमेश्वर के सामने समर्पण करने से, हम वो जो सारी दुनिया के लिए एक हानी है उसे ऐसी चीज में बदल सकते हैं जो पूरी दुनिया के लिए एक लाभ होगा | जब फ्रेडरिक बूचनर कहते हैं, "किसी चीज का बलिदान करना, प्रेम के लिए खुद से दूर करने के द्वारा उसे पवित्र बनाना है" उनका अर्थ यह होता है कि भले ही कोई उसे हमारे हाथों से छीन लेने की कोशिश कर रहा हो, भले ही ऐसा लगे कि वह आपके नियंत्रण से बाहर है, हम फिर भी तय कर सकते हैं कि हम उसे कैसे जाने देंगे |[9] हम फिर भी अपने हाथों को आखिरी समय में खोल सकते हैं जो दूसरे सोचते थे कि हम से लिया जा रहा है और जो परिस्थितियाँ हमसे लूट रही थी | हम उसे पवित्र बना सकते हैं, उसे प्रेम के लिए करने के द्वारा, उसे परमेश्वर को समर्पित करने के द्वारा |

कोविड-19 महामारी के अतियथार्थवादी अनुभव में, जैसे जैसे दिन हफ्तों में बदलते गए, यह महसूस करना आसान था, जैसे कि हमसे कुछ लिया जा रहा है | हम भय, क्रोध, अनिश्चितता और अपने आरामदायक स्थिति से काफी बाहर महसूस कर रहे थे | हमें एक चुनाव करना था | हम पीड़ित बन सकते थे और कह सकते थे, "मुझसे कुछ लिया गया है, या हम उसे परमेश्वर को समर्पित कर यह कह सकते थे, "पिता आपके हाथों में अपनी आत्मा को सौंपता हूँ | हम स्वयं को आपकी योजना और उद्देश्य के लिए समर्पित करते हैं | हमारा जीवन हमारा नहीं है | हम उन्हें रख छोड़ते हैं, क्योंकि हम आपके हैं, और हम उन्हें प्रेम के लिए छोड़ते हैं ताकि आप उन्हें पवित्र बनाएं" हमारी ओर से कुछ विश्वास की आवश्यकता होती है लेकिन भुगतान यह जानने की पूर्ण शांति है कि हमारे जीवन ने परमेश्वर की महिमा की,

हमारा जीवन आकस्मिक घटना या अधीरता नहीं है बल्कि उनके हाथों में हमारे दिन हैं | वास्तव में हमारे कष्टों में भी, हम उसकी बाहों में है | यहाँ तक कि एक वैश्विक महामारी को भी हमारे जीवन के उद्देश्य और अर्थ को निर्धारित करने का अर्थ नहीं | कोई भी हमारा जीवन नहीं लेता है - हम उसे रख छोड़ते हैं | यही हमारी आशा की वास्तविकता है |

विलाप का अनुग्रह:

पर्याप्त अनुग्रह हमारे सभी भय और संदेह को खत्म नहीं करता | इससे बचा नहीं जा सकता: आशा में भी प्रश्नों की जगह होती है | उत्तर से अधिक प्रश्न होने पर भी विश्वास रखना संभव है | एक ही समय पर आशा को शौकीत करना और बनाए रखना संभव है | ना केवल यह संभव है - बल्कि यह बाइबिल अनुसार भी है | इसे विलापगीत कहते हैं | उस प्रार्थना की किताब जिसे हम भजन संहिता कहते हैं, 150 भजन में कई भिन्न प्रकार के भजन है, जिसमें धन्यवाद देने, राजसी, आरोहन, विलापगीत और यहाँ तक की शापयुक्त (वह प्रार्थनाएँ जो हम तब करते है जब हम क्रोधित हों) भजन भी शामिल है | भजन संहिता, परमेश्वर के प्रेरित वचन के रूप में, उदाहरण देता है कि जीवन के किसी भी और हर परिस्थिति में कैसे प्रार्थना करें |

धन्यवाद के भजन (हालेल - जिसमें हमें हमारा 'हालेलुया' शब्द मिलता है) स्तुति की प्रार्थनाएँ है, जो हम तब करते है, जब जीवन अच्छे से व्यवस्थित होता है और परमेश्वर की उपस्थिति विशेष रूप से करीब महसूस कर सकते हैं | विलाप के गीत, दूसरी और, वे प्रार्थनाएँ है जो हम परमेश्वर से तब करते हैं, जब हम दर्द में होते हैं, जब जीवन मुश्किल और अस्थिर होता है, जब दर्द का कोई अंत नहीं दिखता | विलाप में उठाए गए दो प्राथमिक प्रश्न यह है, "यह क्यों हो रहा है?" और "यह कब तक चलेगा?" ना सिर्फ परमेश्वर इस प्रकार के प्रश्नों की अनुमति देता है, बल्कि यह भी ध्यान देना दिलचस्प है कि बाइबिल के भजन संहिता केवल 70 प्रतिशत दर्द की प्रार्थनाएँ है, ना कि स्तुति की प्रार्थनाएँ - विलाप, हालेल नहीं | यीशु ने खुद क्रूस पर अपनी पीड़ा के दौरान एक विलाप की प्रार्थना (भजन संहिता 22) की थी |

विलाप का हॉलमार्क संदेह नहीं बल्कि परमेश्वर की विश्वसनीयता में गहरे रूप से आधारित विश्वास है | हालांकि विलाप, हताशा की एक पुकार के रूप में शुरू हो सकता है, उसकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता परमेश्वर की प्रकृति, चरित्र और सामर्थ्य

में गहरा विश्वास है जो जीवन के अंधियारे, कमजोरी और पीड़ा में उपस्थित होता है, उन में भाग लेता है, और उनसे सचेत होता है | विलाप एक ऐसे परमेश्वर पर पूर्ण निर्भरता और पूर्ण समर्पण है जो भले ही हम दूर प्रतीत होते हैं लेकिन कभी अनुपस्थित नहीं होते |

मेरा एक दोस्त है, जिसे पता चला कि वह कैंसर के एक दुर्लभ रूप की बीमारी से ग्रस्त है | बीमारी की असामान्यता के कारण, उसके डॉक्टर चिकित्सा के विभिन्न रूपों को अपना रहे थे, जिसमें कई प्रयोगात्मक है | अफसोस की बात है, सबसे अच्छी देखभाल और विज्ञान के बावजूद, कैंसर उसके शरीर में फैलता रहा है | एक दिन, एक और बुरी रिपोर्ट आने के बाद, उसकी पत्नी ने फेसबुक पर इस गवाही को पोस्ट किया: "जहाँ चिकित्सा उपचार के विकल्प खत्म हो रहे हैं, परमेश्वर की उपस्थिति की वास्तविकता बढ़ रही है |" मैं धार्मिक विलाप और परमेश्वर के पर्याप्त अनुग्रह में आशा की इससे अधिक सुंदर अभिव्यक्ति के बारे में नहीं जानता |

परमेश्वर के बिना जितना मजबूत हम अपने सबसे मजबूत पलों में होते हैं, उससे कई अधिक मजबूत हम परमेश्वर के साथ अपने सबसे निर्बल पलों में होते हैं | हमारे पास अनुग्रह की यात्रा के लिए यह आश्वासन है: उनकी ताकत हमारी निर्बलता में परीपूर्ण होती है | यह एक आशा है, जो हमें निराश नहीं करती | हम पर्याप्त अनुग्रह पर पतरस के आखिरी शब्द देखते है: "अब परमेश्वर जो सारे अनुग्रह का दाता है, जिसने तुम्हें मसीह में अपने अनंत महिमा के लिए बुलाया, तुम्हारे थोड़ी देर तक दु:ख उठाने के बाद आप ही तुम्हें सिद्ध और स्थिर और स्थिर और बलवंत करेगा" (1 पतरस 5: 11) |

1. थॉमस ए. लैंगफोर्ड, रिफ्लेक्शनस ऑन ग्रेस (यूजिन, ओ. आर.: कैसकैड बुक्स, 2007), 107
2. डगलस वार्ड, "द थर्ड हेवन," द वॉइस: बिबलीकल एंड थियोलॉजिकल रिसोर्सेस फॉर ग्रोइंग क्रिश्चियनस, 2010, http://www.crivoice.org/thirdheaven.html. कई विद्वान बताते हैं कि पौलुस ने 2 कुरिन्थियों में जो वर्णन किया है, वह उनके दमिश्क रोड में जी उठे मसीह के साथ मुठभेड़ के संदर्भ में है |
3. कुछ लोगों ने अनुमान लगाया कि पौलुस के शरीर में काँटा भौतिक था: एक त्वचा की स्थिति, तीव्र दृष्टि की समस्या, या मिर्गी | दूसरों ने सुझाव दिया कि कांटा चर्च के उत्पीड़नकर्ता और यहूदी ईसाइयों के साथ संबंध स्थापित करने वाली कठिनाइयों के रूप में उनकी अतीत की स्मृति थी |

4. पीटरसन, द मैसेज, 2 कुरिन्थियों 11: 23 -27
5. रिचर्ड जॉन न्यूहाउस, फ्रीडम फॉर मिनिस्ट्री (ग्रैंड रेपिड्स एर्डमैंस, 1979), 90
6. न्यूहाउस, फ्रीडम फॉर मिनिस्ट्री, 88
7. लैंगफोर्ड रिफ्लेक्शनस ऑन ग्रेस, 107
8. मैंने इस चित्रण को, 1990 के दशक के रेवरेंड डॉ. थॉमस टवेल द्वारा उपदेशित प्रचार "द टेनेसिटी ऑफ बुलडॉग" में सुना |
9. फ्रेडरिक बुचनर, विशफुल थिंकिंग: अ सीकर्स ए बी सी (न्यूयॉर्क, हार्परवन, 1973), 10

अंतभाषण

यीशु मसीह प्रभु है

परमेश्वर के लिए पूरी तरह से समर्पित एक जीवन उनके लिए एक सौ से अधिक जीवन का महत्व रखती है। जो केवल उनकी आत्मा द्वारा जागृत किए गए हैं।

- ओसवाल्ड चैंबर्स

पिछले सौ वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है। 1920 में पैदा होने और 2020 में जीवित होने की कल्पना करें सिर्फ एक सदी में दुनिया के हर क्षेत्र में सांस्कृतिक संदर्भ औद्योगिक से सूचना (गुटेनबर्ग से गूगल), ग्रामीण से शहरी तक और आधुनिक सोच से उत्तर आधुनिक सोच में बदल गया। यह विवर्तनिक सांस्कृतिक बदलाव है जो पिछले पाँच सौ वर्षों में अपरिवर्तित रहे। जो अब तक की आधी सहस्त्राब्दी के लिए निरंतर बदलाव का वातावरण रहा है (जो उसमें से विकसित हुआ है जो पहले ही जा चुका है और इसलिए अपेक्षित, अप्रयाशीत और प्रबंधित किया जा सकता है), अचानक तीव्र, असंत बदलाव की एक स्थिति में बदल गया जो हानिकारक और अप्रत्याशित था।[1] हम अधिकतर अनधिकृत पानी में होते हैं।

इन नींव हिलाने वाले परिवर्तनों ने नई स्थितियों को उत्पन्न किया है, जो दुनिया के काम करने के पुराने अनुमानों को चुनौती देते हैं। परिणामस्वरूप, आवश्यकता के हिसाब से, इक्लीजियोलॉजी (चर्च की प्रकृति और संरचना) और मिशियोलॉजी (कैसे चर्च परमेश्वर के मिशन को सलग्न करता है) बिना समझौते के अत्याधिक अनुकूल बन जाते हैं। महत्वपूर्ण मामलों में हालांकि जो इस तीव्र असंतत बदलाव के समय में निरंतर बना हुआ है, वह यह शाश्वत सिद्धांत की यीशु ही मार्ग, सत्य और जीवन है - या, पहले मसीहियों की स्वीकारोक्ति के शब्द में: "यीशु मसीह प्रभु है"।

जिसे हम "प्रभु" मानते हैं वह अनुग्रह की यात्रा के लिए आवश्यक एक आधार है। यदि हम कहे, "(खाली स्थान को भरे)" 'प्रभु' है (और वास्तव में कोई फर्क नहीं पड़ता यदि वह कोई अन्य व्यक्ति, अन्य चीज, या स्वयं हो), यह अंतिम लक्ष्य और अंतिम परिणाम सहित, संपूर्ण कहानी को बदल देता है। लेकिन यदि हम वास्तव में विश्वास करते हैं कि यीशु मसीह प्रभु है जो चिरस्थायी से चिरस्थायी तक के लिए ठहराए गए हैं, केवल एक ही उचित प्रतिक्रिया है: शिष्यता, रिचर्ड जॉन न्यूहाउस हमें याद दिलाते हैं कि प्रभुता "ना केवल तथ्य की एक पुष्टि है बल्कि व्यक्तिगत और सांप्रदायिक निष्ठा की एक प्रतिज्ञा है।"[2] क्योंकि यीशु मसीह प्रभु है, हम उन जैसा बनना चाहते हैं। हम वही करना चाहते हैं जो यीशु ने किया था और वैसे ही जीना चाहते हैं जैसे वे जिये थे। यही मसीही शिष्यता की परिभाषा है और अभी भी वही तरीका है जिससे यीशु अपने कलीसिया में प्रवेश करते हैं।

डलास विलार्ड सम्मोहक तर्क देते हैं कि नया नियम यीशु मसीह के शिष्यों के बारे में, शिष्यों के द्वारा और शिष्यों के लिए पुस्तकों का संग्रह है।[3] इस प्रकार शिष्यता का लक्ष्य आत्म-बोध नहीं है ("मुझे अपने वास्तविक स्वयं को और मेरे लिए क्या उत्तम है खोजने की आवश्यकता है") या नीयतिवाद की ताकतों का परित्याग ("मैं इसका कुछ नहीं कर सकता; मैं ऐसा ही हूँ")। वास्तव में, मसीहत के दृष्टिकोण से स्वयं के प्रति सच्चा होना उस स्वयं से सच्चा होना है जो परमेश्वर पिता ने हमें बनने के लिए बुलाया है, उनके पुत्र की समानता में पुन:निर्मित होना। यीशु का अनुसरण करना और उनके जैसा बनना, अनुग्रह की यात्रा का खेदहीन लक्ष्य है। यूहन्ना सुसमाचार लेखक हमें यह बताने के लिए काफी गहराई में जाते हैं कि यीशु अपने पिता की तरह दिखते और कार्य करते हैं: "जिसने मुझे देखा उसने पिता को देखा है" (यूहन्ना 14:19) और यह कि यीशु की देहधारी वचन है और अपने पिता से उत्पन्न होने के कारण, वे अनुग्रह और सच्चाई से परिपूर्ण है (1:14)। यीशु कौन है और यीशु क्या करते हैं, यह एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, एक वास्तविकता जो हमारे शिष्यता कि प्रकृति के लिए महत्वपूर्ण बातों को उठाते हैं।

लोकप्रिय सोच के विपरीत, परमेश्वर एक लंबी सफेद दाढ़ी के साथ एक भावुक बुढ़े आदमी नहीं है जो उपेक्षा पूर्ण ढंग से हाथ हिलाते और कहते है, "इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे क्या करते हैं; मैं बस यही चाहता हूँ कि बच्चे स्वयं का आनंद ले और एक अच्छा समय बिताए"। ना ही परमेश्वर क्रोधी, कठोर, गुस्सेल पिता है जो अपने बच्चों द्वारा गड़बड़ करने का इंतजार नहीं कर सकता ताकि वह अपना गुस्सा

दिखा सके | पहला, सत्य के बिना अनुग्रह है - बिना पवित्रता की अग्नि के शीतल तुष्टि जो अकारण अनुज्ञा की ओर ले जाता है | दूसरा, बिना अनुग्रह का सत्य है - निर्दयी धार्मिकता जो कम प्रेम के कठोर विधिपरायणता की ओर ले जाते हैं | सुनिश्चित होने के लिए अनुग्रह और सत्य के बीच में संतुलन बनाए रखना आसान नहीं है, लेकिन पवित्र प्रेम की आवश्यकता और इमानदारी के लिए उन्हें तनाव में रखा जाना चाहिए |

मौलिक रूप से, तथ्य यह है कि हमारे चर्चों में इतने सारे लोग हैं जो केवल नाम में मसीही है लेकिन यीशु मसीह के शिष्य नहीं है जो कि प्रभु है | यह पवित्र शिष्यता (एक जीवन यह सीखने के लिए कि परमेश्वर के राज्य में कैसे जिया जाए, जैसे यीशु ने किया था) वैकल्पिक बन गई है, केवल हममें से सबसे कट्टरपंथी को छोड़कर जो विनाशकारी है - ना केवल इसलिए क्योंकि यह इस विचार को स्थिर बनाए रखता है कि यीशु बिना आपका प्रभु बने, आपका उद्धारकर्ता हो सकता है बल्कि इसलिए शायद सबसे महत्वपूर्ण रूप से क्योंकि यह मानता है कि अनुग्रह हमें हम जैसे हैं वैसे ही स्वीकार करने के लिए दी जाती है, लेकिन जो हम बन जाते हैं, उस पर कोई उसका असर नहीं पड़ता है |

सी. एस. लूईस का यह मानना है कि "मसीही यह नहीं सोचते कि परमेश्वर हम से प्रेम करेंगे क्योंकि हम अच्छे हैं बल्कि यह कि परमेश्वर हमें अच्छा बनाएगा क्योंकि वह हम से प्रेम करते हैं" | सामान्य रूप से यह कहने का दूसरा तरीका है कि परमेश्वर हमसे हम जैसे है वैसे ही प्रेम करते हैं लेकिन हमसे इतना ज्यादा प्रेम करते हैं कि हमें वहाँ ही नहीं छोड़ देते, परमेश्वर का प्रेम पवित्र प्रेम है, इसलिए हम जिस तरह की व्यक्ति बन जाते हैं, वह परमेश्वर के लिए मायने रखता है | पवित्र प्रेम अनुग्रह और सत्य से परिपूर्ण है | पवित्र प्रेम सस्ते अनुग्रह को नष्ट करता है | पवित्र प्रेम शिष्या की स्थिति और साधन बन जाता है | पवित्र प्रेम के लिए आवश्यक है कि हम अपना क्रूस उठाएं और यीशु का अनुसरण करें |

यदि अपना क्रूस उठाना हमारे समय के लिए कठिन संदेश की तरह लगता है तो इस विकल्प पर विचार करें: जोश रहित और निरस अस्तित्व स्वयं के लिए रहता था: धर्म बिना संबंध के | मैं "गैर शिष्यता" के मूल्य पर डलास विलार्ड की टिप्पणियों से बच नहीं पाया हूँ (उनके शब्द):

> यीशु के साथ चलने के लिए चुकाए गए मूल्य की तुलना में गैर शिष्यता का

> मूल्य कहीं अधिक है.... गैर शिष्यता का मूल्य चिर शांति है, एक जीवन प्रेम से भरपुर विश्वास, जो अच्छाई के लिए सब कुछ परमेश्वर के अधिभावी शासन के प्रकाश में देखता है, आशावाद जो सबसे हतोत्साहित परिस्थितियों में दृढ़ रहता है, शक्ति वो करने के लिए जो सही है और बुराई के ताकतों का सामना करने के लिए | संक्षेप में, गैर शिष्यता के लिए आपको वास्तव में जीवन की उसी प्रचुरता का भुगतान करना पड़ता है, जो यीशु ने कहा था, वह हमें देने के लिए आया है (यूहन्ना 10:10) | मसीह के क्रूस के आकार का वास्तव का चिन्ह उन सभी लोगों के लिए मुक्ति और शक्ति का साधन है जो उसमें उनके साथ जीते हैं और हृदय की नम्रता और दीनता के बारे में सिखते है, जो आत्मा को आराम पहूँचाती है |[4]

शिष्यता अनुग्रह की यात्रा है जो यीशु से शुरू और समाप्त होती है, जो कि मार्ग, सत्य और जीवन है | शिष्यता का लक्ष्य अनुग्रह के द्वारा, यीशु का अनुसरण करना है, जैसे-जैसे हम अधिकाधिक उनकी तरह बनने लगते हैं | यह यात्रा अनुग्रह द्वारा शुरू और बनायी रखी जाती है लेकिन कार्यान्वित तब होता है जब हम प्रभु के रूप में यीशु के साथ स्वतंत्र रूप से सहयोग करते हैं |

मसीही पैदा होते हैं; शिष्य बनाए जाते हैं | मसीह समानता हमारी नीयति है |

1. एलन जे. रॉक्सबर्ग, द मिशनल लीडर: इक्विपिंग योर चर्च टू रीच अ चेंजिंग वर्ल्ड (सैन फ्रैंसिसको: जोसी बास, 2006), 7
2. न्यू हाउस, फ्रीडम फॉर मिनिस्ट्री, 98
3. विलार्ड, द ग्रेट ओमिशन, 3 | विलार्ड ने दोहराया कि "शिष्यता" शब्द नए नियम में 269 बार प्रयोग किया गया है, जबकि "मसीही" तीन बार पाया गया है और अंताकिया (एंटीओक) में यीशु के शिष्यों को ठीक से संदर्भित करने के लिए पेश किया जाता है | (प्रेरितों के काम 11:26 देंखे)
4. डलास विलार्ड, द ग्रेट ओमिशन, 8